आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | बुधवार, 17 दिसंबर 2025 | 2 पौष, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 351, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702
www.anantgyaan.in

# अनंतज्ञान



# हमीरपुर चिट्टे से निपटने को तैयार, भरी हुंकार

## वॉकथॉन में बोले सीएम सुक्खू-चिट्टा रूपी दीमक और सप्लायरों का करेंगे 'समूल नाश', प्रतिभागियों को दिलाई शपथ

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**हमीरपुर।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने चिट्टा रूपी दीमक और सप्लायरों का 'समूल नाश' करने का संकल्प एक बार फिर दोहराया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में मादक पदार्थ चिट्टे के खिलाफ व्यापक जन आंदोलन जारी है।

मंगलवार को हमीरपुर में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (छात्र) के खेल मैदान से पुलिस लाइन दोसड़का ग्राउंड तक आयोजित एंटी चिट्टा जागरूकता वॉकथॉन का सीएम ने खुद नेतृत्व किया। इस दौरान हजारों की तादाद में विद्यार्थी, जन प्रतिनिधि, अधिकारी और गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने वॉकथॉन आरंभ होने से पहले खेल मैदान में मौजूद लोगों को चिट्टे और मादक पदार्थों के सेवन के खिलाफ जागरूकता शपथ भी दिलाई। दोसड़का में जनसैलाब को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल चिट्टे के खिलाफ निर्णायक जंग लड़ रहा है। चिट्टा हमारे प्रदेश के युवाओं के भविष्य को खोखला कर रहा है, लेकिन हमारी सरकार अब चिट्टे के खिलाफ निर्णायक जंग लड़ रही है। नशे के इस अवैध नेटवर्क से जुड़े तस्करों, सप्लायरों और उनका संरक्षण देने वालों पर एक-एक कर शिकंजा कसा जा रहा है। चिट्टे के कारोबार से जुड़े संगठित गिरोहों की कमर तोड़ने के लिए तकनीक, खुफिया तंत्र और कड़े कानूनों का प्रभावी इस्तेमाल शुरू हो चुका है।

सीएम सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार अपने संकल्प के अनुसार चिट्टा सौदागरों की पहचान, नाम और नेटवर्क सब मिटा देगी। यह जन आंदोलन, प्रदेश के लोगों की पुकार और हिमाचल की अस्मिता का युद्ध है। उन्होंने कहा कि इस महा आंदोलन को आरंभ हुए 30 दिन हो चुके हैं। इस दौरान 22 नवंबर को हिमाचल के इतिहास में पहली बार पूरे प्रदेश में पुलिस द्वारा एक साथ 121 स्थानों पर छापेमारी की गई। बड़े तस्करों के नेटवर्क पर सीधा प्रहार किया गया तथा तीन दिन बाद 41 शिक्षण संस्थानों, 598 दुकानों, बाजारों और कॉलेजों के आसपास गहन छानबीन की गई। 12 एनडीपीएस मामले दर्ज किए गए और 385 चालान किए गए। इस दौरान तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू, विधायक सुरेश कुमार व कैप्टन रणजीत सिंह, एपीएमसी के अध्यक्ष अजय शर्मा, मुख्य सचिव संजय गुप्ता, पुलिस महानिदेशक आशोक तिवारी, उपायुक्त अमरजीत सिंह आदि भी मौजूद थे।

### 235 पंचायतों में टास्क फोर्स सक्रिय

**सुखविंद्र** सिंह सुक्खू ने बताया कि विपक्ष भी इस मुहिम में सरकार के साथ है। उन्होंने कहा कि एनडीपीएस एक्ट में संशोधन करके इसे प्रभावी ढंग से लागू किया गया है। इस अभियान के तहत 235 पंचायतों में टास्क फोर्स सक्रिय है। चिट्टा के अधिक इस्तेमाल वाले इलाकों की मैपिंग और निगरानी की जा रही है। हर रोज चिट्टा और उसके तस्कर पकड़े जा रहे हैं।



### सीएम सुक्खू ने बच्चों से किया संवाद

**एंटी** चिट्टा अवेयरनेस वॉकथॉन के दौरान मुख्यमंत्री ने बच्चों से संवाद भी किया। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि चिट्टा किस प्रकार सेहत और समाज के लिए खतरा बन गया है। उन्होंने बच्चों को अपने आस-पास के लोगों को चिट्टे व मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर गुब्बारे व अन्य माध्यम द्वारा नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया। पुलिस विभाग ने नशे के दुष्प्रभावों के संबंध में जागरूकता फैलाने के लिए आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया।

### पीआईटी एंड एनडीपीएस के तहत अब तक 63 तस्कर गिरफ्तार

**उन्होंने** कहा कि 7 दिसंबर को पीआईटी एंड एनडीपीएस के तहत एक साथ प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से 16 नामी तस्करों को हिरासत में लिया गया। इस अधिनियम के तहत अब तक 63 तस्कर गिरफ्तार किए जा चुके हैं। 1214 तस्कर और संदिग्धों की पहचान तथा 950 अवैध संपत्तियां सीमांकित की गई हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व सरकार ने तीन वर्ष में एनडीपीएस के तहत 13 करोड़ रुपए की चल-अचल सम्पत्ति जब्त की, जबकि वर्तमान सरकार ने अब तक 50 करोड़ रुपए से अधिक की चल-अचल जब्त की है। सुक्खू ने कहा कि हम नशे के चंगुल में फंसे युवाओं को समाज की मुख्य धारा में ला रहे हैं। उन्होंने प्रहारक शब्दों में कहा कि चिट्टे के माफिया और उनसे जुड़े तस्करों की सूचना देने वालों को दस हजार रुपए से 10 लाख रुपए तक ईनाम दिया जाएगा और गोपनीयता 100 प्रतिशत होगी। उन्होंने वीरभूमि हमीरपुर से चिट्टा का समूल नाश करने के लिए समाज के सभी वर्गों को एकजुट होने का आह्वान किया।

| सूर्योदय 7:14 | | सूर्यास्त 5:21 |
|---|---|---|
| **आज का तापमान** | | |
| शिमला | 11.4 न्यू | 20.5 अधि |
| धर्मशाला | 10 न्यू | 25 अधि |
| **बाजार** | | |
| सेंसेक्स | | 84,680 |
| निफ्टी | | 25,860 |
| सोना 1,34,060 | | चांदी 2,03,100 |

### कोहरा बना काल

## मथुरा में 8 बसें-3 कारें टकराईं, 13 जिंदा जले

**एजेंसी, मथुरा।** मथुरा में यमुना एक्सप्रेस-वे माइलस्टोन-127 पर कोहरे के चलते 8 बसें और 3 कारें आपस में भिड़ गईं। टक्कर होते ही गाड़ियों में आग लग गई। भाजपा नेता समेत 13 लोगों की जलकर मौत हो गई। 70 लोग घायल हैं। मरने वालों का आंकड़ा और भी बढ़ सकता है, क्योंकि बसों में कटे हुए अंग मिले हैं। पुलिस ने इन्हें 17 पॉलिथीन बैग में भरकर ले गई है। अब डीएनए टेस्ट से इनकी पहचान की जाएगी। हादसे की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दे दिए गए हैं। (अनंत ज्ञान)

## श्रीलंका: पूर्व क्रिकेटर रणतुंगा की गिरफ्तारी के आदेश

**एजेंसी, कोलंबो।** श्रीलंका की भ्रष्टाचार जांच एजेंसी सीआईएबीओसी ने पूर्व क्रिकेट कप्तान व मंत्री अरजुन रणतुंगा पर सीपीसी को करीब 800 मिलियन रुपए का नुकसान पहुंचाने के आरोपों की जांच तेज कर दी है। अदालत में उन्हें संदिग्ध बताकर गिरफ्तारी प्रक्रिया शुरू करने की जानकारी दी गई है। (अनंत ज्ञान)

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- नादौन से दिल्ली के लिए रोजाना चलेगी वोल्वो बस -पेज 2
- चंद्र ने किया कृषि निदेशक ऑफिस भवन का निरीक्षण -पेज 5
- 63 हजार से अधिक बच्चे गटकेंगे 'दो बूंद जिंदगी की' -पेज 7
- संतोषगढ़-जैजों सड़क 500 करोड़ से होगी चकाचक -पेज 10
- राजगढ़ रोड में अतिक्रमण पर चला पीला पंजा -पेज 12


# भारत और जॉर्डन के बीच हुए पांच अहम समझौते

**एजेंसी, अम्मान**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जॉर्डन यात्रा ने भारत और जॉर्डन के रिश्तों को और मजबूत किया है। इस यात्रा के दौरान 5 महत्वपूर्ण समझौतों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। ये समझौते नवीकरणीय ऊर्जा, जल संसाधन प्रबंधन, सांस्कृतिक आदान-प्रदान, डिजिटल समाधान और पेट्रा व एलोरा के बीच जुड़ाव से संबंधित हैं।

**भारत-जॉर्डन संबंध हुए और मजबूत**

प्रधानमंत्री मोदी ने जॉर्डन के राजा अब्दुल्ला II के साथ कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। इसमें व्यापार, रक्षा, सुरक्षा, नवीकरणीय ऊर्जा, उर्वरक और कृषि, सूचना प्रौद्योगिकी, खनिज, स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यटन और सांस्कृतिक संबंधों को और मजबूत बनाने जैसे मुद्दे शामिल थे।

प्रधानमंत्री ने दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार को अगले पांच वर्षों में 5 अरब डॉलर तक बढ़ाने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने जॉर्डन के डिजिटल भुगतान प्रणाली को भारत के यूनाइटेड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) से जोड़ने की भी बात की। जॉर्डन, भारत के लिए उर्वरकों का प्रमुख आपूर्तिकर्ता है और दोनों देशों की कंपनियां इस क्षेत्र में निवेश बढ़ाने पर विचार कर रही हैं।

प्रधानमंत्री मोदी की जॉर्डन की पहली पूर्ण यात्रा दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित की गई है। भारत, जॉर्डन का तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है और उसे अनाज, फ्रोजन मीट, पेट्रोलियम उत्पाद, पशु चारा आदि निर्यात करता है। वहीं, जॉर्डन भारत के लिए फॉस्फेट और पोटाश उर्वरकों का एक प्रमुख आपूर्तिकर्ता भी है। (अनंत ज्ञान)

## इथियोपिया पहुंचे मोदी, पीएम अली अहमद ने गले लगाकर किया स्वागत



**एजेंसी, अदिस अबाबा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जॉर्डन दौरे के बाद इथियोपिया के राजकीय दौरे पर अदीस अबाबा पहुंचे। एयरपोर्ट पर इथियोपिया के प्रधानमंत्री अबी अहमद अली ने स्वयं कार चलाकर मोदी को होटल तक पहुंचाया और रास्ते में उन्हें विज्ञान संग्रहालय व मैत्री पार्क दिखाया। दोनों नेताओं ने अनौपचारिक बातचीत भी की। यह पीएम मोदी का इथियोपिया का पहला दौरा है, जिसमें द्विपक्षीय संबंध, सहयोग और आपसी हितों पर चर्चा होने की संभावना है। इससे पहले मोदी का जॉर्डन दौरा भी सफल रहा, जहां 5 प्रमुख समझौतों पर हस्ताक्षर हुए और क्राउन प्रिंस अल हुसैन ने उन्हें विशेष सम्मान दिया।

# लोकसभा से 'विकसित भारत जी राम जी' और पुराने कानूनों को निरस्त करने वाला बिल मंजूर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

लोकसभा में विपक्ष के जबरदस्त हंगामे के बीच सरकार ने 'विकसित भारत-जी राम जी विधेयक-2025' पेश किया, जो महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के स्थान पर लाया गया है। ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बीच यह विधेयक पेश करने का प्रस्ताव रखा, जिसे सदन ने ध्वनिमत से मंजूरी दी।

विपक्ष द्वारा लोकसभा में जारी हंगामे के बीच मंगलवार को सरकार ने कई अहम विधेयक पेश किए। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बीमा क्षेत्र में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) को 100 प्रतिशत तक बढ़ाने के प्रावधान वाला विधेयक पेश किया। साथ ही 'विकसित भारत-जी राम जी विधेयक, 2025' भी आज लोकसभा में पेश किया गया। कांग्रेस



### विपक्ष ने जमकर किया हंगामा

सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने विकसित भारत-रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन विधेयक 2025 पर कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि प्रधानमंत्री अपने भाषणों में गांधीजी की बहुत तारीफ करते हैं और फिर भी वे उन योजनाओं का नाम बदल रहे हैं जो गांधीजी के नाम पर शुरू की गई थीं... उन्हें गांधीजी के नाम और गांधीजी की विचारधारा से दिक्कत है।

अप्रचलित और पुराने हो चुके 71 कानूनों को समाप्त करने या संशोधित करने के प्रावधान वाले 'निरसन और संशोधन विधेयक, 2025' को लोकसभा ने मंगलवार को मंजूरी दे दी। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने इस विधेयक को लेकर कुछ विपक्षी सदस्यों की आपत्तियों को खारिज करते हुए कहा, ''यह विधेयक जल्दबाजी में नहीं, सोच-विचार करके लाया गया है और विकसित भारत की दिशा में बढ़ता कदम है।'' (अनंत ज्ञान)

## शिमला में 34 साल बाद सबसे गर्म रात, दिन में सोलन व हमीरपुर गर्म

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में इस बार दिसंबर के महीने में पहाड़ों पर सर्दी के बजाय गर्मी का एहसास हो रहा है। राज्य के कई हिस्सों में तापमान पुराने रिकॉर्ड तोड़ रहा है। राजधानी शिमला में रात का पारा करीब 34 साल बाद 11.4 डिग्री सेल्सियस अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। केवल रात ही नहीं, बल्कि दिन के समय भी धूप इतनी तेज है कि सोलन जैसे इलाकों में गर्मी ने अब तक के सारे रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिए हैं। वहीं, सोलन का दिन का तापमान 27 जबकि हमीरपुर का 25.7 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। इसके अलावा कांगड़ा का 25.6 तथा ऊना का 25.4 डिग्री तापमान रहा। शिमला और मनाली जैसे पर्यटन स्थलों में भी कई सालों बाद दिसंबर में इतनी अधिक तपिश महसूस की जा रही है।

मौसम विभाग के विशेषज्ञों के अनुसार, तापमान में इस अप्रत्याशित बढ़ोतरी का मुख्य कारण पहाड़ों पर बर्फबारी का न होना है। मौसम विभाग ने आने वाले कुछ दिनों तक मौसम के शुष्क बने रहने का अनुमान जताया है। हालांकि, पर्यटकों और स्थानीय लोगों के लिए राहत की खबर यह है कि एक नए पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से 20 और 21 दिसंबर को राज्य के ऊंचे पहाड़ी क्षेत्रों जैसे चंबा, कांगड़ा, कुल्लू और लाहौल-स्पीति में हल्की बारिश और बर्फबारी होने की संभावना है।

**सुनवाई** | चार्जशीट पर संज्ञान लेने से किया इनकार, ईडी बोली-अपील करेंगे

# नेशनल हेराल्ड केस में सोनिया-राहुल को राहत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग केस में कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सोनिया गांधी को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने इस मामले में सोनिया-राहुल और 5 अन्य के खिलाफ ईडी की चार्जशीट पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया है। स्पेशल जज विशाल गोगने ने अपने आदेश में कहा कि इस मामले में दाखिल चार्जशीट एक व्यक्ति की निजी शिकायत से जुड़ी है, न कि प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत अनुसूचित अपराध से जुड़े एफआईआर पर। ऐसे में इस पर सुनवाई करना संभव नहीं है।



दरअसल, नेशनल हेराल्ड मामला भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी की एक शिकायत से जुड़ा है। स्वामी ने सोनिया, राहुल और अन्य कांग्रेस नेताओं पर एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड कंपनी की 2 हजार करोड़ रुपए की संपत्ति हड़पने का आरोप लगाया है। इस मामले में सुमन दुबे, सैम पित्रोदा, यंग इंडियन, डोटेक्स मर्चेंडाइज और सुनील भंडारी भी आरोपी हैं। इसी मामले में, राउज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली पुलिस की एक दलील स्वीकार करते हुए राहुल और सोनिया को एफआईआर की कॉपी देने का मजिस्ट्रेट कोर्ट का आदेश रद्द कर दिया। दिल्ली पुलिस ने मजिस्ट्रेट कोर्ट के आदेश को चुनौती देते हुए कहा था कि आरोपी एफआईआर की कॉपी पाने के हकदार नहीं हैं।

इस पर कोर्ट ने कहा कि आरोपियों को सिर्फ एफआईआर दर्ज होने की जानकारी दी जा सकती है। दिल्ली पुलिस ने नेशनल हेराल्ड मामले में 3 अक्तूबर को ईडी की शिकायत पर राहुल-सोनिया गांधी के अलावा सुमन दुबे, सैम पित्रोदा, यंग इंडियन, डोटेक्स मर्चेंडाइज, इसके प्रमोटर सुनील भंडारी, एजेएल और अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। वहीं, ईडी ने कहा कि वह इस आदेश के खिलाफ अपील दायर करेगी। (अनंत ज्ञान)

### मामला?

**नेशनल** हेराल्ड मामले में भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने 2012 में सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अन्य कांग्रेस नेताओं पर आरोप लगाया कि उन्होंने घाटे में चल रहे अखबार नेशनल हेराल्ड की संपत्तियों पर कब्जा करने के लिए यंग इंडियन नामक कंपनी बनाई। आरोप है कि दिल्ली के हेराल्ड हाउस सहित 2000 करोड़ रुपए की संपत्ति केवल 50 लाख रुपए में हासिल की गई। यह मामला धोखाधड़ी और पैसों की हेराफेरी से जुड़ा है।

## गोवा अग्निकांड : भारत लाए आरोपी लूथरा ब्रदर्स, दो दिन के रिमांड पर



**एजेंसी, नई दिल्ली।** गोवा के नाइट क्लब में लगी भीषण आग के आरोपी लूथरा ब्रदर्स जल्द ही भारत पहुंच गए हैं। थाईलैंड में उनके प्रत्यर्पण की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। थाईलैंड ने लूथरा ब्रदर्स को भारत को सौंप दिया था। सीबीआई की टीम उन्हें लेकर फ्लाइट से दिल्ली वापस आ गई है। दिल्ली एयरपोर्ट पर गोवा पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, दोनों को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें दो दिन के रिमांड पर भेज दिया। 6 दिसंबर की रात को गोवा के अरपोरा स्थित नाइट क्लब में भीषण आग लगने से कई लोग इसकी चपेट में आ गए। इस अग्निकांड में 5 पर्यटक समेत 25 लोगों की मौत हो गई थी। हादसे के दौरान लूथरा ब्रदर्स दिल्ली में थे और घटना के फौरन बाद वो दिल्ली से थाईलैंड भाग निकले। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### 10 जनवरी तक बंद रहेगी कैहरवीं सड़क

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हमीरपुर-भोरंज-जाहू सड़क की अपग्रेडेशन के कार्य के चलते इस सड़क पर कैहरवीं और गोला दा गहरा के बीच यातायात 10 जनवरी तक बंद किया गया है। इस संबंध में आदेश जारी करते हुए जिलाधीश अमरजीत सिंह ने बताया कि कैहरवीं और गोला दा गहरा के बीच मुख्य सड़क पर वाहनों की आवाजाही 10 जनवरी तक बंद की गई है। इस दौरान हमीरपुर से भोरंज की ओर जाने वाहन लंबलू से इुघली, डबरेड़ा और लुहाड़ा होते हुए कैहरवीं पहुंच सकते हैं। जबकि भोरंज से हमीरपुर की ओर आने वाले वाहन कैहरवीं से बिरडी, बलोह सड़क को वैकल्पिक रूट के रूप में इस्तेमाल कर सकते हैं।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लूटी वाहवाही

**अनंत ज्ञान, नादौन।** राजकीय प्राथमिक पाठशाला बडियार में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डॉक्टर जय प्रेम सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, जबकि उप निदेशक प्रारंभिक शिक्षा हमीरपुर कार्यालय से सुपरिंटेंडेंट ग्रेड-वन कश्मीर सिंह राणा तथा इंकलाब संस्था से एडवोकेट प्रवीण कौशल विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने लोक नृत्य, पंजाबी भांगड़ा सहित अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर खूब वाहवाही लूटी। बच्चों द्वारा प्रस्तुत 'ऑपरेशन सिंदूर' पर आधारित लघु नाटिका ने दर्शकों को विशेष रूप से प्रभावित किया। मुख्य अतिथि ने बच्चों को नशे से दूर रहने की प्रेरणा दी और सरकारी विद्यालयों, विशेषकर प्राथमिक पाठशालाओं में ऐसे आयोजनों की सराहना की। कार्यक्रम में पाठशाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष विनोद कुमार, प्रभारी सज्जन कुमार, अध्यापक कुलविंद व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### सौम्या व संस्कृति ने दिया शानदार भाषण

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नेशनल डवेल्पमेंट सोसायटी जिला हमीरपुर द्वारा नादौन में कवि सम्मेलन एवं लेखक गोष्ठी तथा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस कार्यक्रम में भगवती पब्लिक स्कूल जलाड़ी की सातवीं कक्षा की सौम्या व आठवीं कक्षा की संस्कृति ने शानदार भाषण दिया। सौम्या व संस्कृति कौंडल को नेशनल डवेल्पमेंट सोसायटी द्वारा सम्मानित किया गया। स्कूल की प्रिंसिपल आरती कटोच ने इन छात्रों के प्रयासों की सराहना की।

### कृषि विभाग कर रहा डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** कृषि विभाग के उपनिदेशक डॉ. शशि पाल अत्री ने बताया कि जिला हमीरपुर में एग्रीस्टैक प्रोजेक्ट के तहत डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण आरंभ किया गया है। इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत किसानों के पंजीकरण का कार्य लोकमित्र केंद्रों के माध्यम से निःशुल्क किया जा रहा है। उपनिदेशक ने जिला के सभी किसानों से आग्रह किया है कि वे अपने नजदीकी लोकमित्र केंद्र में जाकर निशुल्क पंजीकरण करवाएं। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए वे कृषि विभाग के कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। यह विशेष रूप से उन किसानों के लिए बहुत उपयोगी है जो विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करना चाहते हैं। उपनिदेशक ने विशेष रूप से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और अन्य योजनाओं के लाभार्थी किसानों से आग्रह किया कि वे अपना पंजीकरण अवश्य करवाएं।

### कैडेट्स को एकाग्र व प्रतिबद्ध रहने की दी प्रेरणा

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** लेफ्टिनेंट जनरल मनोज कुमार कटियार, पीवीएसएम, यूवाईएसएम, एवीएसएम, जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, वेस्टर्न कमांड ने सैनिक स्कूल सुजानपुर टिहरा का दौरा किया। उनके स्वागत के दौरान प्राचार्य और विद्यालय प्रशासन ने उन्हें शैक्षणिक, प्रशासनिक और प्रशिक्षण गतिविधियों पर विस्तृत प्रस्तुति दी। जनरल कटियार ने छात्रावासों का निरीक्षण किया और कैडेट्स से संवाद करते हुए कठोर परिश्रम, अनुशासन और समर्पण के महत्व पर बल दिया। अपने गौरवशाली सैन्य करियर के अनुभव साझा करते हुए उन्होंने कैडेट्स को अपने लक्ष्यों के प्रति एकाग्र और प्रतिबद्ध रहने के लिए प्रेरित किया। दौरा विद्यालय के मिशन और सशस्त्र बलों के भावी नेतृत्व को सशक्त बनाने में अत्यंत प्रेरणादायक साबित हुआ।

# नादौन से दिल्ली के लिए रोजाना चलेगी वोल्वो बस

## मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने नादौन से वाया भगेड़ दिल्ली वोल्वो बस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना


मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू नादौन से वाया भगेड़ दिल्ली वोल्वो बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए।

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सोमवार को हमीरपुर में आयोजित चिट्टा विरोधी मेगा वॉकथॉन के उपरांत हिमाचल पथ परिवहन निगम की नादौन–हमीरपुर–घुमारवीं–दिल्ली वोल्वो बस सेवा का शुभारंभ भी किया। यह बस रोजाना सुबह 7 बजे नादौन से चलेगी। इसका हमीरपुर से चलने का समय 8 बजे, घुमारवीं से 9 बजे और चंडीगढ़ से 11:40 बजे होगा तथा यह शाम को 4:40 बजे दिल्ली पहुंचेगी। वापसी में यह बस दिल्ली से सुबह 8:30 बजे चलेगी और शाम को 6:30 बजे नादौन पहुंचेगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा सार्वजनिक परिवहन प्रणाली को आधुनिक, पर्यावरण अनुकूल और जन सुलभ बनाने के लिए अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए यात्रा शुल्क का भुगतान अब यूपीआई, डेबिट कार्ड और क्रेडिट कार्ड के माध्यम से संभव है। हिमाचल पथ परिवहन निगम देश का ऐसा पहला राज्य परिवहन उपक्रम बन गया है जिसने नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड सुविधा आरंभ की है। इस कार्ड से दिल्ली मेट्रो, दिल्ली परिवहन निगम, हरियाणा रोडवेज तथा पश्चिम मुंबई की बसों सहित पूरे देश में यात्रा की जा सकेगी। रियायती और मुफ्त यात्रा के लिए हिम बस कार्ड, हिम बस प्लस कार्ड और ग्रीन कार्ड जैसी सुविधाएं भी प्रदान की गई हैं। परिवहन निगम के बेड़े में 297 नई इलेक्ट्रिक बसें शामिल की जा रही हैं। 25 स्टेट ऑफ द आर्ट वोल्वो बसों को परिवहन बेड़े में शामिल करने से निगम में वोल्वो बसों की संख्या बढ़कर 98 हो गई है। 50 टेंपो ट्रैवलर और 24 सुपर लग्जरी बसें भी खरीदी गई हैं। 250 डीजल बसें 100 मिनी बसें और चार क्रेनों की खरीद प्रक्रिया प्रगति पर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में 234 नए बस रूट जारी किए जा रहे हैं तथा 18 सीटर तक के टेंपो ट्रैवलर वाहनों के संचालन के लिए 350 नए परमिट आवंटन की प्रक्रिया जारी है।

सुक्खू ने कहा कि हरित परिवहन को प्रोत्साहन देने के लिए 6 ग्रीन कॉरिडोर पर 88 पेट्रोल पंप और 41 स्थलों में इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन विकसित किया जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त राज्य के विश्राम गृह और सरकारी कार्यालयों सहित विभिन्न स्थानों पर 310 चार्जिंग स्टेट स्टेशन स्थापित किया जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक एवं निजी भागीदारी के आधार पर 41 अन्य स्थलों पर भी चार्जिंग स्टेशन स्थापित किया जा रहे हैं। इस अवसर पर तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू, विधायक सुरेश कुमार व कैप्टन रणजीत सिंह, एपीएमसी के अध्यक्ष अजय शर्मा, मुख्य सचिव संजय गुप्ता, पुलिस महानिदेशक अशोक तिवारी, उपायुक्त अमरजीत सिंह, पुलिस अधीक्षक बलवीर सिंह, प्रदेश सरकार के वरिष्ठ अधिकारी, नशा मुक्ति, रोकथाम एवं पुनर्वास बोर्ड के संयोजक व सलाहकार नरेश ठाकुर, उप-संयोजक संजय भारद्वाज, कांग्रेस नेता पुष्पेंद्र वर्मा, सुभाष ढटवालिया, एचआरटीसी के उपाध्यक्ष अजय वर्मा, सीजीएम पंकज सिंघल, डीएम राजकुमार पाठक, डीएम धर्मशाला पंकज चड्ढा, आरएम हमीरपुर राहुल कुमार, आरएम धर्मशाला साहिल सहित कई मौजूद रहे।

### दिल्ली लौटे सीएम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** मुख्यमंत्री सुक्खू एक बार फिर दिल्ली लौट गए हैं। वे हमीरपुर में चिट्टे पर आयोजित वॉकथान में हिस्सा लेने के लिए मंगलवार सुबह दिल्ली से सीधे यहां पहुंचे थे, लेकिन कार्यक्रम में हिस्सा लेने के बाद वे घुमारवीं गए और वहां भी उन्होंने एक कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उसके बाद फिर से दिल्ली चले गए हैं। उनके दौरे में अचानक आए इस बदलाव को लेकर राजनीतिक गलियारों में कई तरह की चर्चाएं भी है। लेकिन पार्टी सूत्रों के मुताबिक संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर ही उनका फिर से दिल्ली लौटना हुआ है। मंगलवार को कार्यक्रमों के बाद मुख्यमंत्री को हमीरपुर के सर्किट हाउस में ही रुकना था। और बुधवार सुबह शिमला के लिए रवाना होना था लेकिन समय के बाद उनका सर्किट हाउस में रात्रि 18 होना था।

## सीएम के गृह जिले में चिट्टे के खिलाफ सरकार की एकजुटता नदारद: नरेंद्र ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**



सुजानपुर भाजपा मीडिया प्रभारी नरेंद्र ठाकुर ने जारी बयान में बताया कि हिमाचल सरकार विधानसभा में बार-बार यह दावा करती रही है कि, चिट्टा जैसी गंभीर समस्या के खिलाफ सभी राजनीतिक दलों को एकजुट होकर लड़ना चाहिए। लेकिन मुख्यमंत्री के गृह जिला हमीरपुर में आयोजित 'एंटी-चिट्टा मैराथन' ने सरकार के इस दावे की पोल खोल दी है। सरकार दबाव में स्कूल के बच्चों की ही भीड़ इक्ठा कि गई न उन्हें पानी की व्यवस्था न खान पान की व्यवस्था की गई न शौचालय की व्यवस्था की गई, हमीरपुर बाजार जाम से काफी बुजुर्गों महिलाओं हॉस्पिटल आवा गवन में भारी मुश्किल का सामना करना पड़ा व व्यापार मंडल,सामाजिक संगठन नदारद रहे व अन्य राजनीति दल भी निमत्रण नहीं थे एक तरह का ये मंच सरकारी कार्यक्रम न रह कर कांग्रेस का मंच बन गया

यह आयोजन भले ही प्रदेश पुलिस के बैनर तले किया जा रहा हो, लेकिन व्यवहार में इसे पूरी तरह कांग्रेस पार्टी की राजनीतिक मैराथन में बदल दिया गया। पूरे मार्ग में कांग्रेस के झंडे लगाए गए, जबकि अन्य राजनीतिक दलों और प्रमुख संगठनों को न तो आमंत्रित किया गया और न ही भागीदारी का अवसर दिया गया।

सरकारी खर्च पर आयोजित इस कार्यक्रम को एक दल विशेष से जोड़ देना सरकार की मानसिकता और नीयत पर गंभीर सवाल खड़े करता है। इससे स्पष्ट होता है कि प्रदेश कांग्रेस के लिए चिट्टे के खिलाफ अभियान जनहित से अधिक राजनीतिक लाभ तक सीमित रह गया है।

सरकार यदि वास्तव में नशे के खिलाफ गंभीर होती, तो इस अभियान में सर्वदलीय सहभागिता सुनिश्चित करती। अन्य राजनीतिक व सामाजिक संगठनों को नजरअंदाज करना इस बात का प्रमाण है कि सरकार जमीनी हकीकत और वास्तविक एकजुटता से कोसों दूर है।

## भारत 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए तैयार: अनुराग

### पूर्व केंद्रीय मंत्री बोले-मोदी सरकार खेलों के साथ नहीं होने देगी कोई खेल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिमाचल प्रदेश पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने पत्रकार वार्ता में कहा कि भारत 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए पूरी तरह तैयार है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार बनी तो पहले ही दिन से खेल के प्रति सरकार का रुख स्पष्ट था। एनडीए सरकार खेल के साथ कोई खेल नहीं होने देगी। खिलाड़ी देश के लिए खेलते हैं इसलिए उनके ट्रेनिंग और जरूरतों को पूरा करना हमारा कर्तव्य है। सरकार का स्पष्ट मानना है कि खेलेगा भारत और बढ़ेगा भारत। खेल के क्षेत्र में हमर सुपर फाइव में जाने के लिए कदम बढ़ा चुके हैं और 2030 तक भारत की स्पोर्ट्स इंडस्ट्री 120 बिलियन डॉलर हो जाएगी। उन्होंने कहा कि आज गर्व के साथ कहा जा सकता है कि भारत के पास ऐसे विशाल इंटरनेशनल स्पोर्ट्स इवेंट्स को आयोजित करने का साधन भी है, साहस भी है और संकल्प भी है और आज अपने भारत अपने सामर्थ के दम पर 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए तैयार खड़ा है।

अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा- 'एक वह भी समय था जहां युवा एवं खेल मंत्रालय का 800 करोड़ का बजट होता था तो उसे दस विभागों में बांट दिया जाता था। आज युवा एवं खेल मंत्रालय का कुल बजट आज 3,794.30 करोड़ रुपए है। देश भर में महिला खेलों को बढ़ावा देने के लिए (अचीविंग स्पोर्ट्स माइलस्टोन बाई इन्स्पिरिंग वीमेन: एक्शन) के अंतर्गत देश भर में 20 खेलों का आयोजन किया गया। इसमें कुल 766 प्रतियोगिताओं में 83,763 महिला खिलाड़ियों की भागीदारी उसी तरह (खेलो इंडिया राइजिंग टैलेंट आइडेंटिफिकेशन) कार्यक्रम के तहत पूरे भारत में पूरे भारत में 9 से 18 वर्ष के बच्चों में खेल प्रतिभा की पहचान करने के अससेस्मेंट करने जाने की शुरुआत की। अब तक 1.8 लाख से अधिक बच्चों में खेल प्रतिभा का अससेस्मेंट हो चुका है। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि एक समय था जब अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता के पदक तालिका में हम कहीं नहीं होते थे या फिर एक दो पदकों के साथ आखरी पायदान पर कहीं खड़े होते हैं। आज विश्व में भारतीय खिलाड़ियों के प्रदर्शन के चर्चे हो रहे हैं और इन 10 सालों में उपलब्धियों की हमारी एक लंबी लिस्ट है। पेरिस ओलंपिक में हमने छह मेडल जीते, पेरिस पैरा ओलम्पिक में हमारे खिलाड़ियों ने 29 मैडल जीता जिसमें सात गोल्ड थे। 2023 में एशियन पैरा गेम्स में भारत ने 111 पदक जीते थे। 2024 में भारत ने शतरंज के खेल में विश्व की बादशाहत हासिल की। महज 18 साल की उम्र में गुकेश ने विश्व चैम्पियनशिप का खिताब जीता। 2024 के एफआईडीई शतरंज ओलंपियाड में भारत की टीम ने कुल छह गोल्ड जीते। मोदी सरकार में पिछले कुछ वर्षों में 323 नए स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी गई, जिनकी कुल लागत 3073.97 करोड़ रुपये है। एथलीट ट्रेनिंग और डेवलपमेंट के लिए 1041 खेलो इंडिया सेंटर बनाए गए, 32 खेलो इंडिया स्टेट सेंटर्स ऑफ एक्सीलेंस को नोटिफाई किया गया। 301 स्पोर्ट्स एकेडमी को अच्छी ट्रेनिंग के लिए मान्यता दी गई।


पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने सोमवार को भाजपा के राष्ट्रीय कार्यालय पर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन से भेंट कर उन्हें नया पदभार ग्रहण करने पर हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की।

## नशा विरोधी रैली में अनुचित गीतों पर एबीवीपी ने उठाए सवाल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हिमाचल प्रदेश के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य श्याम शर्मा का कहना है कि आज जिला हमीरपुर में हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अगुवाई में चिट्टा (नशा) के विरुद्ध जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, जिसमें जिले भर के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों से विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस रैली के लिए कई कॉलेजों में चल रहे परीक्षा कार्यक्रमों तक में बदलाव किया गया, ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थी इस अभियान से जुड़ सकें, लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण तथ्य यह रहा कि नशा विरोधी जागरूकता जैसे गंभीर और संवेदनशील विषय पर आयोजित इस रैली में ऐसे गीत बजाए गए, जिनका नशे के खिलाफ संदेश से कोई लेना-देना नहीं था। 'अरे दीवानों मुझे पहचानो, मैं हूं डॉन' जैसे गीत बदमाशी, गुंडागर्दी और अपराधी मानसिकता को बढ़ावा देते हैं, जबकि 'आसा खाणी पीणी, मौज मणणी' जैसे गीत खाने-पीने और मौज-मस्ती की संस्कृति को दर्शाते हैं। ऐसे गीत न तो नशे के दुष्परिणामों को उजागर करते हैं और न ही युवाओं को इससे दूर रहने की प्रेरणा देते हैं। एक ओर हिमाचल प्रदेश, विशेषकर हमीरपुर जिला, नशे के बढ़ते मामलों से जूझ रहा है और युवा पीढ़ी तेजी से इसकी चपेट में आ रही है। दूसरी ओर प्रशासन द्वारा आयोजित जागरूकता रैलियों में इस प्रकार के गीतों का प्रयोग करना अभियान की गंभीरता पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। इससे नशा विरोधी प्रयासों का मजाक बनता है और युवाओं के बीच गलत संदेश जाता है। प्रशासन और संबंधित आयोजकों से मांग है कि भविष्य में इस प्रकार के कार्यक्रमों की रूपरेखा सोच-समझकर तैयार की जाए। नशा विरोधी अभियानों में ऐसे गीत, नारे और वक्तव्य शामिल किए जाएं जो वास्तव में युवाओं को नशे से दूर रहने, स्वस्थ जीवन अपनाने और समाज के प्रति जिम्मेदार बनने की प्रेरणा दें।

## नशा मुक्त सुजानपुर का लिया संकल्प

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** नगर परिषद सुजानपुर की नशा निवारण समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक चेयरमैन राजीव ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र में बढ़ती नशे की समस्या पर गंभीर चर्चा करते हुए इसे जड़ से समाप्त करने के लिए ठोस कदम उठाने का निर्णय लिया गया। बैठक में कार्यकारी अधिकारी रमन शर्मा, अधीक्षक सीता, वरिष्ठ नागरिक मधुसूदन अवस्थी, पार्षद बीना देवी, पुलिस विभाग से कुलभूषण, शिक्षाविद प्रकाश सड़याल, ग्राम अधिकारी अरुण कुमार, मीडिया प्रतिनिधि कुमारी विंदिया व आशा वर्कर नीलम कुमारी उपस्थित रहीं। निर्णय लिया गया कि सुजानपुर के चिन्हित इलाकों में पुलिस और समिति द्वारा औचक निरीक्षण किए जाएंगे। साथ ही नप के हर वार्ड में नशा विरोधी जागरूकता कार्यशालाएं आयोजित होंगी। पुलिस बल बढ़ाने की मांग के साथ 19 तारीख को राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सुजानपुर से विशाल जागरूकता रैली निकालने का भी निर्णय लिया गया। सभी सदस्यों ने नशा मुक्त सुजानपुर का संकल्प लिया।

## भाजयुमो शिमला जिला अध्यक्ष ने प्रो. प्रेम कुमार धूमल से की शिष्टाचार भेंट


भाजयुमो शिमला जिला अध्यक्ष पदाधिकारियों के साथ धूमल से भेंट करते हुए।

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) शिमला के जिला अध्यक्ष सुमित ठाकुर ने महामंत्री अक्षय गौतम और उपाध्यक्ष अजय शर्मा के साथ हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता प्रो. प्रेम कुमार धूमल से उनके समीरपुर स्थित निवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान युवाओं की भूमिका, संगठन की मजबूती और समाज सेवा से जुड़े समसामयिक विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। प्रो. धूमल ने कहा कि युवा किसी भी राष्ट्र और संगठन की सबसे बड़ी शक्ति होते हैं और भाजयुमो हमेशा राष्ट्रहित और संगठन हित में अग्रणी भूमिका निभाता रहा है। उन्होंने युवाओं से जनसेवा, अनुशासन और वैचारिक स्पष्टता के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

भाजयुमो जिला अध्यक्ष सुमित ठाकुर ने कहा कि प्रो. धूमल का मार्गदर्शन युवा कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने बताया कि शिमला जिला में युवाओं को जोड़ने और जनसंपर्क को मजबूत करने के लिए संगठन निरंतर प्रयासरत है। महामंत्री अक्षय गौतम और उपाध्यक्ष अजय शर्मा ने संगठन के प्रति पूर्ण निष्ठा के साथ कार्य करने और भाजपा की विचारधारा को आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया।

## अटल प्रेम सेवा संस्था के कार्यक्रम को लेकर जन-प्रतिनिधियों में भारी उत्साह

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**


अटल प्रेम सेवा संस्था की बैठक में उपस्थित पंचायत प्रतिनिधि और संस्था के पदाधिकारी।

अटल प्रेम सेवा संस्था की सेक्टर करोट की बैठक मझोग सुल्तानी में संस्था के अध्यक्ष विजय बहल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्मदिवस को भव्य रूप से मनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई तथा कार्यक्रम की तैयारियों पर विचार-विमर्श किया गया। गौरतलब है कि यह संस्था की तीसरी बैठक थी। इससे पूर्व पहली बैठक उहल तथा दूसरी बैठक कोट में आयोजित की गई थी। तीसरी बैठक में विभिन्न पंचायतों के प्रधान व संस्था के पदाधिकारियों सहित क्षेत्र के प्रबुद्ध लोगों ने भाग लिया। बैठक में उपस्थित विभिन्न पंचायत प्रतिनिधियों में बलाना पंचायत से कांता देवी, री से शशि बाला, मझोग सुल्तानी से सुभाष चंद, मनिहाल से शारदा चंदेल, टिक्को से अनिता देवी, कठेड़ा से सतपाल, पनोह से अनिल शामा, सिकांदर से पवन शर्मा, ख्याह से रमेश चंद, पूर्व प्रधान चंद शेखर, उपप्रधान अश्वनी कुमार, जपान सिंह,अशोक कुमार, पूर्व प्रधान मस्तराम, सुभाष चंद, जीवन लता, नरेंद्र, कैप अशोक, सतीश सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए संस्था के अध्यक्ष विजय बहल ने बताया कि अटल प्रेम सेवा संस्था भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्म दिवस के अवसर पर सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के सभी वर्तमान व पूर्व पंचायत प्रतिनिधियों को सम्मानित करेगी। उन्होंने कहा कि यह सम्मान कार्यक्रम अटल जी के राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान को समर्पित होगा। उन्होंने यह भी बताया कि अटल प्रेम सेवा संस्था इससे पूर्व मेधावी छात्रों को सम्मानित करने, महिला मंडलों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन सहित कई सामाजिक व जनकल्याणकारी गतिविधियों का सफल आयोजन कर चुकी है। संस्था भविष्य में भी समाज सेवा के कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाती रहेगी। बैठक के अंत में सभी उपस्थित सदस्यों ने अटल बिहारी वाजपेयी जी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने और संस्था को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

## एनआईटी हमीरपुर ने क्रिकेट टूर्नामेंट में जीता उपविजेता का खिताब, डॉ. विवेक तिवारी बने सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**


एनआईटी हमीरपुर ने क्रिकेट टूर्नामेंट में उपविजेता का खिताब जीता।

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) हमीरपुर की क्रिकेट टीम ने 11 से 14 दिसंबर 2025 तक एनआईटी भोपाल में आयोजित अखिल भारतीय इंटर एनआईटी फैकल्टी एवं स्टाफ क्रिकेट टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए उपविजेता ट्रॉफी अपने नाम की। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में देशभर के 24 एनआईटी संस्थानों की टीमों ने भाग लिया।

एनआईटी हमीरपुर के निदेशक प्रो. एच. एम. सूर्यवंशी तथा कुलसचिव डॉ. अर्चना नानोटी ने टीम की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए खिलाड़ियों को बधाई दी। टीम कप्तान डॉ. सुरेंद्र सोनी, कोच एवं प्रबंधक डॉ. अनुप कुमार और श्री राकेश जमालता ने टीम के अनुशासित और उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। लीग मुकाबलों में एनआईटी हमीरपुर ने एनआईटी दुर्गापुर और एनआईटी पटना को 100 से अधिक रनों से पराजित किया। डॉ. सुरेंद्र सोनी और डॉ. विवेक तिवारी ने अर्धशतकीय पारियां खेलीं, जबकि डॉ. मनीष, डॉ. अमन और अन्य गेंदबाजों ने विपक्षी टीमों को कम स्कोर पर रोकने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। क्वार्टर फाइनल में टीम ने एनआईटी मणिपुर को 8 विकेट से हराया, जिसमें रवि ने पांच विकेट लेकर 'मैन ऑफ द मैच' का पुरस्कार प्राप्त किया। सेमीफाइनल में एनआईटी पुडुचेरी को हराने में आकाश और डॉ. अमन की बल्लेबाजी महत्वपूर्ण रही।

फाइनल मुकाबला एनआईटी श्रीनगर के खिलाफ रोमांचक रहा। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए एनआईटी श्रीनगर ने 129 रन बनाए। रन-चेज में डॉ. अमन और डॉ. नीरज ने पारी को संभाला, लेकिन रन आउट और शुरुआती विकेट खोने के कारण टीम 10 रन से लक्ष्य हासिल करने में चूक गई। डॉ. विवेक तिवारी को उनके उत्कृष्ट ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए 'सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज' और 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' से सम्मानित किया गया।

एनआईटी हमीरपुर की टीम का यह लगातार उच्च स्तर का प्रदर्शन खिलाड़ियों की गुणवत्ता, खेल भावना और प्रतिबद्धता को दर्शाता है और संस्थान का गौरव बढ़ाता है।

## बड़सर क्षेत्र में एक हफ्ते से पानी की आपूर्ति ठप

### सोहारी बाजार, डुगयार, टांगर व चंगर मतडयाणा में पेयजल को लेकर हाहाकार

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान**



**बड़सर।** बड़सर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सोहारी बाजार, डुगयार, टांगर और चंगर मतडयाणा क्षेत्रों में पेयजल संकट गंभीर रूप ले चुका है। पिछले एक सप्ताह से इन इलाकों में पानी की आपूर्ति पूरी तरह ठप पड़ी हुई है, जिससे आम जनमानस को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। भीषण गर्मी और नियमित जल आपूर्ति न होने के कारण लोगों का दैनिक जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

क्षेत्रवासियों अमरनाथ, सरिता देवी, मदन कुमार, मोहिंदर सिंह, पवन कुमार, देशराज, सुनीता देवी, किरण कुमारी, अंजना देवी, रमेश चंद, अश्वनी गर्ग, दीपचंद, नरेश कुमार, परसोतम चंद, कुलदीप चंद, आशा देवी, रितु शर्मा, सोमदत, विजय कुमार, लेख राम, सुषमा देवी, बृजलाल, रतन चंद व प्रेमचंद सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि पानी न होने के कारण उन्हें दूर-दराज के कुओं और प्राकृतिक स्रोतों से पानी लाने को मजबूर होना पड़ रहा है। सबसे अधिक परेशानी पशुपालकों को हो रही है, जिनके लिए पशुओं को पानी पिलाना कठिन हो गया है।

ग्रामीणों का कहना है कि जब भी जल शक्ति विभाग के अधिकारियों से संपर्क किया जाता है तो उन्हें यही जवाब मिलता है कि समस्या पीछे से आ रही है और वे असहाय हैं। कई बार कनिष्ठ अभियंता कार्यालय बिझड़ी में शिकायत करने के बावजूद समस्या का कोई समाधान नहीं हो पाया है।

**पानी नहीं मिला तो पंचायत चुनाव बहिष्कार की चेतावनी**

**पेयजल संकट को लेकर ग्रामीणों का फूटा गुस्सा मुख्यमंत्री से लगाई गुहार**

लोगों ने सवाल उठाया है कि यदि जल शक्ति विभाग ही पेयजल समस्या के समाधान के प्रति गंभीर नहीं है, तो आम जनता अपनी फरियाद किस कार्यालय में लेकर जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते स्थायी समाधान नहीं किया गया तो वे मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू और जल शक्ति मंत्री को ज्ञापन सौंपेंगे। इतना ही नहीं, पंचायत चुनाव के बहिष्कार तक का निर्णय लिया जा सकता है।

इस संबंध में जल शक्ति विभाग बड़सर के एक्सईएन हर्ष शर्मा ने कहा कि उन्हें मीडिया के माध्यम से समस्या की जानकारी मिली है और जिन गांवों में पेयजल संकट है, वहां जल्द ही समाधान किया जाएगा।

## साइंस, स्ट्रेटजी रणनीति व सस्टेनेबिलिटी से कार्डियोवैस्कुलर रोगों से निपटने की जरूरत

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

एडवांस्ड हार्ट फेलियर व ट्रांसप्लांट मेडिसिन में प्रिसिशन ड्रिवेन केयर, इंटरडिसिप्लिनरी कॉलेबोरेशन, इनोवेशन और समान पहुंच पर जोर देते हुए, डॉ. दीपक पुरी ने मंगलवार को व्यापक रोगी-केंद्रित देखभाल व प्रबंधन के लिए एक सहयोगी नेटवर्क बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया, जो शृ साइंस, स्ट्रेटजी रणनीति और सस्टेनेबिलिटी' के माध्यम से जीवन को बदलने की अवधारणा को बढ़ावा देता है।

हिमाचल से संबंधित और कार्डियोमर्सन के ग्लोबल चेयरमैन डॉ. पुरी ने कहा कि यह लागत प्रभावी तरीके से गैर-इनवेसिव और सर्जिकल के माध्यम से बीमारी को रोकने, धीमा करने और परिणामों में सुधार करने का लक्ष्य हो सकता है। 2011 में स्थापित, कार्डियोमर्सन एक ग्लोबल ग्रुप है जो कॉम्प्रिहेंसिव कार्डियक केयर के लिए इंटीग्रेटेड अप्रोच को बढ़ावा देता है। डॉ. पुरी ने आगे कहा कि हार्ट फेलियर का ग्लोबल बोझ तेजी से बढ़ रहा है, यह देखते हुए कि अधिकांश भारतीय रोगी एक्यूट या पुरानी कोरोनरी धमनी रोग की शुरुआत के बाद उपचार में देरी के कारण इस्केमिक हार्ट फेल्योर के साथ आते हैं। उन्होंने बताया कि यह उपचार में देरी यंग पेशेंट डेमोग्राफिक मृत्यु दर में महत्वपूर्ण रूप से वृद्धि में योगदान करती है, जो गाइडलाइन-डायरेक्टड मेडिकल थेरेपी के बारे में जागरूकता की कमी और सर्जिकल इंटरवेंशन में देरी से और जटिल हो जाती है। डॉ. पुरी ने कई रोगियों की अंतिम चरण की हार्ट फेलियर के परिणामस्वरूप होने वाली प्रगति पर प्रकाश डाला, जो सीमित ट्रांसप्लांट सुविधाओं, लॉजिस्टिक चुनौतियों और डोनर हार्ट की दुर्लभ उपलब्धता से गंभीर रूप से बाधित हैं।

**डॉ. दीपक पुरी ने हार्ट फेलियर व ट्रांसप्लांट में रोगी-केंद्रित सहयोगी नेटवर्क बनाने पर जोर**

इसके अलावा, उन्होंने कोविड-19 महामारी की शुरुआत के बाद फेफड़े के ट्रांसप्लांट की आवश्यकता में खतरनाक वृद्धि की ओर इशारा किया, जो वर्तमान में देश भर में केवल कुछ केंद्रों द्वारा प्रदान की जाने वाली सुविधा है।

# हिमाचल में नशे के सौदागरों पर कसी नकेल

## पंचायत स्तर पर शुरू हुई नशा मुक्ति मुहिम, 238 पंचायतों में नशा निवारण समितियों की बैठकें

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**शिमला।** हिमाचल की शांत वादियों में चिट्टे की शक्ल में जो जहर घुल रहा है, उसे जड़ से उखाड़ने के लिए अब आवामी जंग का आगाज हो चुका है। सूबे की आबोहवा को महफूज रखने के लिए सरकार ने सीधे पंचायतों की दहलीज पर दस्तक दी है। प्रदेश की 238 अत्यधिक प्रभावित पंचायतों में नशा निवारण समितियों की बैठकें कर उन काली भेड़ों और ठिकानों की शिनाख्त शुरू कर दी गई है, जो राज्य की नस्लों के भविष्य से खिलवाड़ कर रहे हैं। इस मुहिम का मकसद सिर्फ कार्रवाई करना नहीं, बल्कि गांव-गांव में नफरत और नशे के खिलाफ एक मजबूत बंदिश कायम करना है।

जानकारी के अनुसार, नशे के खिलाफ महत्वपूर्ण बैठकों के जरिए प्रशासन ने जमीनी हकीकत का जायजा लिया है। स्थानीय लोगों और समितियों के सदस्यों से तस्करों की आवाजाही और उनके तौर-तरीकों पर बारीक तफ्तीश की गई है। प्राप्त सूचनाओं के आधार पर अब एक ऐसी प्रभावी रणनीति तैयार की जा रही है, जिससे तस्करों के पास भागने का कोई रास्ता न बचे। डीजीपी अशोक तिवारी के मुताबिक, यह लड़ाई महज कागजी या प्रशासनिक नहीं है, बल्कि इसे एक जन-आंदोलन की शक्ल दी जा रही है ताकि समाज का हर तबका इस नेक मकसद में अपना तावुन (सहयोग) दे सके।

राज्य सरकार ने साफ कर दिया है कि नशे के कारोबार में शामिल किसी भी शख्स को बख्शा नहीं जाएगा, चाहे वह कोई रसूखदार हो या सरकारी मुलाजिम। स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने भी संकेत दिए हैं कि तस्करों के लिए उम्रकैद और भारी जुर्माने जैसे कडे प्रावधान में लाए जा रहे हैं। एकीकृत स्पेशल टास्क फोर्स और स्कूल प्रिंसिपलों की अध्यक्षता में बनने वाली समितियां अब हर उस गली-नुक्कड़ पर नजर रखेंगी जहां नशे की गुंजाइश हो सकती है। इस सख्त पहरेदारी का मकसद देवभूमि की साख को दोबारा बहाल करना है।


फाइल फोटो।

### सरकार नशे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति पर कर रही काम : सुक्खू

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इस पूरी कवायद पर कड़ा रुख अख्तियार करते हुए स्पष्ट किया है कि सरकार नशे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस'की नीति पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि धर्मशाला में हुई नार्को कोऑर्डिनेशन बैठक के फैसले अब धरातल पर दिखने लगे हैं। मुख्यमंत्री का मानना है कि जब तक पंचायत स्तर पर लोग एकजुट नहीं होंगे, तब तक इस बुराई का खात्मा मुमकिन नहीं है। सरकार की कोशिश है कि हर गांव नशा मुक्त हो और हिमाचल की युवा पीढ़ी एक सुरक्षित और रोशन भविष्य की ओर कदम बढ़ाए।



# सक्खू सरकार में व्यवस्था परिवर्तन नहीं, व्यवस्था पतन का दौर: जयराम

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

पूर्व मख्यमंत्री व प्रतिपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने सुक्खू सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश में व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर व्यवस्था पतन का खेल चल रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकारी विभाग, जिनका काम जनकल्याणकारी नीतियों का प्रचार करना है, वे अब सत्ताधारी दल की ट्रोल आर्मी की तरह काम कर रहे हैं और विपक्षी दलों के खिलाफ घटिया दुष्प्रचार में लगे हैं। ठाकुर ने कहा कि 3 साल के कार्यकाल में सरकार के पास बताने के लिए एक भी उपलब्धि नहीं है, इसलिए अब सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग विरोधियों की छवि बिगाड़ने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि विभागों द्वारा राजनीतिक बयानबाजी और दुष्प्रचार नहीं रुका, तो यह हिमाचल की गरिमा और भविष्य के लिए अत्यंत घातक सिद्ध होगा।

नशे की बढ़ती समस्या पर चिंता व्यक्त करते हुए जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार केवल हैडलाइन मैनेजमेंट और इवेंटबाजी तक सीमित है, जबकि जमीनी हकीकत यह है कि आज भी युवा ओवरडोज से जान गंवा रहे हैं।

उन्होंने मुख्यमंत्री से सवाल किया कि एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स, डिटेंशन अथॉरिटी और ड्रग फ्री हिमाचल ऐप जैसे जो प्रभावी कदम पूर्व भाजपा सरकार ने उठाए थे, उन्हें मौजूदा सरकार ने ठंडे बस्ते में क्यों डाल दिया? नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेताओं के दबाव में नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करने वाले पुलिसकर्मियों के तबादले किए जा रहे हैं। पुनर्वास केंद्रों की बदहाली और युवाओं को रोजगार के अवसर न मिलने के कारण आज प्रदेश का कोना-कोना नशे की चपेट में है, जिसे रोकने में सरकार पूरी तरह विफल रही है।

### भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष से की भेंट

**दिल्ली** प्रवास के दौरान नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन से शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने नितिन नवीन को नया दायित्व संभालने पर बधाई देते हुए विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और उनके कुशल संगठनात्मक नेतृत्व में भाजपा नई ऊंचाइयों को छूएगी और संगठन को और अधिक मजबूती मिलेगी।



# नेशनल हेराल्ड मामले में सत्य की जीत : विनय

## कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष बोले-सत्ता की साजिश हुई बेनकाब, ईडी की कार्रवाई अवैध

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

कांग्रेस के राज्य अध्यक्ष विनय कुमार ने कहा है कि नेशनल हेराल्ड और यंग इंडियन मामले में माननीय अदालत का फैसला सत्य की ऐतिहासिक जीत है। अदालत ने स्पष्ट रूप से माना है कि कांग्रेस नेतृत्व सोनिया गांधी और श्री राहुल गांधी के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई अवैध, दुर्भावना से प्रेरित और अधिकार क्षेत्र से बाहर थी। उन्होंने कहा कि जब कोई एफआईआर ही दर्ज नहीं है, तो मनी लॉन्ड्रिंग का मामला बनता ही नहीं। यह फैसला मोदी सरकार की बदनीयत और गैरकानूनी कार्यशैली को पूरी तरह उजागर करता है।

विनय कुमार ने कहा कि बीते एक दशक से मुख्य विपक्षी दल के खिलाफ सत्ता के दुरुपयोग के जरिए जो राजनीतिक प्रतिशोध की राजनीति की जा रही थी, वह आज देश के सामने बेनकाब हो गई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व पर लगाए गए सभी आरोप निराधार, द्वेषपूर्ण और चरित्र हनन की मंशा से प्रेरित थे, जो अब पूरी तरह धराशायी हो चुके हैं।

वहीं एक अन्य विज्ञप्ति में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने 1971 के भारत-पाक युद्ध में वीरगति को प्राप्त हुए भारतीय सैनिकों को नमन करते हुए कहा कि यह दिन भारतीय सेना के शौर्य, पराक्रम और बलिदान का स्वर्णिम अध्याय है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने थोपे गए युद्ध का मुंहतोड़ जवाब देकर पाकिस्तानी सेना को आत्मसमर्पण के लिए मजबूर किया और ऐतिहासिक विजय प्राप्त की।

### 1971 विजय दिवस पर भारत की शौर्यगाथा को नमन

### विनय कुमार आज से श्रीरेणुका जी के प्रवास पर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष एवं विधायक विनय कुमार 17 से 21 दिसंबर तक अपने विधानसभा क्षेत्र के सघन दौरे पर रहेंगे। वे 17 दिसंबर को दोपहर 1 बजे श्रीरेणुका जी पहुंचकर सांगठनिक बैठक में भाग लेंगे। अपने प्रवास के दौरान वे रजाना स्कूल के नए विज्ञान भवन, भवाई व पुनरधार के पंचायत घरों, कुठाह पेयजल योजना और गेहल में स्वास्थ्य उप-केंद्र व महिला मंडल भवन जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे। इसके साथ ही वे कोली बाग और डिमैन क्षेत्र में नवनिर्मित संपर्क सड़कों का उद्घाटन कर जनता को बड़ी राहत प्रदान करेंगे। इस पांच दिवसीय दौरे के माध्यम से विनय कुमार न केवल विकास कार्यों को गति देंगे, बल्कि विभिन्न क्षेत्रों में जनसभाओं को संबोधित कर स्थानीय निवासियों की समस्याओं का निवारण भी करेंगे। 18 दिसम्बर को वे रजाना स्कूल के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह की अध्यक्षता करेंगे। दौरे के अंतिम दिन, 21 दिसम्बर को पुनरधार में विकास कार्यों के उद्घाटन के पश्चात वे राजगढ़ और सोलन के रास्ते शिमला वापस लौटेंगे। इस दौरान उनका रात्रि ठहराव थाना खेगवा में सुनिश्चित किया गया है।

# दूध की पेमेंट में देरी व पशु औषधालयों की समस्याओं पर उत्पादकों ने जताई नाराजगी


हिमाचल दुग्ध उत्पादक संघ के राज्यस्तरीय अधिवेशन में मौजूद दुग्ध उत्पादक।

अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर

किसान-मजदूर भवन चाटी में मंगलवार को हिमाचल दुग्ध उत्पादक संघ का राज्यस्तरीय अधिवेशन आयोजित हुआ, जिसमें रामपुर, निरमंड, आनी, नारकंडा, ननखड़ी व छतरी क्षेत्र से सैकड़ों दुग्ध उत्पादकों ने हिस्सा लिया। अधिवेशन में वक्ताओं ने दूध के दाम बढ़ने के बावजूद पेमेंट में तीनचार माह की देरी, पशु औषधालयों में डॉक्टरों की कमी, टीकों व गुणवत्तापूर्ण सिमन की उपलब्धता न होना, सोसायटियों में फीड और टेस्टिंग मशीन न होने जैसी समस्याओं को गंभीर बताते हुए सरकार की जनविरोधी नीतियों की कड़ी आलोचना की।

उन्होंने मांग उठाई कि दूध की पेमेंट हर माह 10 तारीख से पहले दी जाए, सभी दुग्ध सोसायटियों में टेस्टिंग मशीन व फीड उपलब्ध करवाई जाए, पशु औषधालयों में खाली पद भरे जाएं और उचित किस्म के टीके सुनिश्चित किए जाएं। अधिवेशन में निर्णय लिया गया कि इन मांगों को लेकर 19 जनवरी को ब्लॉक स्तर पर प्रदर्शन और 5 फरवरी 2026 को दतनगर में बड़ा प्रदर्शन कर क्रमिक आंदोलन शुरू किया जाएगा।

### हिमालय की बुलंदियों से फिर खुलेगा व्यापार का रास्ता

# शिपकी-ला दर्रे पर हलचल तेज जून महीने में खुलने की उम्मीद

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

हिमालय की बर्फीली चोटियों के बीच सदियों पुराने रिश्तों और व्यापारिक विरासत में एक नया अध्याय जुड़ने जा रहा है। सामरिक और आर्थिक दृष्टि से महत्वपूर्ण शिपकी- ला-दर्रे से चीन के साथ व्यापार को विदेश मंत्रालय की हरी झंडी मिल गई है। केंद्र सरकार की इस मंजूरी के बाद अब सरहद के उस पार से आने वाली हवाओं में सिर्फ ठंडक नहीं, बल्कि कारोबार की गर्माहट भी महसूस की जा सकेगी। जून के महीने से इस प्राचीन मार्ग पर फिर से कारवां गुजरने की उम्मीद है, जिसे लेकर किन्नौर प्रशासन ने अपनी मुस्तैदी बढ़ा दी है।

जानकारी के अनुसार इस व्यापारिक बहाली की रूपरेखा तैयार करने के लिए उपायुक्त डॉ. अमित कुमार शर्मा की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में न केवल सड़क संपर्क और सुरक्षा के इंतजामों पर मंथन हुआ, बल्कि सरहद पर तैनात होने वाले 'निगहबानों' और 'कारोबारियों' के बीच तालमेल बिठाने पर भी जोर दिया गया। प्रशासन का संकल्प है कि व्यापार की इस डगर पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम हों, ताकि दुर्गम रास्तों पर भी नियमों की लगाम कसी रहे। आईटीबीपी और स्थानीय पुलिस के जवान संयुक्त रूप से इस पूरी व्यवस्था की पहरेदारी करेंगे।

नियमों की सख्ती और पारदर्शिता को प्राथमिकता देते हुए स्पष्ट किया गया है कि व्यापार का पास केवल उन्हीं 'सौदागरों' को मिलेगा जिनका दामन पाक-साफ होगा। तहसीलदार पुह के पास पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू होगी, जिसमें पहचान और निवास के पुख्ता दस्तावेज़ों के बाद ही अनुमति की मुहर लगेगी। व्यापार केवल उन्हीं वस्तुओं का होगा जो सरकार की फेहरिस्त में शामिल हैं; गैर-कानूनी या गैर-अधिसूचित वस्तुओं के लिए सरहद के दरवाजे पूरी तरह बंद रहेंगे। सीमा शुल्क विभाग की पैनी नजर और गहन जांच के साथ, यह व्यापारिक मार्ग न केवल किन्नौर की अर्थव्यवस्था को नई उड़ान देगा, बल्कि भारत-चीन संबंधों के फलक पर एक महत्वपूर्ण कड़ी भी साबित होगा।

# झाकड़ी पुलिस ने नशे में संदिग्ध 7 युवाओं को पकड़ा, मेडिकल जांच के बाद घर भेजा

आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान

**रामपुर बुशहर।** पुलिस थाना झाकड़ी के अंतर्गत ग्राम पंचायत गोपालपुर के गांव बसाहरा में बीते रोज स्थानीय निवासी बिट्टू सिंहान और अन्य ग्रामीणों ने नशे की संदिग्ध हालत में 6 लड़कों व 1 लड़की को पकड़कर थाना झाकड़ी को सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी ने पुलिस टीम को मौके पर भेजी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सभी 7 संदिग्धों को हिरासत में ले लिया और उनकी तलाशी ली।

तलाशी में चिट्टा या कोई अन्य अवैध वस्तु बरामद नहीं हुई। फिर भी संदिग्ध हालत को देखते हुए पुलिस ने इन्हें एम.जी.एम.एस.सी. अस्पताल खनेरी रामपुर ले जाकर मेडिकल जांच करवाई। पुलिस ने बताया कि मेडिकल रिपोर्ट सामान्य आने पर सभी को उनके घरों को भेज दिया गया है। यदि जांच में कुछ असामान्य पाया जाता है तो नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। पकड़े गए युवाओं की पहचान कुमारी कोनिका (19), योगेश (24), आदित्य कुमार (23), राजेश कुमार (24), अजय कुमार (27), राहुल (29) डाकघर धारगौरा तहसील रामपुर, जिला शिमला एवं प्रवीण कुमार (33) पुत्र स्वर्गीय सुमन कुमार गांव ढलियार डाकघर डल्लर जिला बिलासपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने ग्रामीणों से नशे के खिलाफ जागरूक रहने और ऐसी संदिग्ध गतिविधियों की सूचना देने की अपील की है।

# महिला ने दांतों से काटने वाले लुटेरे को दबोचा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** जिला शिमला की कोटखाई में एक नेपाली महिला ने अद्भुत साहस दिखाते हुए अपने गहने छीनकर भाग रहे लुटेरे को पकड़ लिया। खुद को छुड़ाने के लिए आरोपी ने महिला के चेहरे और शरीर को दांतों से बुरी तरह काट लिया, लेकिन घायल होने के बावजूद महिला ने उसे नहीं छोड़ा। शोर सुनकर पहुंचे स्थानीय लोगों ने आरोपी को रेलिंग से बांधकर डंडों से उसकी जमकर धुनाई की और बाद में पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और उसे बुधवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा। पीड़ित महिला का अस्पताल में इलाज चल रहा है, जिसकी बहादुरी की चर्चा पूरे इलाके में हो रही है। इस पूरी घटना और पिटाई का वीडियो भी सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।

### ग्रामीणों ने खंभे से बांधकर पीटा

# टूटीकंडी में दिनदहाड़े घर से जेवर व नकदी ले उड़े चोर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** दिनदहाड़े चोरी की एक घटना राजधानी शिमला के टूटीकंडी क्षेत्र में सामने आई है। यहां चोरों ने दिन के समय एक घर को निशाना बनाकर सोने-चांदी के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। मामले को लेकर पुलिस थाना बालूगंज में केस दर्ज किया गया है और पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी गई शिकायत में टूटीकंडी के रिडका गांव निवासी मीना कुमारी ने बताया कि 12 दिसंबर को दोपहर करीब 12 बजे से 1 बजकर 45 मिनट के बीच उनके घर में चोरी हुई। इस दौरान घर के सभी सदस्य बाहर गए हुए थे और मकान पूरी तरह बंद था। शाम करीब साढ़े पांच बजे जब परिवार के लोग घर लौटे तो उन्होंने देखा कि घर के अंदर रखी अलमारी और लॉकर खुले हुए थे। जांच में पाया गया कि अलमारी से सोने के कानों के झुमके, एक हार और मंगलसूत्र गायब थे। इसके अलावा कुछ चांदी के सिक्के, नकदी और जरूरी कागजात व बिल भी नहीं मिले।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके का जायजा लिया और आसपास के क्षेत्र में पूछताछ शुरू की। चोरी गए सामान की कीमत का आंकलन किया जा रहा है। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 305 और 331(3) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और चोरों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

# एचपीयू में परीक्षा प्रणाली के खिलाफ एबीवीपी का हल्लाबोल

## तकनीकी खामियों व परिणामों में देरी पर जताया कड़ा रोष, ऑफलाइन मूल्यांकन की मांग

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की विश्वविद्यालय इकाई ने विश्वविद्यालय की परीक्षा प्रणाली में व्याप्त अव्यवस्थाओं के खिलाफ परीक्षा नियंत्रक कार्यालय का घेराव किया। इकाई अध्यक्ष अक्षय ठाकुर ने आरोप लगाया कि वर्ष 2021 से लागू ऑनलाइन मूल्यांकन प्रणाली पूरी तरह विफल साबित हुई है। इस व्यवस्था के कारण न केवल परीक्षा परिणाम देरी से आ रहे हैं, बल्कि मूल्यांकन में पारदर्शिता की कमी और धांधली की शिकायतें भी बढ़ रही हैं। एबीवीपी ने मांग की है कि ऑनलाइन सिस्टम को तुरंत बंद कर पुरानी ऑफलाइन मूल्यांकन प्रक्रिया को पुन: बहाल किया जाए ताकि छात्रों का भविष्य सुरक्षित रह सके।

कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन के दौरान बी.टेक परिणामों में अनियमितताओं और पुनर्मूल्यांकन के परिणामों में हो रही अत्यधिक देरी का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया। इकाई सचिव सुशील शर्मा ने कहा कि तकनीकी त्रुटियों के कारण छात्रों को मानसिक तनाव और शैक्षणिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। परिषद ने स्पष्ट किया कि यदि विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्पेशल चांस वाले छात्रों की समस्याओं और परीक्षा प्रणाली की खामियों का जल्द समाधान नहीं किया, तो छात्र संगठन अपने आंदोलन को और उग्र करेगा। इस दौरान मीडिया संयोजक राखी दत्याल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



परीक्षा प्रणाली में सुधार व ऑफलाइन मूल्यांकन की मांग को लेकर एबीवीपी कार्यकर्ता ज्ञापन सौंपते हुए।

### परीक्षा नियंत्रक कार्यालय का किया घेराव

# पटवारी भर्ती में फीस में राहत न देना आरक्षण को खत्म करने की साजिश



पटवारी भर्ती में भारी फीस के विरोध में बैठक करते शोषण मुक्ति मंच के पदाधिकारी।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

प्रदेश शोषण मुक्ति मंच ने पटवारी भर्ती में अनुसूचित जाति और गरीब वर्गों को परीक्षा शुल्क में कोई रियायत न देने पर कड़ा रोष प्रकट किया है। मंच के राज्य संयोजक आशीष कुमार और मिन्टा जिंटा सहित अन्य पदाधिकारियों ने संयुक्त बयान में कहा कि सभी वर्गों के लिए 800 रुपये की एकसमान फीस रखना सामाजिक न्याय के सिद्धांतों का उल्लंघन है।

उन्होंने आरोप लगाया कि सुक्खू सरकार का यह निर्णय आर्थिक रूप से कमजोर और दलित युवाओं को सरकारी नौकरियों से दूर रखने की एक सोची-समझी रणनीति है, जो भविष्य में आरक्षण व्यवस्था को कमजोर करने का पहला संकेत है।

गोपाल जिलटा की अध्यक्षता में हुई बैठक में निर्णय लिया गया कि इस भेदभावपूर्ण नीति के खिलाफ शोषण मुक्ति मंच का विस्तार अब पंचायत स्तर तक किया जाएगा। मंच ने सरकार से मांग की है कि पटवारी भर्ती सहित आउटसोर्स, वन मित्र और पशु मित्र जैसी सभी नियुक्तियों में आरक्षण रोस्टर को सख्ती से लागू किया जाए और कमजोर वर्गों के लिए फीस कम की जाए। बैठक में चेतावनी दी गई कि यदि सरकार ने अपना यह जनविरोधी फैसला वापस नहीं लिया, तो मंच पूरे प्रदेश में उग्र जन आंदोलन शुरू करेगा।

**भूस्खलन का ममला** उपायुक्त ने प्रभावित परिवारों को न्याय और मुआवजा दिलाने का दिया भरोसा

# वैज्ञानिक जांच में पाइप लीकेज मुख्य कारण

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

राजधानी शिमला के भट्टाकुफर मार्ग पर अचानक उभरे गहरे गड्ढे ने सुरक्षा व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। 22 नवंबर को हुई इस घटना की विस्तृत पड़ताल के बाद भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने अपनी आधिकारिक रिपोर्ट उपायुक्त अनुपम कश्यप को सौंप दी है। वैज्ञानिक विश्लेषण से यह स्पष्ट हुआ है कि इस भौगोलिक अस्थिरता के पीछे जमीन के भीतर हो रही पानी की पाइपों की लीकेज मुख्य कारक रही है। करीब 4 मीटर गहरे इस गड्ढे ने न केवल सड़क संपर्क को प्रभावित किया, बल्कि क्षेत्र की मिट्टी की पकड़ को भी कमजोर कर दिया है।

प्रशासनिक स्तर पर हुई इस महत्वपूर्ण बैठक में यह तथ्य भी सामने आया है कि प्राकृतिक कारणों के साथ-साथ मानव जनित हस्तक्षेप ने इस स्थिति को और गंभीर बना दिया है। रिपोर्ट में फोरलेन परियोजना के तहत हो रहे टनल निर्माण की वाइब्रेशन को एक द्वितीयक लेकिन महत्वपूर्ण कारण माना गया है। जन सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए प्रशासन ने अब टनल निर्माण में होने वाली ब्लास्टिंग पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाने का सुझाव दिया है, हालांकि मैनुअल तरीके से कार्य जारी रखने की अनुमति दी गई है। उपायुक्त ने निर्माण कंपनी से मार्च 2024 से अब तक का पूरा रिकॉर्ड और पत्राचार तलब किया है ताकि जवाबदेही तय की जा सके।

जिला प्रशासन अब उन परिवारों की सहायता के लिए आगे आया है जिनके घरों में टनल निर्माण के चलते दरारें आ चुकी हैं। उपायुक्त ने स्पष्ट किया है कि कंपनी द्वारा नुकसान का विस्तृत आकलन किया जाएगा और प्रशासन हर प्रभावित व्यक्ति को उचित मुआवजा दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके साथ ही, भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए जल शक्ति विभाग को पूरे प्रभावित क्षेत्र का 'अंडरग्राउंड पाइपिंग मैप' तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। जल शक्ति विभाग ने लीकेज वाली पाइपों की मरम्मत का कार्य पूरा कर लिया है, जिससे भविष्य के खतरे को कम किया जा सके।


उपायुक्त अनुपम कश्यप भट्टाकुफर क्षेत्र में भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण की रिपोर्ट पर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते हुए।

# प्रधानमंत्री पर आपत्तिजनक टिप्पणी कांग्रेस की हताशा का प्रतीक : चेतन बरागटा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** कांग्रेस द्वारा हाल ही में आयोजित रैली मे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आपत्तिजनक और अमर्यादित भाषा का प्रयोग किए जाने पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश भाजपा आईटी एवं सोशल मीडिया प्रभारी चेतन बरागटा ने कहा कि यह कांग्रेस की घटिया सोच और राजनीतिक हताशा को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि इस तरह के नारे लोकतांत्रिक मूल्यों के विरुद्ध हैं और देश की भावनाओं को आहत करने वाले हैं, जिससे कांग्रेस का लगातार गिरता हुआ राजनीतिक स्तर स्पष्ट होता है।



चेतन बरागटा ने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व की मौजूदगी में इस प्रकार के नारे लगना और उस पर कोई विरोध न होना मौन समर्थन को दर्शाता है, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व से इस पूरे घटनाक्रम पर देशवासियों से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की और कहा कि भाजपा इस तरह की नकारात्मक और घृणास्पद राजनीति की कड़े शब्दों में निंदा करती है तथा राष्ट्रहित में सदैव सकारात्मक और मर्यादित राजनीति करती रहेगी।

# एचपीसीए को 20 दिसंबर को मिल जाएगा नया अध्यक्ष

## टी-20 मैच के चलते नहीं हुए थे चुनाव, 19 दिंसबर को नामांकन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन को 20 दिसंबर को नया अध्यक्ष मिल जाएगा। एसोसिएशन की कार्यकारिणी कार्यकाल तीन माह पहले समाप्त हो चुका है, लेकिन टी-20 मैच के चलते चुनाव नहीं हो पाया था, लेकिन अब इसकी प्रक्रिया जल्द पूरी की जाएगी।

एचपीसीए की ओर 20 दिसंबर को एचपीसीए की नई कार्यकारिणी का चुनाव करवाया जाएगा। इसमें अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष और संयुक्त सचिव के पदों के चुनाव करवाया जाएगा। इससे पहले 30 अक्तूबर को एचपीसीए की कार्यकारिणी का तीन साल का कार्यकाल पूरा हो गया था, लेकिन धर्मशाला में भारत-दक्षिण अफ्रीका टी-20 मैच के कारण उस समय चुनाव नहीं करवाए जा सके थे।

**अप्रैक्स काउंसिल के तीन सदस्यों का भी होगा चुनाव**

चुनाव से एक दिन पहले 19 दिसंबर को पांच पदों के लिए नामांकन भरे जाएंगे। अगर किसी पद के लिए एक नामांकन प्राप्त होता तो उम्मीदवार को विजय घोषित कर दिया जाएगा। मौजूदा कार्यकारिणी में वर्तमान अध्यक्ष की आकस्मिक मृत्यु होने से कई दिनों से अध्यक्ष पद खाली चल रहा है।

वहीं, इस बार तीन से चार नए चेहरों को कार्यकारिणी में जगह मिल सकती है। वर्तमान कार्यकारिणी में दो सदस्यों सदस्य ऐसे हैं, जिन्हें कार्यकारिणी में विभिन्न पदों पर छह साल हो गए हैं। दो सदस्यों को अभी तीन साल ही हुए हैं। लोढा समिति के तहत एक सदस्य कार्यकारिणी में छह साल तक रह सकता है। इसके बाद उन्हें कूलिंग पीरियड में जाना पड़ता है, ऐसे में इस बार दो सदस्यों को कार्यकारिणी में दोबारा मौका मिल सकता है। उधर, एचपीसीए के सचिव अवनीश परमार का कहना है कि 20 दिसंबर को कार्यकारिणी का चुनाव करवाया जाएगा। इसके लिए 19 को नामांकन होगा। अगर एक पद पर एक से अधिक नामांकन आते हैं, तो 20 को मतदान होगा। कार्यकारिणी के पांच पदों अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष और संयुक्त सचिव के चुनाव होगा। इसके अलावा अप्रैक्स काउंसिल के तीन सदस्यों का भी चुनाव होगा।

## शाहपुर कॉलेज में 7 दिवसीय विशिष्ट शिविर का आयोजन

**कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर।** राजकीय महाविद्यालय शाहपुर में सात दिवसीय विशिष्ट शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विश्वजीत सिंह ने कहा कि ऐसे शिविर विद्यार्थियों में सामाजिक दायित्व, अनुशासन और सेवा भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से शिविर की सभी गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता करने का आह्वान किया। प्रोग्राम ऑफिसर प्रो. बेबी एवं डॉ. केशव कौशल ने बताया कि सात दिनों तक चलने वाले इस शिविर में समाजोपयोगी एवं जागरूकता से जुड़े अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। शिविर के दौरान नशा निवारण, सड़क सुरक्षा, प्रदूषण नियंत्रण और वोटर जागरूकता जैसे विषयों पर विशेष गतिविधियां कराई जाएंगी। इसके साथ ही पौधरोपण, स्वच्छता अभियान तथा महाविद्यालय द्वारा गोद लिए गए गांव में जागरूकता एवं साफ-सफाई कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा को मंच प्रदान किया जाएगा।

# शोध, नवाचार को लेकर सीयू और बीबीएयू में अकादमिक सहयोग समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



दोनों विश्वविद्यालयों के बीच शिक्षक तथा शैक्षणिक नवाचार को बढ़ावा मिलेगा।

**केंद्रीय** विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश (सीयू), धर्मशाला और बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू) लखनऊ के बीच शिक्षण, शोध, विस्तार गतिविधियों एवं सामुदायिक सेवाओं में सहयोग को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। यह एमओयू दोनों विश्वविद्यालयों के वरिष्ठ शैक्षणिक एवं प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

यह समझौता राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी)2020 के प्रभावी क्रियान्वयन, भारतीय ज्ञान परंपरा के संवर्धन तथा विकसित भारत @2047 के राष्ट्रीय दृष्टिकोण के अनुरूप किया गया है। इस सहयोग से दोनों विश्वविद्यालयों के बीच शिक्षक एवं छात्र विनिमय, संयुक्त शोध परियोजनाओं, तथा शैक्षणिक नवाचार को बढ़ावा मिलेगा। एमओयू पर प्रो. सत प्रकाश बंसल, कुलपति, केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश तथा प्रो. राज कुमार मित्तल, कुलपति, बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के नेतृत्व में हस्ताक्षर किए गए। दोनों कुलपतियों ने कहा कि केंद्रीय विश्वविद्यालयों के बीच सहयोग उच्च शिक्षा की गुणवत्ता, शोध उत्कृष्टता और राष्ट्र निर्माण के लिए अत्यंत आवश्यक है। बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ की ओर से सभी अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, संकाय सदस्य तथा प्रशासनिक अधिकारी कार्यक्रम में शामिल हुए, जिससे इस साझेदारी के प्रति संस्थागत प्रतिबद्धता स्पष्ट हुई। शैक्षणिक संवाद के दौरान शिक्षक एवं छात्र विनिमय कार्यक्रम, संयुक्त अकादमिक एवं शोध गतिविधियां, पाठ्यक्रम पुनर्संरचना, कौशल आधारित शिक्षा, डिजिटल एवं मिश्रित शिक्षण प्रणाली, तथा स्वयं एवं एमओओसी प्लेटफॉर्म के उपयोग पर विशेष चर्चा की गई। इसके साथ ही भारतीय ज्ञान प्रणाली, शिक्षा, पर्यटन, प्रबंधन एवं सतत विकास जैसे उभरते क्षेत्रों में संयुक्त सेमिनार, कार्यशालाएं एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने पर सहमति बनी। पांच वर्षों की अवधि के लिए प्रभावी यह एमओयू वित्तीय दायित्व से मुक्त है और दीर्घकालिक शैक्षणिक सहयोग का एक सशक्त ढांचा प्रदान करता है।

## न्यूज ब्रीफ

### डाडासीबा में छठा रक्तदान शिविर 20 को

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** डाडासीबा व्यापार मंडल के प्रधान राजेंद्र सिंह गोगा ने बताया कि व्यापार मंडल के सौजन्य से 20 दिसंबर को डाडासीबा में रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। यह शिविर सिविल हॉस्पिटल डाडासीबा में लगाया जाएगा। राजेंद्र सिंह गोगा ने क्षेत्रवासियों, युवाओं और सामाजिक संगठनों से अपील की कि वे इस पुनीत कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लें और अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान कर मानवता की सेवा करें।

### पेंशनर्स-डे में परागपुर से भाग लेंगे 80 पेंशनर्स

**पिंकी, अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** 17 दिसंबर को घुमारवीं में पेंशनर्स-डे मनाया जा रहा है, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू शामिल होंगे। कांगड़ा पेंशन संघ ब्लॉक परागपुर के प्रेस सचिव कुलदीप सपेहिया ने बताया कि ब्लॉक परागपुर से 80 पेंशनर भाग ले रहे हैं। पेंशनरों को उम्मीद है कि उनकी कुछ मांगें मान ली गई हैं और मुख्यमंत्री इस अवसर पर कुछ महत्वपूर्ण घोषणाएं करेंगे।

### अवैध शराब की 9 पेटियों के साथ दो गिरफ्तार



**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** पुलिस जिला नूरपुर के एसपी कुलभूषण वर्मा द्वारा नशे के विरुद्ध चलाए गए अभियान के तहत नशा माफिया के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस थाना रैहन के तहत मुकाम भराल में नाकाबंद के दौरान सुरिंद्र सिंह पुत्र केवल सिंह निवासी तड़िया हटलियां, तहसील नूरपुर तथा पवन कुमार पुत्र केवल सिंह निवासी ढक, तहसील फतेहपुर से गाड़ी नं एचपी 88- 3309 से 8 पेटियां देसी शराब व 1 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद की है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफतार कर पुलिस थाना रैहन में मामला दर्ज किया है।

# द विजनरी नामक किताब कर रही मार्गदर्शक का काम : डॉ. राजेश

## बोले- किताब को युवा पीढ़ी तक पहुंचाना मकसद, युवा पीढ़ी को मोबाइल से दूर ले जाने में भी मदद करेगी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो। धर्मशाला**



**देश** के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की फिलोसॉफी को समझाती द विजनरी नामक किताब को लेकर हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डॉ राजेश शर्मा ने कहा कि विपक्ष ने इसे लेकर पिछले दिनों बेवजह विवाद खड़ा करने की कोशिश की, लेकिन जब हमने उन्हें इस पर चर्चा के लिए बुलाया तो कदम पीछे खींच लिए।

उन्होंने कहा कि बेहतर होता की विपक्ष पहले इस किताब को समझता, उसके बाद इस पर बात करता, लेकिन सस्ती लोकप्रियता के साथ-साथ आमजन में भ्रम फैलाने के इरादे से इसे मुद्दा बनाने का प्रयास किया गया। उन दिनों धर्मशाला में हिमाचल प्रदेश विधानसभा का शीतकालीन सत्र चल रहा था, इसलिए ही मुद्दाविहीन विपक्ष इसे हथियार बनाकर बयानबाजी करता रहा। विपक्ष को एक बार फिर कहा है कि वह इस किताब को समझने के लिए धर्मशाला स्थित बोर्ड कार्यालय आए, ताकि इस पर बैठकर चर्चा कर सके। विपक्ष को लगता है कि बोर्ड कार्यालय नहीं जाना है, तो विपक्ष यहां चाहे इस किताब पर चर्चा के लिए मैं जाने को तैयार हूं। वह बस मुझे जगह और समय बताएं। उन्होंने ये भी कहा है कि हम अपने लक्ष्य की तरफ बेबाकी से बढ़ते रहेंगे। विपक्ष चाहे इसमें किसी भी तरह का अड़ंगा डालने की कोशिश करता रहे। डॉ. राजेश शर्मा का कहना कि हमें यह बात नहीं भूलनी चाहिए कि हम आने वाली पीढ़ी को क्या देकर जाएंगे, क्योंकि आज जो हम परोसेंगे वहीं भविष्य की नींव होगी। उन्होंने कहा है कि बतौर बोर्ड चेयरमैन मेरा दायित्व बनता है कि मैं स्कूली छात्रों के साथ-साथ युवा पीढ़ी को सही दिशा दिखाने व उन्हें इतिहास से परिचित करवाने की दिशा में काम करूं। आज हमारी पीढ़ी पंडित जवाहरलाल नेहरू के बारे में कितना जानती है, ये हम सबको पता है। उन्होंने कहा कि यह किताब एक मार्गदर्शक का काम कर रही है। जिस तरह से इस किताब की डिमांड सामने आ रही है, उससे साफ पता चल रहा है कि हम अपने मकसद में सही दिशा में जा रहे हैं। अब इसमें विपक्ष कुछ भी बोले पर हम अपने रास्ते से पीछे नहीं हटेंगे। मेरा मकसद इस किताब को ज्यादा से ज्यादा युवा पीढ़ी तक पहुंचाना है,जिसके लिए हम निरंतर प्रयासरत हैं। डॉ राजेश ने एक बार फिर विपक्ष से इस किताब पर विवाद खडा करने के बजाए सहयोग की अपील की है ।

## नेशनल हेराल्ड केस में गांधी परिवार को राहत से केंद्र सरकार की कार्रवाई बेनकाब

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** नेशनल हेराल्ड मामले में गांधी परिवार को बड़ी राहत मिली है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दाखिल की गई चार्जशीट पर संज्ञान लेने से इनकार कर दिया है। इस मामले में हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ राजेश शर्मा ने कहा है कि सत्य की जीत हुई है। मोदी सरकार की बदनीयत और गैरकानूनी तरीके से की गई कार्रवाई पूरी तरह से बेनकाब हो गई है। डॉ राजेश ने आगे कहा कि अदालत ने यंग इंडियन मामले में कांग्रेस नेतृत्व सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ ईडी की कार्रवाई को अवैध और दुर्भावना से ग्रसित पाया है। अदालत ने फैसला दिया है कि ईडी का मामला क्षेत्राधिकार से बाहर है, उसके पास कोई एफआईआर नहीं है जिसके बिना कोई मामला ही नहीं बनता। डॉ राजेश ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा पिछले एक दशक से मुख्य विपक्षी दल के खिलाफ, राजनीतिक प्रतिशोध और बदले की भावना से की जा रही यह कार्रवाई आज पूरे देश के सामने बेनकाब हो गई है। बोर्ड चेयरमैन ने आगे कहा कि मनी लॉन्ड्रिंग का कोई मामला नहीं, अपराध की कोई आय नहीं और संपति का कोई हस्तांतरण नहीं . यह सभी निराधार आरोप जो निम्न स्तरीय राजनीति, द्वेष की भावना और सम्मान पर हमला करने की भावना से प्रेरित है, आज सब धराशायी हो गए।

# पंचरुखी की नन्ही कलाकार पद्मश्री आशवी धीमान ने बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**



**पालमपुर।** उपमंडल पालमपुर की 8 वर्षीय बाल कलाकार पद्मश्री आशवी धीमान ने ओरिएंट बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज करवा कर पंचरुखी के साथ प्रदेश का नाम भी रोशन किया है। ओरिएंट बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ने उन्हें सर्टिफिकेट ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड प्रदान किया है, जिसमें उनके अद्भुत सांस्कृतिक योगदान और उपलब्धियों को सम्मानित किया गया है।

आशवी सांस्कृतिक कलाकार, टीवी अभिनेत्री और प्रतिभाशाली डांसर हैं, जिन्होंने पिछले 16 माह में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगभग 116 पुरस्कार जीतकर अपनी विशेष पहचान बनाई है। उन्हें यह सम्मान कम उम्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन, भारतीय संस्कृति के प्रचार तथा हिमाचली लोकनृत्य को देश-दुनिया तक पहुंचाने के लिए दिया गया है। ओरिएंट बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स द्वारा जारी प्रमाणपत्र में आशवी को पद्म श्री आशवी धीमान, हिमाचल प्रदेश, इंडिया के रूप में उल्लेखित किया गया है और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गई हैं। परिवार और क्षेत्रवासियों ने आशवी की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि वह आने वाले समय में हिमाचल की लोक संस्कृति की बड़ी ब्रांड एंबेसडर बन सकती है।

मंगलवार को आशवी ने पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर शांता कुमार ने आशवी धीमान को आशीर्वाद देते हुए को स्मृति स्वरूप एक पुस्तक भी भेंट की।

# डाडासीबा कॉलेज में डॉ. रजनी सांख्यान ने संभाला प्राचार्य पद



कॉलेज स्टाफ ने डॉ. सांख्यान को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा**

बाबा कांशीराम राजकीय महाविद्यालय डाडासीबा में नवनियुक्त प्राचार्य डॉ. रजनी ने मंगलवार को औपचारिक रूप से प्राचार्य का कार्यभार संभाल लिया।

उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में विकास, विस्तार और गुणवत्ता आधारित शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। कार्यभार संभालने पर महाविद्यालय के समस्त स्टाफ द्वारा डॉ. सांख्यान का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। रजनी ने अपने संदेश में कहा कि डाडासीबा कॉलेज को शैक्षणिक रूप से मजबूत केंद्र बनाने के लिए ठोस और समयबद्ध प्रयास किए जाएंगे।

## इंडियन स्कूल ऑफ एक्सीलेंस कटोरा में वार्षिक समारोह का आयोजन

# बच्चों को पुरस्कार बांटकर किया प्रोत्साहित



वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम पेश कर खूब वाहवाही लूटी।

**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान**

**देहरा।** नगरोटा सूरियां क्षेत्र के तहत इंडियन स्कूल ऑफ एक्सीलेंस कटोरा में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह में राजकीय महाविद्यालय नगरोटा सूरियां के प्राचार्य प्रो. उपेंद्र शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उनके साथ महाविद्यालय के प्रो. अजय भी उपस्थित रहे। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में 1857 के विद्रोह का प्रदर्शन कर भारत की आजादी के इतिहास को ताजा कर दिया। बच्चों की देशभक्ति से सराबोर इन प्रेरणादायक अनूठी प्रस्तुतियों की मुख्यातिथि उपेंद्र शर्मा ने भी खूब सराहना की। बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम पेश कर खूब वाहवाही लूटी। वहीं, बच्चों की प्रस्तुतियों पर अभिभावकों ने खूब तालियां बजाई और उन अनमोल पलों को अपने मोबाइल कैमरे में कैद कर लिया। मुख्य अध्यापिका रेणुबाला ने वार्षिक उपलब्धियों की रिपोर्ट से अभिभावकों को अवगत करवाया। स्कूल के प्रबंधक निदेशक तिलक राज धीमान व स्कूल की मुख्य अध्यापिका रेणु बाला ने मुख्यातिथि को टोपी, शॉल पहनकर और स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया। वहीं, बच्चों को पुरस्कार बांट कर प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में पूर्व कॉलेज प्राचार्य एचएल धीमान, पूर्व प्रधान राज शहरिया सहित अभिभावक व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# 94 साल के बुजुर्ग की पेंशन पर कुंडली मारकर बैठी सुक्खू सरकार : चक्षु

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

प्रदेश भाजपा मीडिया सह प्रभारी विश्व चक्षु ने जिला कांगड़ा के थाना बरग्रां 'सून्ही' क्षेत्र के 94 वर्षीय बुजुर्ग भगवान दास शर्मा को पिछले पांच महीनों से वृद्धावस्था पेंशन न मिलने को कांग्रेस सरकार की अमानवीय और असंवेदनशील कार्यशैली का जीता-जागता उदाहरण बताया है।

विश्व चक्षु ने कहा कि जिन बुजुर्गों के सम्मान और सुरक्षा की बड़ी-बड़ी बातें सुक्खू सरकार मंचों से करती है, वही बुजुर्ग आज दवाइयों, राशन और दैनिक जरूरतों के लिए दूसरों पर निर्भर होने को मजबूर हैं। यह केवल एक भगवान दास शर्मा की पीड़ा नहीं है, बल्कि पूरे प्रदेश में पेंशनर्स के साथ हो रहे अन्याय की भयावह तस्वीर है। उन्होंने कहा कि कांगड़ा, मंडी, ऊना, सिरमौर, चंबा और हमीरपुर सहित कई जिलों से लगातार शिकायतें सामने आ रही हैं, जहां बुजुर्ग पेंशनर्स को महीनों तक पेंशन नहीं मिल रही। कहीं तकनीकी खामियों का बहाना बनाया जा रहा है, तो कहीं फाइलें दफ्तरों में धूल फांक रही हैं। कई बुजुर्गों को पंचायतों, तहसीलों और समाज कल्याण कार्यालयों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं, लेकिन सरकार की नींद नहीं खुल रही। उन्होंने कहा कि यह स्थिति साबित करती है कि कांग्रेस सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाएं केवल कागजों और विज्ञापनों तक सीमित रह गई हैं। जमीनी स्तर पर न तो कोई निगरानी है और न ही जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई का साहस। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि 94 वर्षीय भगवान दास शर्मा सहित प्रदेश के सभी लंबित पेंशन मामलों का तत्काल निपटारा नहीं किया गया और दोषी अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो भारतीय जनता पार्टी इस बुजुर्ग-विरोधी रवैये के खिलाफ सड़क से लेकर सदन तक निर्णायक आंदोलन करेगी। चक्षु ने कहा कि बुजुर्गों के सम्मान और जीवन-यापन से खिलवाड़ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं होगा।

## अमलेला स्कूल में सात दिवसीय एनएसएस कैंप शुरू

**अनंत ज्ञान, देहरा।** एनएसएस शिविर का शुभारंभ सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य सतीश धीमान ने किया। उन्होंने स्वयंसेवकों से अनुशासन में रहकर शिविर को सफल बनाने का आह्वान किया। समारोह में मुख्य अतिथि सतीश धीमान का भव्य स्वागत किया गया। उन्होंने शिविर के महत्व, सुरक्षा एवं सुचारू संचालन पर प्रकाश डालते हुए स्टाफ से सहयोग की अपील की। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी संजय सिहोल ने बताया कि शिविर में तम्बाकू निषेध, स्वच्छता अभियान, स्वच्छ पेयजल, स्वस्थ जीवनशैली और स्वयंसेवी मूल्यों पर गतिविधियां होंगी। कार्यक्रम अधिकारी नीशा कुमारी ने जानकारी दी कि जमा एक व जमा दो के 27 छात्र-छात्राएं शिविर में भाग ले रहे हैं। इस मौके पर वरिष्ठ प्रवक्ता अश्विनी कुमार, वृजेश शर्मा, चरणजीत सिंह, बलविंदर सिंह, रेनू बाला, बबिता देवी, रीना देवी, दीप धीमान, आकाश ठाकुर, शशि धीमान, नितिन ठाकुर आदि उपस्थित हुए।

# प्रताप वर्ल्ड स्कूल ने पीडब्ल्यूएस क्रिकेट अकादमी के 50 छात्रों को अंतरराष्ट्रीय मैच का अनुभव कराया




विद्यार्थियों ने अनुशासन तथा मैदान पर अपनाई जाने वाली रणनीतियों की महत्वपूर्ण समझ हासिल की।

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**पठानकोट।** प्रताप वर्ल्ड स्कूल पठानकोट की पीडब्ल्यूएस क्रिकेट अकादमी के 50 छात्रों को भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच देखने के लिए एचपीसीए स्टेडियम धर्मशाला ले जाया गया।

यह दौरा उभरते हुए क्रिकेट खिलाड़ियों को समग्र अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से विद्यालय के सतत प्रयासों का हिस्सा था। अपने कोचों के साथ पहुंचे इन युवा खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट को नजदीक से देखा और मैच टेम्परामेंट, अनुशासन, फिटनेस, टीमवर्क तथा मैदान पर अपनाई जाने वाली रणनीतियों की महत्वपूर्ण समझ हासिल की। यह अनुभव छात्रों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक सिद्ध हुआ और उन्हें अधिक एकाग्रता व पेशेवर दृष्टिकोण के साथ उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। स्कूल के निदेशक सनी महाजन ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का प्रत्यक्ष अनुभव युवा खिलाड़ियों के व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। विश्व स्तरीय खिलाड़ियों को लाइव खेलते देखना हमारे छात्रों को अनुशासन, समर्पण और पेशेवर सोच का महत्व समझने में मदद करता है, जो मैदान के भीतर और बाहर सफलता के लिए आवश्यक है।' प्रधानाचार्या सुभ्रा रानी ने कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक अनुभव कक्षा और अभ्यास सत्रों से आगे बढ़कर छात्रों में जुनून पैदा करते हैं, आत्मविश्वास बढ़ाते हैं।

# तीन साल में हिमाचल में कुष्ठ रोगियों में आई कमी : अनुप्रिया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री ने सांसद डॉ. राजीव को दी जानकारी**

**पिछले** तीन सालों में हिमाचल प्रदेश में कुष्ठ रोगियों के संख्या में कमी आई है। वर्ष 2022-23 को राज्य में प्रति लाख जनसंख्या 1.99 रोगी पंजीकृत किए गए थे, जोकि 2023-24 में प्रति लाख जनसंख्या 1.67 रोगी पंजीकृत किए और वर्ष 2024-25 में प्रति लाख में प्रति लाख जनसंख्या 1.64 रोगी पंजीकृत किए। यह जानकारी केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कांगड़ा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज को सदन में दी।

उन्होंने बताया कि देश में वर्ष 2022-23 में प्रति लाख जनसंख्या 7.44 रोगी पंजीकृत किए गए थे, जोकि 2023-24 में प्रति लाख जनसंख्या 7.55 रोगी पंजीकृत किए और वर्ष 2024-25 में प्रति लाख जनसंख्या 7.00 रोगी पंजीकृत किए। उन्होंने बताया कि देश में सर्वाधिक रोगी छत्तीसगढ़ में वर्ष 2022-23 में प्रति लाख जनसंख्या 27.73 रोगी पंजीकृत किए गए थे, जोकि 2023-24 में प्रति लाख जनसंख्या 23.37 रोगी पंजीकृत किए और वर्ष 2024-25 में प्रति लाख जनसंख्या 22.25 रोगी पंजीकृत किए। उन्होंने बताया कि देश में सबसे कम रोगी लक्षदीप में वर्ष 2022-23 में प्रति लाख जनसंख्या शून्य रोगी पंजीकृत किए गए थे, जोकि 2023-24 में प्रति लाख जनसंख्या 4.25 रोगी पंजीकृत किए और वर्ष 2024-25 में प्रति लाख जनसंख्या शून्य रोगी पंजीकृत किए। उन्होंने सांसद डॉ. राजीव भरद्वाज को सदन में बताया की हिमाचल प्रदेश में वर्ष 2022, वर्ष 2023 और वर्ष 2024 में मलेरिया के क्रमशः 12 केस, 23 केस और 28 केस दर्ज किए गए। उन्होंने बताया कि पूरे देश में वर्ष 2022, वर्ष 2023 और वर्ष 2024 में मलेरिया के क्रमशः 176522 केस, 227564 केस और 255500 केस दर्ज किए।

## 21 को बच्चों को पिलाई जाएगी दो बूंद जिंदगी की : विनय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो। धर्मशाला।** जिला कांगड़ा स्वास्थ्य विभाग की ओर से 21 दिसंबर को आयोजित होने वाले पल्स पोलियो प्रतिरक्षण अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से मंगलवार को जिला टास्क फोर्स फॉर इम्यूनाइजेशन की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त कांगड़ा विनय कुमार ने की। उन्होंने निर्देश दिए कि अभियान के दौरान कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे और सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें। उन्होंने कहा कि पोलियो नियंत्रण में होने के बावजूद इसकी सुरक्षा को बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विवेक करोल ने अभियान को बच्चों को पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखने की दिशा में महत्वपूर्ण बताते हुए सभी विभागों से सक्रिय सहयोग का आह्वान किया। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश सूद ने अभियान की कार्ययोजना प्रस्तुत करते हुए बताया कि शून्य से पांच वर्ष आयु वर्ग के सभी बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाने का लक्ष्य है। बैठक में बूथ स्तर की व्यवस्थाओं, मोबाइल टीमों, लॉजिस्टिक प्रबंधन और दूरस्थ क्षेत्रों तक पहुंच सुनिश्चित करने पर चर्चा की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी व स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## ओबीसी को आरक्षण पर राजपूत सभा की आपत्ति पर ओबीसी कल्याण मंडल ने की निंदा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण मंडल ने विभिन्न अखबारों और सोशल मीडिया पर राजपूत सभा द्वारा प्रकाशित उस बयान की कड़े शब्दों में निंदा की है, जिसमें उच्च शिक्षा संस्थानों में ओबीसी आरक्षण पर आपत्ति जताई गई थी। मंडल के प्रदेशाध्यक्ष कर्नल स्वरूप कोहली ने कहा कि 1 दिसंबर, 2025 को हिमाचल प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र में विधायक केवल सिंह पठानिया और आरएस बाली ने 93वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम, 2005 के तहत उच्च शिक्षण संस्थानों में ओबीसी आरक्षण का मुद्दा उठाया था। उन्होंने कहा कि राजपूत सभा द्वारा ओबीसी को 13 प्रतिशत आरक्षण मिलने का दावा तथ्यहीन और भ्रामक है। वास्तविकता यह है कि हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला, सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी, कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर, डॉ. यशवंत परमार विश्वविद्यालय सोलन तथा अटल मेडिकल एंड रिसर्च यूनिवर्सिटी में ओबीसी वर्ग को प्रवेश में कोई आरक्षण नहीं मिल रहा है। कर्नल कोहली ने कहा कि 93वें संवैधानिक संशोधन के बावजूद पिछले लगभग 20 वर्षों से ओबीसी वर्ग को इस अधिकार से वंचित रखा गया है, जो संविधान की भावना और सामाजिक न्याय के विरुद्ध है। चौधरी फाउंडेशन के अध्यक्ष रोबिन चौधरी ने भी ओबीसी कल्याण मंडल के रुख का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि ओबीसी वर्ग ने कभी ईडब्ल्यूएस को दिए गए 10 प्रतिशत आरक्षण का विरोध नहीं किया, जिससे उनकी संवैधानिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता स्पष्ट होती है।

# चंद्र ने किया कृषि निदेशक ऑफिस भवन का निरीक्षण

## कृषि मंत्री बोले- इस भवन में भू-स्थानिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) केंद्र की भी स्थापना की जाएगी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**कृषि** एवं पशुपालन मंत्री प्रोफेसर चंद्र कुमार ने धर्मशाला में निर्माणाधीन अतिरिक्त कृषि निदेशक कार्यालय भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि लगभग 253 लाख रुपए की लागत से निर्मित हो रहे इस भवन को शीघ्र ही जनता को समर्पित कर दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि इस भवन में अतिरिक्त कृषि निदेशक के कार्यालय के साथ-साथ भू-स्थानिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) केंद्र की भी स्थापना की जाएगी। यह केंद्र विभिन्न फसलों के अंतर्गत क्षेत्रफल, फसल उत्पादन का पूर्वानुमान, सूखा एवं ओलावृष्टि जैसी प्राकृतिक आपदाओं के प्रभाव का आकलन करने तथा कृषि क्षेत्र में होने वाले नुकसान के वैज्ञानिक विश्लेषण में सहायक सिद्ध होगा।

### किसानों के कल्याण के लिए किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की

**निरीक्षण** उपरांत कृषि मंत्री ने अतिरिक्त कृषि निदेशक डॉ. राहुल कटोच एवं उप कृषि निदेशक के साथ बैठक कर कृषि विभाग द्वारा किसानों के कल्याण के लिए किए जा रहे विभिन्न कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि प्राकृतिक खेती के अंतर्गत उत्तरी क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की समीक्षा के लिए 18 दिसंबर को कृषि विभाग के उत्तरी जोन में कार्यरत उप कृषि निदेशक, विषय विशेषज्ञ, कृषि विकास अधिकारी तथा आत्मा परियोजना के अधिकारियों की एक संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित की जाए। उन्होंने अतिरिक्त कृषि निदेशक को निर्देश दिए कि प्रदेश में संचालित प्राकृतिक खेती कार्यक्रम की समग्र समीक्षा हेतु एक विशेष प्रपत्र तैयार किया जाए तथा उत्तरी क्षेत्र में कार्यरत आत्मा परियोजना के सभी अधिकारियों से आवश्यक सूचनाएं एकत्रित कर भविष्य के लिए एक ठोस कार्य योजना तैयार की जाए।

# विदेशों में रोजगार के लिए जाने वाले युवाओं के हितों की सुरक्षा को प्राथमिकता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



कृषि मंत्री प्रो. चंद्र कुमार ने आईटीआई दाड़ी में आयोजित रोजगार मेले में की शिरकत।

**कृषि** एवं पशुपालन मंत्री प्रोफेसर चंद्र कुमार ने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार विदेशों में रोजगार के लिए जाने वाले युवाओं के हितों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा कि अब विदेश रोजगार की पूरी प्रक्रिया को सरकारी निगरानी, पारदर्शिता और जवाबदेही के दायरे में लाया गया है, ताकि शोषण, धोखाधड़ी और उत्पीड़न की किसी भी आशंका को समाप्त किया जा सके।

आईटीआई धर्मशाला के अंतर्गत आईटीआई दाड़ी में आयोजित रोजगार मेले में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए उन्होंने चयनित युवाओं को शुभकामनाएं दीं और देश-विदेश में मेहनत व ईमानदारी से कार्य करने का आह्वान किया। यह रोजगार मेला रोजगार कार्यालय द्वारा हिमाचल प्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम और जेएसडीएस के माध्यम से संयुक्त अरब अमीरात में डिलीवरी राइडर्स, वेयरहाउस हेल्पर्स और पिकर्स के पदों के लिए आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में युवा पहुंचे। उन्होंने बताया कि विदेश भेजने से पहले युवाओं की दक्षता और कौशल का समुचित मूल्यांकन किया जाएगा। क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी अक्षय कुमार ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए बताया कि इस रोजगार मेले में 200 से अधिक युवाओं के साक्षात्कार आयोजित किए जा रहे हैं।

# टीजीटी कला संघ जिला कांगड़ा ने उपनिदेशक को सौंपा 20 सूत्री मांग पत्र

**शिबू ठाकुर, अनंत ज्ञान**



प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक अजय को 20 सूत्री मांग पत्र सौंपते पदाधिकारी।

**कोटला।** हिमाचल प्रदेश राजकीय प्रशिक्षित कला स्नातक संघ की जिला कांगड़ा इकाई के पदाधिकारियों ने उपनिदेशक निदेशालय में प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक अजय सम्बयाल के साथ बैठक की।

संघ के जिलाध्यक्ष कुलबीर सिंह, महासचिव सुरेश कौंडल, वरिष्ठ उपप्रधान यशपाल तथा कोषाध्यक्ष नरेश कुमार ने संघ का 20 सूत्री मांग पत्र उपनिदेशक को सौंपा। महासचिव सुरेश कौंडल ने कहा कि टीजीटी कला शिक्षकों को 20 साल के नियमित सेवाकाल के उपरांत सीएंडवी अध्यापकों की तर्ज पर दो इंक्रीमेंट दी जाएं, सभी मिडल स्कूलों में मुख्याध्यापक का पद सृजित किया जाए, सरप्लस पदों को कॉमन पूल में डाला जाए और खाली पड़े सरप्लस पदों पर अध्यापकों का तबादला या एडजस्टमेंट न की जाए, प्रदेश की भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए तबादले के लिए 30 किलोमीटर की शर्त हटा कर अधिकतम 15 किलोमीटर की जाए, महंगाई भत्ता की किस्त जारी करने और बकाया एरियर भी जल्द से जल्द देने की मांग की है। अन्य मांगों में 4-9-14 लाभ को बहाल करना और टीजीटी से प्रवक्ता पदों पर जल्द से जल्द पदोन्नति प्रदान किया जाना शामिल है। संघ ने मांग की कि टीजीटी कला अध्यापकों पर से शिक्षण के इलावा अन्य चार्जों जैसे पीएम पोषण अभियान आदि का बोझ न डाला जाए। शिक्षा उपनिदेशक प्रारंभिक अजय सम्बयाल ने संघ की मांगों पर गंभीरता से विचार करते हुए उपयुक्त मांगों को उच्चाधिकारियों तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। इसी बीच संघ के पदाधिकारियों ने उपनिदेशक को शॉल, टोपी व स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया और उनके शिक्षा विभाग के प्रति समर्पण की भावना की प्रशंसा भी की। इस अवसर पर संघ के जिलाध्यक्ष कुलबीर सिंह, महासचिव सुरेश कौंडल, उपप्रधान यशपाल तथा कोषाध्यक्ष नरेश कुमार सहित पंकज कुमार, रमेश कुमार, राहुल आदि टीजीटी अध्यापक उपस्थित रहे।

# विजय दिवस पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

## शहीद स्मारक युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत: ब्रिगेडियर विजय चाहर



धर्मशाला स्थित राज्य युद्ध स्मारक में विजय दिवस पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**धर्मशाला** स्थित राज्य युद्ध स्मारक में मंगलवार को शहीदों की याद में आयोजित विजय दिवस समारोह के दौरान श्रद्धांजलि अर्पित की गई। समारोह में बतौर मुख्यातिथि शामिल होते हुए ब्रिगेडियर विजय चाहर सेना मेडल हेडक्वार्ट्स 9 कोर ने अमर जवान ज्योति जलाने के साथ ही सेना युद्ध में अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

इसके बाद पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत करते हुए चहर ने कहा कि ये उनके लिए भी गर्व का पल है कि उन्हें भारतीय वीरों को श्रद्धांजलि देने का अवसर मिला है, जिन्होंने अपना बलिदान दिया है। वहीं, युवाओं के लिए यह स्मारक ही प्रेरणा का स्त्रोत है, जिसे पूर्व में देश की सेवा कर चुके सैनिक रखरखाव कर रहे हैं। इससे बड़ा संदेश युवाओं के लिए नहीं हो सकता है। अहम बात यह है कि विजय दिवस समारोह में न केवल पूर्व सैनिक बल्कि युवा भी बड़ी संख्या में यहां पहुंचे हैं। वहीं, इंडियन एक्स सर्विसमैन लीग हिमाचल प्रदेश के अध्यक्ष रिटायर्ड कर्नल वाईएस राणा ने बातचीत में बताया कि 16 दिसंबर का दिन विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है।

वर्ष 1971 में पाकिस्तान के करीब 93 हजार सैनिकों ने आत्मसमर्पण किया था। इस अवसर पर इंडियन एक्स सर्विसमैन लीग हिमाचल प्रदेश के पदाधिकारियों, राज्य युद्ध स्मारक पदाधिकारियों के अलावा एडीसी कांगड़ा विनय कुमार, एसडीएम धर्मशाला मोहित रत्न सहित युवा मौजूद रहे।

# पंचायत स्तर पर एंटी चिट्टा अभियान को किया जाएगा और तेज : डीसी

## देहरा नशा निवारण समितियों को निगरानी के दिए टिप्स, पुलिस थाना देहरा का भी किया निरीक्षण

**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान**



देहरा में नारकोटिक्स को-ऑर्डिनेशन सेंटर की बैठक की अध्यक्षता करते उपायुक्त हेमराज बैरवा।

**देहरा।** उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा ने देहरा में नारकोटिक्स को-ऑर्डिनेशन सेंटर की बैठक की अध्यक्षता करते हुए देहरा क्षेत्र में नशे के खिलाफ चल रहे अभियान को और अधिक गति एवं स्पष्ट दिशा देने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि जिला से चिट्टा सहित सभी मादक पदार्थों को जड़ से समाप्त करने के लिए प्रशासन, पुलिस और समाज के सभी वर्गों को मिलकर प्रभावी प्रयास करने होंगे। उपायुक्त ने कहा कि देहरा पुलिस जिला की सात अत्यधिक संवेदनशील पंचायतों में नशे की गतिविधियों पर नियमित और सख्त निगरानी सुनिश्चित की जाएगा। उन्होंने बताया कि इन पंचायतों में नशा निवारण समितियों का गठन किया जा चुका है और इन समितियों को सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने प्रत्येक समिति को नियमित रूप से नारकोटिक्स को-ऑर्डिनेशन सेंटर की बैठकें आयोजित करने को भी कहा, ताकि जमीनी स्तर पर नशे की रोकथाम के प्रयासों की समीक्षा की जा सके।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार नशे के खिलाफ सख्त प्रवर्तन के साथ-साथ नशे से पीड़ित व्यक्तियों की काउंसिलिंग, उपचार और पुनर्वास तंत्र को भी सुदृढ़ कर रही है। स्कूलों और कॉलेजों में एंटी-ड्रग क्लब, प्रहरी क्लब और साथी शिक्षा कार्यक्रमों को और अधिक सक्रिय बनाया गया है, ताकि युवा पीढ़ी को नशे से दूर रखा जा सके। डीसी ने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार युवाओं की सुरक्षा और भविष्य को सुरक्षित रखने को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है और नशे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर देहरा के पुलिस अधीक्षक मयंक चैधरी, एसडीएम देहरा कुलवंत सिंह, एसडीएम ज्वालामुखी डॉ. संजीव शर्मा, खंड विकास अधिकारी परागपुर अशोक कुमार, तहसीलदार खुंडिया अंशु चंदेल और नशा निवारण समिति के सदस्यों आदि उपस्थित रहे। बैठक से पूर्व उपायुक्त ने पुलिस थाना देहरा का निरीक्षण भी किया तथा संबंधित अधिकारियों को व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के आवश्यक निर्देश दिए।

### नशे के खिलाफ लड़ाई पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी

**उपायुक्त** ने युवाओं, अभिभावकों, पंचायतीराज संस्थाओं के प्रतिनिधियों, महिला मंडलों तथा विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों से प्रदेश को नशा मुक्त बनाने के लिए सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई केवल प्रशासन या पुलिस की नहीं, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उपायुक्त ने जानकारी दी कि आने वाले समय में एंटी-चिट्टा वॉकथॉन का आयोजन सब-डिवीजन स्तर पर भी किया जाएगा, ताकि आमजन में जागरूकता बढ़े और नशे के विरुद्ध सकारात्मक माहौल तैयार हो सके।

# शिक्षा उज्ज्वल भविष्य की नींव: केवल पठानिया

## उपमुख्य सचेतक ने चढ़ी स्कूल के वार्षिक समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी किए सम्मानित



चड़ी स्कूल के उत्कृष्ट विद्यार्थियों को सम्मानित करते उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया।

**कोहली, अनंत ज्ञान**

शाहपुर। शिक्षा एक मूल्यवान संपत्ति है, जो व्यक्ति ही नहीं बल्कि समाज के उज्वल भविष्य के लिए भी अनिवार्य है। शिक्षा उज्वल भविष्य की नींव है। यह बात शाहपुर के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चड़ी में आयोजित वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के दौरान व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार ने अपने तीन वर्ष के कार्यकाल में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर विशेष फोकस किया है, जिसके परिणामस्वरूप हिमाचल प्रदेश राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण 2025 में 25वें स्थान से छलांग लगाकर पांचवें स्थान पर पहुंचा है। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री को बधाई दी। विधायक ने कहा कि वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह विद्यार्थियों व अभिभावकों के लिए विशेष महत्व रखता है, जहां बच्चों को प्रोत्साहन मिलता है और अभिभावकों को विद्यालय की गतिविधियों की जानकारी मिलती है। क्षेत्रीय विकास का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि चढ़ी के लिए 1.85 करोड़ रुपए की पेयजल योजना प्रगति पर है, जिससे लगभग 3000 लोगों को लाभ मिलेगा। विद्युत व्यवस्था सुधार हेतु 10 लाख रुपए से अनसुई रोड पर ट्रांसफार्मर अपग्रेड किया गया है, जबकि दियाड़ा गांव के लिए 1.10 करोड़ रुपए की सड़क परियोजना भी प्रगति पर है। स्वास्थ्य सुविधाओं पर उन्होंने बताया कि पीएचसी चढ़ी में 15 लाख रुपये से आधुनिक सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। शिक्षा उपलब्धियों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि शाहपुर क्षेत्र के तीन बच्चों ने एचएएस और तीन ने सीडीएस परीक्षा उत्तीर्ण कर अधिकारी बनकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्होंने विद्यालय को सीबीएसई पाठ्यक्रम में परिवर्तित करने और पुरानी इमारत को शीघ्र डिस्मेंटल करने की भी जानकारी दी। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं और उत्कृष्ट विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

### कांगड़ा जिले में पर्यटन विकास को लेकर प्रदेश सरकार गंभीर

**उपमुख्य** सचेतक एवं शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि कांगड़ा जिला में पर्यटन विकास को लेकर राज्य सरकार गंभीरता से कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के साथ दिल्ली से लौटते समय तथा कांगड़ा एयरपोर्ट पर पर्यटन संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के धारकंडी क्षेत्र में स्थित बोह वैली, तल माता मंदिर, नड्डी, गुणामाता मंदिर और खबरू वॉटर फॉल जैसे प्रमुख पर्यटन स्थलों की जानकारी मुख्यमंत्री को दी। उन्होंने कहा कि इन प्राकृतिक व धार्मिक स्थलों के सुनियोजित विकास से क्षेत्र को नई पहचान मिलेगी और स्थानीय लोगों के लिए रोजगार व आय के अवसर बढ़ेंगे। केवल सिंह पठानिया ने बताया कि कांगड़ा हवाई अड्डे के विस्तार के लिए राज्य सरकार द्वारा 460 करोड़ रुपए जारी किए जा चुके हैं, जिससे पर्यटन को नई गति मिलेगी।

# विधायक किशोरी ने लोअर बैजनाथ कूहल के मरम्मत कार्य का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र के विधायक किशोरी लाल ने मंगलवार को लोअर बैजनाथ कूहल की सुधारीकरण एवं मरम्मत के लिए किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों से कार्य की प्रगति की विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। विधायक किशोरी लाल ने निरीक्षण के दौरान पाया कि कूहल सुधार कार्य के अंतर्गत पाइप डाले जाने के कारण सड़क के कुछ हिस्से उखड़ गए हैं, जिससे आम जनता को आवागमन में असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। इस पर उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि उखड़ी हुई सड़क को शीघ्र और स्थायी रूप से दुरुस्त किया जाए, ताकि स्थानीय लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि लोअर बैजनाथ कुल्ह क्षेत्र की सिंचाई व्यवस्था का एक महत्वपूर्ण स्रोत है और इसके सुधारीकरण से किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। विधायक ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि कुल्ह सुधार से संबंधित बचे हुए कार्यों को तय समय सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए और कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। विधायक किशोरी लाल ने कहा कि प्रदेश सरकार जनता की मूलभूत सुविधाओं के प्रति गंभीर है और विकास कार्यों में गुणवत्ता व पारदर्शिता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य पूर्ण होने तक नियमित रूप से निगरानी की जाए, ताकि जनता को जल्द से जल्द सुविधा मिल सके।

**कार्य में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश**

हैप्पी बर्थडे



गुरपलहा (बाथू) ऊना के दिवांश सैनी को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

# आवारा कुत्तों पर नियंत्रण रेबीज का खतरा विषय पर व्याख्यान आयोजित

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

**पंडित** संत राम राजकीय महाविद्यालय बैजनाथ में कॉलेज परिसर में आवारा कुत्तों पर नियंत्रण और रेबीज का खतरा विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन समिति के संयोजक प्रोफेसर मनीष रंधावा द्वारा नोडल अधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार कौंडल (प्रिंसिपल) के मार्गदर्शन में किया गया। वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुषमा राणा (पशु चिकित्सालय पापरोला) और पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंकित करोल ने इस विषय पर प्रस्तुति दी, जिसमें आवारा कुत्तों के व्यवहार का परिचय, कुत्ते के काटने पर प्राथमिक उपचार, एहतियाती उपाय, तत्काल प्रोटोकॉल और इस मुद्दे पर कानूनी प्रावधानों के बारे में सामान्य जागरूकता शामिल थी। इस अवसर पर सभी शिक्षण एवं गैर-शिक्षण कर्मचारी उपस्थित थे।

# एसडीएम ने किया ब्लैक स्पॉट और दुर्घटना संभावित स्थलों का निरीक्षण

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान**

**बैजनाथ।** उपमंडलाधिकारी (ना0) बैजनाथ संकल्प गौतम ने उपमंडल बैजनाथ के अंतर्गत पठानकोट-मंडी राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर स्थित विभिन्न ब्लैक स्पॉट एवं दुर्घटना संभावित स्थलों का निरीक्षण किया। इनके कारण दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। उन्होंने निरीक्षण के दौरान सड़क सुरक्षा से जुड़ी कई गंभीर कमियों के मद्देनजर राष्ट्रीय उच्चमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़क उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक सड़क सुरक्षा उपायों शीघ्र लागू किया जाए तथा चिन्हित स्थलों पर क्रैश बैरियर, रोड मार्किंग, रिफ्लेक्टर, गार्ड स्टोन, साइन बोर्ड तथा हाई मास्ट व स्ट्रीट लाइटिंग की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके अतिरिक्त एसडीएम ने सड़क के किनारे स्थित कूहलों/नालों को व्यवस्थित करने, जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने तथा खतरनाक स्थानों पर सुरक्षा जाली लगाने के निर्देश भी एनएचएआई अधिकारियों को दिए, ताकि बरसात के दौरान मिट्टी कटाव, मलबा गिरने एवं वाहनों के फिसलने जैसी घटनाओं को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि तीखे मोड़ों, संकरे जंक्शनों, पुलों, डायवर्जन पॉइंट्स तथा अधिक दुर्घटना संभावित स्थलों पर दृश्यता सुधारने के लिए सड़क किनारे झाड़ियों की कटाई, जंक्शन में सुधार और साइनिज की स्पष्टता पर विशेष ध्यान दिया जाए। एसडीएम संकल्प गौतम ने एनएचएआई अधिकारियों को सभी कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने, नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने व प्रगति रिपोर्ट प्रशासन को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और इन उपायों के प्रभावी क्रियान्वयन से राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर दुर्घटनाओं में कमी लाकर यातायात को अधिक सुरक्षित एवं सुगम बनाया जाएगा। इस अवसर पर राष्ट्रीय उच्चमार्ग प्राधिकरण के परियोजना प्रबंधक राहुल कुरी सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# इलेक्ट्रॉनिक संसाधनों का उपयोग समय की जरूरत: डॉ. अशोक

## प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर में विशेष शैक्षणिक एवं जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**





कृषि विवि पालमपुर में आयोजित जागरुकता कार्यक्रम में ई-संसाधनों के उपयोग की प्रक्रियाओं को सरल एवं स्पष्ट रूप में समझाया गया।

**पालमपुर।** चौधरी सरवण कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर के विश्वविद्यालय पुस्तकालय की ओर से इलेक्ट्रॉनिक संसाधनों के प्रभावी उपयोग एवं पठन संस्कृति को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक विशेष शैक्षणिक एवं जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. अशोक कुमार पांडा ने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में इलेक्ट्रॉनिक संसाधनों का व्यापक एवं विवेकपूर्ण उपयोग समय की अनिवार्यता बन चुका है। उन्होंने ई-जर्नल्स, ई-बुक्स, ऑनलाइन डाटाबेस तथा अन्य डिजिटल मंचों को शिक्षण, अधिगम एवं अनुसंधान के लिए अत्यंत उपयोगी बताते हुए सभी वर्गों से निरंतर अध्ययन एवं पठन-अभ्यास की आदत विकसित करने का आह्वान किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. कमल देव शर्मा ने पुस्तकालय द्वारा उपलब्ध कराई जा रही आधुनिक सुविधाओं एवं सेवाओं की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि पारंपरिक मुद्रित संग्रह के साथ-साथ पुस्तकालय डिजिटल लाइब्रेरी, ई-संसाधनों, ऑनलाइन डाटाबेस एवं अन्य नवाचारी सेवाओं के माध्यम से शैक्षणिक एवं अनुसंधान गतिविधियों को सशक्त बना रहा है। कार्यक्रम के दौरान सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष सनी कुमार ने विश्वविद्यालय पुस्तकालय में उपलब्ध विभिन्न ई-संसाधनों, ई-बुक्स, ई-जर्नल्स एवं डाटाबेस के प्रभावी उपयोग पर विस्तार से जानकारी दी तथा इनके माध्यम से अध्ययन एवं शोध को और अधिक प्रभावी बनाने के व्यावहारिक उपाय बताए। तकनीकी विशेषज्ञ अरुण कालिया ने तकनीकी सत्र का संचालन करते हुए ई-संसाधनों के उपयोग की प्रक्रियाओं को सरल एवं स्पष्ट रूप में समझाया। एससीएसपी परियोजना अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थियों को क्षमता निर्माण, डिजिटल संसाधनों एवं कौशल विकास के माध्यम से सशक्त बनाना के तहत प्रधान अन्वेषक डॉ. अभिषेक गुलेरिया (सहायक प्राध्यापक, गणित) के नेतृत्व में विभिन्न विषयों से संबंधित उपयोगी पुस्तकें एवं इलेक्ट्रॉनिक संसाधन विश्वविद्यालय पुस्तकालय के लिए प्रदान किए गए हैं, जिनसे विशेष रूप से अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को शैक्षणिक एवं अनुसंधान कार्यों में लाभ मिलेगा। प्रतिभागियों ने कार्यक्रम को अत्यंत उपयोगी, ज्ञानवर्धक एवं समयानुकूल बताया।

# मनरेगा को कमजोर करने वाले नए विधेयक की सीटू ने की निंदा

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

**सीटू** जिला कांगड़ा ने केंद्र सरकार द्वारा महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) को कमजोर करने के प्रयासों की कड़ी निंदा की है। सीटू ने कहा कि रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) बिल 2025 के नाम पर 'विकसित भारत गारंटी' जैसा नया विधेयक लाकर ग्रामीण परिवारों के 100 दिन के रोजगार के संवैधानिक अधिकार को समाप्त करने की साजिश रही है। सीटू के अनुसार, 125 दिन रोजगार का प्रस्ताव पूरी तरह भ्रामक है, क्योंकि इससे मांग-आधारित रोजगार की मूल भावना को कमजोर किया जा रहा है। जॉब कार्ड के तथाकथित युक्तिकरण व डिजिटल अटेंडेंस को अनिवार्य बनाकर बड़ी संख्या में पात्र ग्रामीणों को योजना से बाहर करने का रास्ता खोला जा रहा है।

सीटू ने कहा कि मनरेगा को सौ प्रतिशत केंद्रीय योजना से हटाकर 40 प्रतिशत खर्च राज्यों पर डालना संघीय ढांचे पर सीधा हमला है। इससे राज्यों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा और ग्रामीण बेरोजगारों को नुकसान होगा। सीटू ने इस अमानवीय विधेयक को तुरंत रद्द करने की मांग करते हुए मेहनतकश जनता से एकजुट होकर विरोध करने का आह्वान किया।

# फाइनेंशियल मैनेजमेंट पर कार्यशाला आयोजित

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** उद्योग विभाग हिमाचल प्रदेश द्वारा जिला उद्योग केंद्र (डीआईसी) कांगड़ा के माध्यम से बिजनेस प्लानिंग एवं फाइनेंशियल मैनेजमेंट तथा जेम पोर्टल की कार्य प्रणाली विषय पर कार्यशाला आयोजित की। कार्यशाला का उद्देश्य उद्यमियों और स्वयं सहायता समूहों को व्यवसायिक योजना, वित्तीय प्रबंधन तथा डिजिटल प्लेटफॉर्म के प्रति जागरूक करना था। आयुष हर्ब्स के एमडी जितेंद्र सोडी ने व्यवसाय के उतार-चढ़ाव, पैकेजिंग और ब्रांडिंग पर जानकारी दी। प्रो. संजीव शर्मा ने बिज़नेस प्लानिंग व फाइनेंशियल मैनेजमेंट तथा संदीप शर्मा ने जेम पोर्टल की विशेषताओं और कार्यप्रणाली से अवगत कराया।

## न्यूज ब्रीफ

### पंजगाई चौक पर सड़क किनारे पड़ा गड्ढा बना मुसीबत

**अनंत ज्ञान, नम्होल।** बैरी-नवगांव सड़क पर पंजगाई चौक के समीप सड़क किनारे पड़े गहरे गड्ढे ने स्थानीय दुकानदारों और राहगीरों की परेशानी बढ़ा दी है। पंजगाई निवासी विक्रांत गौतम ने बताया कि चौक पर सड़क के साथ बना बड़ा गड्ढा हर समय गंदे पानी से भरा रहता है, जिससे मच्छरों की भरमार और दुर्गंध फैल रही है। इसका सीधा असर आसपास की दुकानों पर पड़ रहा है। बरसात के दिनों में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। कई बार राहगीर अनजाने में गड्ढे में गिरकर चोटिल हो चुके हैं। स्थानीय लोगों ने विभाग से गड्ढे को तुरंत भरने की मांग की है। वहीं इस संबंध में विभागीय कनिष्ठ अभियंता आकाश शर्मा ने बताया कि बैरी-नवगांव सड़क का टू-लेन निर्माण कार्य शुरू हो चुका है और निर्माण के दौरान पंजगाई चौक पर पड़े गड्ढों को भी भर दिया जाएगा, जिससे लोगों को राहत मिलेगी।

### समोह गांव में पशुशाला में लगी आग

**गोपाल कपिल, अनंत ज्ञान, झंडूता** झंडूता उपमंडल की ग्राम पंचायत समोह में मंगलवार सुबह करीब 7 बजे एक पशुशाला में अचानक आग लग गई। आग की लपटों ने देखते ही देखते पूरी पशुशाला को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे वह पूरी तरह जलकर खाक हो गई। गनीमत रही कि पशुओं को समय रहते बाहर निकाल लिया गया, जिससे कोई जानहानि नहीं हुई। घटना बारे राहुल चौधरी ने बताया कि सुबह करीब 7 बजे उन्हें पता चला कि दुकान के पीछे बनी पशुशाला में आग लगी हुई है। आग के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। पशुओं को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, लेकिन अंदर रखा सामान पूरी तरह जल गया, जिससे आर्थिक नुकसान हुआ है। मामले की पुष्टि करते हुए अग्निशमन अधिकारी झंडूता राजेश ने बताया कि सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की टीम ने लोगों की मदद से आग पर काबू पा लिया।

### नालग स्कूल में डिजिटल लाइब्रेरी के लिए अतिरिक्त कक्ष की मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय माध्यमिक पाठशाला नालग, लघट में छात्रों के लिए स्थापित डिजिटल लाइब्रेरी का संचालन कक्षों की कमी के कारण सुचारू नहीं हो पा रहा है। वर्ष पूर्व उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक द्वारा स्वीकृति मिलने के बाद लाइब्रेरी स्थापित की गई थी, जिससे विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक से अध्ययन का लाभ मिल रहा है। विद्यालय स्टाफ, स्कूल प्रबंधन समिति और उपप्रधान अवधेश भारद्वाज ने जिला प्रशासन एवं अदानी समूह से अनुरोध किया है कि डिजिटल लाइब्रेरी के लिए अतिरिक्त कक्ष उपलब्ध करवाई जाए। अभिभावकों और ग्रामीणों ने भी इस मांग का समर्थन किया है।

### मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू आज घुमारवीं में

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** हिमाचल प्रदेश पेंशनर्ज वेलफेयर एसोशिएशन के राज्य स्तरीय अखिल भारतीय पेंशनर्ज दिवस समारोह में बुधवार को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू घुमारवीं पहुंचेंगे। कार्यक्रम में तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी विशिष्ट अतिथि होंगे। एसोशिएशन के जिला प्रधान जगदीश दिनेश ठाकुर ने बताया कि करीब 5 हजार पैंशनर्ज कार्यक्रम में भाग लेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री को 19 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा जाएगा तथा 90 वर्ष से अधिक आयु के पेंशनर्ज सम्मानित किए जाएंगे। वहीं, मुख्यमंत्री घुमारवीं में करीब 69 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे।

### हिमाचल बास्केटबॉल अंडर-14 टीम एमपी रवाना

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (कन्या) बिलासपुर में आयोजित अंडर-14 बास्केटबॉल नेशनल कैंप संपन्न हो गया। डीपीई विशाल शर्मा ने बताया कि टीम 19 से 23 दिसंबर तक मध्य प्रदेश में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेगी। स्कूल प्रिंसिपल प्रिया पोसवाल ने टीम को शुभकामनाएं देकर रवाना किया।

### लाभार्थियों को सहायता राशि देने पर इंटक ने जताया आभार

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** श्रम कल्याण बोर्ड द्वारा 3835 लाभार्थियों के खातों में 14.17 करोड़ रुपए की सहायता राशि डाली गई है। इसमें विवाह सहायता, छात्रवृत्ति और मृत्यु मुआवजा शामिल है। इंटक सचिव प्रेम लाल भाटिया ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू व श्रम कल्याण बोर्ड का धन्यवाद करते हुए इसे मजदूर हित में ऐतिहासिक कदम बताया।

### जुखाला कॉलेज में एनएसएस शिविर संपन्न

**अनंत ज्ञान, नम्होल।** राजकीय महाविद्यालय जुखाला में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन हुआ। प्राचार्य डॉ. ध्रुव पाल सिंह ने स्वयंसेवियों को समाजसेवा के लिए प्रेरित किया। नीरज शर्मा और किरण कुमारी को सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवी चुना गया।

### घुमारवीं में वित्तीय जागरूकता शिविर का आयोजन

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक की कल्लरी शाखा द्वारा कसारू गांव में वित्तीय जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में ग्रामीणों को बैंक की विभिन्न योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति, अटल पेंशन और महिला सशक्तिकरण के बारे में जानकारी दी गई और उन्हें लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। बैंक प्रबंधक दिनेश चोपड़ा ने डिजिटल बैंकिंग से जुड़े साइबर क्राइम से सावधानी बरतने का संदेश भी दिया। उन्होंने लोगों से कहा कि फोन पर बैंक विवरण या ओटीपी साझा न करें और लॉटरी या अन्य प्रलोभनों में न फंसें। कार्यक्रम में सेऊ सहकारी सभा के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

### घुमारवीं कन्या स्कूल की छात्राओं ने जीता विप्रो अर्थियन नेशनल अवार्ड-2025

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** करगिल शहीद विजयपाल मेमोरियल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला घुमारवीं की छात्राओं ने विप्रो अर्थियन नेशनल अवार्ड-2025 जीतकर जिले का नाम रोशन किया है। जैव विविधता एवं सतत विकास विषय पर उत्कृष्ट कार्य के लिए यह सम्मान मिला। मार्गदर्शक शिक्षिका प्रतिमा वर्मा के निर्देशन में शगुन शर्मा, प्रीति, सानिया शेख, पल्लवी और अक्षरा शर्मा की टीम ने यह उपलब्धि हासिल की।

### गृह रक्षक माह के पहले शुक्रवार को करवा सकते हैं अपनी समस्या का समाधान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** आदेशक गृह रक्षा पांचवीं वाहिनी बिलासपुर कमाण्डेंट सुशील कौंडल ने बताया कि जिला में तैनात गृह रक्षकों की समस्याओं और शिकयतों के निपटारे के लिए प्रत्येक माह के पहले शुक्रवार का दिन निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक माह के पहले शुक्रवार को प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक वाहिनी मुख्यालय में गृह रक्षक स्वयं आकर अपनी समस्या का समाधान करवा सकते है। इसके अतिरिक्त अगर कोई गृह रक्षक राज्य मुख्यालय में अपनी समस्या का समाधान करवाना चाहता है तो अपनी समस्या को वह हर माह के अंतिम शुक्रवार के दिन अतिरिक्त महानिदेशक एवं महा आदेशक गृह रक्षा/नागरिक सुरक्षा के समक्ष वाहिनी के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है।

## बिलासपुर और घुमारवीं में सिक्योरिटी गाड्र्स के 80 पदों की भर्ती 22 व 23 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

एसआईएस सिक्योरिटी, इंडिया लिमिटेड, रीजनल ट्रेनिंग सेंटर हमीरपुर नियर वुड पार्क, सैनिक स्कूल, बड़सर रोड, हमीरपुर द्वारा सिक्योरिटी गाड्र्स के 80 पदों को भरा जा रहा है। इन पदों के लिए 22 दिसंबर को जिला रोजगार कार्यालय बिलासपुर में तथा 23 दिसंबर को प्रात: 10 बजे से उप-रोजगार कार्यालय घुमारवीं में कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया जाएगा।

इस बारे जानकारी देते हुए जिला रोजगार अधिकारी बिलासपुर राजेश मेहता ने बताया कि सिक्योरिटी गाड्र्स के इन पदों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं अथवा 12वीं पास तथा उम्मीदवार की आयु 19 से 40 वर्ष होनी अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त उम्मीदवार की न्यूनतम ऊंचाई 168 सेम. तथा न्यूनतम वजन 54 किलोग्राम होना आवश्यक है। चयनित अभ्यर्थियों को 19,500 रुपए से 24,000 रुपए तक मासिक मानदेय प्रदान किया जाएगा। इन पदों के लिए केवल पुरुष उम्मीदवार ही पात्र हैं। उन्होंने बताया कि इच्छुक पुरुष उम्मीदवार अपने सभी आवश्यक दस्तावेजों सहित निर्धारित स्थान, तिथि व समय पर उपस्थित होकर कैंपस इंटरव्यू में भाग ले सकते हैं। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए एसआईएस सिक्योरिटी, हमीरपुर के अधिकारी से मोबाइल नंबर 9816813693 पर संपर्क क र सकते हैं।

# बरमाणा क्षेत्र में चिट्टा माफिया बेलगाम

## प्रशासन की नाक के नीचे फल-फूल रहा नशे का कारोबार, स्कूली बच्चे भी चपेट में

**रंजीत कुमार, अनंत ज्ञान**



**बरमाणा।** प्रदेश सरकार द्वारा चिट्टा माफिया को जड़ से उखाड़ने और नशा तस्करों की संपत्तियां सील करने के दावों की जमीनी हकीकत बरमाना थाना क्षेत्र में बिल्कुल उलट नजर आ रही है। बरमाना, लगट, पंजगाईं और बलोंह इलाकों में चिट्टा माफिया बेखौफ होकर कानून को ठेंगा दिखा रहा है। हालात इस कदर गंभीर हो चुके हैं कि स्कूली बच्चे और किशोर भी इस घातक नशे की गिरफ्त में आ चुके हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में भय और असुरक्षा का माहौल व्याप्त है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि चिट्टा अब केवल नशा नहीं, बल्कि एक सामाजिक आपदा बन चुका है। बरमाणा पंचायत के गंगासिंह ठाकुर, प्रेमलाल, राजेंद्र कुमार, रामपाल ठाकुर, सन्नी ठाकुर तथा पंजगाईं पंचायत के प्रधान हेमराज सिमर और उपप्रधान रविकांत शर्मा सहित अन्य ग्रामीणों ने इस पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उनका आरोप है कि नशे की लत के कारण युवाओं के व्यवहार में खतरनाक बदलाव देखने को मिल रहे हैं और कई परिवार ओवरडोज के कारण अपने बच्चों को खो चुके हैं।

ग्रामीणों के अनुसार, चिट्टा माफिया सरेआम नशे की बिक्री कर रहा है, लेकिन पुलिस और प्रशासन प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने में विफल नजर आ रहा है। आरोप है कि कई बार पकड़े जाने के बावजूद आरोपी आसानी से जमानत पर छूट जाते हैं, जिससे माफिया के हौसले और बुलंद हो रहे हैं। स्थानीय लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि बरमाना में सक्रिय चिट्टा माफिया के खिलाफ बार-बार शिकायतें देने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है और थाना क्षेत्र के नाकों के नीचे गांव लगट में माफिया पूरी तरह सक्रिय है।

चौंकाने वाली बात यह भी सामने आई है कि कुछ मामलों में माफिया के परिवारों को भी पता है कि उनके बच्चे युवाओं को नशे की दलदल में धकेल रहे हैं, बावजूद इसके उन्हें रोकने के बजाय मौन संरक्षण दिया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि हाल ही में तीन-चार सक्रिय चिट्टा तस्करों की गतिविधियों ने पूरे क्षेत्र में तबाही मचा रखी है। नशे की हालत में युवाओं द्वारा की जा रही अनियंत्रित हरकतों से कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं और आम नागरिकों की सुरक्षा खतरे में पड़ती दिखाई दे रही है।

स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि लगट क्षेत्र में बाहरी तत्वों की आवाजाही तेजी से बढ़ी है और संगठित तरीके से नशे की खेप सप्लाई की जा रही है। हालात इतने भयावह हैं कि कई गांवों में महिलाएं अपने बच्चों को नशा माफिया से बचाने के लिए खुद पहरेदारी करने को मजबूर हैं।

### पुलिस प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग

क्षेत्रवासियों और समाजसेवियों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि चिट्टा तस्करों और माफिया के खिलाफ बिना किसी ढिलाई के कठोर कार्रवाई की जाए, कम मात्रा में नशा पकड़े जाने पर भी जमानत की सुविधा समाप्त की जाए और नशे के शिकार युवाओं के लिए काउंसलिंग व पुनर्वास केंद्र स्थापित किए जाएं। लोगों का साफ कहना है कि यदि समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाली पीढ़ी इसकी भारी कीमत चुकाएगी। इस संबंध में जिला पुलिस अधीक्षक संदीप धवल ने बताया कि पुलिस को स्थिति की पूरी जानकारी है और चिट्टा माफिया पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि दोषियों के खिलाफ कानून के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## गुग्गा गेहड़वीं में 1965-1971 युद्ध के वीर सैनिकों व वीर नारियों का सम्मान



वीर सैनिक को सम्मानित करते भूतपूर्व सैनिक एवं कल्याण समिति के सदस्य।

**अनंत ज्ञान, घुमारवी**

भूतपूर्व सैनिक एवं कल्याण समिति गुग्गा गेहड़वीं द्वारा एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समिति अध्यक्ष सूबेदार रणजीत सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम 1965 और 1971 के भारत-पाक युद्ध में देश के लिए योगदान देने वाले भूतपूर्व सैनिकों और वीर नारियों के सम्मान में आयोजित किया गया।

उन्होंने बताया कि 16 दिसंबर 2024 को आयोजित समारोह में जो सैनिक और वीर नारियां किसी कारणवश शामिल नहीं हो सके थे, उन्हें वर्ष 2025 के इस समारोह में सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में नखलेड़ा, दाड़ी भाड़ी, बडोल देवी, जांगला, गेहड़वीं और बेरी मियां पंचायतों के भूतपूर्व सैनिकों व वीर नारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में हवलदार जगन्नाथ ठाकुर मुख्यातिथि रहे। उन्होंने अपने संबोधन में भूतपूर्व सैनिकों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि समाज को उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। समारोह में कर्नल रतन लाल शर्मा, सूबेदार सागर, सूबेदार बच्चन सिंह, सूबेदार मेजर राम कृष्ण सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

इस अवसर पर कई भूतपूर्व सैनिकों और वीर नारियों को शॉल, स्मृति चिन्ह और सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह में ग्रामीणों की बड़ी उपस्थिति रही और माहौल देशभक्ति से सराबोर रहा।

## ब्रेन ऑफ हिमाचल परीक्षा में आर्शिया का शानदार प्रदर्शन



**अनंत ज्ञान, घुमारवी**

बालक इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल निहाण की छात्रा आर्शिया शर्मा पुत्री विनोद कुमार ने एस्पायर अकादमी द्वारा आयोजित प्रतियोगी परीक्षा 'ब्रेन ऑफ हिमाचल' में टॉप-40 में स्थान हासिल कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर एस्पायर अकादमी द्वारा सफल विद्यार्थियों के सम्मान में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में आर्शिया शर्मा सहित अन्य चयनित विद्यार्थियों को मेडल एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। अकैडमी प्रबंधन ने विद्यार्थियों की मेहनत, लगन और अनुशासन की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

विद्यालय के चेयरमैन मनोहर लाल, प्रधानाचार्य नंद किशोर, रितेश शर्मा, अन्य अध्यापकों एवं अभिभावकों ने भी आर्शिया की सफलता पर हर्ष व्यक्त किया और उसे निरंतर प्रगति के लिए शुभकामनाएं दीं। विद्यालय पहुंचने पर विद्यालय प्रशासन द्वारा आर्शिया शर्मा का हार पहनाकर और मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया।विद्यालय के चेयरमैन मनोहर लाल ने अन्य विद्यार्थियों को भी आर्शिया शर्मा से सीखने का आवाहन किया।उन्होंने कहा कि इस परीक्षा में विद्यालय के 7 बच्चों ने भाग लिया था जिनमें आर्शिया शर्मा ने टॉप किया।

## सेना ने विजय दिवस पर शहीदों को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, घुमारवी।** 16 दिसंबर 1971 के भारत-पाक युद्ध में शहीद हुए देश व प्रदेश के वीर सपूतों की स्मृति में शहीद नंतराम वैलफेयर मेला व दंगल समिति, कोठीपुरा द्वारा सेना विजय दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर शहीदों को पुष्प अर्पित कर 2 मिनट का मौन रखकर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम के मुख्यातिथि वैटरन वारंट ऑफिसर भंडारी राम ठाकुर रहे, जिन्हें तिरंगा बैज व मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया। समिति द्वारा वीर नारियों को तिरंगा बैज, शाल एवं कंबल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश वैटरन सैनिक कल्याण एवं विकास समिति के प्रदेशाध्यक्ष वैटरन कैप्टन बालक राम शर्मा को शहीद नंतराम की पत्नी वीर नारी मीरा देवी एवं उनके पुत्र संजीव कुमार द्वारा परिवार सहित तिरंगा बैज, स्मृति चिन्ह व कंबल देकर सम्मानित किया गया। साथ ही स्वतंत्रता सेनानी की वीर नारी प्रेमी देवी शास्त्री को भी तिरंगा बैज व शाल भेंट कर सम्मानित किया गया। बालक राम शर्मा ने बताया कि मंगलवार प्रात: 11 बजे शहीदों की स्मृति में पुष्प अर्पित कर रीत-लेइंग के साथ 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में समिति के पदाधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## भाखड़ा विस्थापितों को 65 साल बाद भी इंसाफ नहीं, सरकार को दिया अल्टीमेटम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



बैठक में उपस्थित ग्रामीण भाखड़ा विस्थापित।

ग्राम पंचायत गाह-घोड़ी में आयोजित ग्रामीण भाखड़ा विस्थापित सुधार समिति की बैठक सरकार की संवेदनहीनता के खिलाफ आक्रोश का मंच बन गई। उपाध्यक्ष बलदेव ठाकुर की अध्यक्षता में हुई बैठक में कहा गया कि भाखड़ा विस्थापित देश की आजादी के बाद सबसे लंबे समय से न्याय की प्रतीक्षा कर रहे हैं, लेकिन सरकारें केवल आश्वासन देती आई हैं। बैठक में निर्णय लिया गया कि 25 फरवरी को रैली निकालकर मुख्यमंत्री को मांग-पत्र सौंपा जाएगा। चेतावनी दी गई कि यदि इसके बाद भी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो निर्णायक आंदोलन शुरू किया जाएगा।

बलदेव ने कहा कि 65 वर्ष बीत जाने के बावजूद विस्थापितों को न तो भूखंड मिले और न ही मालिकाना हक। उस समय लोगों की अशिक्षा का लाभ उठाकर उन्हें विस्थापित किया गया और आज कई परिवार दोबारा उजड़ने की कगार पर हैं। इसे प्रशासनिक चूक नहीं, बल्कि संगठित अन्याय बताया गया। बैठक में भाखड़ा विस्थापित बहुल क्षेत्रों का मिनी बंदोबस्त कर कब्जाधीन भूमि का मालिकाना हक देने, काटे गए बिजली-पानी कनेक्शन बहाल करने, झील से सिंचाई व पेयजल सुविधा, विस्थापित परिवारों के वारिसों को बीबीएमबी में रोजगार तथा प्रदेश को मिलने वाली रायल्टी का कम से कम 25 प्रतिशत भाखड़ा विस्थापितों की बुनियादी सुविधाओं पर खर्च करने की मांग उठाई गई। इसके अलावा जिन परिवारों को अब तक प्लॉट या भूमि नहीं मिली उन्हें तत्काल उपलब्ध कराने, गोबिंदसागर झील पर पुल निर्माण, मछुआरों के लिए कल्याणकारी योजनाएं आदि सुविधाएं देने की मांग की गई।

## वीर बलिदानी मिट्टी की स्थापना के साथ चंगर में मनाया गया 55वां विजय दिवस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



पूर्व सैनिक कल्याण समिति हिमाचल प्रदेश ने 1971 के भारत-पाक युद्ध में भारत की ऐतिहासिक विजय की स्मृति में 55वां विजय दिवस चंगर स्थित वीर बलिदानी स्मारक परिसर में मनाया। कार्यक्रम में जिला एवं सत्र न्यायाधीश ज्योत्सना सुमंत डढ़वाल मुख्यातिथि तथा एसडीएम बिलासपुर सदर राजदीप सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर वीर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

विशिष्ट सेवा मैडल से सम्मानित ब्रिगेडियर जगदीश सिंह वर्मा, कर्नल जितेंद्र चंदेल, कर्नल उपेंद्र चंदेल और कैप्टन राम नाथ शर्मा के साथ बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक, वीर नारियां, सैनिक परिवार और नागरिक भी उपस्थित रहे। सभी ने शहीदों के अदम्य साहस और बलिदान को नमन किया।

समिति ने वीर बलिदानी मिट्टी को विभिन्न युद्ध क्षेत्रों से लाकर स्मारक में विधिवत रूप से स्थापित किया। यह पहल आने वाली पीढ़ियों को देशभक्ति और सर्वोच्च बलिदान की भावना से परिचित कराने के उद्देश्य से की गई है।

इस अवसर पर 16 दिसंबर को बरठीं से शुरू हुई शोभायात्रा के माध्यम से वीर बलिदानी मिट्टी के कलशों को स्मारक तक ले जाया गया और विधिवत पूजा-अर्चना के बाद स्मारक में स्थापित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह भावनाओं से अभिभूत रहा और पूरा वातावरण देशभक्ति और गर्व से ओतप्रोत दिखाई दिया।

## सूबेदार नंद लाल को वीर योद्धा सम्मान से नवाजा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** कल्याण कला मंच ने निदेशक सुरेंद्र मिन्हास के नेतृत्व में निचली भटेड़ गांव के व्योवृद्ध सैनिक सूबेदार नंदलाल को उनके निवास पर जाकर 'काले बाबा वीर योद्धा सम्मान-2025' से सम्मानित किया। इस अवसर पर मंच की नवगठित कार्यकारिणी की अध्यक्षा तृप्ता कौर मुसाफिर, महासचिव बाबू राम धीमान, कोषाध्यक्ष श्याम सुंदर सहगल, मुख्य संरक्षक अमरनाथ धीमान तथा रविंद्र कमल चंदेल उपस्थित रहे। साल 1934 में जन्मे सूबेदार नंदलाल ने कठिन परिश्रम से सेना में स्थान बनाया और 15 डोगरा रेजिमेंट में सिपाही के रूप में भर्ती हुए। उन्होंने 1962 के भारत-चीन युद्ध तथा 1965 व 1971 के भारत-पाक युद्ध में साहस और वीरता का परिचय दिया। उत्कृष्ट सेवा के लिए उन्हें अनेक पदक और प्रशस्ति पत्र प्राप्त हुए। तत्कालीन राष्ट्रपति नीलम संजीव रेड्डी ने 14 मार्च 1966 को उन्हें उनकी बहादुरी और कर्तव्यनिष्ठा के लिए सम्मानित किया। कल्याण कला मंच ने ऐसे वीर योद्धा को सम्मानित कर गौरव की अनुभूति व्यक्त की और सरकार से आग्रह किया कि ऐसे सैनिकों को राजकीय स्तर पर सम्मानित कर युवा पीढ़ी को प्रेरणा दी जाए। इस अवसर पर अनेक गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे।

## जेपी नड्डा के नेतृत्व में हिमाचल भाजपा को मिल सकती है नई धार

**अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**बिलासपुर।** भारतीय जनता पार्टी के इतिहास में जिन दिग्गज नेताओं ने संगठन को शून्य से शिखर तक पहुंचाया, उनमें अटल बिहारी वाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी का नाम स्वर्णाक्षरों में दर्ज हैं। उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए जगत प्रकाश नड्डा ने अपनी संगठनात्मक कुशलता, राजनीतिक परिपक्वता और नेतृत्व क्षमता से भाजपा को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती प्रदान की। छह वर्षों तक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में नड्डा ने न केवल संगठन का सफल संचालन किया, बल्कि भाजपा को नए आयाम भी दिए।



अब नितिन नवीन को पार्टी का कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने के साथ ही हिमाचल प्रदेश की राजनीति में बड़ा संकेत सामने आया है। इससे यह स्पष्ट हो गया है कि नड्डा के लिए हिमाचल की बागडोर संभालने का मार्ग प्रशस्त हो चुका है, जो लंबे समय से हिमाचल की जनता और भाजपा कार्यकर्ताओं की दिली इच्छा रही है। प्रदेश में भाजपा के खोए हुए मान-सम्मान और राजनीतिक आधार को पुन: स्थापित करने के लिए नड्डा के नेतृत्व में एकजुट भाजपा सरकार बनाने को पूरा प्रदेश तैयार दिखाई दे रहा है।

यह भी स्पष्ट किया जाना जरूरी है कि नड्डा को राष्ट्रीय अध्यक्ष पद से हटाया नहीं गया है। उनका कार्यकाल वर्ष 2024 में औपचारिक रूप से समाप्त हो चुका था, जिसके बाद उन्हें सेवा विस्तार दिया गया। वर्तमान में वह अब भी भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं और उनके साथ नितिन नवीन को कार्यकारी अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। राजनीतिक गलियारों में यह माना जा रहा है कि नड्डा के सक्रिय नेतृत्व में हिमाचल भाजपा न केवल सत्ता में वापसी करेगी, बल्कि विकास के नए शिखर भी स्थापित करेगी।

## नयना देवी मंदिर ट्रस्ट के 40 वर्ष पूरे, श्रद्धा और सेवा से होगा भव्य आयोजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने कहा कि श्री नयना देवी जी मंदिर ट्रस्ट की स्थापना के 40 वर्ष पूर्ण होना जिले के लिए गौरव की बात है। इस अवसर पर मंदिर न्यास द्वारा धार्मिक, सामाजिक, शैक्षणिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का भव्य आयोजन किया जा रहा है।



उन्होंने कहा कि श्री नयना देवी मंदिर आस्था का प्रमुख केंद्र होने के साथ-साथ सेवा, समर्पण और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। ट्रस्ट की 40वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में होने वाले कार्यक्रम आध्यात्मिक चेतना के साथ सामाजिक दायित्वों के निर्वहन का संदेश देंगे। उन्होंने बताया कि आयोजन के दौरान चिकित्सा शिविरों से सामुदायिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ किया जाएगा, खेल गतिविधियों से अनुशासन व स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा मिलेगा, जबकि शैक्षणिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से ज्ञान, संस्कार और क्षेत्रीय परंपराओं का संरक्षण किया जाएगा।

**आस्था** | मंदिर ट्रस्ट ने बदली शक्तिपीठ की तस्वीर, श्रद्धा के साथ विकास का संतुलन

# नयना देवी: आस्था से व्यवस्था तक 40 वर्षों की ऐतिहासिक यात्रा

**अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**बिलासपुर।** शक्ति पीठ श्री नयना देवी से जुड़ी आस्था भले ही सदियों पुरानी हो, लेकिन इसे सुव्यवस्थित, सुरक्षित और आधुनिक तीर्थ के रूप में स्थापित करने की संगठित पहल पिछले 40 वर्षों में साकार हुई। श्री नयना देवी मंदिर ट्रस्ट ने चार दशकों की यात्रा में धार्मिक परंपराओं के संरक्षण के साथ-साथ आधारभूत ढांचे, श्रद्धालु सुविधाओं और सामाजिक दायित्वों के क्षेत्र में उल्लेखनीय परिवर्तन किए हैं।

**1980 के दशक: आस्था थी, व्यवस्था नहीं:** ट्रस्ट गठन से पूर्व नयना देवी एक प्रमुख तीर्थ होने के बावजूद सीमित संसाधनों और अव्यवस्थित व्यवस्थाओं से जूझ रहा था। ठहरने, मार्ग, स्वच्छता और आपदा प्रबंधन जैसी सुविधाओं का अभाव मेलों और नवरात्रों में बड़ी चुनौती बनता था।



माता नयना देवी का मंदिर तथा (इनसेट) माता की पिंडी।

### ट्रस्ट गठन: विकास को मिली दिशा

मंदिर ट्रस्ट की स्थापना के साथ ही विकास को संस्थागत स्वरूप मिला। पारदर्शी आय-व्यय, योजनाबद्ध निर्माण और प्रशासनिक समन्वय ने नयना देवी के विकास की ठोस नींव रखी।

### 1990-2000: आधारभूत ढांचे की शुरुआत

**इस** दौर में मंदिर परिसर का विस्तार, रास्तों का सुधार, धर्मशालाओं का निर्माण, जलापूर्ति, रोशनी और स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया गया। सुरक्षित पैदल मार्गों ने श्रद्धालुओं की सुविधा को नई पहचान दी।

### 2000-2010: सुरक्षा व सुविधा का विस्तार

**बढ़ती** भीड़ को देखते हुए सुरक्षा प्रबंधन, सीसीटीवी निगरानी, बैरिकेडिंग, अग्निशमन व्यवस्था और स्वास्थ्य सहायता केंद्र स्थापित किए गए। सड़क संपर्क और यातायात प्रबंधन में भी व्यापक सुधार हुए।

### 2010-2020: आधुनिकता के साथ जनकल्याण

**इस** दशक में प्रतीक्षालय, पेयजल, शौचालय, सूचना प्रणाली और वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष सुविधाएं विकसित की गईं। साथ ही चिकित्सा शिविरों और राहत कार्यों के जरिए ट्रस्ट ने सामाजिक सरोकारों को भी मजबूती दी।

### 2020 के बाद: संतुलित और सतत विकास

**हाल** के वर्षों में डिजिटल भुगतान, बेहतर सूचना तंत्र, आपदा प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण पर जोर दिया गया। स्वच्छता, सुरक्षा और श्रद्धालु अनुभव को प्राथमिकता बनाकर विकास को संतुलित दिशा दी गई। आस्था से आगे-अर्थव्यवस्था और रोजगार नयना देवी के विकास से क्षेत्रीय पर्यटन को बढ़ावा मिला, स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर सृजित हुए और बिलासपुर जिले की आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिली।

**उपलब्धियां और भविष्य की चुनौती:** चार दशकों में ट्रस्ट ने सिद्ध किया कि आस्था और प्रशासन मिलकर तीर्थ को सामाजिक-सांस्कृतिक केंद्र बना सकते हैं। बढ़ती भीड़, पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास भविष्य की प्रमुख चुनौतियां रहेंगी। 40 वर्षों की यह यात्रा आस्था से शुरू होकर व्यवस्था, सेवा और समर्पण तक पहुंची है और आज श्री नयना देवी केवल एक शक्तिपीठ नहीं, बल्कि संगठित विकास की जीवंत मिसाल बन चुकी है।

## न्यूज ब्रीफ

### धरवाला में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, धरवाला।** सबस्टेशन धरवाला में जरूरी रख रखाव व मुरम्मत कार्य हेतु 11 केवी फीडर लिल्ह, तुर, धरवाला, गैहरा, राडी, सुनारा, के अंतर्गत आने वाले गांव राडी, मैलाह, गुहाला, भटवाड़ा, सोला, त्रिलोचन महादेव, गुड़ासा ,भामल ,भारूथा, धरवाला, लोथल ,मरूथा, तूर, ब्रेही, सुनारा, चूड़ी, मझाटा, ढ्रोबी, कुंडी ,लिल्ह, बतोग, प्रीणा, सानखा, कलमला, कुनेड, गैहरा, पयूरा, दुनाली, लेच, बत्ती हट्टी छतराडी, कूंर वह आसपास के सभी क्षेत्रों में बुधवार सुबह 11:00 बजे से लेकर 3:00 बजे तक बिजली की आपूर्ति बंद रहेगी। बिजली विभाग की तरफ से आम जनता को सहयोग करने अपील की गई है। जरूरी मरम्मत के कार्य को करने के पश्चात बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से चालू कर दी जाएगी।

### डलहौजी में कार पलटी, लापरवाही का मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला पुलिस चम्बा द्वारा विभिन्न धाराओं के तहत एक अभियोग दर्ज किया गया है, जिसमें सड़क दुर्घटना का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार थाना डलहौजी में अभियोग संख्या 66/25 दिनांक 15.12.2025 को भारतीय न्याय संहिता की धारा 281 व 125(ए) के अंतर्गत पंजीकृत किया गया है। शिकायतकर्ता अजय कुमार निवासी लाहनी ने पुलिस को बताया कि 15 दिसंबर की शाम लगभग 6:15 बजे जब वे टिक्करू पुल के पास ठाकुर ढाबे पर मौजूद थे, तभी चंबा की ओर से तेज रफ्तार में आ रही एक कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई और पलट गई। हादसे का कारण वाहन चालक द्वारा ओवरस्पीडिंग व लापरवाही से वाहन चलाना बताया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है तथा दुर्घटना के सभी पहलुओं की गहनता से जांच की जा रही है। जिला पुलिस ने वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने और तेज रफ्तार से बचने की अपील की है, ताकि इस प्रकार की दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

### प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग का दिया संदेश



**अनंत ज्ञान, पांगी।** उपमंडल पांगी की ग्राम पंचायत धरवास में वॉटर शेड महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें वनमंडलाधिकारी रवि गुलेरिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर विकास खंड पांगी के अधीक्षक बिवेक टेसू और हिमाचल प्रदेश बूल फेडरेशन के निदेशक बीर सिंह राणा विशेष अतिथि थे। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत प्रधान धरवास ने मुख्य अतिथि का शॉल, टोपी और स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। वनमंडलाधिकारी ने ग्रामीणों को जल संरक्षण, वर्षा जल संग्रहण, जल स्रोतों के संवर्धन और प्राकृतिक संसाधनों के सतत उपयोग के महत्व के बारे में जानकारी दी। इस कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी, महिला मंडल और स्थानीय लोग सक्रिय रूप से शामिल हुए। महिला मंडलों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने का संदेश भी दिया गया। उपस्थित अन्य गणमान्य व्यक्तियों में अनिता ठाकुर, कृष नेगी, बीडीसी सदस्य, कनिष्ठ अभियंता कमल, रूबी कुमारी, अमीर चन्द और ग्राम पंचायत सचिव तिलक राज शामिल थे।

### 'भारत देश महान है' ने जगाया राष्ट्रभाव

**अनंत ज्ञान, चंबा।** राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित साहित्यिक कार्यक्रम के दौरान देशभक्ति गीत 'भारत देश महान है' का औपचारिक विमोचन गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। गीत का विमोचन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रख्यात साहित्यकार व कहानीकार डॉ. संदीप शर्मा तथा द्वितीय सत्र के मुख्य अतिथि डॉ. राजेश शर्मा, सह-आचार्य हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। गीत के लेखक युद्धवीर टंडन ने अपनी रचना में भारत की सांस्कृतिक विरासत, एकता और राष्ट्रगौरव को प्रभावशाली शब्दों में प्रस्तुत किया है। वक्ताओं ने इसे भारतीय चेतना और राष्ट्रप्रेम की सशक्त अभिव्यक्ति बताया। गीत का संगीत व वीडियो निर्माण किरण कुमार वशिष्ठ द्वारा किया गया है, जिसने प्रस्तुति को और प्रभावशाली बनाया। इस अवसर पर श्रोताओं में विशेष उत्साह और देशभक्ति की भावना देखने को मिली।

### छात्राओं को दिए करियर विकल्प व प्रेरक मार्गदर्शन

**अनंत ज्ञान, चंबा।** कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय मैहला में छात्रावास की छात्राओं के लिए एक विशेष करियर काउंसलिंग सत्र आयोजित किया गया। सत्र का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को उनके भविष्य के लक्ष्यों के प्रति मार्गदर्शन प्रदान करना और सही करियर विकल्प समझाना था। इस सत्र का संचालन देश के जाने-माने काउंसलर और आयाम अकादमी सिकर, राजस्थान के संचालक रविंद्र श्योराण ने किया। उन्होंने छात्राओं से संवाद कर उन्हें दसवीं और बारहवीं के बाद उपलब्ध करियर विकल्पों, विभिन्न क्षेत्रों में अवसरों, आवश्यक योग्यताओं और भविष्य की संभावनाओं पर विस्तृत जानकारी दी। छात्राओं ने अपने प्रश्न पूछे और श्योराण ने उन्हें प्रेरित किया कि वे अपने सपनों को साकार करने के लिए मेहनत और समर्पण करें। केजीबीवी मैहला प्रबंधन ने संचालक का आभार व्यक्त किया। जिला उप शिक्षा निदेशक गुणवत्ता भाग सिंह और जिला छात्रावास समन्वयक डॉक्टर कविता बिजलवान ने वार्डन रोहिणी शर्मा, ज्योति शर्मा और उनकी टीम के प्रयासों की सराहना की।

### प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम 19 से

**अनंत ज्ञान, चंबा।** सुशासन सप्ताह के अंतर्गत 19 दिसंबर से 25 दिसंबर तक जिला चंबा में प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यह जानकारी सहायक आयुक्त अपराजिता चंदेल ने दी। उन्होंने बताया कि सुशासन सप्ताह आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का शीघ्र, सरल और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी आम नागरिकों को उपलब्ध करवाई जाएगी, ताकि लोग योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठा सकें। कार्यक्रम के तहत लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए उपमंडल एवं तहसील स्तर पर विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की श्रृंखला में 23 दिसंबर को जिला स्तर पर सुशासन से जुड़े विभिन्न विषयों पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें प्रशासनिक अधिकारी एवं अन्य संबंधित विभाग भाग लेंगे।

# सुरों से संवरता भविष्य, चंबा की बेटियां रच रहीं संगीत में इतिहास

## शिक्षक के संकल्प से जिंदा है कला, राज्यस्तर पर पुरस्कार जीतकर बढ़ाया नाम

**राहुल सहगल, अनंत ज्ञान**

चंबा की पहाड़ियों के बीच स्थित पीएमश्री राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल, चंबा आज केवल एक शिक्षण संस्थान नहीं, बल्कि संगीत साधना का सशक्त केंद्र बन चुका है। यहां छात्राएं विभिन्न वाद्य यंत्रों पर रियाज़ करती नज़र आती हैं और अपने सुरों से यह साबित कर रही हैं कि प्रतिभा संसाधनों की मोहताज नहीं होती, उसे दिशा देने वाला गुरु चाहिए।

विद्यालय के संगीत प्रवक्ता गुलशन पाल के अथक प्रयासों से यह संभव हो पाया है। उन्होंने बताया कि पूरे चंबा जिले में आज केवल चार ही संगीत अध्यापक बचे हैं और महज चार विद्यालयों में ही संगीत विषय पढ़ाया जा रहा है। ऐसे कठिन हालातों के बावजूद, इसी कन्या विद्यालय की



छात्राओं ने ग्रुप सॉन्ग प्रतियोगिता 2025 में राज्य स्तर पर दूसरा स्थान और ऑर्केस्ट्रा प्रतियोगिता 2024 में उल्लेखनीय सफलता हासिल कर जिले को गौरवान्वित किया है।

गुलशन पाल ने बताया कि विद्यालय में नौवीं से बारहवीं कक्षा तक की लगभग 55 से 60 छात्राएं नियमित रूप से संगीत सीख रही हैं। यद्यपि पाठ्यक्रम के अनुसार संगीत शिक्षण ग्यारहवीं और बारहवीं तक सीमित है, लेकिन उन्होंने स्वेच्छा से नौवीं कक्षा से ही छात्राओं को संगीत से जोड़ दिया, ताकि उनकी प्रतिभा को प्रारंभिक अवस्था में ही तराशा जा सके।

संगीत प्रयोगशाला में उपलब्ध वाद्य यंत्रों के लिए उन्होंने विद्यालय के वर्तमान प्रधानाचार्य श्रीकला विज को श्रेय दिया और कहा कि प्रशासनिक सहयोग के बिना यह सफलता संभव

अनंत ज्ञान स्पेशल

नहीं थी। उनका स्पष्ट उद्देश्य है कि अधिक से अधिक छात्राएं संगीत को केवल शौक नहीं, बल्कि करियर के रूप में अपनाएं और आत्मनिर्भर बनें।

गुलशन पाल का योगदान केवल विद्यालय तक सीमित नहीं है। वे प्रशासनिक अभियानों और सामाजिक संदेशों से जुड़े जागरूकता गीत छात्राओं से तैयार कर निःशुल्क प्रस्तुत करवाते हैं, जिससे संगीत समाज सेवा का माध्यम भी बन रहा है। आज चंबा की यह कन्या पाठशाला यह संदेश दे रही है कि यदि समर्पित गुरु और अवसर मिलें, तो बेटियाँ सुरों से भी इतिहास रच सकती हैं।

# मौसम की मार : बागवान छोड़ रहे पुराने सेब के बगीचे, हाई डेंसिटी से उम्मीद

**अनंत ज्ञान, चंबा**

- सेब की घटती पैदावार से बागवान चिंतित, आधुनिक तकनीक में लगाई आशा
- ओलावृष्टि और चिलिंग कमी ने पुरानी किस्मों को किया प्रभावित

चंबा जिले के बागवान मौसम की बेरुखी के चलते गंभीर संकट का सामना कर रहे हैं। ग्लोबल वार्मिंग और बदलते मौसम के कारण सेब की पैदावार लगातार प्रभावित हो रही है। बागवानों का कहना है कि सेब के पौधों को हर वर्ष निर्धारित चिलिंग आवर की आवश्यकता होती है, जो समय पर बारिश और बर्फबारी से पूरी होती है। लेकिन पिछले कुछ वर्षों से न तो पर्याप्त बर्फबारी हो रही है और न ही समय पर बारिश, जिससे फसल की गुणवत्ता और उत्पादन दोनों पर असर पड़ा है।

बागवानों ने बताया कि सभी कृषि कार्य जैसे कीटनाशक छिड़काव और प्रूनिंग करने के बावजूद मौसम उनके प्रयासों का साथ नहीं दे रहा। कई बार फूल सही समय पर आ जाते हैं, लेकिन ओलावृष्टि पूरे बगीचे को नुकसान पहुंचा देती है। इन हालातों के कारण कई किसानों ने पुराने बगीचों को काटने का निर्णय लिया है। साहू क्षेत्र में करीब 50 से अधिक बागवानों ने अपने पारंपरिक सेब के बगीचे हटवा दिए हैं। अब इन बगीचों में हाई डेंसिटी सेब के पौधे लगाए जा रहे हैं। इस तकनीक में एक बीघा भूमि पर लगभग 300 पौधे लगाए जा सकते हैं, जबकि पारंपरिक बगीचों में केवल 33 पौधे होते थे। हाई डेंसिटी सेब कम चिलिंग आवर में भी फल देता है और उत्पादन अधिक होता है। उद्यान विभाग बागवानों को तकनीकी सहायता भी प्रदान कर रहा है। बागवानों का मानना है कि आधुनिक तकनीक अपनाने से उत्पादन और आमदनी दोनों बढ़ेंगी। मौसम की अनिश्चितता के बीच यह कदम उनकी फसल को स्थिरता देने और मेहनत को लाभ में बदलने की दिशा में एक नई उम्मीद बनकर उभरा है।

# प्रशासनिक परिसर में गंदगी का अंबार

## एसडीएम कार्यालय के पीछे कूड़ा-कचरा बना परेशानी का सबब

**भीम बसेडू राजपूत, अनंत ज्ञान**

**महादेव।** उपमंडल अधिकारी (सिविल) कार्यालय, राजस्व विभाग के रिकॉर्ड रूम सहित जज एवं पुलिस थाना सुंदरनगर के पीछे स्थित प्रशासनिक परिसर में फैली अव्यवस्था इन दिनों आम लोगों में चर्चा का विषय बनी हुई है। इस परिसर के बड़े हिस्से में कंटीली झाड़ियां उग आई हैं, वहीं ढलानदार क्षेत्र में दफ्तरी कूड़ा-कचरे के ढेर लगे हुए हैं, जो अधिकांशतः कार्यालयी रिकॉर्ड और फटे-पुराने सरकारी कागजात बताए जा रहे हैं। हालात यह हैं कि इस महत्वपूर्ण प्रशासनिक स्थल को देखकर यह किसी जिम्मेदार कार्यालय परिसर की बजाय उपेक्षा का शिकार स्थान प्रतीत होता है, जिससे प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां दफ्तरी कचरा नष्ट करने के लिए एक बड़ी और सुरक्षित चिमनी की व्यवस्था अत्यंत आवश्यक है, ताकि फालतू और



खुले में फेंके कूड़े पर प्रशासन की कार्यप्रणाली पर उठ रहे सवाल।

निरस्त किए गए सरकारी कागजात को किसी जिम्मेदार अधिकारी की निगरानी में समय रहते जलाया जा सके और उनकी गोपनीयता भी बनी रहे। वर्तमान में ऐसी किसी व्यवस्था के अभाव में न केवल स्वच्छता प्रभावित हो रही है, बल्कि संवेदनशील दस्तावेजों के दुरुपयोग की आशंका भी बनी हुई है। लोगों ने इसे गंभीर लापरवाही करार देते हुए उपायुक्त मंडी से मांग की है कि प्रशासनिक गरिमा को ध्यान में रखते हुए शीघ्र ही इस पूरे परिसर की साफ-सफाई करवाई जाए, कंटीली झाड़ियों को हटाया जाए और दफ्तरी कचरे के निपटान के लिए चिमनी स्थापित करने सहित स्थायी व कारगर कदम उठाए जाएं, ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा उत्पन्न न हो।

# नशा, बाल विवाह से बच्चों को रखें सुरक्षित

## सनवाल में बाल अधिकार व सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम आयाजित

**अनंत ज्ञान, चंबा**

चाइल्ड हेल्पलाइन चंबा ने 16 दिसंबर 2025 को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सनवाल में बच्चों, शिक्षकों और अन्य स्टाफ के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यकारी प्रधानाचार्य महेन्द्र ठाकुर ने की।

कार्यक्रम में चाइल्ड हेल्पलाइन चंबा के परियोजना समन्वयक कपिल शर्मा ने बच्चों को टोल-फ्री नंबर 1098 की कार्यप्रणाली और चाइल्ड हेल्पलाइन द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली सेवाओं की विस्तार से जानकारी दी। बच्चों को बाल अधिकारों के बारे में बताया गया, जिसमें बाल विवाह, बाल मजदूरी, नशे की बुराई, बाल तस्करी, बाल भिक्षावृत्ति, बाल यौन शोषण, घरेलू हिंसा, शारीरिक दंड, मानसिक प्रताड़ना और दिव्यांग, अनाथ एवं अर्ध-अनाथ बच्चों के अधिकार शामिल हैं। साथ ही बच्चों को सरकारी योजनाओं, स्कूल छोड़ चुके बच्चों के परामर्श एवं मुख्यधारा में पुनः जोड़ने की सेवाओं से भी अवगत कराया गया। उन्हें सोशल मीडिया से दूर रहने,




बाल अधिकारों व अनुशासन पर बच्चों और शिक्षकों को महत्वपूर्ण जानकारी मिली ।

अनजान लोगों से मेलजोल न बढ़ाने और ब्लैकमेल करने वाले व्यक्तियों से सतर्क रहने के लिए आगाह किया गया। लड़कियों को विशेष रूप से सचेत किया गया कि किसी भी तरह की छेड़छाड़, असभ्य टिप्पणियों या गंदी सामग्री दिखाने की स्थिति में तुरंत 1098 पर सूचना दें।

कार्यक्रम में चाइल्ड हेल्पलाइन के केस वर्कर चैन सिंह ने बच्चों को अनुशासन, लक्ष्य निर्धारण और जीवन में सही दिशा के महत्व पर भी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

कार्यकारी प्रधानाचार्य महेन्द्र कुमार ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए इसे बच्चों, अभिभावकों और शिक्षकों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। इस जागरूकता कार्यक्रम में प्रवक्ता इतिहास पान चंद, प्रवक्ता राजनीतिक शास्त्र अंकेश देहल, टीजीटी आर्ट्स नवीन संग्राही, शास्त्री खेम राज शर्मा, कला शिक्षक प्रदीप कुमार शर्मा, भाषा शिक्षक तेज लाल गौतम, वोकेशनल ट्रेनर (एग्रीकल्चर) मेघा ठाकुर और वोकेशनल ट्रेनर (हेल्थ) फरीदा बेगम सहित लगभग 250 बच्चों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम ने बच्चों में सुरक्षा, अनुशासन और अपने अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# डिलीवरी राइडर्स व वेयरहाउस हेल्पर के साक्षात्कार 18 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में नून फूड एलएलसी (किराना एवं खाद्य वितरण) के लिए डिलीवरी राइडर्स तथा वेयरहाउस हेल्पर के पदों पर भर्ती हेतु मंडी और कुल्लू जिलों के पूर्व पंजीकृत अभ्यर्थियों के साक्षात्कार 18 दिसंबर को आयोजित किए जाएंगे। ये साक्षात्कार क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय मंडी (खलियार) में प्रातः 10 बजे से लिए जाएंगे।

क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी मंडी अक्षय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि यह भर्ती श्रम, रोजगार एवं ओवरसीज प्लेसमेंट विभाग, हिमाचल प्रदेश के माध्यम से हिमाचल प्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम (एचपीएसईडीसी) द्वारा जेएसडीसी ग्रुप ऑफ कंपनीज के सहयोग से की जा रही है। साक्षात्कार में भाग लेने के लिए अभ्यर्थियों का पूर्व पंजीकरण तथा वैध पासपोर्ट होना अनिवार्य है।

उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के समय वैध पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, रिज्यूम, सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्र, रोजगार कार्यालय का पंजीकरण प्रमाण पत्र तथा दो पासपोर्ट साइज फोटो साथ लानी होंगी। बिना पूर्व पंजीकरण एवं वैध दस्तावेजों के किसी भी अभ्यर्थी को साक्षात्कार में शामिल नहीं किया जाएगा। डिलीवरी राइडर्स के पदों के लिए चयनित अभ्यर्थियों को 2500 दिरहम मासिक वेतन के साथ कमीशन व टिप्स दिए जाएंगे, जिससे कुल आय लगभग 70,000 से 1,00,000 रुपये प्रतिमाह तक हो सकती है। ड्यूटी समय 10 घंटे प्रतिदिन, सप्ताह में 6 दिन रहेगा। न्यूनतम योग्यता 10वीं पास, बेसिक अंग्रेजी ज्ञान और गियर वाली मोटरसाइकिल का वैध ड्राइविंग लाइसेंस अनिवार्य है। आयु सीमा 20 से 37 वर्ष निर्धारित की गई है।

वहीं वेयरहाउस हेल्पर के पदों के लिए 1400 दिरहम मासिक वेतन के साथ आवास व यातायात सुविधा प्रदान की जाएगी। इन पदों के लिए आयु सीमा 21 से 30 वर्ष निर्धारित है और केवल पुरुष अभ्यर्थी ही पात्र होंगे।

# पंडोह लाल पुल का निर्माण शुरू, आठ माह बाद लौट रही रेस्ट हाउस में रौनक

- वैकल्पिक सड़क मार्ग से सुचारु आवागमन सुविधा
- पुराने कुल्लू-मनाली मार्ग पर बड़े डंगे का निर्माण भी पुल के बजट में

**बालक राम, अनंत ज्ञान**

पंडोह का ऐतिहासिक लाल पुल, जिसे वर्ष 2023 में ब्यास नदी ने तहस-नहस कर दिया था, अब फिर से बनना शुरू हो गया है। अक्तूबर माह में ठेकेदार विजय कपूर ने इसका निर्माण कार्य शुरू किया, जिससे पंडोह क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। इस पुल की कुल लागत 23.36 करोड़ रुपए रखी गई है और ठेकेदार ने इसे तेज गति से पूरा करने का लक्ष्य रखा है। अनुमान है कि पुल का निर्माण अगस्त 2026 तक समाप्त हो जाएगा।

लाल पुल के निर्माण से क्षेत्रवासियों, पर्यटकों और सरकारी विभागों को कई लाभ मिलने लगे हैं। सबसे पहले पंडोह रेस्ट हाउस की बंद हालत लगभग आठ महीनों बाद सुचारू हुई। रेस्ट हाउस तक पहुँचने वाले वैकल्पिक सड़क मार्ग को कुछ वाहनों के लिए बीबीएमबी द्वारा खोला गया है। इस मार्ग से निर्माण सामग्री और हैवी मशीनरी भी आसानी से कार्यस्थल तक पहुंच



रही है। दूसरा बड़ा लाभ पुराने कुल्लू-मनाली मार्ग पर पड़े भारी लैंडस्लाइड के बाद बनाए जाने वाले बड़े डंगे का है। यह निर्माण कार्य भी लाल पुल के बजट में पूरा होगा और 15 जनवरी 2026 तक सड़क मार्ग रैस्ट हाउस तक सुचारू हो जाएगा। इससे लोक निर्माण विभाग के रैस्ट हाउस से आय भी पुनः शुरू होगी।

तीसरा लाभ लाल पुल के साथ लगे झुले और फुटपाथ से ब्यास नदी पार कर शिवा, बदार आदि गांवों में आवागमन आसान हुआ है। स्थानीय लोग अब सुरक्षित और तेज़ी से गांवों में आने-जाने में सक्षम हैं।

लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता प्रवीण तलवार ने बताया कि निर्माण कार्य तेज़ गति से चल रहा है और वैकल्पिक सड़क मार्ग के खुलने से कार्य में मदद मिल रही है। उन्होंने कहा कि पुल के बन जाने से स्थानीय व्यापारियों, पर्यटकों और विभाग को स्थायी लाभ मिलेगा।

लाल पुल केवल एक पुल नहीं, बल्कि मंडी सदर, दरंग, नाचन और सराज विधानसभा क्षेत्र की भाग्य रेखा है। इसका निर्माण जल्दी पूरा होना क्षेत्र की सामाजिक, आर्थिक और धार्मिक समन्वय के लिए अत्यंत आवश्यक है।

अनंत Classifieds

नाम दुरूस्ती

**मैं गौरी दत्त** पुत्र टेक चंद निवासी गांव मंझेरा, डाकघर कपाही, तहसील सुंदरनगर, जिला मंडी हिमाचल प्रदेश 175002 घोषणा करता हूं कि मेरे पुत्र के आर्मी सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम गलती से गोरी दत्त (Gori Dutt) दर्ज किया गया है। मेरे सभी दस्तावेजों के अनुसार मेरा वास्तविक और सही नाम गौरी दत्त (Gauri Dutt) है। सभी संबंधित नोट करें।

बेदखली सूचना

**मैं, संदीप कुमार** आयु 53 वर्ष पुत्र प्रेम कुमार पुत्र दलीप चन्द गांव कुठियाडी तहसील अम्ब, जिला ऊना (हि.प्र.) घोषणा करता हूं कि मेरा बेटा रणवीर सिंह मेरे कहने-सुनने से बाहर है। अतः मैं अपने बेटे रणवीर सिंह को अपनी तमाम चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उससे लेन-देन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। सभी संबंधित नोट करें।

NAME CHANGE

**I Pushpa Gurung** Mother of Rajat Gurung R/O ward No 17,VPO Sidhbari (Balla) Tehsil Dhramshala Distt Kanga HP. Declare that my name in my son record wrongly entered as Nisha Gurung whereas my correct name is Pushpa gurung

निविदा आमंत्रण सूचना

ओम नमोः शिवाय महिला मंडल खरूणी ग्राम पंचायत बलोह, तहसील झंडुता, जिला बिलासपुर (हि.प्र.) 400 कूड़ादान खरीदने के लिए निविदाएं आमंत्रित हैं। सात दिन के भीतर।

*हस्ता./सचिव/प्रधान*
*ओम नमोः शिवाय महिला मंडल*
*खरूणी ग्राम पंचायत बलोह,*
*तहसील झंडुता, जिला बिलासपुर*

# टेबल टेनिस उत्तर जोन इंटर यूनिवर्सिटी टूर्नामेंट के लिए एसपीयू मंडी की महिला टीम रवाना



टेबल टेनिस उत्तर जोन इंटर यूनिवर्सिटी टूर्नामेंट के लिए एसपीयू मंडी की महिला टीम टूर्नामेंट के लिए रवाना होती हुई।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

चितकारा यूनिवर्सिटी पंजाब में 17 से 21 दिसंबर तक आयोजित टेबल टेनिस नॉर्थ ज़ोन इंटर यूनिवर्सिटी टूर्नामेंट में एसपीयू मंडी की महिला टीम रवाना हो गई है। उम्मीद है कि टीम टूर्नामेंट में विश्वविद्यालय का शानदार प्रतिनिधित्व करेगी।

टीम पूरे उत्साह, अनुशासन और खेल भावना के साथ प्रतियोगिता के लिए रवाना हुई। एसपीयू मंडी की टीम में शामिल खिलाड़ियों में कशिश ठाकुर (बंजार), प्रियंका ठाकुर (बंजार), सिमरन ठाकुर (कुल्लू), दीक्षा शर्मा (कुल्लू) और स्तुति शर्मा (नादौन) शामिल हैं। टीम का नेतृत्व खेल एवं युवा मामलों के निदेशक प्रो. राजेश शर्मा ने किया, जिन्होंने खिलाड़ियों को पूरे कोचिंग कैम्प में मार्गदर्शन प्रदान किया।

सहायक निदेशक डॉ. हितेश ठाकुर बॉटनी विभाग ने भी टीम की तैयारियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। टीम के कोच शुभम शर्मा सरकाघाट नौबाही ने महिला खिलाड़ियों को 10 दिनों तक कोचिंग कैम्प के दौरान रणनीतिक प्रशिक्षण दिया और टीम के साथ प्रतियोगिता के लिए भी रवाना हुए। जबकि टीम मैनेजर डॉ. सरिता पठानिया जंतु विज्ञान विभाग टूर्नामेंट के दौरान प्रबंधन एवं समन्वय की जिम्मेदारी सफलता पूर्वक निभाएंगे। चितकारा यूनिवर्सिटी में आयोजित यह प्रतियोगिता उत्तर भारत के कई प्रमुख विश्वविद्यालयों के बीच रोमांचक मुकाबलों का केंद्र बनेगी। स्थानीय खेल प्रेमियों और विश्वविद्यालय प्रशासन ने टीम की इस उपलब्धि पर खुशी जताई है।

# 63 हजार से अधिक बच्चे गटकेंगे 'दो बूंद जिंदगी की'

## पल्स पोलियो अभियान 21 को, एक भी बच्चा न छूटे, शत-प्रतिशत कवरेज सुनिश्चित करें : डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन की अध्यक्षता में मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में 21 दिसम्बर को आयोजित होने वाले सघन पल्स पोलियो अभियान को लेकर जिला टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। अभियान के अंतर्गत जिला मंडी में 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के लगभग 63783 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। इसके लिए जिले भर में 1103 पोलियो बूथ स्थापित किए जाएंगे, जिन पर 4454 बूथ टीम सदस्य तथा 228 पर्यवेक्षक तैनात रहेंगे। जो बच्चे 21 दिसम्बर को खुराक लेने से छूट जाएंगे, उन्हें 22 और 23 दिसम्बर को घर-घर जाकर दवाई पिलाई जाएगी।

उपायुक्त अपूर्व देवगन ने जिलावासियों से अपील की कि वे इस सघन पल्स पोलियो अभियान को जन-आंदोलन के रूप में लें और 0 से 5 वर्ष आयु के प्रत्येक बच्चे को अनिवार्य रूप से पोलियो की खुराक पिलवाएं। उन्होंने कहा कि




पल्स पोलियो अभियान को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते उपायुक्त।

एक भी बच्चा छूटना नहीं चाहिए, तभी शत-प्रतिशत कवरेज का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को प्रवासी आबादी तथा झुग्गी-झोपड़ी क्षेत्रों में रहने वाले बच्चों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग को आंगनबाड़ी वर्कर और सहायिकाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करते हुए बच्चों को पोलियो बूथ तक लाने में सहयोग करने को कहा। उपायुक्त ने एचआरटीसी को निर्देश दिए कि 21 दिसम्बर को यदि किसी बस में 0 से 5 वर्ष आयु का बच्चा यात्रा कर रहा हो, तो सड़क किनारे स्थापित पोलियो बूथ पर बस रोककर उसे पोलियो की खुराक पिलाना सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने पुलिस, आयुष, शिक्षा विभाग और शहरी निकायों से अभियान के दिन अपनी जिम्मेदारियों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करने का आग्रह किया।

बैठक में जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ अतुल गुप्ता ने बताया कि 21 दिसम्बर को 0 से 5 वर्ष आयु के प्रत्येक बच्चे को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाई जाएगी, भले ही बच्चे को एक दिन पहले ही पोलियो अथवा कोई अन्य नियमित टीकाकरण किया गया हो। उन्होंने कहा कि इससे मजबूत हार्ड इम्यूनिटी विकसित होती है। उन्होंने यह भी बताया कि वर्ष 2011 के बाद देश में पोलियो का कोई मामला सामने नहीं आया है, लेकिन पड़ोसी देशों पाकिस्तान और अफगानिस्तान में अब भी पोलियो के मामले सामने आ रहे हैं, ऐसे में इस अभियान में सभी की सक्रिय सहभागिता अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष मार्च 2024 में संभावित 67725 बच्चों के मुकाबले 70584 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई थी। बैठक में आयुक्त नगर निगम रोहित राठौर, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अरिंदम रॉय, जिला आयुष अधिकारी डॉ राजेश कुमार, सहायक आयुक्त फूड सेफ्टी एलडी ठाकुर, जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ पवनेश महंत , जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास अजय बदरेल, सभी बीएमओ सहित पुलिस, शिक्षा, एचआरटीसी, पंचायत और अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

> **हालात** भाड़ में जाएं, मैं खुद अवसरों का निर्माण करता हूं।
>
> –ब्रूस ली

## संपादकीय

# चिट्टे के खिलाफ निर्णायक जंग

हिमाचल प्रदेश में चिट्टे की गिरफ्त में फंसते जा रहे युवाओं को बचाने के लिए सरकार के प्रयास अब जमीनी स्तर पर असर दिखाने लगे हैं। शिमला और धर्मशाला के बाद हमीरपुर में निकाली गई चिट्टे के खिलाफ वॉकथॉन इस बात का स्पष्ट संकेत है कि हिमाचल अब इस नशे के विरुद्ध निर्णायक लड़ाई के लिए पूरी तरह तैयार हो चुका है। जिस प्रकार इस वॉकथॉन में भारी संख्या में लोगों की भागीदारी देखने को मिली, उससे न केवल सरकार के प्रयासों को बल मिला है, बल्कि चिट्टा सप्लाई करने वाले माफियाओं के भी होश उड़ गए हैं।

जन जागरूकता ही ऐसा सशक्त माध्यम है, जिसके बल पर चिट्टे को जड़ से समाप्त किया जा सकता है। यह भयानक नशा समाज के हर वर्ग को प्रभावित कर रहा है। चाहे वह शहरी इलाका हो या ग्रामीण क्षेत्र, शिक्षित वर्ग हो या श्रमिक वर्ग–कोई भी इससे अछूता नहीं है। सबसे अधिक चिंता का विषय यह है कि इसका शिकार हमारे प्रदेश का भविष्य, यानी युवा वर्ग, हो रहा है।

कल्पना कीजिए उन माता–पिता की पीड़ा की, जो अपने बच्चों को बेहतर भविष्य की उम्मीद में स्कूल और कॉलेज भेजते हैं, लेकिन उन्हें यह पता ही नहीं चलता कि उनके बच्चे वहां पढ़ाई के साथ–साथ चिट्टे जैसे जानलेवा नशे की गिरफ्त में फंसते जा रहे हैं। माता–पिता सपने देखते हैं कि उनका बच्चा पढ़–लिखकर कुछ बनेगा, परिवार और समाज का नाम रोशन करेगा, लेकिन चिट्टा उन सपनों को चकनाचूर कर देता है। आज चिट्टे की उपलब्धता हर गली, कूचे और चौराहे तक पहुंच चुकी है। यही इसकी बढ़ती समस्या का सबसे बड़ा कारण है। हालात इतने चिंताजनक हो गए हैं कि स्कूल और कॉलेज परिसरों के आसपास भी यह नशा आसानी से उपलब्ध होने लगा है। यह न केवल कानून–व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है, बल्कि हमारी सामाजिक जिम्मेदारी पर भी गंभीर प्रश्नचिन्ह लगाता है।

चिट्टे की लत का एक और खतरनाक पहलू यह है कि जो युवा पहले से इसकी चपेट में आ चुके होते हैं, वे अपने दोस्तों और परिचितों को भी इसके सेवन के लिए उकसाते हैं। शुरुआत में युवा इसे शौकिया तौर पर इस्तेमाल करते हैं, लेकिन शीघ्र ही वे इसके आदी हो जाते हैं। इसके बाद हालात ऐसे बन जाते हैं कि नशे की आपूर्ति के लिए वे कुछ भी करने को तैयार हो जाते हैं। कई मामलों में देखा गया है कि चिट्टे की लत के कारण युवा अपने माता–पिता के पैसे चुराने लगते हैं, घर का सामान बेच देते हैं और यहां तक कि चोरी व आपराधिक गतिविधियों में भी शामिल हो जाते हैं। यह सब बुरी संगत और नशे की लत का दुष्परिणाम है। कई युवा न चाहते हुए भी इस नशे की ओर आकर्षित हो जाते हैं और धीरे–धीरे यह उनकी जिंदगी को पूरी तरह बर्बाद कर देता है।

यदि गहराई से देखा जाए, तो चिट्टे की समस्या अब केवल व्यक्तिगत नहीं रही, बल्कि यह एक गंभीर सामाजिक समस्या बन चुकी है। अगर समय रहते इसका समाधान नहीं किया गया, तो एक दिन यह नशा ऐसा नासूर बन जाएगा, जिसका इलाज करना बेहद कठिन हो जाएगा। इसी खतरे को भांपते हुए प्रदेश की सुक्खू सरकार ने चिट्टे के खिलाफ सख्त और व्यापक अभियान शुरू किया है। इस अभियान के तहत जगह–जगह जन जागरूकता रैलियां, वॉकथॉन और कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनका उद्देश्य लोगों को चिट्टे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना है। इन कार्यक्रमों में समाज के हर वर्ग–छात्र, युवा, महिलाएं, बुजुर्ग और सामाजिक संगठन की सक्रिय भागीदारी देखने को मिल रही है।


सरकार ने न केवल जागरूकता पर जोर दिया है, बल्कि चिट्टा तस्करों पर शिकंजा कसने के लिए ठोस कदम भी उठाए हैं। चिट्टे से संबंधित जानकारी साझा करने वालों के लिए आकर्षक पुरस्कार योजना की घोषणा की गई है। इस पुरस्कार योजना के शुरू होने के बाद प्रदेश में पुलिस की कार्रवाई में भी तेजी आई है। लगातार छापेमारी, गिरफ्तारियां और चिट्टा तस्करों के नेटवर्क का खुलासा हो रहा है। लोग अब बिना डर के आगे आकर सूचनाएं दे रहे हैं, जिससे सरकार के अभियान को व्यापक जन समर्थन मिल रहा है। यह स्पष्ट है कि जन समर्थन के बिना कोई भी सरकार इस तरह की बड़ी सामाजिक समस्या से नहीं निपट सकती। चिट्टे के खिलाफ इस जंग में हर नागरिक की भूमिका महत्वपूर्ण है। हर घर में चिट्टे के दुष्परिणामों पर खुलकर चर्चा होनी चाहिए। माता–पिता को अपने बच्चों पर नजर रखनी चाहिए, उनके व्यवहार में होने वाले बदलावों को समझना चाहिए और समय रहते संवाद स्थापित करना चाहिए।

साथ ही, समाज की यह भी जिम्मेदारी बनती है कि नशे में संलिप्त लोगों को संरक्षण देने के बजाय उन्हें बेनकाब किया जाए। तभी सरकार के प्रयास सही मायनों में रंग ला सकते हैं। यदि सरकार और जनता मिलकर एकजुट होकर इस अभियान को आगे बढ़ाएं, तो वह दिन दूर नहीं जब हिमाचल वास्तव में चिट्टा मुक्त प्रदेश बन सकेगा। चिट्टे के खिलाफ यह लड़ाई केवल सरकार की नहीं, बल्कि हम सभी की है। हमारा लक्ष्य एक ही होना चाहिए–युवाओं को नशे के अंधेरे से बाहर निकालकर उज्ज्वल भविष्य की ओर ले जाना। तभी चिट्टा मुक्त हिमाचल का सपना साकार हो पाएगा। ■

## आज की प्रमुख हस्ती

### सर्जन से नटसम्राट तक का अद्वितीय सफर


**श्रीराम** लागू भारतीय सिनेमा और रंगमंच के ऐसे महान कलाकार थे, जिन्होंने अभिनय को एक बौद्धिक और संवेदनशील ऊंचाई दी। हिंदी और मराठी सिनेमा में 100 से अधिक हिंदी तथा 40 से अधिक मराठी फिल्मों में अभिनय करने वाले डॉ. लागू मराठी रंगमंच के 20वीं सदी के श्रेष्ठ कलाकारों में गिने जाते हैं। खास बात यह थी कि अभिनय की दुनिया में आने से पहले वे पेशे से नाक–कान–गला विशेषज्ञ (ENT Surgeon) थे और उन्होंने एमबीबीएस व एमएस की डिग्रियां प्राप्त की थीं।



श्रीराम लागू
जन्म : 16 नवंबर,1927
मृत्यु : 17 दिसंबर, 2019

मराठी थियेटर में उनका अभिनय 'नटसम्राट' नाटक के गणपत (अप्पासाहेब) बेलवलकर के किरदार से अमर हो गया। यह भूमिका इतनी गहन और चुनौतीपूर्ण थी कि इसके बाद उन्हें दिल का दौरा भी पड़ा, फिर भी उनका अभिनय इतिहास बन गया। फिल्मों में उन्होंने 'घरौंदा', 'लावारिस', 'विधाता', 'काला बाजार' और 'खुद्दार' जैसी यादगार फिल्मों में सशक्त भूमिकाएं निभाईं। 'घरौंदा' के लिए उन्हें 1978 में सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का फिल्मफेयर पुरस्कार मिला।

डॉ. लागू ने 20 से अधिक मराठी नाटकों का निर्देशन किया और 'लमाण' नामक आत्मकथा भी लिखी, जिसे नसीरुद्दीन शाह ने अभिनेताओं के लिए 'बाइबिल' कहा। श्रीराम लागू बहुमुखी प्रतिभा, अनुशासन और अभिनय की गरिमा के प्रतीक थे। ■



कविता

### पेंशनर्स दिवस

राजेन्द्र पालमपुरी
वरिष्ठ साहित्यकार (हि.प्र.)

**पेंशनर्स** दिवस पर आपको है सादर प्रणाम
आइए हम सब नित करें बुजुर्गों का सम्मान
कुल जहान के वृद्धों की हो आयु कई साल
सदा सभी हंसते रहें, करते रहें निहाल
जिस घर में हैं बड़े बूढ़े, उस घर की क्या बात
रात भी है लगे वहां, ज्यों उजली प्रभात
आओ हम सब शपथ लें आज दिवस है खास
हम न तोड़ेंगे कभी बुजुर्गों की कोई आस

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# क्या एंटी चिट्टा वॉकथॉन निर्णायक मोड़ साबित होंगे?

देवभूमि हिमाचल प्रदेश आज अपने सामाजिक इतिहास के सबसे चुनौतीपूर्ण और पीड़ादायक दौर से गुजर रही है। यह संकट किसी प्राकृतिक आपदा या बाहरी आक्रमण का नहीं, बल्कि समाज की नसों में धीरे–धीरे घुलते उस जहर का है जिसे 'चिट्टा' कहा जाता है। यह सफेद मौत न जाने कितने घरों में अंधेरा भर चुकी है।



रजनीश रांगड़ा
प्रधानाचार्य, स्वर्ण जयंती राजकीय (उत्कृष्ट) वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, टौणी देवी

यह नशा अब केवल शहरों या सीमित वर्गों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि दूर–दराज के गांवों, स्कूलों, कॉलेजों और युवाओं के सपनों तक अपनी जड़ें जमा चुका है। स्थिति यह है कि जिस हिमाचल को कभी शांत स्वभाव, अनुशासन और सामाजिक संतुलन के लिए जाना जाता था, वहीं आज चोरी, लूट, हत्या, आत्महत्या, पारिवारिक टूटन और मानसिक बीमारियों की बढ़ती घटनाओं के पीछे अक्सर नशे की काली छाया दिखाई देती है।

यह संकट केवल आंकड़ों का नहीं, बल्कि टूटते रिश्तों, बिखरते परिवारों और खोते भविष्य का है। ऐसे भयावह समय में की सुक्खू सरकार की ओर से शुरू किया गए 'एंटी–चिट्टा वॉकथॉन' केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि एक सामाजिक चेतावनी, एक सार्वजनिक शपथ और एक सामूहिक संघर्ष की घोषणा बनकर उभरे हैं। इस अभियान की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह किसी एक दिन या एक स्थान तक सीमित नहीं है, बल्कि इसे चरणबद्ध रूप में पूरे प्रदेश तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। इस महायुद्ध का प्रथम चरण राजधानी शिमला से आरंभ हुआ, जहां सत्ता, प्रशासन, बच्चे और समाज का केंद्र एक साथ खड़ा दिखाई दिया।

शिमला से उठी इस आवाज का द्वितीय चरण धर्मशाला में आयोजित हुआ। धर्मशाला में हुए वॉकथॉन ने यह स्पष्ट कर दिया कि नशे के खिलाफ यह लड़ाई क्षेत्रीय नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश की सामूहिक जिम्मेदारी है। अब इसी कड़ी में तृतीय चरण के रूप में आज हमीरपुर में मैगा एंटी चिट्टा वॉकथॉन आयोजित हुआ है। यह चरण इस बात का संकेत है कि सरकार इस अभियान को एक निरंतर सामाजिक आंदोलन में बदलना चाहती है, न कि केवल औपचारिक कार्यक्रम में।

सबसे पहले यह समझना आवश्यक है कि 'चिट्टा' अन्य परंपरागत नशों से कहीं अधिक घातक क्यों है? हिमाचल में शराब या भांग जैसी चीजें अतीत में किसी न किसी सामाजिक–सांस्कृतिक संदर्भ से जुड़ी रही हैं, लेकिन चिट्टा एक खतरनाक रासायनिक नशा है, जो सीधे मस्तिष्क के



तंत्रिका तंत्र पर हमला करता है। यह व्यक्ति की सोच, आत्मनियंत्रण और संवेदनशीलता को पूरी तरह जकड़ लेता है। इसकी लत इतनी तीव्र होती है कि युवा इसे पाने के लिए चोरी, झूठ, हिंसा और यहां तक कि अपने ही माता–पिता से मारपीट तक करने से नहीं चूकते। यह नशा केवल एक व्यक्ति को नहीं, बल्कि पूरे परिवार, समाज और आने वाली पीढ़ियों को धीरे–धीरे बर्बाद करता है।

ऐसे अंधकारमय परिदृश्य में वॉकथॉन का आयोजन सरकार का एक साहसिक, प्रतीकात्मक और मनोवैज्ञानिक कदम माना जाना चाहिए। इसका सबसे बड़ा संदेश है कि अब चुप नहीं बैठा जाएगा। वर्षों तक समाज इस समस्या को संकोच, शर्म और बदनामी के डर से नजरअंदाज करता रहा। जिस घर का बच्चा नशे में फंसता था, वह परिवार सामाजिक तिरस्कार के भय से चुप्पी साध लेता था। इसी चुप्पी की आड़ में नशा तस्करों का नेटवर्क फैलता चला गया, लेकिन जब मुख्यमंत्री, मंत्री, प्रशासन, शिक्षक, छात्र, सामाजिक संगठन और आम नागरिक एक साथ सड़कों पर उतरते हैं, तो यह उस सामूहिक चुप्पी पर करारा प्रहार बन जाता है। यह स्वीकारोक्ति कि 'समस्या हमारे बीच है' अपने–आप में एक बड़ा सामाजिक बदलाव है।

वॉकथॉन का दूसरा और अत्यंत महत्वपूर्ण संदेश है–शक्ति प्रदर्शन। जब हजारों लोग एकजुट होकर नशे के खिलाफ सड़कों पर उतरते हैं, तो यह ड्रग माफिया को साफ चेतावनी देता है कि अब उनका खेल ज्यादा दिन चलने वाला नहीं है। इससे पुलिस, खुफिया एजेंसियों और प्रशासन का मनोबल भी बढ़ता है, क्योंकि उन्हें यह भरोसा मिलता है कि समाज उनके साथ खड़ा है। साथ ही यह युवाओं को यह स्पष्ट संदेश देता है कि नशा कोई 'स्टाइल' नहीं, बल्कि उसके विरुद्ध खड़ा होना ही असली साहस है। यह अभियान युवाओं की ऊर्जा को नकारात्मक रास्तों से हटाकर खेल, सेवा और राष्ट्र निर्माण की दिशा में मोड़ने का प्रयास है।

हालांकि यह भी सच है कि केवल नारों, रैलियों और पैदल मार्च से ड्रग माफिया की कमर नहीं तोड़ी जा सकती। माफिया कानून के भय से डरता है–जब उसकी सप्लाई चेन टूटती है, संपत्तियां जब्त होती हैं और संरक्षण देने वाले चेहरे उजागर होते हैं। इसी दिशा में 'चिट्टा सूचना इनाम योजना' एक निर्णायक कदम है, जो हर नागरिक को इस लड़ाई का सक्रिय सिपाही बनाती है।

सरकार प्रवर्तन के साथ–साथ पुनर्वास और उपचार पर भी बल दे रही है। ड्रग टेस्ट को अनिवार्य करना, एंटी–ड्रग क्लबों की सक्रियता और दोषी पाए गए सरकारी कर्मचारियों पर कार्रवाई यह दर्शाती है कि इस लड़ाई में कोई भेदभाव नहीं है। वॉकथॉन इस महायुद्ध का शंखनाद है, जो देवभूमि को नशामुक्त करने की दिशा में एक निर्णायक कदम बन सकता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# जुमलों से गाली तक : क्या सच में जीवित है भारतीय लोकतंत्र?

भारत को दुनिया का सबसे पुराना लोकतंत्र कहे जाने का गौरव प्राप्त है। हमें बार–बार यह बताया गया कि हमारे लोकतंत्र की जड़ें पंच–परमेश्वर की परंपरा में हैं और ईश्वर ही लोक में लोकतंत्र की रक्षा करता आया है, लेकिन यदि गहराई से देखा जाए तो यह धारणा एक सुंदर आवरण से अधिक कुछ नहीं लगती।



डॉ. अशोक कुमार चौबे
पूर्व कृषि वैज्ञानिक, पालमपुर

वास्तविकता यह है कि भारत का प्राचीन इतिहास लोकतंत्र से अधिक राजतंत्र का रहा है। आज जो लोकतंत्र हमें जीवित दिखाई देता है, वह भीतर से मरणासन्न होता जा रहा है। सच बोलना खतरे से खाली नहीं रहा और लिखना अब अर्थ बदलने लगा है। यह सब भारतीय राजनीति के गिरते स्तर को बयां करता है।

लोकतंत्र में राजनीति का उद्देश्य जनसेवा, सामाजिक न्याय और राष्ट्र निर्माण होना चाहिए, किंतु वर्तमान भारतीय राजनीति इन मूल्यों से लगातार दूर होती जा रही है। सत्ता की लालसा, व्यक्तिगत स्वार्थ और आत्मउन्नति ने राजनीति को जनकल्याण के मार्ग से भटका दिया है। नैतिक मूल्यों का ह्रास इस कदर हो चुका है कि राजनीति अब सेवा नहीं, बल्कि अवसरवाद का माध्यम बन गई है।

परंपरागत रूप से भारतीय राजनीति दक्षिणपंथी और वामपंथी विचारधाराओं के इर्द–गिर्द घूमती रही है, लेकिन अब एक नई विचारधारा तेजी से उभरी है–जिसे 'सत्ता पंथ' या 'लालच पंथ' कहा जा सकता है। इस विचारधारा के अनुयायियों का कोई सिद्धांत नहीं होता।

उनका एकमात्र लक्ष्य सत्ता सुख होता है, चाहे वह किसी भी दल में जाकर मिले। 1989 के बाद से यह प्रवृत्ति बढ़ी और आज यह राजनीति का प्रमुख चरित्र बन चुकी है। विचारधारा की जगह अब लाभ और सत्ता ने ले ली है। आज आदर्शवाद, सुचिता, संवेदना और 'सबका विकास' जैसे शब्द खोखले नारे बनते जा रहे हैं। दल–बदल, सत्ता के लिए



गठबंधन बनाना और तोड़ना आम बात हो गई है। वैचारिक विरोधाभास भी सत्ता की मलाई के सामने बेमानी हो जाता है। चुनाव के समय किए गए वादे सत्ता मिलते ही 'चुनावी जुमले' घोषित कर दिए जाते हैं। नेताओं का अपने शब्दों से मुकर जाना अब सामान्य राजनीतिक व्यवहार बन चुका है। दुर्भाग्य यह है कि समाज भी यही सीख रहा है।

लोकतंत्र में नेता समाज को दिशा देते हैं, लेकिन आज दिशा ही भटक चुकी है। इसका परिणाम यह है कि 'लोकतंत्र' से अधिक 'लालचतंत्र' बनता जा रहा है। जनता का विश्वास धीरे–धीरे कमजोर हो रहा है, जो किसी भी लोकतंत्र के लिए घातक संकेत है।

भ्रष्टाचार भारतीय राजनीति की एक और गंभीर समस्या बन चुका है। अब घोटाले सामने आने के बजाय दबा दिए जाते हैं। एक समय था जब महालेखाकार की रिपोर्टें सत्ता परिवर्तन का कारण बनती थीं, लेकिन अब न तो वे रिपोर्टें सार्वजनिक होती हैं और न ही उन पर चर्चा होती है। जनता यह तक नहीं जान पा रही कि देश का धन किस योजना में कितना खर्च हो रहा है। पारदर्शिता का यह अभाव भ्रष्टाचार को छुपाने का नया तरीका बन गया है।

सिद्धांतवाद की राजनीति लगभग समाप्त हो चुकी है। आज सत्ता के इर्द–गिर्द अपराधी प्रवृत्ति के लोग तेजी से अपनी जगह बना रहे हैं, जिससे लोकतंत्र की गरिमा और भाषा दोनों गिर रही हैं। संसद, जो विचार और मर्यादा का सर्वोच्च मंच होनी चाहिए थी, वहां आज सड़कछाप शब्दों का प्रयोग हो रहा है। जनहित के मुद्दों–महंगाई, बेरोजगारी, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि पर बहस के बजाय चुनावी फायदे के मुद्दों पर संसद का समय बर्बाद किया जा रहा है। गाली–गलौज, व्यक्तिगत टिप्पणियां और मर्यादा का हनन लोकतंत्र का अपमान है, लेकिन आम जनता इसे गंभीरता से नहीं ले पा रही।

यदि भारतीय लोकतंत्र को बचाना है और उसकी गरिमा बनाए रखनी है, तो सबसे बड़ी जिम्मेदारी जनता की है। वोट डालते समय केवल जाति, धर्म या दल नहीं, बल्कि उम्मीदवार की भाषा, आचरण और सोच को परखना होगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# परिवारवाद के दौर में संगठनवाद : भाजपा की राजनीति और नितिन नबीन

भारतीय जनता पार्टी की संगठनात्मक संस्कृति एक बार फिर भारतीय राजनीति के सामने एक ऐसा उदाहरण प्रस्तुत कर रही है, जो न केवल प्रेरणादायक है, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों की सच्ची व्याख्या भी करता है।



सौरभ धीमान
स्वतंत्र लेखक, नालागढ़ जिला सोलन (हि.प्र.)

नितिन नबीन को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में जिम्मेदारी सौंपा जाना महज एक पदस्थापना नहीं है, बल्कि यह उस कार्यपद्धति और विचारधारा का प्रमाण है, जिसमें व्यक्ति का मूल्यांकन उसके परिश्रम, समर्पण और संगठन के प्रति निष्ठा से किया जाता है, न कि उसके पारिवारिक परिचय या राजनीतिक विरासत से।

कुछ समय पहले तक नितिन नबीन एक राज्य में मंत्री के रूप में अपनी जिम्मेदारियां निभा रहे थे। संगठनात्मक अनुशासन और विनम्रता का यह आलम था कि बड़े नेताओं के आगमन पर वे स्वयं पंक्ति में खड़े होकर उनका स्वागत करते दिखाई देते थे, किंतु राजनीति में दुर्लभ दृश्य तब देखने को मिला, जब दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में वही नितिन नबीन शीर्ष नेतृत्व के रूप में पहुंचे और अमित शाह तथा जेपी नड्डा जैसे दिग्गज नेता उनके स्वागत और प्रतीक्षा में खड़े नजर आए।

यह दृश्य सत्ता के उलटफेर का नहीं, बल्कि भाजपा की उस संस्कृति का प्रतीक है, जहां पद व्यक्ति को बड़ा नहीं बनाता, बल्कि व्यक्ति अपने कर्म से पद को गरिमा प्रदान करता है। यह संस्कार संघ से भाजपा को मिले हैं, संघ की शाखा में यदि मुख्य शिक्षक 12 वर्ष की आयु का कोई बालक हो और वो भी दक्ष की आज्ञा दे दे तो आपका दायित्व कितना भी बड़ा क्यों ना हो, आपको सावधान होकर खड़े हो जाना पड़ता है। भाजपा में यह परिवर्तन किसी एक व्यक्ति तक सीमित नहीं है। यह



उस सतत प्रक्रिया का हिस्सा है, जिसके तहत संगठन में निरंतर नए नेतृत्व का निर्माण होता रहता है। यहां एक सामान्य कार्यकर्ता बूथ स्तर से अपनी राजनीतिक यात्रा प्रारंभ कर सकता है और राष्ट्रीय नेतृत्व तक पहुंच सकता है। भाजपा में नेतृत्व की कोई 'सीलिंग' नहीं है, कोई अदृश्य दीवार नहीं है जो कार्यकर्ता की प्रगति को रोक दे। यही कारण है कि यह पार्टी लाखों कार्यकर्ताओं के सपनों और आकांक्षाओं की प्रतिनिधि बन पाई है। इसके ठीक विपरीत, आज देश की राजनीति में अनेक दल ऐसे हैं जो परिवारवाद के संकुचित दायरे में सिमटते जा रहे हैं। सत्ता का हस्तांतरण वहां लोकतांत्रिक प्रक्रिया से अधिक पारिवारिक उत्तराधिकार के नियमों पर आधारित दिखता है। परिणामस्वरूप न तो वहां नए विचारों का विकास हो पाता है और न ही जमीनी कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। ऐसे दल धीरे–धीरे जनता से कटते जा रहे हैं, जबकि भाजपा अपने संगठनात्मक विस्तार के साथ समाज के हर वर्ग तक अपनी पहुंच बना रही है।

भाजपा की वास्तविक शक्ति उसका समर्पित कार्यकर्ता है। संगठन का प्रत्येक निर्णय, रणनीति और आंदोलन कार्यकर्ता को केंद्र में रखकर ही गढ़ा जाता है। यही कारण है कि भाजपा में संगठन और सरकार के बीच संतुलन बना रहता है तथा मंत्री, सांसद और पदाधिकारी स्वयं को पहले कार्यकर्ता मानते हैं। यह भावना संगठन को जीवंत, अनुशासित और जनोन्मुख बनाए रखती है। नितिन नबीन का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनना इस सिद्धांत का सशक्त उदाहरण है कि भाजपा में सम्मान पद से नहीं, बल्कि भूमिका, परिश्रम और योगदान से मिलता है।

आज जब भारतीय लोकतंत्र सकारात्मक परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है, तब भाजपा का यह संगठनात्मक मॉडल अन्य राजनीतिक दलों के लिए प्रेरणास्रोत है। यह दर्शाता है कि संगठन के भीतर पारदर्शिता, अवसर की समानता और कार्यकर्ता के प्रति सम्मान हो, तो नेतृत्व स्वतः मजबूत होता है और जनता का विश्वास निरंतर बढ़ता है। भाजपा का निरंतर विस्तार इसी भरोसे और संगठनात्मक मजबूती का प्रत्यक्ष प्रमाण है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# महिला सुरक्षा : समाज की संवेदना और व्यवस्था की कसौटी

समाज की प्रगति का सबसे स्पष्ट संकेत उसकी महिलाओं की स्थिति से मिलता है। एक देश कितना विकसित है, यह उसकी सड़कों, इमारतों या चमकते शहरों से नहीं, बल्कि इस बात से तय होता है कि उसकी बेटियां, बहनें और महिलाएं कितनी सुरक्षित, कितनी सम्मानित और कितनी स्वतंत्र हैं। भारत में महिला सुरक्षा सिर्फ एक मुद्दा नहीं, बल्कि एक परीक्षा है–यवस्था की भी, और समाज की संवेदनशीलता की भी।



सुमन देवल सोनू
स्वतंत्र लेखिका, जिला बिलासपुर (हि.प्र.)

हर साल कई योजनाएं बनती हैं, कानून मजबूत किए जाते हैं, जागरूकता अभियान चलते हैं, लेकिन अगर महिलाएं आज भी अकेले निकलने से डरती हैं, तो यह साफ है कि व्यवस्था कहीं न कहीं चरमराई हैं। महिला सुरक्षा को लेकर सबसे दर्दनाक सच्चाई यह है कि खतरे केवल अंधेरी गलियों में ही नहीं छिपे होते, कई बार यह खतरे घर की चारदीवारी के भीतर, रिश्तों की आड़ में, भरोसे के आंचल में भी मौजूद होते हैं। घरेलू हिंसा से लेकर मानसिक उत्पीड़न तक, ऑनलाइन हैरेसमेंट से लेकर कार्यस्थल की असुरक्षा तक–एक महिला दिनभर कई अदृश्य लड़ाइयां लड़ती है। हमारे समाज में सम्मान की सबसे अधिक बातें महिलाओं को लेकर की जाती हैं, लेकिन विरोधाभास यह है कि असुरक्षा भी सबसे अधिक महिलाएं ही झेलती हैं।

यह विरोधाभास तब तक खत्म नहीं होगा जब तक सुरक्षा केवल कानूनों का विषय न रहकर सामाजिक व्यवहार का हिस्सा न बन जाए। देश में महिलाओं की सुरक्षा के लिए कानूनों की कोई कमी नहीं है। निर्भया कानून से लेकर पोक्सो एक्ट तक, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न रोकथाम कानून से लेकर साइबर अपराधों के कड़े प्रावधान तक, भारत ने नियमों और दंडात्मक व्यवस्थाओं को समय–समय पर मजबूत किया है, लेकिन कानूनों की मजबूती और समाज की सोच के बीच एक बड़ा अंतर है। कानून कड़े हो सकते हैं, सजाएं बढ़ सकती हैं, लेकिन मानसिकता




तब तक नहीं बदलती जब तक परिवारों में बेटा–बेटी के बीच बराबरी का व्यवहार नहीं सिखाया जाता। जब तक यह नहीं समझा जाता कि सुरक्षा केवल पुलिस की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। महिला सुरक्षा के नाम पर तेजी से एफआईआर दर्ज होना, फास्ट–ट्रैक अदालतें बनना, सीसीटीवी कैमरों का बढ़ने जैसी सुविधाएं भी बेहद जरूर जरूरी हैं, लेकिन इन सबका प्रभाव तब तक अधूरा रहता है जब तक महिलाओं की सुरक्षा को लेकर पुरुषों के भीतर संवेदनशीलता, जागरूकता और संयम विकसित नहीं होते। महिला सुरक्षा का अर्थ केवल पुलिस बल बढ़ाना या हेल्पलाइन सक्रिय करना नहीं है, बल्कि ऐसा माहौल बनाना है जहां महिलाएं बिना डर शिकायत कर सकें और उनकी बात को गंभीरता से सुना जाए। अक्सर अपराध की रिपोर्टिंग में परिवार और समाज ही सबसे बड़ी बाधा बन जाते हैं–बदनामी, रिश्तों और सामाजिक दबाव का डर कानून से बड़ा हो जाता है। इसलिए सुरक्षा के साथ–साथ सोच बदलना भी उतना ही आवश्यक है। सुरक्षा को केवल खतरे से बचाव तक सीमित करना अधूरा दृष्टिकोण है। वास्तविक सुरक्षा तब है जब महिलाएं शिक्षा, करियर, यात्रा और जीवन के निर्णय स्वतंत्रता से ले सकें। आज डिजिटल असुरक्षा भी एक बड़ा खतरा बन चुकी है–ऑनलाइन उत्पीड़न, साइबर ब्लैकमेलिंग और ट्रोलिंग को समाज अब भी हल्के में लेता है। समाधान महिलाओं की स्वतंत्रता सीमित करना नहीं, बल्कि अपराधियों को जवाबदेह बनाना है। महिला सुरक्षा कानून से अधिक संस्कृति का विषय है। जब सम्मान बोला नहीं, बल्कि जिया जाएगा, तभी सुरक्षा एक अधिकार बन सकेगी, न कि अपवाद।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### पंजाब के युवक से 98 ग्राम चरस बरामद

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** जिला मंडी पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाया जा रहा विशेष अभियान लगातार जारी है। इसी कड़ी में पुलिस थाना बीएसएल कॉलोनी सुंदरनगर की टीम ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए पंजाब के फाजिल्का निवासी युवक से 98 ग्राम चरस बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस टीम एनएच-21 पर शुकदेव वाटिका के समीप नाकाबंदी कर वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान मंडी से बिलासपुर जा रही एचआरटीसी बस की तलाशी के दौरान सोनू (27) पुत्र पवन कुमार, निवासी वार्ड नंबर-4, दशमेश नगरी, जलालाबाद पश्चिम, जिला फाजिल्का (पंजाब) के कब्जे से 98 ग्राम चरस बरामद हुई। डीएसपी सुंदरनगर भारत भूषण ने बताया कि बरामद चरस को रासायनिक परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेजा जा रहा है।

### चौक स्कूल के नौनिहालों ने सीखा योग



**भीम बसेड़ू राजपूत, अनंत ज्ञान, महादेव।** नाचन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आती राजकीय प्राथमिक पाठशाला चौक में नेशनल आयुष मिशन के अंतर्गत डॉक्टर अपूर्वा शर्मा के निर्देशानुसार एक दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में आयुष्मान आरोग्य मंदिर महादेव के योग प्रशिक्षक राजेंद्र कुमार के द्वारा छात्रों को वृक्षासन, ताड़ासन, पादहस्तासन, अर्ध-चक्रासन, कपालभाति प्राणायाम, भस्त्रिका प्राणायाम, अनुलोम विलोम प्राणायाम, भ्रामरी प्राणायाम और अन्य शारीरिक क्रियाएं करवाई गई। बच्चों को योग और व्यायाम के महत्व को समझाया गया कि किस प्रकार इस तनाव भरे और प्रदूषण युक्त वातावरण में शरीर को स्वस्थ रखा जा सकता है। इस अवसर पर मुख्य शिक्षक ज्योति चौधरी, सुनीता देवी, संगीता देवी और कुशल कुमार जी उपस्थित रहे।

### डीपीई धनी राम को मिली नई जिम्मेदारी



**अनंत ज्ञान, बग्गी।** कुराश खेल की बारीकियों की करीबी परख रखने के चलते कोच डीपीई धनी राम शारीरिक शिक्षक राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बग्गी मे अपनी सेवाएं दे रहे है। धनी राम डीपीई को नेशनल कुराश एसोसिएशन की ओर से नई जिम्मेदारी मिली है। अब डीपीई धनी राम राष्ट्रीय कुराश प्रतियोगिता में टेक्निकल ऑफिशियल होंगे। 69 वीं विद्यालयी कुराश खेल का फाइनल डॉ भीम राव आंबेडकर स्टेडियम सहारनपुर उत्तर प्रदेश में 16 दिसम्बर से 20 दिसंबर, 2025 के बीच खेला जाएगा। इस प्रतियोगिता में हिमाचल से 48 जबकि कुल्लू के 10 खिलाड़ी नेशनल ग्नेल रने हैं। नाचन हलके की सलवाहन पंचायत के पाली गांव मे जन्में डीपीई धनी राम के लिए रास्ता आसान नहीं रहा। मुश्किलों को पार कर आज धनी राम बच्चों के लिए प्रेरणा बने हुए है। यह बच्चों के कोच ही नहीं बल्कि द्रोणाचार्य के रूप मे अपनी भूमिका अदा कर रहे है।

### मंदबुद्धि व्यक्ति को पुलिस ने परिजनों से मिलवाया

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट उपमंडल के रिस्सा क्षेत्र में भटक रहे एक मानसिक रूप से मंदबुद्धि व्यक्ति को पुलिस ने उसके परिजनों के सुपुर्द किया। 16 दिसंबर की रात्रि चंचल निवासी ने सूचना दी कि उसके घर के पास एक अज्ञात व्यक्ति घूम रहा है, जो अपना नाम व पता नहीं बता पा रहा। पुलिस थाना सरकाघाट से सहायक उप निरीक्षक मनोज कुमार और एलएचसी नरेश कुमार मौके पर पहुंचे। व्यक्ति को सुरक्षा के दृष्टिकोण से थाना लाया गया और उसके पास मिले मोबाइल से संपर्क सूत्र तलाश कर उसकी पहचान कृष्ण चंद, निवासी गांव लगाधार, तहसील कोटली, जिला मंडी के रूप में हुई। अंततः कृष्ण चंद को उसके पिता परमदेव को सुरक्षित और स्वस्थ अवस्था में सुपुर्द किया गया। स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस मानवीय पहल की प्रशंसा की।

### रिवालसर कॉलेज की रेंजर्स का बेहतर प्रदर्शन

**गुलशन, अनंत ज्ञान, रिवालसर।** भारत स्काउट एंड गाइड्स, स्टेट ट्रेनिंग सेंटर रिवालसर में आयोजित स्टेट लेवल निपुण टेस्ट एवं राज्य पुरस्कार टेस्टिंग कैंप में हिमाचल प्रदेश के 35 महाविद्यालयों से लगभग 280 रेंजर्स ने सहभागिता की, जिसमें महाविद्यालय रिवालसर की कुल आठ रेंजर्स ने भाग लेकर संस्थान का नाम रोशन किया। शिविर के दौरान महाविद्यालय रिवालसर की सात रेंजर्स ने निपुण टेस्ट कैंप में तथा एक रेंजर ने राज्य पुरस्कार टेस्टिंग कैंप में अपनी दक्षता, अनुशासन और प्रशिक्षण का सफल प्रदर्शन किया। इस अवसर पर रेंजर्स को अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, सेवा भावना तथा स्काउट-गाइड्स के मूल सिद्धांतों का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया, साथ ही निपुण एवं राज्य पुरस्कार की परीक्षाएं भी संपन्न करवाई गईं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. केसी कश्यप, रेंजर लीडर अंजली परमार, रोवर लीडर कुलदीप कुमार सहित महाविद्यालय के प्राध्यापकगण एवं गैर-शिक्षक वर्ग ने सभी प्रतिभागी रेंजर्स को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं तथा भविष्य में भी इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रोत्साहित किया।

### साइबर क्राइम व सड़क सुरक्षा पर किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** क्षेत्र में बढ़ते साइबर अपराधों और बाजार क्षेत्र में लगने वाले जाम की समस्या को देखते हुए टिहरा चौकी प्रभारी सुनील कुमार ठाकुर ने एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर आम लोगों व वाहन चालकों को महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस अवसर पर उन्होंने साइबर ठगी के नए-नए तरीकों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए लोगों से सतर्क रहने की अपील की। चौकी प्रभारी सुनील कुमार ठाकुर ने बताया कि लोगों को अनजान कॉल व मैसेज से सावधान रहने, किसी को भी ओटीपी, पिन या बैंक संबंधी जानकारी साझा न करने तथा संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करने की सलाह दी। साथ ही किसी भी साइबर अपराध की स्थिति में तुरंत पुलिस या साइबर हेल्पलाइन पर सूचना देने का आग्रह किया। इसके अलावा बाजार क्षेत्र में लगने वाले जाम को लेकर भी विशेष रूप से वाहन चालकों को सचेत किया गया। चौकी प्रभारी ने ड्राइवरों से अपील की कि वे अपने वाहन निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही खड़े करें। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय लोगों रमेश कुमार चेतराम मेहर सिंह रामलाल व व्यापारियों में नवीन कुमार संजय कुमार राकेश राहुल तथा नरेंद्र सहित कई व्यापारियों ने भी अपनी समस्याएं रखीं और पुलिस द्वारा चलाए जा रहे इस जागरूकता अभियान की सराहना की।

### कुठेड़ में डाकघर की नई शाखा का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, करसोग।** क्षेत्रवासियों को बेहतर, सुलभ एवं विश्वसनीय डाक सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत कुठेड़ (करसोग) में एक नए शाखा डाकघर कुठेड़, लेखा कार्यालय केलोधार उप-डाकघर का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस शाखा डाकघर के प्रारंभ होने से स्थानीय नागरिकों को डाक सेवाओं के साथ-साथ बचत योजनाएं, मनीऑर्डर, पार्सल सेवा एवं अन्य डाक संबंधी सुविधाएँ एक ही स्थान पर सहज रूप से उपलब्ध होंगी। उद्घाटन समारोह में संजय कुमार, अधीक्षक डाकघर, मण्डी मण्डल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की तथा बोधराज, निरीक्षक सुन्दरनगर, कु.पद्मा ठाकुर प्रधान ग्राम पंचायत कुठेड़ और पृथ्वी सिंह, प्रधानाचार्य वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कुठेड़ विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। नए शाखा डाकघर के खुलने से क्षेत्र के निवासियों को अब दूरस्थ डाकघरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा जिससे समय एवं संसाधनों की बचत होगी और डाक सेवाओं तक उनकी पहुंच और अधिक सुदृढ़ होगी। इस अवसर पर डाक विभाग के वरिष्ठ अधिकारीगण, स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### वरिष्ठ पेंशनर्स आज किए जाएंगे सम्मानित

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** हिमाचल पेंशनर्स फैडरेशन के तत्वावधान में 17 दिसंबर को प्रातः 11 बजे सरकाघाट स्थित शिव मंदिर हॉल में पेंशनर्स डे मनाया जाएगा। इस अवसर पर मण्डी, बिलासपुर और हमीरपुर जिलों के पेंशनर्स बड़ी संख्या में भाग लेंगे। अध्यक्ष रमेश ठाकुर ने बताया कि विशेष रूप से एचआरटीसी व बिजली बोर्ड से सेवानिवृत्त पेंशनर्स से कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी का आग्रह किया गया है। समारोह का उद्देश्य पेंशनभोगियों को एक मंच पर एकत्र कर उनकी समस्याओं, अधिकारों और सामाजिक योगदान पर चर्चा करना है। मुख्य अतिथि और समारोह के अध्यक्ष हिमाचल पेंशनर्स फैडरेशन के प्रदेशाध्यक्ष हिम्मत राम शर्मा होंगे। कार्यक्रम में 80 वर्ष से अधिक आयु के सभी पेंशनर्स का सम्मान किया जाएगा। उपस्थित पेंशनर्स के लिए दोपहर भोजन की भी व्यवस्था की गई है। जिला महासचिव दलीप व खंड महासचिव जगदीश नरयाल ने सभी पेंशनर्स, मीडिया व सामाजिक कार्यों से जुड़े लोगों से समय पर पहुंचकर समारोह की गरिमा बढ़ाने की अपील की है।

# एनएच निर्माण की मार; चोलथरा स्कूल से छीनी सड़क सुविधा, खतरे में मकान

## मॉर्थ ने आरओडब्ल्यू का हवाला देकर किया इंकार, दिव्यांग छात्रों व बुजुर्गों को होगी मुश्किल

**रितेश चौहान, अनंत ज्ञान**

अनंत ज्ञान मुद्दा

**सरकाघाट।** राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) निर्माण के चलते चोलथरा क्षेत्र में विकास अब लोगों के लिए परेशानी का कारण बनता नजर आ रहा है। चोलथरा स्कूल को पहले से मौजूद सड़क सुविधा से वंचित किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर एक सेवानिवृत्त सैनिक का बहुमूल्य मकान एनएच निर्माण के कारण गंभीर खतरे में आ गया है। सामाजिक कार्यकर्ता एवं हिमाचल दिव्यांग कल्याण समिति के प्रदेश महासचिव रमेश चंद भारद्वाज को मॉर्थ के ईई व प्रोजेक्ट डायरेक्टर ने लिखित रूप में अवगत कराया है कि आरओडब्ल्यू (राइट ऑफ वे) के कारण पाठशाला को सड़क सुविधा नहीं दी जा सकती, जबकि एनएच निर्माण से पूर्व यह पाठशाला सड़क से भली-भांति जुड़ी हुई थी। सड़क सुविधा समाप्त होने से दिव्यांग छात्रों, कर्मचारियों, बुजुर्गों, पोलिंग बूथ की व्यवस्था, भारी सामान तथा भवन निर्माण सामग्री को पाठशाला तक पहुंचाना बेहद कठिन हो जाएगा। इस पर सवाल उठाते हुए रमेश चंद भारद्वाज ने पूछा है कि यदि पहले सड़क थी तो अब आरओडब्ल्यू का तर्क कैसे लागू हो गया। उन्होंने इस मामले को शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के संज्ञान में लाते हुए हस्तक्षेप की मांग की है। इसी एनएच निर्माण के चलते चोलथरा में 75 वर्षीय सेवानिवृत्त सैनिक रणवीर सिंह का 19 कमरों का मकान भी संकट में आ गया है। रणवीर सिंह ने नितिन गडकरी और प्रधानमंत्री को भेजी शिकायत में बताया है कि एनएच निर्माण के दौरान उनके घर के पास सड़क को गहराई तक खोदा गया और करीब छह महीने तक वहां पानी भरा रहा, जिससे पानी उनके मकान की नींव के नीचे से बहता रहा और 16 कमरों व बरामदे में लगातार नमी बनी रही, जिससे मकान की बुनियाद कमजोर हो गई।



एनएच निर्माण के चलते चोलथरा में मकानों व दुकानों को खतर बना।

उन्होंने पहले भी उपमंडल अधिकारी और एनएच अधिकारियों को कई बार अवगत कराया, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। रणवीर सिंह ने स्पष्ट किया है कि उनके मकान की अनुमानित कीमत लगभग पांच करोड़ रुपए है और यदि अभी या भविष्य में मकान को कोई नुकसान होता है तो इसके लिए संबंधित अधिकारी और कंपनी जिम्मेदार होंगे।

# योग्यता युक्त प्राइमरी शिक्षक को ब्रिज कोर्स से दी जाए छूट

**भगत सिंह गुलेरिया, अनंत ज्ञान**

**मंडी।** सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों की अनुपालन में राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एनआईओऐस) द्वारा प्राथमिक शिक्षकों के लिए लॉन्च किए गए 6 माह के सर्टिफिकेट ब्रिज कोर्स के संदर्भ में कार्यरत शिक्षकों में संशय वाली स्थिति बन गई है।

जानकारी मिली है कि प्रदेश में बड़ी संख्या में ऐसे प्राथमिक शिक्षक कार्यरत हैं जिनकी नियुक्तियाँ बीऐड योग्यता के आधार पर हुई थीं। इनमें वे शिक्षक भी शामिल हैं, जिन्होंने जेबीटी/प्राथमिक शिक्षक के पद पर अपनी नियुक्ति से भी पहले ही अपनी योग्यता को मजबूत करने के उद्देश्य से ऐनआईओएस या समकक्ष संस्थानों से यह छः माह का ब्रिज कोर्स पूरा कर लिया था। इस संबंध में राज्य सरकार और शिक्षा निदेशालय से तत्काल हस्तक्षेप करने और कुछ बिंदुओं पर स्पष्टीकरण जारी करने की जोरदार जरुरत बताई गई है। जिन शिक्षकों ने जेबीटी/प्राथमिक शिक्षक की नियुक्ति से पहले या बाद में यह 6 माह का अनिवार्य ब्रिज कोर्स पूरा कर लिया है उन्हें ऐनआईओऐस द्वारा हाल ही में शुरू किए गए नए ब्रिज कोर्स के लिए पुनः पंजीकरण करने या कोर्स दोहराने से तत्काल प्रभाव से छूट देने बारे भी विभाग से तुरंत एक आधिकारिक प्रेस नोट/सर्कुलर जारी कर स्थिति स्पष्ट करने की भी सख्त जरूरत है कि पूर्व कोर्स धारकों को नए पंजीकरण की आवश्यकता नहीं है। खासकर तब जब उन्होंने नियुक्ति से पहले ही योग्यता प्राप्त कर ली हो।

> जिन शिक्षकों ने पहले ही अपनी सेवा में आने से पूर्व सभी सरकारी निर्देशों का पालन करते हुए अपनी अर्हता पूरी कर ली है उन्हें अनावश्यक रूप से कोर्स दोहराने के बोझ से मुक्त किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री से अनुरोध है कि वे इस मानवीय और तकनीकी त्रुटि को दूर करने के लिए तत्काल आवश्यक निर्देश जारी करें।
>
> **- नरेश ठाकुर, प्रदेशाध्यक्ष, राज्य कर्मचारी महासंघ।**

# सरकाघाट के स्कूलों के वार्षिक समारोह बने राजनीति का मंच

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

**दिसंबर में वार्षिक समारोह आयोजित करने पर भड़के विधायक दिलीप ठाकुर**

भाजपा मंडल बलद्वाड़ा की मासिक बैठक मंडल अध्यक्ष वासुदेव नड्डा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में विधायक दिलीप ठाकुर ने दिसंबर महीने में स्कूलों के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित करने और कांग्रेस प्रत्याशी द्वारा राजनीतिक भाषण देने पर कड़ी आपत्ति जताई।

विधायक ने कहा कि शिक्षा विभाग ने 30 नवंबर के बाद किसी भी वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित न करने का फरमान जारी किया है, लेकिन कुछ नेताओं द्वारा दिसंबर में ऐसे समारोह आयोजित कर बच्चों की पढ़ाई के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यह मामला वह विधानसभा में भी उठाएंगे।

ठाकुर ने कहा कि शिक्षण संस्थानों को राजनीति से पूरी तरह दूर रखा जाना चाहिए क्योंकि बच्चों के भविष्य के साथ किसी भी तरह का हस्तक्षेप स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर सरकार इस मामले पर संज्ञान नहीं लेती, तो मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री का पुतला जलाया जाएगा और राजनीतिक भाषणों के वीडियो सार्वजनिक किए जाएंगे।

साथ ही विधायक ने सरकाघाट में लोक निर्माण विभाग द्वारा किए जा रहे घटिया पैच वर्क और जल शक्ति विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि जनता के पैसे की बर्बादी हो रही है और लोगों को गंदा और दूषित पानी पीने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। विधायक दिलीप ठाकुर ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे बच्चों के भविष्य और शिक्षा के हित में सजग रहें और शिक्षा के मामलों में राजनीति का हस्तक्षेप न हो।

## नेरचौक बाजार में नकदी व सोना चोरी

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** जिला मंडी के उपमंडल बल्ह के नेरचौक बाजार में अज्ञात चोरों द्वारा रात के अंधेरे में चोरी की एक बड़ी वारदात को अंजाम दिया गया है। चोरों ने शिकायतकर्ता विकास धरवाल पुत्र खेम सिंह निवासी गांव कुंड डाकघर विन्ह थाना और तहसील जोगिंद्रनगर के नेरचौक बाजार के समीप स्थित उसके कमरे में मौजूद गोदरेज सेफ से डेढ़ लाख रुपए नकद, एक सोने का हार, सोने की नथ्थ, सोने का मान टिक्का, कान की बालियां और सोने चाक, 2 सोने की अंगूठियां तथा सोने के ही कान के टॉप्स पर अज्ञात चोरों द्वारा हाथ साफ कर लिया गया है। एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने बताया कि शिकायतकर्ता की शिकायत के आधार पर पुलिस थाना बल्ह ने अज्ञात चोरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर लिया है और आरोपियों की तलाश के लिए जांच तेज कर दी गई है।

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र किए सम्मानित

## डीएवी स्कूल जोगिंद्रनगर में चौथा वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न

**अभिषेक, अनंत ज्ञान**

जोगिंद्रनगर स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में मंगलवार को चौथा वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह 'उत्कर्ष... प्रगति की नई पहचान' बड़े हर्षोल्लास और भव्य वातावरण में आयोजित किया गया। समारोह में डीएवी प्रबंधन कमेटी के सचिव रविंद्र तलवाड़ व ललिता तलवाड़ मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि हिमाचल जोन-सी के एआरओ केएस गुलेरिया विशेष अतिथि रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि रविंद्र तलवाड़, विशेष अतिथि केएस गुलेरिया, जोन-के के एआरओ संजीव ठाकुर, विद्यालय प्रबंधक आरएस राणा तथा विभिन्न डीएवी विद्यालयों से आए प्रधानाचार्यों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। अतिथियों को पारंपरिक टोपी, मफलर, पौधा और स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत स्वागत नृत्य और सरस्वती वंदना से हुई। विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय ठाकुर ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। इसके बाद कक्षा दसवीं के छात्र अनमोल गुलेरिया, युवराज बरवाल तथा कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा श्रव्या सूद ने विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, जिसमें शैक्षणिक, खेलकूद और सह-शैक्षणिक गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी गई। मंच संचालन रुचि पंत और कनिका ने किया।



कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए मुख्यातिथि व मौजूद गणमान्य।

इस अवसर पर शैक्षणिक सत्र 2024-25 और 2025-26 के दौरान शैक्षणिक, खेल, सांस्कृतिक तथा अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले लगभग 300 विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। अकादमिक उपलब्धियों में पहली से ग्यारहवीं कक्षा तक के अनेक विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। वहीं खेलकूद प्रतियोगिताओं में भी छात्रों ने विभिन्न स्पर्धाओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने आधुनिक और पारंपरिक रंग-बिरंगे परिधानों में सज-धज कर एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।

# बच्चों को नशे से दूर रहने का दिया संदेश

## छम्यार स्कूल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से आयोजित

**अनंत ज्ञान, बग्गी**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला छम्यार में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़े हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में अनुसूचित जाति जनजाति विकास निगम के चेयरमैन लाल सिंह कौशल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, जबकि जिला परिषद सदस्य जागृति राणा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। इस अवसर पर स्कूली विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। प्रधानाचार्य चांद राम ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए शैक्षणिक व अन्य गतिविधियों की जानकारी दी। प्रधानाचार्य द्वारा मुख्य अतिथि को शाल, टोपी व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि लाल सिंह कौशल ने विद्यार्थियों को देश का भविष्य बताते हुए नशे जैसी कुरीतियों से दूर रहने का संदेश दिया। वहीं जागृति राणा ने बच्चों से पूरी लगन के साथ पढ़ाई कर लक्ष्य प्राप्त करने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि ने विद्यालय की मांगों को पूरा करने का आश्वासन भी दिया। कार्यक्रम मे सिधु राम भारद्वाज, चिंत राम शास्त्री, बंशी राणा, परस राम ठाकुर, धीरज शर्मा, रेलु राम, पंचायत प्रधान हेमलता, एसएमसी प्रधान खेम राज, बीडीओ धनोटू रमा सूद, एलएसईओ सत्या कौशल, एसएचओ राजेंद्र ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, स्थानीय गणमान्य व्यक्ति, स्कूल स्टाफ व बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।



**इन्हें किया सम्मानित** **लक्ष्य,** समीक्षा, यस, मिताली, दिव्यांशी, स्नेहा, युवराज, आदित्य, कपिल, हिमांशु, रितिका,मानसी,मेहक,रिया, हिना,निहारिका, गगन, विशाल, पीयूष, बबली, आदिति, महेंद्र, हंस राज, लक्ष्य, अंकाक्षा, गौरव, पलक, कंगना, विशाल, जिज्ञासा, रितिका, वेस्ट ऑफ द हाउस व बेस्ट ऑफ द ईयर का खिताब गुंजन ने अपने कब्जे मे किया। मुख्यातिथि लाल सिंह कौशल, वशिष्ठ अतिथि जागृति राणा, प्रधानाचार्य चांद राम के अलावा उपस्थित लोगों ने बच्चों को बधाई दी

## भराड़ू स्कूल के होनहार नवाजे

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर उपमंडल के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भराड़ू में विद्यालय का वार्षिक समारोह बड़े हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य पुरखु राम ने की। समारोह में शिक्षा, संस्कृति और छात्र प्रतिभा का सुंदर संगम देखने को मिला इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में यशवीर धीमान, उप-निदेशक शिक्षा मंडी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। विद्यालय के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से दर्शकों का मन मोह लिया। देशभक्ति गीत, लोकनृत्य, समूह नृत्य, एकांकी एवं नाट्य प्रस्तुतियों ने समारोह में विशेष आकर्षण पैदा किया। मुख्यातिथि यशवीर धीमान ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों की प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के करीब 170 विद्यार्थियों को वार्षिक पारितोषिक वितरण के तहत सम्मानित किया गया।

# सोनल ठाकुर ने राज्यस्तरीय क्रॉस कंट्री में जीता गोल्ड

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

मंडी जिला की पीएम श्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चौंतड़ा के होनहार खिलाड़ी अपने उत्कृष्ट खेल के चलते स्कूल व क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं। स्कूल की खिलाड़ी छात्रा सोनल ठाकुर ने बीते रविवार को पड्डल मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय क्रॉस कंट्री मे भाग लेते हुए अंडर-16 आयु वर्ग में गोल्ड मैडल हासिल किया कर स्कूल और अपने माता-पिता का नाम रोशन किया। सोनल ठाकुर जोगिंदरनगर उपमंडल की रोपापधर पंचायत के सेलण गांव की है।

बता दें कि सोनल ठाकुर ने पिछले साल ने अंडर-14 आयु वर्ग की एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भी 600 मीटर और 400 मीटर दौड़ में भग लेते हुए गोल्ड मैडल हासिल किए थे और स्टेट बेस्ट एथलीट गर्ल्स सैक्शन में रही थी और राष्ट्रीय स्तर पर हिमाचल का प्रतिनिधत्व किया था। इसके साथ ही सोनल ने अंडर-14 गर्ल्स खो- खो में भी नेशनल लेवल में भाग ले चुकी है। उनकी इस उपलब्धि के लिए प्रधानाचार्य वीरेंद्र पाल सिंह , डीपीई संतोष ठाकुर, पीईटी धर्म सिंह, राजेंद्र सिंह, एसएमसी व स्थानीय पाठशाला के स्टाफ ने सोनल ठाकुर व उसके माता- पिता को इस शानदार उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है। उधर अपनी इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए सोनल ठाकुर ने कहा कि उनका सपना देश के लिए खेलना है, जिसके लिए वह अपने प्रशिक्षक व पीईटी की देखरेख में खूब पसीना बहा रही है।





राज्यस्तरीय क्रास कंट्री में विजेता रही चौंतड़ा स्कूल की सोनल ठाकुर व अन्य।

**कार्यक्रम** 1971 युद्ध की स्मृति में 54वां विजय दिवस समारोह आयोजित, शहीदों को दी श्रद्धांजलि

# उपायुक्त ने वीर नारियों को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

मंडी शहर के इंदिरा मार्केट स्थित शहीद स्मारक में जिला प्रशासन, सैनिक कल्याण विभाग, जिला पूर्व सैनिक लीग तथा डिफेंस वुमेन वेलफेयर एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में 1971 भारत-पाक युद्ध की ऐतिहासिक विजय की स्मृति में 54वां विजय दिवस समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त अपूर्व देवगन, वीर नारियों, पूर्व सैन्य अधिकारियों, जवानों, प्रशासनिक अधिकारियों तथा स्थानीय नागरिकों ने शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर अमर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

कार्यक्रम के दौरान दो मिनट का मौन रखकर 1971 युद्ध में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर सपूतों को स्मरण किया गया। समारोह में उपायुक्त अपूर्व देवगन ने 1971 भारत-पाक युद्ध में शहीद हुए सैनिकों की वीर नारियों विशन देवी पत्नी शहीद सिपाही जय सिंह, चिंता देवी पत्नी शहीद सिपाही किशन चंद, निर्मला देवी पत्नी शहीद नायक अमर सिंह, कृष्णा देवी पत्नी शहीद सिपाही नरोत्तम राम, तुलसी देवी पत्नी शहीद लांस नायक महंत राम, विमलकांत पत्नी शहीद सिपाही कृष्ण चंद तथा विमला कुमारी पत्नी शहीद सिपाही खूब राम को सम्मानित किया। इस अवसर पर उपायुक्त अपूर्व देवगन ने कहा कि विजय दिवस जैसे आयोजनों में वीर नारियों को मुख्य अतिथि का सम्मान मिलना चाहिए, क्योंकि वास्तविक सर्वोच्च बलिदान उन्हीं परिवारों ने दिया है। इसी भावना के तहत उन्होंने स्वयं दूसरी पंक्ति में बैठकर यह संदेश दिया कि भविष्य में भी ऐसे आयोजनों में वीर नारियों को सर्वोच्च सम्मान दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि वे केवल सहयोगी की भूमिका में हैं और आगे भी उनका स्थान इसी प्रकार रहेगा।



शहीद स्मारक में 1971 युद्ध की स्मृति में 54वें विजय दिवस समारोह में मौजूद शहीदों के परिजन व गणमान्य।

उपायुक्त ने कहा कि आज देश जिस शांति, सुरक्षा और विकास के वातावरण में आगे बढ रहा है, वह सैनिकों और उनके परिवारों के त्याग और बलिदान का परिणाम है। 1971 के युद्ध में मंडी जिले के 21 जवान शहीद हुए थे। उन्होंने कहा कि सैनिकों की सेवा और बलिदान के कारण ही आज देशवासी बिना भय के स्वतंत्र जीवन जी पा रहे हैं। उन्होंने समस्त जिला वासियों की ओर से वीर नारियों और वीर सैनिकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

जिला सैनिक कल्याण विभाग के उप निदेशक लेफ्टिनेंट कर्नल गोपाल गुलेरिया ने बताया कि 16 दिसंबर को 1971 भारत-पाक युद्ध की विजय के 54 वर्ष पूरे हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि युद्ध 3 से 16 दिसंबर 1971 तक चला और केवल 14 दिनों में भारतीय सेना ने सुनियोजित रणनीति के साथ निर्णायक विजय प्राप्त की। 16 दिसंबर 1971 को पूर्वी पाकिस्तान को आजादी मिली, जो आज बांग्लादेश के नाम से जाना जाता है। इस युद्ध में देश के 3845 वीर सैनिक शहीद हुए, जिनमें प्रदेश के 190 और मंडी जिले के 21 जवान शामिल थे।

जिला पूर्व सैनिक लीग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सेवानिवृत्त कैप्टन हेत राम शर्मा ने कहा कि छोटा राज्य होने के बावजूद प्रदेश को चार परमवीर चक्र प्राप्त होने का गौरव हासिल है। उन्होंने बताया कि मंडी जिले के सूबेदार कांशी राम को 1962 के युद्ध में महावीर चक्र से सम्मानित किया गया था, जो जिले के लिए गर्व का विषय है।

समारोह में नगर निगम महापौर वीरेन्द्र भट्ट, एसडीएम मंडी सदर रूपिन्द्र कौर, आयुक्त नगर निगम रोहित राठौर, राज्य सैनिक कल्याण विभाग के निदेशक ब्रिगेडियर मदनशील शर्मा, कर्नल केके मल्होत्रा, कर्नल एमके मंडयाल, कर्नल भीम सिंह, कर्नल हरिश वैद्य, कर्नल प्रताप, कर्नल वीरेंद्र तपवाल, कर्नल जेसी सैनी, जिला पूर्व सैनिक लीग के अध्यक्ष कैप्टन कश्मीर सिंह, सचिव कैप्टन हेतराम शर्मा सहित बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक, प्रशासनिक अधिकारी तथा डिफेंस वुमेन वेलफेयर एसोसिएशन की अध्यक्ष आशा ठाकुर सचिव सरिता गुलेरिया, कुसुम सहित अन्य पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहीं।

## 2 लाख रुपए का बीमा क्लेम सौंपा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक की सौलीखड्ड शाखा ने दुर्घटना में दिवंगत खाताधारक पवन सिंह के परिजनों को 2 लाख रुपये की बीमा राशि प्रदान की। यह राशि मृतक की पत्नी बिंद्रा देवी को सौंपी गई। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक धनेश्वरु देवी और सहायक प्रबंधक अनिल धरवाल ने सभी आवश्यक औपचारिकताएं शीघ्रता से पूर्ण कर बीमा क्लेम समय पर पीड़ित परिवार तक पहुंचाने में तत्परता दिखाई। पवन सिंह प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना से जुड़े हुए थे, जिसके अंतर्गत दुर्घटना में मृत्यु होने पर 2 लाख रुपये की आर्थिक सहायता का प्रावधान है। बीमा राशि प्राप्त होने पर परिजनों ने बैंक प्रबंधन, शाखा कर्मचारियों और केंद्र सरकार की इस जनहितकारी योजना के प्रति आभार व्यक्त किया। शाखा प्रबंधक ने लोगों से अपील की कि वे बैंक में खाते खुलवाकर प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना से जुड़ें, ताकि भविष्य में आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# संतोषगढ़-जैजों सड़क 500 करोड़ से होगी चकाचक

## उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा, सड़क, पानी, स्वास्थ्य व खेल में हरोली बना विकास का मॉडल क्षेत्र

**अनंत ज्ञान, ऊना**

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने मंगलवार को हरोली विधानसभा क्षेत्र के बीटन में 3.69 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित श्री सतगुरु लाल दास ब्रह्मानंद भूरीवाले गरीबदासीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण किया।



बीटन में 3.69 करोड़ रुपए से निर्मित श्री सतगुरु लाल दास ब्रह्मानंद भूरीवाले गरीबदासीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण किया।

10 बिस्तरों की क्षमता वाले इस स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों व अन्य स्टाफ के लिए आवासीय सुविधाएं भी उपलब्ध करवाई गई हैं। लोकार्पण अवसर पर वेदांताचार्य सतगुरु चेतनानंद महाराज भूरीवाले की विशेष उपस्थिति रही। उपमुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी को जनसुविधा के दृष्टिगत शीघ्र एक्स-रे मशीन स्थापित करने के निर्देश दिए। अपने संबोधन में उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हरोली विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए ठोस और निर्णायक कदम उठाए गए हैं। हरोली अस्पताल में 15 विशेषज्ञ चिकित्सक तैनात किए गए हैं। बीटन, कुंगड़त और दुलैहड़ में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तथा कुठार व बालीवाल में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्थापित किए गए हैं। पूरे क्षेत्र में वर्तमान में 35 डॉक्टर जनता की सेवा में कार्यरत हैं। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि हरोली विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत संतोषगढ़-जैजों सड़क का 500 करोड़ रुपए की लागत से स्तरोन्नयन किया जाएगा। पीएम गति शक्ति परियोजना के तहत इसकी डीपीआर तैयार कर ली गई है। इस परियोजना के माध्यम से बल्क ड्रग पार्क तक फोरलेन कनेक्टिविटी विकसित की जाएगी। उन्होंने कहा कि विभोर साहिब से पोलियां बीत तक 175 करोड़ रुपए की नई पेयजल योजना तैयार की जा रही है। क्षेत्र के लगभग प्रत्येक गांव में ट्यूबवेल स्थापित किए जा चुके हैं, अब तक 218 ट्यूबवेल लगाए जा चुके हैं तथा शेष आवश्यकताओं को भी शीघ्र पूरा किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि जेजों मोड़ से टाहलीवाल चौक वाया भाई का मोड़ लिंक रोड के स्तरोन्नयन के लिए 48.69 करोड़ रुपए की स्वीकृति केंद्रीय सड़क एवं अवसंरचना निधि के अंतर्गत प्रदान की गई है। इस परियोजना के तहत लगभग 17.50 किलोमीटर लंबे मार्ग का उन्नयन किया जाएगा तथा पालकवाह, कांगड़ और बढ़ेडा में तीन महत्वपूर्ण पुलों का निर्माण भी किया जाएगा, जिससे यातायात सुगमता और सुरक्षा में उल्लेखनीय सुधार होगा। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि 24 करोड़ रुपए की लागत से पूबोवाल, बालीवाल, हरोली और नगनोली में जल शक्ति विभाग की योजनाएं पूरी की गई हैं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि 24 करोड़ रुपए की लागत से पूबोवाल, बालीवाल, हरोली और नगनोली में जल शक्ति विभाग की योजनाएं पूरी की गई हैं। अग्निहोत्री ने कहा कि हरोली विधानसभा क्षेत्र में तालाबों के संरक्षण एवं सौंदर्यीकरण के लिए 20 करोड़ रुपए प्रदान किए गए हैं। हीरां और बीटन पंचायतों में तालाब पुनरुद्धार के लिए हाल ही में 2-2 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। उन्होंने कहा कि बीटन में खेल मैदान के विकास के लिए 1.50 करोड़ रुपए तथा दुलैहड़ में पार्क निर्माण के लिए 2 करोड़ रुपए प्रदान किए गए हैं। बीटन में भी उपयुक्त भूमि उपलब्ध होते ही पार्क निर्माण के लिए धनराशि उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि वह पूर्ण विकसित हरोली के निर्माण के लिए संकल्पबद्ध है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पुल, पानी और बिजली के क्षेत्र में हुए अभूतपूर्व कार्यों ने हरोली को विकास का मॉडल क्षेत्र बना दिया है।

# रैली में आई जनता ने ही कांग्रेस को दिखाया आईना: धर्मेंद्र राणा

**अनंत ज्ञान, ऊना।** हिमाचल सरकार द्वारा तीन वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित जनसंकल्प रैली पर भाजपा किसान मोर्चा के ऊना जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र राणा ने तीखा हमला बोला है। उन्होंने प्रदेश में सर्वाधिक आपदा प्रभावित जिले मंडी और डिसास्टर एक्ट लगाए जाने के बावजूद कांग्रेस सरकार द्वारा तीन वर्ष की अवधि का जश्न मनाए जाने को जनभावों से खिलवाड़ बताया है। उन्होंने कहा कि रैली में आई जनता ने ही सुक्खू सरकार को आईना दिखा दिया है, क्योंकि रैली में आई महिलाओं ने ही सरकार को उपलब्धि पूछे जाने पर सुक्खू सरकार द्वारा कुछ भी नहीं किए जाने और न ही आगे किए जाने की बात कही है। भाजपा नेता ने आगे कहा कि रैली स्थान के बाहर हुए विरोध-प्रदर्शन सरकार की शून्य रही कारगुजारी को बताते हैं। उन्होंने कहा कि आपदा के समय में एक तरफ जहां सुक्खू सरकार पंचायती चुनाव निर्धारित समय के बाद भी नहीं करा पाने में असमर्थता जता रही है। वहीं, इसके बावजूद वो जश्न मना रही है। धर्मेंद्र राणा ने कांग्रेस की गारंटियों पर भी हमला बोला और तीन सौ यूनिट मुफ्त बिजली, प्रत्येक महिला को 1500 योजना को सुक्खू सरकार का एक बड़ा छलावा बताया।

# गंगा संरक्षण व हिमाचल में जल प्रबंधन को लेकर डॉ. सिकंदर ने उठाया प्रश्न

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

हिमाचल के राज्यसभा सांसद एवं भाजपा के प्रदेश महामंत्री डॉ. सिकंदर कुमार ने संसद में जल शक्ति मंत्री से राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी) और हिमाचल प्रदेश में जल प्रबंधन से जुड़ी अहम जानकारियां मांगी।

उन्होंने पूछा कि क्या राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन की 67वीं कार्यकारी समिति की बैठक में किसी अनुसंधान परियोजना को मंजूरी दी गई है, क्या वैज्ञानिक अनुसंधानों के निष्कर्षों को राज्य और जिला स्तर पर क्रियान्वयन योग्य उपायों में बदलने के लिए कोई तंत्र विकसित किया गया है तथा हिमाचल प्रदेश में जल गुणवत्ता सुधार, बाढ़ जोखिम न्यूनीकरण और सतत भूजल प्रबंधन के लिए सरकार ने क्या पहल की है। इस पर केंद्रीय जल शक्ति राज्य मंत्री राज भूषण चौधरी ने सदन को विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन की 67वीं कार्यकारी समिति की बैठक में अनुसंधान आधारित नदी संरक्षण को विशेष प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने कहा कि गंगा बेसिन में वैज्ञानिक निष्कर्षों और डाटा आधारित योजना को मजबूत करने के उद्देश्य से कुल पांच महत्वपूर्ण अनुसंधान परियोजनाओं को मंजूरी प्रदान की गई है। राज्य मंत्री ने बताया कि इन अनुसंधान परियोजनाओं में गंगा के मुख्य हिमालयी स्रोत ग्लेशियरों की निगरानी, गंगा नदी के लिए डिजिटल ट्विन (डिजिटल प्रतिरूप) का विकास, उच्च रेजोल्यूशन सोनार आधारित नदी तल सर्वेक्षण, पेलियो चैनलों के माध्यम से जलभृत (एक्विफर) प्रबंधन तथा ऐतिहासिक भौगोलिक नदी डेटाबेस का निर्माण जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र शामिल हैं। इन सभी परियोजनाओं की कुल अनुमानित लागत लगभग 16 करोड़ रुपये है। उन्होंने आगे बताया कि राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन ने यह सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान दिया है कि अनुसंधान केवल अकादमिक स्तर तक सीमित न रहें, बल्कि उनके परिणाम जमीनी स्तर पर उपयोगी और क्रियान्वयन योग्य हों। इसके लिए एक प्रभावी तंत्र विकसित किया गया है, जिसके तहत परियोजना कार्यान्वयन और संचालन समितियों में केंद्रीय जल आयोग, केंद्रीय भूजल बोर्ड, राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान सहित विभिन्न प्रमुख संगठनों का व्यापक प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### डॉ. सहगल बने चिंतपूर्णी कॉलेज के प्राचार्य

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** मंगलवार को डॉ. संजय सहगल ने गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज चिंतपूर्णी जिला ऊना के प्रिंसिपल का पदभार संभाल लिया है। इससे पहले वे गवर्नमेंट कॉलेज दारांग जिला मंडी में कार्यरत थे। कॉलेज के प्रोफेसरों ने उनका स्वागत किया और उन्हें शुभकामनाएं दीं। डॉ. सहगल के नेतृत्व में कॉलेज के विकास व छात्रों की शिक्षा में सुधार की उम्मीद है। उनकी नियुक्ति से कॉलेज में एक नए युग की शुरुआत हुई है। इस मौके पर प्रोफेसर जीत लाल कालिया समेत स्टाफ मौजूद रहा।

### दो छात्र रिपब्लिक डे परेड के लिए चयनित

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** प्रदेश स्तरीय पूर्व रिपब्लिक दिवस परेड कैंप में प्रदेश के 300 बच्चों ने भाग लिया। इसमें से 110 बच्चे राज्य स्तरीय रिपब्लिक दिवस परेड के लिए चयनित हुए। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भंजाल के भी दो विद्याथी मानसी भाटिया और सक्षम अमृत एनएसएस के राज्य स्तरीय रिपब्लिक डे परेड के लिए चयनित हुए हैं। यह जानकारी स्कूल के कार्यकारी प्रिंसिपल राजन शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि यह एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी मुकेश कुमार एवं महिला कार्यक्रम अधिकारी मधु ठाकुर की मेहनत का परिणाम है। मंगलवार को पाठशाला पहुंचने पर स्टाफ के द्वारा इन स्वयंसेवियों का स्वागत किया गया।

### यातायात नियमों के उल्लंघन करने पर काटे चालान

**अनंत ज्ञान, बढ़ूही।** ऊना से अंब नेशनल हाईवे रोड पर बढ़ूही बाजार में रोड सेफ्टी एनफोर्समेंट द्वारा नाका लगाया गया। इसमें खास तौर पर बिना हेलमेट वालों के चालान किए गए। इसमें प्रमुख तौर पर सहायक उपनिरीक्षक यशपाल, आरक्षी मनोज कुमार, आरक्षी पंकज कुमार, आरक्षी अंकुश शामिल थे। सहायक उपनिरीक्षक यशपाल द्वारा बताया गया कि सुबह से अभी तक 66 के करीब चालान कर चुके हैं। इसमें मुख्य तौर पर बिना हेलमेट वालों के ही चालान किए गए हैं। इसी तरह पिछली रात भी उन्होंने चौक में नाका लगाया था और मोटरसाइकिल और स्कूटी के चालान किए थे। इन चालान करने का मुख्य कारण लोगों को रोड सेफ्टी की तरफ जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि इस तरह की चार गाड़ियां जिले भर में लगाई गई हैं, जो कि दिन-रात जिले भर में घुम रही हैं और लोगों को रोड़ सेफ्टी के प्रति जागरूक कर रही हैं।

### ज्येष्ठ मंगलवार को हुआ विशेष हवन पूजन

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** ज्येष्ठ मंगलवार के अवसर पर माता श्री चिंतपूर्णी के दरबार में चिंतपूर्णी मंदिर के पुजारी द्वारा विशेष हवन पूजन किया गया। इस मौके पर मंत्र उच्चारण के साथ हवन कुंड में आहुतियां डालकर सुख समृद्धि की कामना की गई। हर मंगलवार को वारीदार सभा के प्रधान रविंद्र शिदा की अध्यक्षता में चिंतपूर्णी मंदिर के पुजारियों द्वारा देश प्रदेश की सुख शांति के लिए हवन कुंड में आहुतियां डाली जाती हैं। इस मौके पर भूषण कालिया समेत अन्य पुजारी भी उपस्थित रहे।

### हिमाचली नाटी व हरियाणवी गीतों पर बिखेरा हुनर

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा की दस मेगावाट सौर परियोजना अगलौर की ओर से राजकीय माध्यमिक पाठशाला डोहक में एक भव्य डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के 26 विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। बच्चों ने पारंपरिक हिमाचली नाटी और लोकप्रिय हरियाणवी गीतों पर आकर्षक प्रस्तुतियां दीं, जिससे पूरा विद्यालय परिसर तालियों से गूंज उठा। सौर परियोजना के प्रशासक देवराज सांखला ने कहा कि ऐसी गतिविधियों से बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ता है और सांस्कृतिक मूल्यों को प्रोत्साहन मिलता है। कार्यक्रम में परियोजना मैनेजर विओम प्रकाश डोगरा, राकेश कुमार, एसडीओ सिविल, तथा विद्यालय के कार्यवाहक मुख्याध्यापक राकेश कुमार व शिक्षिका अमिता उपस्थित रहीं।

# गुगलेहड़ मंडल ने जीते दो खिताब कबड्डी, वॉलीबाल में बना विजेता

**अनंत ज्ञान, ऊना**



युवा कार्यक्रम एवं खेल विभाग भारत सरकार के दिशा निर्देशानुसार माई भारत ऊना की ओर से गुगलेहड़ स्कूल के खेल मैदान में दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता 13 से 14 दिसंबर को गुगलेहड़ के नेहरू सद्भावना युवा मंडल के सौजन्य से आयोजित की गई।

इसमें मुख्य रूप से कबड्डी, वॉलीबाल ओर दौड़ के मुकाबले आयोजित किएगए। प्रतियोगिता का शुभारंभ माई भारत ऊना के जिला युवा अधिकारी प्रदीप कुमार, स्थानीय पंचायत प्रधान उपनिष पाल सिंह, उपप्रधान राजिंदर कौर एवं पीएनवी आरसेटी ऊना के आकाश भारद्वाज द्वारा किया गया। कबड्डी में युवा क्लब गुगलेहड़ विजेता व युवा मंडल कठल उपविजेता रहा। वहीं, वॉलीबाल में गुगलेहड़ विजेता व ततेहरा उपविजेता रही। विजेताओं को आयोजक युवा मंडल की तरफ से नकद इनाम व केंद्र की तरफ से ट्रॉफी व प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम के सफल आयोजन में मनप्रीत सिंह गुगलेहड़ क्लब प्रधान, सतिंदर सिंह वेन्स क्लव उपप्रधान, जितेश ठाकुर क्लव सचिव व जरनैल सिंह ठाकुर फौजी का विशेष सहयोग रहा।

# शिक्षक ही राष्ट्र निर्माता, जो बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की रखते हैं नींव: बबलू

## विधायक ने पीएम सिंचाई योजना 0.2 पार्टीशन महत्व के तहत 20 लाख के कार्यों का किया शिलान्यास

**अनंत ज्ञान, बढ़ूही**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तलमेहड़ा परिसर में अभिनंदन वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का भव्य आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया।



पीएम सिंचाई योजना 0.2 पार्टीशन महत्व के तहत कार्यों का किया शिलान्यास करते सुदर्शन सिंह बबलू।

कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। विद्यालय पहुंचने पर स्कूल प्रबंधन, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने विधायक का फूल मालाओं के साथ गर्मजोशी से स्वागत किया। समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुई। इसके पश्चात विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिनमें नृत्य, गायन और नाट्य प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। इससे पहले विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने ग्राम पंचायत खरयालता में प्रधानमंत्री सिंचाई योजना 2.0 वाटरशेड महोत्सव के तहत बरसात में भूमि कटाव को रोकने के लिए 20 लाख रुपए से बनने वाली रिटेनिंग बाल का शिलान्यास किया। कार्यक्रम के दौरान शैक्षणिक, खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। मुख्यातिथि ने मेधावी छात्रों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि शिक्षा ही समाज की प्रगति का आधार है और ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा एवं आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन, परिश्रम और संस्कारों के साथ जीवन में आगे बढ़ने का संदेश दिया। विधायक ने विद्यालय के शिक्षकों की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षक ही राष्ट्र निर्माता होते हैं, जो बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखते हैं। उन्होंने विद्यालय के सर्वांगीण विकास में हर संभव सहयोग देने का आश्वासन भी दिया। विद्यालय के कार्यवाहक प्रधानाचार्य अनिल कुमार ने मुख्यातिथि का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विधायक की उपस्थिति से विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ा है। कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान प्रवक्ता मदनलाल ने सत्र की वार्षिक रिपोर्ट पढी रिपोर्ट के माध्यम से उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक,सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियों की विस्तृत जानकारी उपस्थित अतिथियों, अभिभावकों और विद्यार्थियों के समक्ष रखी। समारोह का समापन धन्यवाद ज्ञापन एवं राष्ट्रगान के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के कार्यवाहक प्रधानाचार्य अनिल कुमार, प्रवक्ता मदनलाल, वीडीओ बंगाणा के एल वर्मा, वाटरशेड बंगाणा जेई अंकित ढिल्लों, स्कूल प्रबंधन समिति प्रधान मुकेश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# संत बाबा कमलजीत ने किया गुरु रविदास की वाणी का गुणगान

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** श्री गुरु रविदास मंदिर संतोखगढ़ में सोमवार को संक्रांति दिवस बड़ी श्रद्धा व धार्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर संत बाबा कमलजीत सिंह आवादा बराना वालों ने श्री गुरु रविदास जी महाराज की वाणी का गुणगान करते हुए मंदिर में उपस्थित संगत को सतगुरु से जुड़ने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि माता-पिता की सेवा करना ही सबसे बड़ा धर्म है और इसी से जीवन सफल होता है। कार्यक्रम के दौरान डीएसपी सेवानिवृत्त चमन लाल भाटिया ने समाज में व्याप्त कुरीतियों पर प्रकाश डालते हुए संगत को जागरूक किया और सामाजिक सुधार का आह्वान किया। इस मौके पर श्री गुरु रविदास धार्मिक सभा की ओर से संत बाबा कमलजीत सिंह को सिरोपा भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं, चमन लाल भाटिया को भी सभा द्वारा सम्मानित किया गया।

# समीर कुमार का राज्यस्तरीय गणतंत्र दिवस परेड में चयन

**अनंत ज्ञान, लठियानी**

उपमंडल बंगाणा के राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थानाकलां के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के होनहार स्वयंसेवी समीर कुमार ने विद्यालय, क्षेत्र और जिला ऊना का नाम रोशन किया है। समीर कुमार का चयन राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस परेड 26 जनवरी 2026 को शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान में अपनी प्रतिभा दिखाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है।

यह उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और राष्ट्रसेवा के प्रति समर्पण का जीवंत प्रमाण है। विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव पराशर ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर के दौरान भी समीर कुमार ने अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और सेवाभाव का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था। उन्होंने कहा कि समीर न केवल एक मेधावी विद्यार्थी है, बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाने वाला प्रेरणादायी युवा भी है। प्रधानाचार्य संजीव पराशर ने बताया कि जिला हमीरपुर के जाहू में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के गणतंत्र दिवस पूर्व परेड शिविर के अंतर्गत हुए पांच दिवसीय राज्य स्तरीय चयन शिविर में समीर कुमार ने कड़े संघर्ष और कठिन प्रतिस्पर्धा के बीच अपनी प्रतिभा, शारीरिक दक्षता और अनुशासन से यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। यह चयन उसके अथक परिश्रम और आत्मविश्वास का परिणाम है। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी नंदलाल ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति, सामाजिक दायित्व और नेतृत्व कौशल विकसित करने का सशक्त माध्यम है। समीर कुमार का चयन राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से विद्यार्थी न केवल सामाजिक सेवा में आगे बढ़ते हैं, बल्कि राज्य और राष्ट्र स्तर पर अपनी पहचान भी बनाते हैं।

# डाक योजनाओं को लेकर लोगों को किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

ऊना डाक मंडल के अधीन बंगाणा उपमंडल की ग्राम पंचायत मुच्छाली में अधीक्षक डाकघर ऊना मंडल के नेतृत्व में लोगो को जागरूक करने के लिए डाक चौपाल का आयोजन किया गया।



डाक मंडल ऊना द्वारा ग्राम पंचायत मुच्छाली में किया गया डाक चौपाल का आयोजन।

इसमें डाक अधीक्षक ऊना भूपिंदर सिंह तथा निरीक्षक डाक ऊना उपमंडल रजनीश कुमार द्वारा विभिन्न योजनाओं की जानकारी लोगो एवं ग्रामीण डाक सेवकों को दी गई तथा वंचित लोगों को डाक विभाग से जोड़ने के लिए प्रोत्साहित किया गया। डाक चौपाल के दौरान लोगों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, बचत बैंक योजनाओं, डाक जीवन बीमा, वाहन बीमा, दुर्घटना बीमा जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने बारे जागरूक किया गया। सभी को बंगाणा उपमंडल के अधीन आने वाले स्कूल में लगाए जा रहे आधार कैंप के बारे में भी जागरूक किया गया तथा आसपास के लोगों से अपने बच्चों के आधार अपडेट करवाकर इसका लाभ उठाने बारे अपील की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत मुच्छाली के उपप्रधान अजय शर्मा विशेष रूप उपस्थित रहे। उन्होंने सभी से डाक विभाग की योजनाओं का लाभ लेने की अपील की और यह भी प्रतिबद्धता जताई की वह भविष्य में ग्राम पंचायत के सभी वार्डों में डाक विभाग के कैंप लोगो की सुविधाएं के लिए लगवाएंगे तथा अपनी ग्राम पंचायत के अधिक से अधिक लोगों को डाक विभाग की जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़ने के लिए प्रेरित करेंगे। इस अवसर पर डेवलपमेंट अधिकारी पीएलआई ऊना मुनीश शर्मा भी उपस्थित रहे और सभी को बीमा के महत्व बारे विस्तार से जागरूक किया गया और हर घर दस्तक अभियान के तहत प्रत्येक परिवार को बीमा से जोड़ने की अपील की गई। डाक अधीक्षक ऊना द्वारा अच्छा कार्य करने वाले ग्रामीण डाक सेवकों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से सरदार क्लॉथ हाउस बंगाणा के मालिक को भी पार्सल व्यवसाय में डाक विभाग से जुड़ने पर डाक अधीक्षक ऊना द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उप डाकपाल बंगाणा सुरिंदर सैनी तथा डाक पर्यवेक्षक जोगिंदर सिंह भी उपस्थित रहे।

**भरोसा** विधायक विवेक ने कहा, कुटलैहड़ आपदा पीड़ितों को बड़ी राहत, मुख्यमंत्री सुक्खू देंगे 1 से 8 लाख तक की आर्थिक सहायता

# सीएम जल्द करेंगे कुटलैहड़ का दौरा, राहत राशि के चेक स्वयं करेंगे वितरित

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने हाल ही में आई प्राकृतिक आपदा से प्रभावित लोगों को बड़ी राहत मिलने का भरोसा दिलाया है।



उन्होंने कहा कि जल्द ही मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू कुटलैहड़ का दौरा करेंगे और आपदा में पूरी तरह क्षतिग्रस्त हुए मकानों के मालिकों को एक लाख रुपए से लेकर आठ लाख रुपए तक की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। यह सहायता मुख्यमंत्री स्वयं अपने कर कमलों से राहत चेक वितरित कर देंगे। विधायक विवेक शर्मा ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि कुटलैहड़ की जनता की हर पहलू से रक्षा करना उनका धर्म है और वे इस जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा व ईमानदारी से निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे मीडिया में सुर्खियां बटोरने के लिए नहीं, बल्कि धरातल पर रहकर वास्तविक कार्य करने में हम विश्वास रखते हैं। आपदा की घड़ी में प्रभावित परिवारों के साथ खड़ा रहना ही उनकी प्राथमिकता है। विधायक विवेक शर्मा ने बताया कि कुटलैहड़ क्षेत्र में जिन परिवारों के मकान पूरी तरह आपदा में क्षतिग्रस्त हो गए हैं, जो परिवार बेघर हो गए हैं, जिनके मकानों, दुकानों व पशुशालाओं में दरारें आई हैं या किसी भी प्रकार का नुकसान हुआ है, उन सभी का विस्तृत सर्वेक्षण कर लिया गया है। प्रत्येक प्रभावित परिवार के नुकसान की पूरी रिपोर्ट तैयार कर माननीय मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को सौंप दी गई है। विवेक शर्मा ने कहा कि सरकार आपदा पीड़ितों के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है और किसी भी परिवार को अकेला नहीं छोड़ा जाएगा।

उन्होंने आश्वासन दिया कि राहत प्रक्रिया में पारदर्शिता बरती जाएगी व वास्तविक रूप से प्रभावित लोगों को ही सहायता दी जाएगी। विधायक ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे जमीनी स्तर पर जाकर प्रभावित परिवारों की समस्याओं को गंभीरता से सुनें और उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू का कुटलैहड़ प्रवास जल्द ही प्रस्तावित है, जिसमें वे स्वयं आपदा प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण करेंगे और पीड़ित परिवारों से मुलाकात करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री सुक्खू राहत राशि के चेक वितरित करेंगे, जिससे प्रभावित लोगों को पुनर्वास और पुनर्निर्माण में सहायता मिल सके। विधायक ने कुटलैहड़ की जनता से धैर्य बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि सरकार हर कदम पर उनके साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि यह समय राजनीति का नहीं, बल्कि मानवता और सेवा का है। आपदा से हुए नुकसान की भरपाई के लिए राज्य सरकार हर संभव प्रयास कर रही है और आने वाले समय में कुटलैहड़ क्षेत्र को फिर से मजबूती के साथ खड़ा किया जाएगा।

# सरकारी स्कूलों पर अभिभावक दिखाएं विश्वास

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बल्ह में वार्षिक समारोह बड़े ही हर्षोल्लास और भव्यता के साथ आयोजित किया गया। समारोह के मुख्यतिथि कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा रहे। इस अवसर पर उनकी धर्मपत्नी एवं रेडक्रॉस सोसाइटी की सदस्य श्री मति मृदु शर्मा भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

विद्यालय परिसर में मुख्यतिथि के आगमन पर छात्रों, अध्यापकों तथा स्कूल प्रबंधन समिति द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके उपरांत विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं स्टाफ सदस्यों ने मुख्यतिथि एवं अन्य गणमान्य अतिथियों को शॉल, टोपी व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। मंच से विधायक विवेक शर्मा का स्वागत करते हुए विद्यालय प्रबंधन ने क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे विकास कार्यों की सराहना की। वार्षिक समारोह के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति गीत, लोकनृत्य, एकांकी तथा समूह गान की प्रस्तुतियां दी गईं, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के आत्मविश्वास और प्रतिभा की झलक स्पष्ट रूप से देखने को मिली। मुख्यतिथि एवं विधायक विवेक शर्मा ने मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद व सांस्कृतिक गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी ही देश का भविष्य हैं और उन्हें सही दिशा व अवसर प्रदान करना समाज और सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है। अपने संबोधन में विधायक विवेक शर्मा ने विद्यालय के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। उन्होंने बताया कि स्कूल के स्टेज निर्माण के लिए 2 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। इसके अतिरिक्त विद्यालय में दो नए कमरों के निर्माण के लिए 3 लाख रुपये की धनराशि प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि इससे स्कूल के बुनियादी ढांचे को मजबूत किया जाएगा और छात्रों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। विधायक विवेक शर्मा ने यह भी जानकारी दी कि कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में डेढ़ वर्ष के कार्यकाल में हमने 58 नए ट्रांसफार्मर लगाए जा चुके हैं, जिससे क्षेत्र की बिजली आपूर्ति में सुधार हुआ है। विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी और क्षेत्र की हर समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है।

# हटली स्कूल के छात्र दीपांशु का राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस परेड के लिए चयन

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ क्षेत्र के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल हटली के लिए यह गर्व और सम्मान का क्षण है कि विद्यालय के छात्र दीपांशु ने अपनी कड़ी मेहनत, अनुशासन और उत्कृष्ट प्रदर्शन के बल पर प्री आर.डी. (रिपब्लिक डे) कैंप में चयन प्राप्त किया तथा आगे बढ़ते हुए 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय परेड के लिए चयनित हुआ।

दीपांशु की इस उपलब्धि से न केवल विद्यालय, बल्कि पूरे क्षेत्र में खुशी और उत्साह का माहौल बना हुआ है। दीपांशु वर्तमान में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हटली में विज्ञान संकाय का प्लस टू का छात्र है। पढ़ाई के साथ-साथ एनएसएस गतिविधियों में उसकी सक्रिय भागीदारी, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता ने उसे इस मुकाम तक पहुँचाया। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजपाल सरोही ने दीपांशु की उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता उसकी निरंतर मेहनत, लगन और आत्मविश्वास का परिणाम है। उन्होंने बताया कि दीपांशु न केवल सह-शैक्षणिक गतिविधियों में आगे है, बल्कि पढ़ाई में भी एक होनहार छात्र है और अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बनकर उभरा है प्रधानाचार्य राजपाल सिरोही ने इस अवसर पर विद्यालय के एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर सुशील शर्मा की भी विशेष रूप से प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि सुशील शर्मा के कुशल मार्गदर्शन, अनुशासनात्मक प्रशिक्षण और प्रेरणादायक नेतृत्व ने छात्रों को राष्ट्रीय स्तर की गतिविधियों के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसके साथ ही प्रधानाचार्य राजपाल सरोही ने विद्यालय के समस्त अध्यापक साथियों को भी बधाई दी और आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी विद्यालय के विद्यार्थी इसी प्रकार विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन करते रहेंगे। विद्यालय में दीपांशु की इस उपलब्धि पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षकों और छात्रों ने उसे शुभकामनाएं दीं। प्रधानाचार्य राज पाल सरोही के नेतृत्व में विद्यालय निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है और शैक्षणिक गुणवत्ता के साथ-साथ खेलकूद एवं एनएसएस जैसी गतिविधियों में भी नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### शरारती तत्वों ने पुराने डैड हाउस में लगाई आग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला मुख्यालय कुल्लू के वार्ड नंबर-9 हनुमानीबाग स्थित पुराने शव गृह में मंगलवार को शरारती तत्वों द्वारा आग लगा दी।ढालपुर के क्षेत्रीय अस्पताल के साथ लगते पुराने डेड हाउस में शाम से करीब 5 बजे अचानक से भड़की आग से अफरा तफरी का माहौल बन गया। आग लगने की सूचना मिलती ही दमकल विभाग कुल्लू की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने का काम शुरू कर दिया। टीम की मुस्तैदी और सूझबूझ से जल्द ही आग पर काबू पा लिया गया और एक बड़ा हादसा टल गया। अगर कहीं थोड़ी भी देरी होती और आग भड़क जाती तो साथ लगते घर भी इसकी चपेट में आ सकते थे। यही नहीं डेड हाउस के साथ ही एक बिजली के तारों का जंक्शन भी था अगर आग भड़क जाती और ट्रांसफार्मर में कहीं आग लग जाती तो बड़ा हादसा हो सकता था। लेकिन दमकल विभाग को समय पर सूचना मिलते ही टीम यहां पहुंची और आग पर काबू पा लिया। उधर, फायर स्टेशन ऑफिसर कुल्लू एवं लाहुल स्पीति प्रेम सिंह भारद्वाज ने बताया कि आग डेड हाउस के अंदर पड़े कूड़े में लगी थी। उन्होंने बताया कि फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं लग पाया लेकिन शरारती तत्वों द्वारा कूड़े में आग लगाने की आशंका जताई जा रही है। लेकिन टीम ने समय पर पहुंचकर आग बुझा दी और आसपास के घरों व क्षेत्र को क्षति होने से बचा लिया।

### वाहनों की पासिंग व ड्राइविंग टेस्ट का शेड्यूल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय, कुल्लूद्वारा दिसंबर 2025 के लिए वाहनों की पासिंग और ड्राइविंग टेस्ट का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। आरटीओ कुल्लू राजेश भंडारी ने बताया कि निर्धारित कार्य के अनुसार आरटीओ कुल्लू में 24 दिसंबर को वाहनों की पसिंग तथा 20 दिसंबर को ड्राइविंग टेस्ट का आयोजन होगा। आरएलए कुल्लू में 18 दिसंबर को ड्राइविंग टेस्ट होंगे। उन्होंने बताया कि आरएलए मनाली में 10 व 23 दिसंबर को वाहन पासिंग और 11 दिसंबर को ड्राइविंग टेस्ट आयोजित किया जाएंगे। बंजार में 19 दिसंबर को वाहन पासिंग और ड्राइविंग टेस्ट आयोजित किए जाएंगे।

### स्कूल बस की लापरवाही से पैदल महिला घायल

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** मंगलवार को हिरनी क्षेत्र में सुबह एक स्कूल बस की तेज रफ्तारी और लापरवाही ने पैदल महिला को टक्कर मार दी गई। घायल महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिसे तुरंत सीएचसी पतलीकूहल में भर्ती कराया गया, जिसके उपरांत सीएचसी पतलीकूहल के चिकित्सकों द्वारा घायल महिला को कुल्लू क्षेत्रीय अस्पताल को रेफर किया गया। पुलिस थाना पतलीकूहल के अनुसार, घटना की जानकारी देते हुए जेबीटी शिक्षक ओम प्रकाश ने थाना पतलीकूहल में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि वह अपनी मोटरसाइकिल (एचपी34बी-7590) पर लंराकेलो से प्राइमरी स्कूल धामा सारनी जा रहे थे। इस दौरान स्कूल की बस (एचपी66-4589) रायसन की ओर जा रही थी। चालक ने हिरनी में पैदल चल रही धर्मी देवी को तेजी से टक्कर मार दी, जिससे वह नाली में गिर पड़ी। चालक प्रकाश चंद पुत्र जीतराम, मूल निवासी सरकीधार (मंडी), वर्तमान गोजरा (मनाली) का है। ओम प्रकाश ने एसआई इंदर सिंह को लिखित बयान दिया, जिसके आधार पर धारा 173 बीएनएसएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। एसआई ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया। वहीं, थाना प्रभारी रजत शर्मा ने बताया कि चालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है, उन्होंने स्कूल बस चालकों से सावधानी बरतने की अपील की है।

### केंद्र ने आपदा प्रभावित क्षेत्रों को दिए 3000 करोड़

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** 2023 से अब तक केंद्र सरकार ने आपदा प्रभावित क्षेत्रों के लिए जारी की 3000 करोड़ की राशि की है। यह जानकारी प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य आदित्य विक्रम सिंह ने कुल्लू में एक पत्रकार वार्ता के दौरान दी। उन्होंने बताया कि शिमला में भाजपा पार्टी कार्यालय के शिलान्यास अवसर पर केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने इस राशि का पूरा ब्यौरा प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार को केंद्र सरकार का आभारी होना चाहिए परन्तु वह हर रोज केंद्र ने मदद न मिलने का रोना रो रही है। उन्होंने ने प्रेस वार्ता में कुल्लू विधानसभा क्षेत्र से जुड़ी लगघाटी की चार सड़कों का मुद्दा प्रमुखता से उठाते हुए कहा कि आज भी इन सड़कों पर बसें नहीं चल रही हैं। उन्होंने ने सरकार से आग्रह किया कि इस सड़कों पर जो कार्य बचा है वोह शीघ्र पूर्ण करके इन सड़कों को बस के चलने योग्य बनाया जाए। कुल्लू विधानसभा क्षेत्र की पीज सड़क के लिए उन्होंने स्थानीय विधायक से आग्रह किया कि लोगों की जो समस्याएं हैं, उन्हें तुरंत प्रभाव से दूर करें, ताकि इस सड़क पर भी बस सुविधा शुरू हो। भूत नाथ पुल को लेकर आदित्य विक्रम ने बताया कि स्थानीय विधायक ने तो पूर्व सरकार में इस पुल की अर्थी तक निकाली थी और अपनी सरकार आते ही इस पुल को फिर से बड़े वाहनों के लिए बहाल करने की बात कही थी, लेकिन तीन वर्ष बीत जाने पर भी उनका यह वादा पूरा नहीं हुआ। उन्होंने लगघाटी से जो कुल्लू शहर के लिया पानी की पाइप बिछी है, उसके उचित रखरखाव की भी बात उठाई, ताकि अधिक बारिश में इस लाइन को क्षति न पहुंचें।

### उत्कृष्ट छात्रों को पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** लाहौल-स्पीति के उपमंडल उदयपुर स्थित वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला शकोली में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। समारोह की अध्यक्षता उपायुक्त किरण भड़ाना ने की, जबकि एसडीएम अलीशा चौहान विशेष अतिथि रहीं। उपायुक्त ने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर परिश्रम, अनुशासन और सकारात्मक सोच अपनाने का आह्वान किया। पाठशाला के विद्यार्थियों ने नृत्य, गीत और नाट्य प्रस्तुतियों से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। शैक्षणिक, खेलकूद और सांस्कृतिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य, अभिभावक, शिक्षक और स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों ने सहभागिता की।

### 21 को पोलियो व खसरा-रुबेला उन्मूलन अभियान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू में 21 दिसंबर 2025 को पोलियो राउंड और खसरा-रुबेला उन्मूलन अभियान के लिए जिला टास्क फोर्स की बैठक उपायुक्त तोरुल एस रवीश की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में 5 वर्ष से कम आयु के 30,183 बच्चों को पोलियो की खुराक देने का लक्ष्य तय किया गया। जिले में 402 बूथ स्थापित किए जाएंगे और 803 टीमें 97,745 घरों का दौरा करेंगी। कोल्ड चेन और लॉजिस्टिक्स की पूरी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। उपायुक्त ने सभी अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से अभियान में सक्रिय भागीदारी और शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

# पेट की आग बुझाने बागानों में डंडे खा रहे बेजुबान

## व्यवस्था के नाम पर समाधान शून्य, सर्दियों में भारी ठंड के बीच सड़कों पर घूमने को मजबूर

मोहन कपूर, अनंत ज्ञान

**पतलीकूहल।** हिमाचल प्रदेश की हसीन वादियों व सेब के बागानों के बीच एक कड़वी हकीकत दम तोड़ रही है। कभी किसानों की समृद्धि का आधार रहे ये मवेशी आज बेगाने होकर सड़कों व बागानों में दर-दर भटकने को मजबूर हैं। ऊझी घाटी सहित आसपास के क्षेत्रों में आवारा पशुओं की समस्या अब केवल एक प्रशासनिक मुद्दा नहीं, बल्कि एक मानवीय त्रासदी बन चुकी है। सेब के बागानों में इन दिनों एक हृदयविदारक दृश्य आम हो गया है। पेट की आग बुझाने के लिए जब ये बेजुबान बागानों में गिरे हुए सेब या पेड़ों की पत्तियों की ओर बढ़ते हैं, तो उन्हें भोजन के बदले इंसान की लाठियां मिलती हैं। अपनी साल भर की मेहनत व आजीविका बचाने की जद्दोजहद में बागान मालिक इन पशुओं को खदेड़ने के लिए डंडों का सहारा लेते हैं। इस खींचतान में कई पशु गंभीर रूप से घायल होकर तड़पने को मजबूर हैं। किसान भी व्यथित हैं; उनका कहना है कि वे अपनी फसल बचाएं या इन बेजुबानों का पेट भरें। सड़कों के किनारे बीमार, घायल व कंकाल बन चुके पशु अब आम बात हो गई है। कड़ाके की ठंड व बारिश के बीच खुले आसमान के नीचे ठिठुरते ये मवेशी न केवल भूख से जूझ रहे हैं, बल्कि तेज रफ्तार वाहनों की चपेट में आकर काल का ग्रास बन रहे हैं, जो कल तक खेतों की शान थे, आज वे सड़कों पर कचरा और प्लास्टिक चबाकर अपनी जान गंवा रहे हैं। विडंबना यह है कि इनकी सुध लेने वाला कोई नहीं है।



कुल्लू की सड़कों पर बेसहारा घूमते पशु।

### कागजों में गोशालाएं, जमीन पर बदहाली

**स्थानीय** प्रशासन व पशुपालन विभाग की भूमिका पर भी अब गंभीर सवाल उठ रहे हैं। सरकारी फाइलों में पशु आश्रय स्थलों व गोशालाओं के नाम पर लाखों के बजट व लंबी-चौड़ी योजनाएं तो दर्ज हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इसके उलट है। क्षेत्र में मौजूद गोशालाएं या तो संसाधनों की कमी से जूझ रही हैं या उनकी क्षमता इतनी कम है कि वे बढ़ती संख्या का बोझ नहीं उठा पा रही हैं। प्रशासन की इच्छाशक्ति के अभाव में ये योजनाएं केवल कागजी खानापूर्ति बनकर रह गई हैं।

### सामाजिक जिम्मेदारी स्थायी समाधान की दरकार

**पशु** प्रेमियों व सामाजिक संगठनों का मानना है कि यह समस्या समाज के सामूहिक पतन का संकेत है, जब तक प्रशासन और स्थानीय निकाय मिलकर कोई ठोस नीति नहीं बनाते, तब तक यह संकट खत्म नहीं होगा। 'यह केवल पशुओं की समस्या नहीं है, यह हमारी संवेदनाओं की परीक्षा है। यदि हम अपने मवेशियों को सड़कों पर छोड़ रहे हैं और प्रशासन मूकदर्शक बना है, तो हम एक बड़े संकट को निमंत्रण दे रहे हैं।'

### समय की मांग : ठोस नीति और संवेदना

**आज** आवश्यकता इस बात की है कि केवल बैठकों तक सीमित न रहकर, जमीनी स्तर पर गोशालाओं का आधुनिकीकरण किया जाए, चारे-पानी की उचित व्यवस्था हो और आवारा पशुओं के प्रति समाज में संवेदनशीलता जगाई जाए, जब तक प्रशासन व समाज एक साथ खड़े नहीं होंगे, ये बेजुबान यूं ही उपेक्षा, भूख व मार का दंश झेलते रहेंगे और इंसानियत सड़कों पर शर्मसार होती रहेगी।

# यूएई में डिलीवरी राइडर व वेयरहाउस हेल्पर की भर्ती, कल मंडी में साक्षात्कार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

जिला रोजगार अधिकारी, कुल्लू विनोद कुमार ने जानकारी दी कि श्रम, रोजगार एवं ओवरसीज प्लेसमेंट विभाग, हिप्र द्वारा हिमाचल प्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम (एचपीएसईडीसी) के माध्यम से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में नून फूड एलएलसी (किराना व खाद्य वितरण) के लिए डिलीवरी राइडर्स और वेयर हाउस हेल्पर/मददगार की रिक्तियों के लिए जेएसडीसी ग्रुप ऑफ कंपनीज के द्वारा भर्तियां की जा रही हैं।

इन पदों के लिए जिला मंडी व जिला कुल्लू के आवेदकों के साक्षात्कार क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय मंडी (खलियार) जिला मंडी में 18 दिसंबर (वीरवार) को सुबह 10 बजे से लिए जाएंगे। साक्षात्कार के लिए आवेदक को अपना वैध पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, रिज्यूम, सभी शैक्षणिक दस्तावेज, दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ और रोजगार कार्यालय प्रमाण पत्र साथ लाने होंगे, जिन अभियार्थियों ने पूर्व में आवेदन किया है, उनके साथ-साथ नए इच्छुक अभ्यार्थी भी साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। आवेदक के पास वैध पासपोर्ट होना आवश्यक है। इन पदों में डिलीवरी राइडर्स के पदों के लिए मासिक वेतन 2500 दिरहम+कमीशन+टिप्स (लगभग रुपए 70,000/-रुपए से 1,00,000/- रुपए तक) दिया जाएगा (ड्यूटी टाइम: 10 घंटे, सुबह/ शाम की शिफ्ट, सप्ताह में 6 कार्य दिवस)। न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं पास के साथ बेसिक इंग्लिश का ज्ञान आवश्यक है। आयु सीमा 20 से 37 वर्ष निर्धारित है। आवेदन करने वाले आवेदक के चेहरे व गर्दन पर किसी तरह का टैटू न बना हो। रंग-अंधता स्वीकार्य नहीं है। अन्य शारीरिक आवश्यकता क्लीन शेव पगडी स्वीकार्य है, लेकिन वाहन चलाते समय हेलमेट पहनना अनिवार्य है। आवेदक के पास CWG (गियर वाली मोटरसाइकिल) कम से कम अगले एक वर्ष के लिए वैध होना आवश्यक है। आवेदकों को यूएई की तैनाती के बाद प्रदान किया जाएगा।

यूएई ड्राइविंग लाइसेंस के लिए 5500 दिरहम (प्रस्थान के समय 1000 दिरहम (लगभग रुपए 24133/- और शेष 4500 दिरहम 500 दिरहम की 9 मासिक ईएमआई में वेतन में से काट लिए जाएंगे। वेयर हाउस हेल्पर/मददगार के पदों के लिए मासिक वेतन 1400 दिरहम+आवास+यातायात सुविधा (लगभग रुपए 33,500 रुपए) दिया जाएगा (ड्यूटीटाइम 12 घंटे, सप्ताह में 6 कार्य दिवस)। न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं पास के साथ बेसिक इंग्लिश का ज्ञान आवश्यक है। आयु सीमा 21 से 36 वर्ष निर्धारित है।

# ऊझी घाटी में दमकल विभाग की मुस्तैदी

## पुलग गांव में टला बड़ा हादसा, 60 लाख की संपत्ति बचाई

अनंत ज्ञान, पतलीकूहल

कुल्लू जिले की ऊझी घाटी में मंगलवार को अग्निशमन विभाग की तत्परता से एक बड़ी तबाही टल गई। ग्राम पंचायत रूमसू के पुलग गांव में एक शेड (खोखे) में भीषण आग लग गई, जिसे दमकल कर्मियों ने समय रहते काबू कर साथ लगते रिहायशी मकानों को राख होने से बचा लिया।




फायर पोस्ट पतलीकूहल से मिली जानकारी के अनुसार, मंगलवार सुबह 9:16 बजे कंट्रोल रूम में आग लगने की सूचना प्राप्त हुई। घटना की गंभीरता को देखते हुए टीम बिना एक भी पल गंवाए 9:17 बजे दमकल वाहन के साथ घटनास्थल की ओर रवाना हो गई। टीम ने महज 30 मिनट के भीतर मौके पर पहुंचकर मोर्चा संभाला और दोपहर 12:30 बजे तक आग पर पूरी तरह नियंत्रण पा लिया। इस अग्निकांड में केहर सिंह के एक शेड में रखी लगभग 10,000 रुपए की संपत्ति जलकर नष्ट हो गई। हालांकि, दमकल कर्मियों ने अदम्य साहस दिखाते हुए आग की लपटों को साथ सटे केहर सिंह के मुख्य मकान तक पहुंचने से रोक दिया। यदि आग पर तुरंत काबू न पाया जाता, तो करीब 60 लाख रुपए की संपत्ति जलकर राख हो सकती थी। इस घटना में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। इसी दौरान, एक अन्य मामले में डोहलू नाला के पास जंगल में भी आग भड़क गई थी। यहां भी अग्निशमन विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए लगभग 1,00,000 रुपए की वन संपदा को सुरक्षित बचाया, जबकि करीब 2,000 रुपए का नुकसान आंका गया है।

ग्राम पंचायत रूमसू की वार्ड पंच गीता देवी ने दमकल विभाग की कार्यप्रणाली की जमकर सराहना की। फायर पोस्ट प्रभारी सूरज भारद्वाज ने बताया कि घाटी में सूखे के कारण आगजनी की घटनाएं बढ़ रही हैं। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वे सूखे घास और जंगलों के पास आग न जलाएं और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत विभाग को सूचित करें।

# सैंज की कनौन सड़क दुरुस्त, फिर भी नहीं चल रही एचआरटीसी की बस

अनंत ज्ञान, सैंज

जिला कुल्लू के उपमंडल बंजार में आपदा के पांच महीने बाद भी हालात पूरी तरह सामान्य नहीं हो पाए हैं। कई दूरदराज क्षेत्रों में अभी तक सरकारी बस सेवाएं बहाल नहीं हो सकी है, जिससे आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, ऐसा ही एक गंभीर मामला सैंज घाटी के कनौन क्षेत्र का है, जहां पिछले कई महीनों से सरकारी बस सेवा पूरी तरह बंद पड़ी हुई है, जबकि सड़क की हालत अब ठीक बताई जा रही है, इसके बावजूद परिवहन विभाग द्वारा बस भेजने में लगातार आनाकानी की जा रही है।



इस बस सेवा के बंद होने का सबसे अधिक असर स्कूल जाने वाले छोटे बच्चों पर पड़ रहा है। बच्चों को रोजाना स्कूल पहुंचने के लिए कई किलोमीटर पैदल चलना पड़ रहा है या फिर मजबूरी में महंगे निजी वाहनों का सहारा लेना पड़ रहा है। अभिभावकों का कहना है कि खराब मौसम और ठंड के कारण कई बच्चे बीमार भी पड़ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकारी बस इस क्षेत्र के लिए जीवनरेखा है। बस सेवा न होने से न केवल बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है, बल्कि बुजुर्गों, कामकाजी लोगों व मरीजों को भी अस्पताल, बाजार और दफ्तर जाने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सेवार्थ युवा जागृति मंडल कनौन के प्रधान कुंदन लाल, सचिव खेम राज सहित प्रशांत, भीम देव, श्याम लाल, विजय प्रेम और रोशन ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार परिवहन विभाग और डिपो प्रबंधन को अवगत करवाया गया, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही कनौन क्षेत्र में सरकारी बस सेवा बहाल नहीं की गई, तो उन्हें प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के समक्ष आंदोलन का रास्ता अपनाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और परिवहन विभाग से मांग की है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए तत्काल प्रभाव से बस सेवा बहाल की जाए, ताकि बच्चों की पढ़ाई और आम जनता की दिनचर्या फिर से सामान्य हो सके।

# पीएम किसान योजना का लाभ लेने के लिए फार्मर रजिस्ट्री कराना होगा जरूरी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

एग्रीस्टैंक भारत सरकार द्वारा बनाया गया एक डिजिटल प्लेटफार्म इकोसिस्टम है, जिसका लक्ष्य भारतीय कृषि क्षेत्र को आधुनिक बनाना और किसानों की मदद करना है, जिसके लिए एक एकीकृत डेटाबेस बनाया जा रहा है जिसमें किसान, जमीन, फसल और सरकारी योजनायों से जुड़ी सारी जानकारी एक जगह उपलब्ध होगी, ताकि किसानों को बेहतर सेवाएं जैसे सस्ता ऋण, सही सलाह और बाजार तक पहुंच मिल सके और सरकार भी योजनायों को बेहतर ढंग से लागू सके।

फार्मर रजिस्ट्री एक ऐसा डिजिटल प्लेटफार्म है, जो किसानों के खेत, फसल और भूमि के विवरण को एक जगह दर्ज करता है जिससे किसानों की एक विशेष डिजिटल पहचान बनती है। इसका मुख्य उद्देश्य पीएम किसान, फसल बीमा जैसी तमाम सरकारी योजनायों का लाभ पारदर्शी तथा समयबद्ध तरीके से सीधे लाभार्थियों तक पहुंचाना है। फार्मर रजिस्ट्रेशन से किसानों की पहचान और प्रमाणीकरण की प्रक्रिया सरल हो जाएगी, जिससे योजनायों का लाभ दिलाने में आसानी होगी। डॉ. ऋतु गुप्ता, कृषि उपनिदेशक जिला कुल्लू ने इस बारे में जानकारी देते हुए कहा कि योजना के तहत किसान रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। इसके लिए जिला के सभी किसान फार्मर रजिस्ट्री आई डी बनवाने के लिए अपने नजदीकी लोक मित्र केंद्र/जन सुविधा केंद्र (सीएससी) जाएं तथा अपना अपना निशुल्क पंजीकरण करवाएं। इस यूनिक आईडी को बनवाने के लिए किसानों को कुछ ज़रूरी डिटेल्स देनी होगी। इसमें आधार कार्ड, भूमि के दस्तावेज (खसरा खतौनी नं) तथा आधार लिंक्ड मोबाइल नंबर (ओटीपी प्राप्त करने के लिए) की आवश्यकता होगी। एक बार यह आईडी बन जाने के बाद ही पात्र किसान प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि योजना अथवा अन्य केंद्र योजनायों का लाभ आसानी से उठा सकते हैं।

# विजय दिवस पर कुल्लू में वीरों को किया याद

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

विजय दिवस के अवसर पर कुल्लू में एक कार्यक्रम बहुउद्देश्यीय भवन में आयोजित किया गया। इसमें 1971 के भारत-पाक युद्ध में शहीद हुए भारतीय सेना के जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश ने की।

कार्यक्रम में देशभक्ति की विचार अभिव्यक्तियों और पुष्पांजलि कार्यक्रम के माध्यम से वीरों, जवानों को श्रद्धांजलि दी गई। डीसी ने इस अवसर पर राष्ट्रभक्ति, कर्तव्य व मातृभूमि की एकता व अखंडता की रक्षा करने में सैन्य बलों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने वीर शहीदों के प्रति अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि 'भारतीय सेना के पराक्रम, शौर्य और साहस से देश के हर नागरिक को आत्मविश्वास व सुरक्षा का एहसास होता है। हमारे भूतपूर्व सैनिक हमेशा किसी भी परिस्थिति में राष्ट्र सेवा के लिए तत्पर रहते हैं और प्रशासन को निरंतर उनका सहयोग प्राप्त होता है।' डीसी ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल देश के वीर सपूतों को स्मरण करने का अवसर हैं, बल्कि युवा पीढ़ी को प्रेरित करने व देशभक्ति की भावना जागृत करने का माध्यम भी हैं। उन्होंने हिमाचल के सैनिकों की वीरता का विशेष उल्लेख करते हुए कहा कि इस वीर भूमि के जवानों ने हर अवसर पर अपनी बहादुरी का लोहा मनवाया है। डीसी ने यह भी जानकारी दी कि जिले में शहीद स्मारक का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है और आगामी समय में जल्द ही इसका औपचारिक शुभारंभ किया जाएगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि सैनिकों तथा भूतपूर्व सैनिकों के सभी विभागों में पड़ने वाले कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर यथासंभव जल्दी निपटारा सुनिश्चित बनाया जाएगा। जिला भूतपूर्व सैनिक लीग के अध्यक्ष ब्रिगेडियर टीएस ठाकुर ने विजय दिवस पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 1971 में 16 दिसंबर को भारतीय सैनिकों ने पाकिस्तानी सेना के छक्के छुड़ाए थे और पाकिस्तानी सेना के हजारों सैनिकों ने आत्मसमर्पण किया था, जिसके चलते इस दिन को विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। 1971 की लड़ाई में जिन भारतीय वीर सैनिकों ने देश की खातिर जान गंवाई, इस दिन उन वीर सैनिकों को याद किया गया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके अलावा विजय दिवस के दौरान पूर्व सैनिकों और युद्ध विधवाओं की वीर नारियों की समस्याओं पर भी चिंतन किया गया।



विजय दिवस कार्यक्रम के दौरान डीसी सहित अन्य पूर्व सैनिक व गणमान्य लोग।

# बुद्धि सिंह ठाकुर के हाथों सम्मानित होंगे पीएम श्री के मेधावी

**अनंत ज्ञान, आनी।** आनी विधानसभा क्षेत्र के सबसे बड़े विद्यालय पीएम श्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय आनी का वार्षिक उत्सव सोमवार 22 दिसंबर को पाठशाला परिसर में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश मिल्क फेड के अध्यक्ष बुद्धि सिंह ठाकुर बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे तथा विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करेंगे। विद्यालय का प्रतिवर्ष की भांति जहां उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन रहा है। वहीं, अन्य गतिविधियों में पाठशाला के दो विद्यार्थी अंतरराष्ट्रीय स्तर तथा 32 विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर की गतिविधियों में इस वर्ष सम्मिलित रहे हैं। इसके अतिरिक्त विभिन्न स्पर्धाओं में राज्य तथा जिला स्तर पर प्रथम व द्वितीय रहे तथा नीट व जेईई मेन सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं में सफल रहे हैं।

**जनसंवाद** विधायक अनुराधा राणा ने लिंडूर व जोबरंग का दौरा कर सुनीं जनसमस्याएं, वैकल्पिक सड़क के निर्देश

# सिल्ट से जोबरंग पुल की सुरक्षा पर चिंता, समय रहते सुरक्षात्मक कदम उठाने के आदेश

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग

विधायक लाहौल स्पीति अनुराधा राणा ने लिंडूर गांव का दौरा कर स्थानीय लोगों से जनसंवाद किया। इस दौरान सड़क धंसने के कारण ग्रामीणों को हो रही आवाजाही की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा हुई। लोगों ने वैकल्पिक सड़क निर्माण की मांग उठाई। इस पर विधायक ने लोक निर्माण विभाग को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। विधायक अनुराधा राणा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क संपर्क जीवनरेखा है और इसमें किसी भी प्रकार की बाधा स्वीकार्य नहीं है।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि तकनीकी जांच कर जल्द वैकल्पिक मार्ग का प्रस्ताव तैयार किया जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके। इसके उपरांत विधायक अनुराधा राणा ने जोबरंग क्षेत्र का दौरा कर स्थानीय जनता से मुलाकात की। यहां नदी में लगातार बढ़ रही सिल्ट के कारण जोबरंग पुल की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई गई। इस पर विधायक ने संबंधित विभागों को समय रहते आवश्यक सुरक्षात्मक उपाय अपनाने के निर्देश दिए। जिससे भविष्य में किसी भी प्रकार की क्षति से बचाव सुनिश्चित किया जा सके। तत्पश्चात फूडा, जसरथ, नालडा की जनता से संवाद किया और समस्याओं को जाना और संबंधित विभागों को समाधान के आदेश दिए। विधायक ने कहा कि विकास कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही प्रशासन की प्राथमिकता है। जनसमस्याओं का समाधान जमीनी स्तर पर सुनिश्चित किया जा रहा है और जनता की सेवा ही उनका मुख्य संकल्प है। इसे पूरी निष्ठा, ईमानदारी व प्रतिबद्धता के साथ निभाया जा रहा है। इस दौरान पूर्व जिला अध्यक्ष ज्ञालछन ठाकुर, जिला परिषद अध्यक्ष वीना देवी, जिला परिषद सदस्य छेजांग डोलमा, बीडीसी चेयरमैन वीपिन, टीएसी सदस्य सुशील, प्रधान छिमे आंगमो, प्रधान कृष्णा, प्रधान शिल्पा, बीडीसी सदस्य प्रोमिला, बीडीसी सदस्य दिनेश सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। वहीं, इस मौके पर साथ ही विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहे।


लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा जायजा लेती हुईं।

## एक करोड़ 17 लाख 36 हजार की लागत से किए जाने वाले विभिन्न कार्यों की रखी आधारशिला

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग

जल, भूमि और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देने के उद्देश्य से केंद्र एवं राज्य सरकार के संयुक्त प्रयास से प्रदेशभर में वाटरशेड महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत यह महोत्सव विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण, जल संचयन, मृदा संरक्षण और ग्रामीण आजीविका संवर्धन के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने पर केंद्रित है।

यह बात लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने उदयपुर उपमंडल की ग्राम पंचायत जुंड़ा के गांव ओथांग में वाटरशेड महोत्सव के तहत एक करोड़ 17 लाख 36 हजार रुपए की लागत से किए जाने वाले विभिन्न कार्यों की आधारशिला रखने के पश्चात उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने बताया कि योजना के तहत ओथांग सिंचाई कूहल के पुनर्निर्माण पर 30 लाख 94 हजार रुपए, यांगथंग कूहल के निर्माण पर 9 लाख 50 हजार रुपए, लोमच कूहल के निर्माण पर 9 लाख 50 हजार रुपए, तलजोन गांव के लिए 110 एमएम की पाइप बिछाने पर 9 लाख 50 हजार रुपए, धरना पधर से डुरयाड नाला तक 110 एमएम की पाइपलाइन बेचने पर 9 लाख 50 हजार रुपए सहित लोमच सिंचाई घटक के तहत 225 एमएम पाइपलाइन बिछाने पर 9 लाख 50 हजार की राशि व्यय की जाएगी। महोत्सव के दौरान जिले में जल संरक्षण से जुड़े कार्यक्रम, प्रदर्शनी, जागरूकता रैलियां, किसान गोष्ठियां, तकनीकी कार्यशालाएं तथा वृक्षारोपण गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इन आयोजनों के माध्यम से किसानों, स्वयं सहायता समूहों, पंचायत प्रतिनिधियों और युवाओं को वाटरशेड विकास कार्यक्रमों की उपयोगिता और दीर्घकालीन लाभों की जानकारी दी जा रही है। वाटरशेड परियोजनाएं वर्षा आधारित क्षेत्रों में खेती को स्थिरता प्रदान करने, भूजल स्तर सुधारने, भूमि की उर्वरता बढ़ाने तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था व आजीविका को सुदृढ़ करने में अहम भूमिका निभा रही हैं।

## आंगनबाड़ी केंद्र भवन का विधायक ने किया उद्घाटन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने मंगलवार को उपमंडल उदयपुर की ग्राम पंचायत उदयपुर में 10 लाख रुपए की लागत से निर्मित आंगनबाड़ी केंद्र के नवनिर्मित भवन का विधिवत पूजन कर उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने भवन का उद्घाटन करते हुए इसे क्षेत्र की माताओं व बच्चों के लिए एक महत्वपूर्ण सौगात बताया। विधायक ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों के सर्वांगीण विकास, पोषण, स्वास्थ्य देखभाल तथा प्रारंभिक शिक्षा की मजबूत नींव रखते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर प्रयासरत है, ताकि महिलाओं और बच्चों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। कार्यक्रम में उपमंडल अधिकारी (नागरिक) उदयपुर अलीशा चौहान, जिला परिषद अध्यक्ष बीना देवी, बीडीसी अध्यक्ष विपिन शानशी, पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ज्ञालसन ठाकुर सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि तथा स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

# नशा युवाओं के भविष्य के लिए खतरा एसडीएम मनाली रमन शर्मा ने किया सचेत


कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थी व अन्य गणमान्य लोग।

अनंत ज्ञान, पतलीकूहल

जिला कुल्लू में नशा उन्मूलन को लेकर चल रहे अभियान के तहत पंचायत स्तर पर जागरूकता कैंप आयोजित किए जा रहे हैं।

इस संबंध में राजकीय माध्यमिक पाठशाला पतलीकूहल में बढ़ते नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इसमें एसडीएम मनाली रमन शर्मा, वेलफेयर अधिकारी राजीव और बीडीओ नग्गर मुकेश कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। स्कूल प्रबंधन और स्थानीय सामाजिक संगठनों के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में छात्रों, पंचायत सदस्यों, स्थानीय पुलिस प्रतिनिधियों, अभिभावकों, ग्रामीणों व महिला मंडलो ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। नशे की लत के भयावह परिणामों व इससे बचाव के उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई। शिविर में एसडीएम मनाली रमन शर्मा ने अपने संबोधन के दौरान कहा कि नशा युवाओं की जिंदगी को बर्बाद करने के साथ ही परिवार और समाज को भी चुपचाप खोखला कर रहा है। उन्होंने नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक व सामाजिक नुकसानों पर प्रकाश डाला। वहीं, बीडीओ नग्गर मुकेश कुमार ने नशे से दूर रहने के लिए खेलकूद, शिक्षा और सकारात्मक सोच अपनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों को संबोधित करते हुए ग्राम पंचायत हलाण-2 सीमा देवी ने कहा कि पंचायत में नशा मुक्त अभियान निरंतर जारी रहेगा और समाज के सहयोग से क्षेत्र को नशामुक्त बनाने का संकल्प लेगा।

# राजगढ़ रोड में अतिक्रमण पर चला पीला पंजा

## प्रशासन के आदेश का पालन न होने पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी, कुछ कारोबारियों ने खुद ही हटाया अतिक्रमण

आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**सोलन।** प्रशासन ने माल रोड सोलन पर अतिक्रमण हटाने के बाद मंगलवार को राजगढ़ रोड से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। इस दौरान बघाट बैंक और नवजीवन अस्पताल में अतिक्रमण के किए अवैध निर्माण पर पीला पंजा चलाया गया। कार्रवाई में कानून व्यवस्था बनाने किए लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। इस दौरान कारोबारियों और अधिकारियों के बीच हलकी फुलकी नोकझोंक भी हुई। वहीं, कुछ कारोबारियों ने खुद ही अतिक्रमण हटाया। इससे पहले प्रशासन ने स्थानीय लोगों और दुकानदारों से अवैध पार्किंग और अतिक्रमण हटाने के लिए संबंधित विभाग का सहयोग करने को कहा था। जिसका असर अब मॉल रोड और बाजार में दिख रहा है। सोलन में नेशनल हाईवे सहित शहर की मुख्य सड़कों में वाहनों की अवैध पार्किंग से ट्रैफिक समस्या बढ़ती ही जा रही है।

जिला मुख्यालय सोलन से होकर गुजर रहे नेशनल हाईवे-5 के परवाणू-सोलन और चंबाघाट -कैथलीघाट फोरलेन के किनारे अवैध पार्किंग और अतिक्रमणकारियों पर अब शिकंजा कसने वाला है। एसडीएम डॉ. पूनम बंसल की अगुवाई में नगर निगम, पुलिस, पीडब्ल्यूडी और राजस्व विभाग की टीम ने इस मुहिम को अंजाम दिया। प्रशासनिक टीम ने इस दौरान दर्जन भर चालान भी काटे। साथ ही इसकी पुनरावृति होने पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई।




सोलन में राजगढ़ रोड से हटाया गया अतिक्रमण।

> राजगढ़ रोड में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। आगामी दिनों में ये कार्रवाई की जाएगी। दुकानदारों का मुहिम में साथ मिल रहा है। दुकानदारों से आग्रह है कि वे कंट्रोल लाइन तक ही दुकानों को लगाए। साथ ही इसकी पुनरावृत्ति होने पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।
> **डॉ. पूनम बंसल, एसडीएस सोलन।**

### खुली नजर आने लगी सड़कें

**प्रशासनिक** कार्रवाई से माल रोड के दुकानदारों में भी हड़कंप मच गया। कारोबारियों ने आनफानन में सड़क से सामान पीछे हटा दिया। इससे खुला खुला नजर आया। इससे राहगीरों को पैदल चलने में आसानी हुई। अप्पर बाजार, गंज बाजार, चौक बाजार आदि क्षेत्रों में दुकानदारों ने सड़कों पर सजाया सामान हटाना शुरू कर दिया है। आमतौर पर यह बात देखने को मिलती है कि निगम की टीम जैसे ही बाजार से अतिक्रमण हटाकर निकलती है दुकानदार फिर से अपना सामान सड़कों पर सजा देते है। इस पर टीम ने दुकानदारों को निर्देश भी दिए गए कि आगामी दिनों में यदि फिर से दुकानों के आगे सामान लगा मिला तो कार्रवाई करते हुए न केवल सामान जब्त किया जाएगा, बल्कि दुकानदारों पर जुर्माना भी किया जाएगा।

### दुकानदार बार-बार कर रहे अतिक्रमण

**इससे** पहले भी माल रोड सोलन और राजगढ़ रोड पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के बावजूद दुकानदार बार-बार अतिक्रमण कर सड़क और फुटपाथ में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। इससे पुलिस को ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू रखने में खासी मशक्त करनी पड़ती है साथ ही राहगीरों को भी पैदल चलने में दिक्कतें आ रही हैं। रोड साइड वाहनों की पार्किंग से तंग आकर ट्रैफिक पुलिस पहले भी जिला प्रशासन को पत्र लिख कर वस्तुस्थिति से अवगत करवा चुका है। पुलिस ने वाहन के चालान भी काटे पर समस्या का समाधान नहीं हुआ।

### हाईवे व राजगढ़ रोड में अधिक समस्या

**हाईवे** में सोलन से चंबाघाट तक, सपरून से समलेच तक सिटी पुलिस चौकी से लेकर जौणाजी रोड, परवाणू-सोलन फोरलेन में रबोन, सपरून, बाईपास,सब्जी मंडी से चंबाघाट तक रोड साइड पार्किंग हमेशा वाहन दुर्घटना का खतरा रहता है। इससे जहां एक तरफ राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अतिक्रमण के चलते सपरून और माल रोड पर अक्सर जाम की स्थिति भी देखने को मिल रही है। इससे ट्रैफिक पुलिस नाखुश है।

# 21 से आयोजित होगा पल्स पोलियो प्रतिरक्षण कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला सिरमौर में 21 से 23 दिसंबर तक आयोजित होने वाले पल्स पोलियो प्रतिरक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए चिकित्सा खंड धगेड़ा की खंड स्तरीय कार्य बल की बैठक मंगलवार को उपमंडल अधिकारी नाहन राजीव सांख्यान की अध्यक्षता में उपमंडल कार्यालय सभागार नाहन में आयोजित हुई। उपमंडलाधिकारी ने पल्स पोलियो टीकाकरण कार्यक्रम सम्बंधी की जाने वाली पूर्व तैयारियों के बारे में विभागीय अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की। उन्होंने शिक्षा विभाग को कहा कि पल्स पोलियो अभियान बारे स्कूलों में प्रार्थना सभा के दौरान जानकारी प्रदान की जाए ताकि बच्चों के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार हो सके। उन्होंने उद्योग विभाग को जिला के उद्योगों में कार्य कर रहे मजदूरों के 5 साल तक के बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक पिलाने के लिए जागरूक करने के लिए कहा ताकि कोई भी शिशु पल्स पोलियो की खुराक से वंचित न रह सके। उन्होंने पंचायतो तथा आंगनबाडी केंद्रों के माध्यम से संबंधित विभागों को व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए।

# संगठन की मजबूती में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण : सिद्धार्थन



भाजपा युवा मोर्चा की बैठक में पहुंचे पार्टी के पदाधिकारी।

अनंत ज्ञान, सोलन

भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला सोलन की बैठक जिला अध्यक्ष भूपेंद्र ठाकुर की अध्यक्षता में पार्टी कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में विशेष रूप से प्रदेश संगठन महामंत्री सिद्धार्थन की उपस्थिति रही।

प्रदेश संगठन महामंत्री सिद्धार्थन ने युवाओं को संगठन में अनुशासन, समर्पण और निष्ठा के साथ कार्य करने का मार्गदर्शन दिया। उन्होंने संगठन की मजबूती में युवाओं की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि पार्टी के प्रत्येक कार्यक्रम को संगठित, योजनाबद्ध और समयबद्ध तरीके से क्रियान्वित किया जाना चाहिए। उन्होंने युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं तथा संगठनात्मक कार्यक्रमों को पूरी गंभीरता के साथ सफल बनाएं। इस बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष रश्मि धर सूद, जिला अध्यक्ष रतन सिंह पाल, शिमला संसदीय क्षेत्र के विस्तारक अक्षय भरमौर, शहरी मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता, नगर निगम उप महापौर मीरा आनंद, जिला महासचिव भारत साहनी भी उपस्थित है।

## न्यूज ब्रीफ

### आवारा बैल के हमले में घायल बुजुर्ग की मौत

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** थाना दाड़लाघाट क्षेत्र के गांव चमाकड़ी पुल (धुंदन) निवासी 83 वर्षीय चैत राम पुत्र स्व. धनु राम की एम्स बिलासपुर में उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। जानकारी के अनुसार 7 दिसंबर की शाम को एक आवारा बैल द्वारा सींग मारने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिसके बाद उन्हें एम्स बिलासपुर में भर्ती कराया गया था। 15 दिसंबर को उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर थाना दाड़लाघाट पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई कर पोस्टमार्टम के उपरांत शव परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया। मृतक के परिजनों ने घटना में किसी पर कोई संदेह नहीं जताया है। डीएसपी दाड़लाघाट नवीन झाल्टा ने पुष्टि की है।

### पांवटा साहिब में स्मैक बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** पुलिस की स्पेशल डिटेक्शन टीम ने गोविंदघाट बैरियर के समीप आरोपी असलम खान पुत्र मोहम्मद इकबाल निवासी वार्ड-9 देवीनगर पांवटा साहिब उम्र 33 साल के कब्जे से 2.18 ग्राम स्मैक/हेरोइन बरामद की, जिस आधार पर पुलिस थाना पांवटा साहिब में आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत करके आरोपी को गिरफ्तार किया गया। मामले की जांच जारी है।

### सुबाथू खंड में हिंदू सम्मेलनों की तिथियां तय

**अनंत ज्ञान, सोलन।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा देश भर में शताब्दी वर्ष पर पंच परिवर्तन धरातल पर उतारने को लेकर हिंदू सम्मेलन आयोजित कर रहा है। इसी कड़ी में सुबाथू खंड के सभी मंडलों में तिथियां तय हो गई हैं। हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति के खंड संयोजक जेके ठाकुर ने बताया कि सुबाथू खंड में 5 मंडलों में ये सम्मेलन आयोजित होंगे। इसमें ककरहट्टी मंडल का हिंदू सम्मेलन आयोजित हो चुका है। आगामी योजना में देलगी मंडल और कुठाड मंडल के सम्मेलन 21 दिसंबर, 2025 को होंगे, 25 दिसंबर तुलसी पूजन दिवस पर देवठी मंडल का हिंदू सम्मेलन दयारशीघाट में आयोजित किया जाएगा और 28 दिसंबर को सुबाथू और रौडी मंडल का हिंदू सम्मेलन सामूहिक रूप में आयोजित किया जाएगा। हर हिंदू सम्मेलन में संत महात्मा व समाज के हर वर्ग की सहभागिता हो ऐसी अपेक्षा है। हिंदू सम्मेलन भव्य व विशाल हो इसके लिए हर मंडल के संयोजक व सहसंयोजक भी नियुक्त कर दिए गए हैं। इसमें देलगी मंडल के लिए रविंदर ठाकुर संयोजक व मदन ठाकुर सह संयोजक, देवठी मंडल के लिए सेवानिवृत्त कैप्टन भवानी दत शर्मा व सह संयोजक विनोद शर्मा सुबाथू मंडल के दिनेश गुप्ता संयोजक व सह संयोजक हरदेव ठाकुर, कुठाड मंडल के लिए जगदीश संयोजक व अनिल कुमार को सह संयोजक, ककरहट्टी मंडल के लिए रामेश्वर शर्मा व सह संयोजक लायक राम को व रौडी मंडल के लिए पूर्ण ठाकुर व सह संयोजक संदीप कुमार को दी गई है। हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति के खंड संयोजक जेके ठाकुर ने बताया कि हर मंडल में हिंदू सम्मेलन में कम से कम 500 लोगों के एकत्रित होने का लक्ष्य रखा गया और हर सम्मेलन में भोजन की व्यवस्था भी रहेगी। इन मंडलों में रहने वाले सभी लोगों से अपील है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में हिंदू सम्मेलन में पहुंच कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएं।

### स्वयंसेवियों ने कॉलेज परिसर में चलाया सफाई अभियान

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय महाविद्यालय दाड़लाघाट में चल रहे एनएसएस शिविर के दौरान महाविद्यालय परिसर में स्वयंसेवियों ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत लगाए गए पौधों का रख रखाव किया। एनएसएस प्रभारी डॉ. जय प्रकाश शर्मा ने बताया कि सभी पौधों का रख रखाव समय समय पर स्वयंसेवियों द्वारा किया जाता है। इस अवसर पर स्वयंसेवियों ने महाविद्यालय परिसर में भी सफाई अभियान चलाया।

### तीन छात्राएं खो -खो की राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** कंडाघाट उपमंडल के सीनियर सेकेंडरी स्कूल छावशा की तीन छात्राएं राष्ट्रीय खो-खो प्रतियोगिता के लिए चयनित हुई हैं। हिमाचल की टीम के 12 खिलाडियों के दल में छावशा स्कूल की तीन छात्राओं का चयन स्कूल के खेल इतिहास की सबसे बड़ी उपलब्धि है। यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता उत्तर प्रदेश की अयोध्या स्थित भीमराव अंबेडकर राज्य विद्यालय क्रीडा केंद्र में 20 से 24 दिसंबर तक आयोजित हो रही है। प्रतियोगिता में हिमाचल की टीम में सोलन से तीन, मंडी व हमीरपुर से दो-दो, सिरमौर, बिलासपुर, कुल्लू और शिमला से एक-एक छात्रा खिलाड़ी शामिल है। इन खिलाडियों का इन दिनों सीनियर सेकेंडरी स्कूल कंडाघाट में 14 से 17 दिसंबर तक कोचिंग कैंप चल रहा है। इसके बाद यहां से टीम अयोध्या के लिए रवाना होगी।

### डॉ. धनीराम शांडिल आज सोलन के प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल 17 दिसंबर को सोलन विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर होंगे। डॉ. शांडिल 17 दिसंबर को प्रातः 11.50 बजे ग्राम पंचायत कोट में पंचवटी पार्क, सामुदायिक भवन कटोह तथा सामुदायिक भवन लछोग का लोकार्पण करेंगे।

### डिंपल का राष्ट्रीय स्कूल खेल प्रतियोगिता के लिए चयन

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** कंडाघाट उपमंडल के वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल कल्होग की छात्रा डिंपल शर्मा का वॉलीबाल खेल के बालिका वर्ग अंडर-14 में राष्ट्रीय स्कूल खेल प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया है। यह जानकारी स्कूल प्रधानाचार्य राधा कश्यप ने जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में दी है। उन्होंने बताया कि वह आगामी 5 जनवरी से 9 जनवरी तक आंध्र प्रदेश के कड़प्पा में होने वाली इस प्रतियोगिता में भाग ले रही है। यह छात्रा खिलाड़ी इसके लिए 22 दिसंबर से एक जनवरी तक सिरमौर के पावंटा साहिब में होने वाले कोचिंग कैंप में हिस्सा लेने जा रही है। उनके इस चयन से स्कूल स्टॉफ, एसएमसी ने उनकी सराहना की है।

### भुवनेश्वर में हुई हिमाचल के टूरिज्म पर चर्चा

**अनंत ज्ञान, सोलन।** उड़ीसा की राजधानी भुवनेश्वर में आयोजित दूसरे इंटरनेशनल यूथ कॉनक्लेव फॉर टूरिज्म डेवलपमेंट में सोलन के पांच सदस्य भाग ले रहे हैं। इसमें सोलन कॉलेज की दो छात्रा रीतिका ठाकुर और शगुन और धर्मपुर कॉलेज के पूर्व छात्र नवीन शर्मा व नीतिश भट्टी नेशनल यूथ प्रोजेक्ट हिमाचल के को-र्डिनेटर यशपाल कपूर के नेतृत्व में भाग ले रहे हैं। यशपाल ने बताया कि ये कॉन्क्लेव 14 से 16 दिसंबर तक चला। इसमें प्रदेश की संस्कृति और टूरिज्म पर भी विस्तार से चर्चा हुई। साथ ही स्मार्ट टूरिज्म, रूरल टूरिज्म, यूथ टूरिज्म पर भी चर्चा हुई। साथ ही देश-विदेश से आए मेंबर्स को हिमाचल प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से भी हिमाचल की समृद्ध संस्कृति के दर्शन भी करवाए जाएंगे। तीन दिवसीय इस इंटरनेशनल यूथ कॉनक्लेव का आयोजन प्रोजेक्ट प्वॉइंट्स उड़ीसा और विश्व युवा दिल्ली नई दिल्ली के संयुक्त तत्वाधान में किया गया।

# नशीली दवाओं के दुरुपयोग के मुद्दे पर समिति ने छात्रों के साथ किया संवाद



शेड्स कॉलेज की छात्रों के साथ संवाद करती समिति की सदस्य उर्मिल ठाकुर।

अनंत ज्ञान, सोलन

हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति की एक टीम ने शेड्स लॉ कॉलेज चंबाघाट सोलन में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के साथ नशीली दवाओं के दुरुपयोग (ड्रग एब्यूज) के गंभीर मुद्दे पर संवाद किया।

इस कार्यक्रम में समिति के राज्याध्यक्ष सत्यवान पुंडीर, सीताराम, उर्मिल ठाकुर, सुदेश ठाकुर तथा डॉ. रवि भूषण शामिल रहे।

कार्यक्रम का उद्देश्य नशीली दवाओं के बढ़ते खतरे को समझना तथा इसके सामाजिक, शैक्षणिक एवं स्वास्थ्य संबंधी प्रभावों पर चर्चा करना रहा। इस अवसर पर समिति टीम द्वारा नशीली दवाओं के दुरुपयोग की रोकथाम, इसके कारणों और दुष्परिणामों पर विस्तृत जानकारी साझा की गई। शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने भी अपने विचार और अनुभव साझा किए तथा इस सामाजिक समस्या से निपटने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया।

# देश के महापुरुषों, प्रतीकों का सम्मान ही देश का सम्मान है : विनय पत्राले

अनुराग गुप्ता, अनंत ज्ञान

**पांवटा साहिब।** भारत भारती राष्ट्रीय एकात्मक संस्था की राज्य स्तरीय लौह पुरुष सरदार पटेल सारध शताब्दी निमित्त राष्ट्रीय एकात्मता संगोष्ठी का आयोजन ग्रैंड रिविरा होटल पांवटा साहिब में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से विनय पटेल राष्ट्रीय अध्यक्ष भारत भारती, रोशन लाल अग्रवाल, क्षेत्रीय अध्यक्ष भारत भारती, राजकुमार उपाध्याय, अध्यक्ष भारत भारती उत्तराखंड, नत्थीमल वर्मा अध्यक्ष भारत भारती हिमाचल प्रदेश इकाई उपस्थित रहे। वहीं, बैठक की अध्यक्षता डॉक्टर संजीव गुप्ता भारत भारती हिमाचल इकाई द्वारा की गई। ग्रैंड रिविरा होटल के सभा कक्ष में भारत भारती राष्ट्रीय एकात्मक संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय पत्राले ने अपने संबोधन में कहा कि जब हम धर्म, जाति, संप्रदाय, वर्ण, भाषा और क्षेत्र के आधार पर अपने आप को अलग महसूस करते हैं। उस समय हमें अपने देश के महापुरुषों तथा राष्ट्रीय प्रतीकों के प्रति चिंतन करना चाहिए, तभी हमारी संकीर्णता दूर हो सकती है और हम राष्ट्र के व्यापकता को महसूस करते हुए संगठित हो सकते हैं। भारत भारती के अध्यक्ष ने हिमाचल प्रवास के दौरान हिमाचल प्रदेश की भारत भारती संस्था द्वारा किए जाने वाले कार्यों की सराहना भी की। राष्ट्रीय एकात्मकता संगोष्ठी में मुख्यत: लौह पुरुष सरदार पटेल द्वारा भारत वर्ष की एकता के सूत्र में बांधने व देश के विकास में योगदान प्रदान करने के लिए याद किया गया एवं उनके जीवन की विशेष उपलब्धियां को साझा किया। वहीं, वंदे मातरम राष्ट्रीय गीत के डेढ़ सौ वर्ष पूर्ण होने पर विशेष आयोजन मुख्य वक्ता द्वारा विस्तार से वंदे मातरम गीत की उत्पत्ति एवं समय-समय पर यथा व व्यथा पर चर्चा की गई।

# प्रदेश में कांग्रेस की सरकार वोट चोरी से बनाई है : रावत

**अनंत ज्ञान, नाहन।** भाजपा जिला प्रवक्ता प्रताप सिंह रावत ने वोट चोर गद्दी छोड़ वाले नारे पर देश व प्रदेश के कांग्रेसी नेताओं से सवाल करते हुए पूछा कि क्या आप लोगों ने कर्नाटक, तेलंगाना एवं हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकारें वोट चोरी कर बनाई है। देश व प्रदेश की जनता आप लोगों से जानना चाहती है, जिस प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनती है, उस प्रदेश में कांग्रेस पार्टी के नेता कोई भी वोट चोरी के आरोप नहीं लगाते पर जिस प्रदेश में भाजपा की सरकार बनती है, वहां पर कांग्रेस पार्टी के तमाम नेता तुरंत वोट चोरी के आरोप लगाते हैं। वोट चोरी भाजपा नहीं, बल्कि कांग्रेस पार्टी करती आई है, जब पंडित जवाहरलाल नेहरू को देश का प्रथम प्रधानमंत्री बनाया गया, तो उस समय सरदार पटेल को 14 वोट मिले थे तथा पंडित जवाहरलाल नेहरू को सिर्फ एक वोट मिला था फिर भी उनको वोट चोरी कर देश का प्रधानमंत्री बनाया गया था।

# डॉ. प्रकाश चंद संस्कृत विषय में पीएचडी की उपाधि से सम्मानित

अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट



कराडाघाट निवासी डॉ. प्रकाश चंद को प्रतिष्ठित पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ द्वारा संस्कृत विषय में डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पीएचडी) की उपाधि से सम्मानित किया गया।

यह उपलब्धि उनके दीर्घकालीन अथक परिश्रम, अटूट संकल्प व अकथ निष्ठा का प्रतिफल है। प्रकाश चंद वर्तमान में राजकीय माध्यमिक पाठशाला चमाकड़ी में शास्त्री टीजीटी (संस्कृत) के पद पर सेवाएं दे रहे हैं। वे एक समर्पित शिक्षक होने के साथ-साथ एक सुगम्य व प्रतिभाशाली गायक कलाकार के रूप में भी जाने जाते हैं। शिक्षा और संस्कृत दोनों क्षेत्रों में उनका योगदान समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है। प्रकाश चंद ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने गुरुओं, शोध-निर्देशकों, सहकर्मियों व परिवारजनों को देते हुए उनके प्रति हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग, आशीर्वाद व मार्गदर्शन के बिना यह उपलब्धि संभव नहीं थी। उनकी इस सफलता से पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। क्षेत्रवासियों, शिक्षाविदों व सामाजिक संगठनों ने उन्हें बधाइयां देते हुए कहा कि यह उपलब्धि आने वाली पीढ़ियों को शिक्षा, संस्कृत भाषा और निरंतर परिश्रम के महत्व का संदेश देती है। निस्संदेह, प्रकाश चंद की यह उपलब्धि न केवल कराडाघाट, बल्कि संपूर्ण अर्की क्षेत्र व जिला सोलन के लिए गर्व का विषय है। उनकी सफलता यह सिद्ध करती है कि दृढ़ इच्छाशक्ति, अनुशासन व सतत साधना से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं।

# खडीन कृषि सेवा सहकारी समिति के प्रधान बने पिंकू

**अनंत ज्ञान, सोलन।** खडीन कृषि सेवा सहकारी समिति पुरला में निर्धारित प्रक्रिया के तहत शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव संपन्न हुए। यह सहकारी समिति प्रत्येक पांच वर्षों के बाद पुनर्गठित की जाती है, जिसके अंतर्गत समिति के विभिन्न पदों पर चुनाव कराए जाते हैं। प्रशासनिक सुविधा को ध्यान में रखते हुए समिति को कुल सात वार्डों में विभाजित किया गया था। प्रत्येक वार्ड से एक-एक प्रतिनिधि का चुनाव किया गया। निर्वाचित सातों प्रतिनिधियों की उपस्थिति में समिति के प्रधान, उपप्रधान एवं कोषाध्यक्ष पदों के लिए चुनाव प्रक्रिया पूरी की गई। प्रधान पद के लिए पिंकू शर्मा और अरविंदर सिंह के बीच सीधा मुकाबला देखने को मिला। मतदान के बाद पिंकू शर्मा को 4 मत प्राप्त हुए, जिसके आधार पर उन्हें प्रधान पद पर विजयी घोषित किया गया।

## नौणी विवि व अनुसंधान केंद्रों में शीतोष्ण फलदार पौधों की बिक्री शुरू

# अब तक 526 किसानों ने खरीदे 19846 पौधे

अनंत ज्ञान, सोलन



डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी और विवि के कृषि विज्ञान केंद्रों और अनुसंधान स्टेशनों में बागवानों के लिए फलदार पौधे की वार्षिक बिक्री सोमवार से पहले आओ पहले पाओ के आधार पर शुरू हो गई। फल रोपण सामग्री की वार्षिक बिक्री के लिए हिमाचल प्रदेश व आसपास के राज्यों के किसान-बागवान विश्वविद्यालय और क्षेत्रीय केंद्रों पर एकत्रित हुए। इस बिक्री के दौरान किसानों द्वारा सेब, नाशपाती, खुमानी, आड़ू, चेरी, कीवीफ्रूट, अखरोट, अनार, प्लम, जापानी फल आदि की विभिन्न किस्मों को खरीदा गया। हिमाचल व आसपास के राज्यों के विभिन्न हिस्सों से किसान विभिन्न किस्मों के फलों के पौधे खरीदने के लिए विश्वविद्यालय और अनुसंधान केंद्रों पर आए। बिक्री के पहले दिन 362 किसानों ने नौणी में विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर में तीन नर्सरियों- फल विज्ञान विभाग की नर्सरी,मॉडल फार्म, बीज विज्ञान, कंडाघाट, रोहड़ू में कृशि विज्ञान केंद्र और मशोबरा और शारबो (किन्नौर) में अनुसंधान केंद्रों से विभिन्न फलों की किस्मों के 15,250 पौधे खरीदे। इसके अतिरिक्त, कुल्लू जिले के बजौरा में विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय बागवानी अनुसंधान और प्रशिक्षण स्टेशन ने 8 दिसंबर से पौधों की बिक्री शुरू कर दी थी। इस स्टेशन से अब तक 164 किसानों ने विभिन्न फलों और किस्मों के 4596 पौधे खरीदे हैं। इस तरह इस बिक्री में अब तक विश्वविद्यालय द्वारा कुल 526 किसानों को 19846 पौधे बेचे गए हैं। इस वर्ष, किसानों ने फलों की फसलों के विविधीकरण के प्रति रुचि दिखाई है और यह बिक्री के दौरान भी दिखाई दी, जहां सेब की विभिन्न किस्मों के साथ-साथ जापानीफल, कीवी व अन्य गुठलीदार फलों की मांग में वृद्धि देखी गई। इस वर्ष, विश्वविद्यालय और क्षेत्रीय स्टेशनों पर बिक्री के लिए उपलब्ध पौधों की कुल संख्या 1.8 लाख से अधिक है। यह सेल, पहले आओ पहले पाओ के आधार पर आयोजित की जा रही है और आने वाले दिनों में भी जारी रहेगी।

# एसपी ने नवाजे उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कर्मी



उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रशस्ति पत्र से नवाजे गए पुलिस कर्मी एसपी बद्दी व अधिकारियों के साथ।

अनंत ज्ञान, बीबीएन

पुलिस जिला बद्दी में ड्यूटी के दौरान उत्कृष्ट, सराहनीय व प्रभावी कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों का मनोबल बढ़ाने के उद्देश्य से उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान किए।

मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई के तहत 30.800 किलोग्राम गांजा डिटेक्शन करने पर स्पेशल एक्स सेल के एएसआई इंदर कुमार, हैड कांस्टेबल रवि कुमार, पंकज सिंह, रणजीत सिंह, रमन कुमार, मनिंदर सिंह व राहुल शर्मा को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। गैर जमानती वारंट की सफल तामील कर अभियुक्तों को माननीय उच्च न्यायालय, हिमाचल प्रदेश, शिमला में प्रस्तुत करने पर हैड कांस्टेबल नारायण दास, एचएचसी गिरधारी लाल, कांस्टेबल मोहन सिंह, कुलदीप कुमार, सवित्री व हेमलता को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। थाना मानपुरा, हत्या के मामले में त्वरित व प्रभावी कार्रवाई करते हुए अभियुक्त की गिरफ्तारी पर हेड कांस्टेबल कृष्ण कुमार, कांस्टेबल हरमेश व मनप्रीत सिंह को साइबर सेल को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। एसपी बद्दी विनोद धीमान ने पुलिस जिला बद्दी द्वारा सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को बधाई देते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार निष्ठा, ईमानदारी च तत्परता से कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया।

उन्होंने कहा कि बद्दी पुलिस आमजन की सुरक्षा व कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। इस मौके पर एएसपी बद्दी विनोद धीमान, डीएसपी बद्दी योगराज चंदेल, डीएसपी नालागढ़ भीष्म ठाकुर उपस्थित रहे।

# भोज आंजी स्कूल में नीरज बेस्ट ब्वॉय व चांदनी बेस्ट गर्ल

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सोलन के सीनियर सेकेंडरी भोजआंजी स्कूल क्लस्टर का वार्षिक समारोह मंगलवार को धूमधाम से मनाया गया। इस वर्ष नीरज को बेस्ट ब्वॉय और चांदनी को बेस्ट गर्ल का पुरस्कार मिला। वहीं, जैस्मिन हाउस को मिला श्रेष्ठ हाउस का पुरस्कार प्रदान किया गया। इस मौके पर भारती एयरटेल फाउंडेशन, हिमाचल प्रोजेक्ट समन्वयक मनदीप सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की, जबकि इसी साल इस स्कूल से सेवानिवृत्त हुए प्रिंसिपल ललित शर्मा विशेष अतिथि रहे। इस मौके पर स्कूल प्रबंधन समिति की अध्यक्ष कविता और अन्य सदस्य भी मौजूद रहे। सीनियर सेकेंडरी भोजआंजी स्कूल क्लस्टर के अंतर्गत आने वाले जीसीपी भोज आंजी , प्राइमरी स्कूल भोज आंजी , प्राइमरी स्कूल चिल्लारी एवं प्राइमरी स्कूल नगाली के छात्र-छात्राओं ने भी कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया। स्कूल की कार्यकारी प्रिंसिपल कल्पना परमार ने सभी सम्मानित अतिथियों का स्वागत किया। स्कूल के सीनियर प्रवक्ता योगिंद्र गुप्ता ने वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी और स्कूल की गतिविधियों की उपस्थित सभी लोगों जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान विद्यालयों के बच्चों ने विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोहा। इस मौके पर मुख्यातिथि मनदीप सिंह ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों ने भारतीय संस्कृति, परंपराओं व सामाजिक मूल्यों को प्रभावशाली ढंग से दर्शाया। मुख्यातिथि ने बच्चों के आत्मविश्वास, प्रतिभा एवं रचनात्मकता की सराहना की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इसके बाद जिसके लिए उन्हें सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य ललित शर्मा ने बच्चों को प्रोत्साहित किया गया। मुख्यातिथि और विशेष अतिथि ने स्कूल के होनहार बच्चों को पुरस्कार वितरित किए गए।

# युवाओं को नशे के अंधकार से बचाने के लिए सभी का सहयोग अपेक्षित : डीसी

अनंत ज्ञान, सोलन

प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा मादक पदार्थ चिट्टे के खिलाफ 'चिट्टा मुक्त सोलन' अभियान कार्यान्वित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत 15 अक्तूबर से 31 मार्च, 2026 तक विस्तृत गतिविधियां संचालित की जा रही हैं।



इसी कड़ी में सोलन जिले की मादक पदार्थ चिट्टा गतिविधियों वाली चिन्हित ग्राम पंचायत में नशा निवारण समितियों के साथ बैठकें आयोजित की गई। यह जानकारी डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने दी। मनमोहन शर्मा ने कहा कि जिला सोलन को चिट्टा मुक्त बनाने के लिए नशे में संलिप्त युवाओं की पहचान करना तथा उनका पुनर्वास सुनिश्चित बनाना नितांत आवश्यक है। उन्होंने आम जन से आग्रह किया युवाओं को नशे के अंधकार से बचाने के लिए प्रशासन को अपना सहयोग दें, ताकि जिले को चिट्टा मुक्त बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य मादक पदार्थों के कारोबारियों पर रोक लगाना है। जिला सोलन को चिट्टा मुक्त बनाने के लिए कारोबारियों की चेन को तोड़ना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि उपमंडल स्तर पर नशा निवारण समितियां गठित की गई हैं, ताकि नशा करोबारियों पर अंकुश लगाया जा सके। डीसी ने कहा कि इसी संदर्भ में मादक पदार्थ चिट्टा गतिविधियों वाली चिन्हित नगर परिषद, नगर पंचायत तथा ग्राम पंचायतों में गठित नशा निवारण समितियों की बैठक आयोजित की गई। इसमें नगर परिषद परवाणू, नालागढ़ और बद्दी, नगर पंचायत कंडाघाट, ग्राम पंचायत वाकनाघाट, जाबली, धर्मपुर, चेवा, टकसाल, नाभ-कोटी, भटोलीकलां, गोल-जमाला, कृपालपुर, गुल्लरवाला, कोइडी, मंझोली, प्लासीकलां, रडयाली, राजपुरा, बग्लेहर, पंजैहरा, ब्रुना, दभोटा, मानपुरा, लोदी माजरा, डेला, किशनपुरा, खेड़ा, सनैड, थाना, मलपुर, संडोली, मंधाला तथा बरोटीवाला में उपमंडलाधिकारी, खंड विकास अधिकारी तथा गठित समिति के सदस्यों द्वारा चिट्टा मुक्त अभियान विषय पर बैठक आयोजित की गई।

## न्यूज ब्रीफ

### किसी के साथ अन्याय नहीं होने देंगे शंटी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** मानव अधिकार आयोग के सदस्य पद्मश्री जितेंद्र सिंह शंटी से चंडीगढ़ कार्यालय में भेंट हुई। उन्हें मानव अधिकार आयोग, पंजाब और चंडीगढ़ के सदस्य बनाए जाने पर गुलदस्ता भेंट कर हार्दिक बधाई दी गई। बैठक में समाज के कल्याण से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। इस दौरान जितेंद्र सिंह शंटी ने कहा कि किसी के साथ अन्याय नहीं होने देंगे और वे समाज कल्याण की सेवा में निरंतर समर्पित रहेंगे। इस अवसर पर दिल्ली से राधे श्याम अरोड़ा (शिर्डी साईं मित्र मंडल के अध्यक्ष) और चंडीगढ़ से अंकित अग्रवाल उपस्थित रहे।

### बलिदानी सैनिकों को अर्पित की श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** विजय दिवस के अवसर पर मंगलवार को चंडीमंदिर स्थित वीर स्मृति पर पुष्पांजलि समारोह आयोजित किया गया। मुख्यालय पश्चिमी कमान के चीफ ऑफ स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल पुनीत आहूजा, एसएम, वीएसएम ने सेना की सेवा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की।सेना के प्रवक्ता के अनुसार 1971 का भारत-पाक युद्ध भारत के सैन्य इतिहास का एक स्वर्णिम अध्याय माना जाता है। इस ऐतिहासिक विजय के परिणामस्वरूप बांग्लादेश का उदय हुआ तथा भारत की सैन्य क्षमता, नेतृत्व और राष्ट्रीय एकता विश्व पटल पर सुदृढ़ रूप से स्थापित हुई। पश्चिमी मोर्चे पर पश्चिमी कमान ने निर्णायक भूमिका निभाई। शकरगढ़ सेक्टर के बसंतर एवं जरपाल, खेम करण-खालड़ा सेक्टर, सेहजरा सैलियंट, चंब-जौरियां, पुंछ तथा सियालकोट सेक्टर में लड़ी गई भीषण लड़ाइयों ने शत्रु प्रतिरोध को निर्णायक रूप से तोड़ने में अहम योगदान दिया।1971 के युद्ध के दौरान पश्चिमी कमान की यूनिट्स को एक थिएटर ऑनर तथा ग्यारह बैटल ऑनर प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त, इसके कार्मिकों को दो परम वीर चक्र, छियालिस महावीर चक्र तथा अनेक अन्य वीरता पुरस्कारों से सम्मानित किया गया, जो उनकी असाधारण वीरता एवं पेशेवर उत्कृष्टता को दर्शाता है।

### पंचायतमंत्री के पैर के घुटने का हुआ ऑपरेशन

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के पंचायतमंत्री कृष्ण लाल पंवार के पैर के घुटने का मोहाली के फोर्टिस हार्ट अस्पताल में ऑपरेशन हुआ है। पंवार को चलने में परेशानी हो रही थी। रविवार की देर रात तबियत बिगड़ने के कारण उन्हें फोर्टिस अस्पताल में भर्ती कराया गया था।अस्पताल प्रबंधन की ओर से डॉ. हरसिमरन और डॉ. आकाश को लेकर एक पैनल बनाया गया, जिसने पंचायत मंत्री के घुटने का ऑपरेशन किया। यह ऑपरेशन सफल हुआ है।हरियाणा कराटे एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं खरखौदा के विधायक पवन कुमार खरखौदा ने मंगलवार को अस्पताल पहुंचकर कृष्ण लाल पंवार का हालचाल जाना। एसोसिएशन के उपाध्यक्ष डॉ. नरेश मग्गू, राममेहर राठी, कपिल रामपुर, दिपांशु, भरत सिंह के अलावा हरियाणा भाजपा के कई नेता मोहाली पहुंचे और मंत्री का हालचाल जाना। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार पंवार का ऑपरेशन सफल हुआ है लेकिन अभी उन्हें दो से तीन दिन अस्पताल में डॉक्टरों की निगरानी में रहना पड़ेगा।

### विधानसभा में सरकार को घेरने की तैयारी में विपक्ष

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा का शीतकालीन सत्र गुरुवार से शुरू हो रहा है। सत्र के दौरान विपक्षी विधायक शिक्षा, स्वास्थ्य, किसान, कानून व्यवस्था समेत अन्य कई मुद्दे पर सरकार से जवाब मांगेंगे हैं। इन विधायकों द्वारा सत्र के लिए भेजे गए सवालों को विधानसभा सचिवालय की तरफ से मंगलवार को फाइल कर लिया गया है।विपक्षी विधायक जहां सरकारी विभागों में रिक्त पदों पर सरकार से रिपोर्ट मांगेंगे वहीं कई विधायक प्राकृतिक आपदा के चलते बर्बाद हुई फसल के मुआवजे की राशि सभी पंजीकृत किसानों को नहीं मिलने का मुद्दा भी सदन में उठाएंगे। किसानों पर चढ़े कर्ज और उसकी माफी की योजना के संबंध में भी विधानसभा में सवाल पूछे जाने वाले हैं। हरियाणा विधानसभा के 18 से 22 दिसंबर तक चलने वाले शीतकालीन सत्र में 60 तारांकित और इतने ही अतारांकित सवाल सरकार से पूछे जाएंगे।विधानसभा में इनेलो के सिर्फ दो विधायक अर्जुन चौटाला व आदित्य देवीलाल हैं, लेकिन इन दोनों ने सबसे अधिक नौ ध्यानाकर्षण प्रस्ताव विधानसभा सचिवालय के पास भेजे हैं। आदित्य और अर्जुन की ओर से चार-चार तारांकित और दो-दो अतारांकित सवाल विधानसभा में पूछे जाएंगे। ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के माध्यम से इनेलो विधायक एसवाईएल नहर का अभी तक निर्माण नहीं होने का कारण सरकार से पूछेंगे।

### चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने किया 'एडविजन 2025' प्रिंसिपल्स कॉन्क्लेव का आयोजन

# एआई युग में शिक्षा के भविष्य पर मंथन



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी 'एडविजन, एनुअल प्रिंसिपल्स कॉन्क्लेव 2025 रीइमेजिनिंग एजुकेशन लीडरशिप इन द एज ऑफ एआई' का आयोजन किया। चंडीगढ़ में आयोजित इस कॉन्क्लेव में चंडीगढ़, पंजाब तथा हरियाणा के सरकारी और प्राइवेट स्कूलों के 150 से ज्यादा प्रिंसिपल शामिल हुए तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के युग में सीखने के भविष्य पर विचार-विमर्श किया।

कॉन्क्लेव का उद्घाटन मुख्यातिथि चंडीगढ़ के चीफ सेक्रेटरी एच. राजेश प्रसाद द्वारा किया गया। उनके साथ विशिष्ट अतिथि डॉ. राधिका सिंह डीपीआई कॉलेज चंडीगढ़ तथा निशांत जौहर, वीपी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस मौजूद थे। इस अवसर पर चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डॉ. रविराजा एन. सीताराम तथा चांसलर के सलाहकार प्रो. (डॉ.) आरएस बावा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने 150 से अधिक स्कूल प्रिंसिपलों को उच्च मानक स्थापित करने और उत्कृष्ट कार्य को बढ़ावा देने में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया। कॉन्क्लेव में अकादमी एक्सपर्ट्स ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) शिक्षा में क्रांतिकारी बदलाव ला रही है। 21वीं सदी की जरूरतों के अनुसार शिक्षण प्रक्रिया को बदलने के लिए उभरती तकनीकों का एकीकरण अब अनिवार्य है। उन्होंने एआई शिक्षा को एक बुनियादी यूनिवर्सल स्किल बताया। शिक्षाविदों ने कहा कि एआई छात्रों के प्रदर्शन का आकलन करने के लिए एक जरूरी टूल है, जो बड़ी मात्रा में डेटा का विश्लेषण कर उनकी ताकत, कमजोरियों और संभावित कठिनाइयों की पहचान कर छात्रों को अपनी गति और उनके लिए सबसे प्रभावी तरीकों से सीखने में मदद करता है। चंडीगढ़ क्षेत्र के प्रमुख शिक्षाविदों ने कहा कि एआई को शैक्षणिक संस्थानों में केवल एक उपकरण नहीं, बल्कि एक प्रमुख बुनियादी ढांचे के रूप में अपनाया जाना चाहिए, ताकि प्रत्येक छात्र की पूरी क्षमता को विकसित किया जा सके। अकादमी एक्सपर्ट्स ने कहा कि एआई का नैतिक इस्तेमाल मुश्किल चुनौतियों को हल करेगा, इसलिए नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के अनुसार स्कूलों में शुरुआत से ही ऐसी टेक्नोलॉजी को शामिल करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि एआई शिक्षकों को निरंतर होने वाले कामों से आजाद कर सकता है और उन्हें उन चीजों पर ध्यान देने देगा, जो सच में मायने रखती हैं, जैसे क्रिएटिविटी, जिज्ञासा जगाना और युवाओं को गाइड करना। कॉन्क्लेव के दौरान एक पैनल डिस्कशन में, स्कूल लीडर्स ने रोजाना टीचिंग और स्कूल गतिविधियों में,इ अपनाने की चुनौतियों और अवसरों पर अपनी राय साझा की। अपने संबोधन में मुख्यातिथि, चंडीगढ़ के चीफ सेक्रेटरी एच राजेश प्रसाद ने कहा, 'हमारे प्रधानमंत्री ने हमें 2047 तक विकसित भारत का विजन दिया है। चाहे छात्र हों, शिक्षक हों, प्रशासक हों, किसान हों, उद्योगपति हों या सभी नागरिक हों, यह लक्ष्य हम सभी का है। और इस लक्ष्य को हासिल करने में शैक्षिक नेताओं की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होगी। अगर हमें एक विकसित राष्ट्र बनना है, तो यह तब तक नहीं हो सकता जब तक हमारे बच्चे, हमारे युवा राष्ट्र निर्माण में योगदान न दें। अगर किसी छात्र को राष्ट्र निर्माण में योगदान देना है, तो यह शुरुआती सालों में ही करना होगा। यह उनके युवावस्था में ही करना होगा।

## एसबीआई चंडीगढ़ सर्किल ने इंटर सर्किल खो-खो टूर्नामेंट का किया उद्घाटन



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), चंडीगढ़ सर्किल ने इंटर सर्किल खो-खो टूर्नामेंट 2025 का उद्घाटन किया, जिससे एसबीआई कर्मचारियों के बीच चार दिनों तक चलने वाली प्रतिस्पर्धात्मक खेल गतिविधियों और आपसी सौहार्द की शुरुआत हुई।

उद्घाटन समारोह में मनमीत एस छाबड़ा, महाप्रबंधक (नेटवर्क 1), डॉ. महिंदर सिंह, संयुक्त निदेशक (खेल), चंडीगढ़ प्रशासन, सहित एसबीआई के अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं विभिन्न एसबीआई संघों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस टूर्नामेंट में पुरुष एवं महिला टीमों सहित एसबीआई के विभिन्न सर्किलों से कुल 28 टीमें भाग ले रही हैं, जो बैंक की अपने कर्मचारियों के बीच खेल भावना, टीमवर्क और शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देने की मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह टूर्नामेंट 16 दिसंबर से 19 दिसंबर, 2025 तक चार दिनों तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें लीग एवं नॉकआउट मुकाबले खेले जाएंगे, जो रोमांच और प्रतिस्पर्धात्मक उत्साह से भरपूर होंगे।

इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने कर्मचारियों के बीच अनुशासन, एकता और स्वस्थ कार्य-जीवन संतुलन को बढ़ावा देने में खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला तथा प्रतिभागियों को खेल की सच्ची भावना बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया। इंटर सर्किल खो-खो टूर्नामेंट 2025 खेलों के माध्यम से प्रतिभाओं को निखारने और विभिन्न सर्किलों के बीच आपसी जुड़ाव को मजबूत करने की दिशा में एसबीआई का एक और महत्वपूर्ण कदम है।

## प्रीलिम्स एग्जाम में पंजाब व पंजाबी को किया गया नजरअंदाज: मिसल

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

जाने-माने सामाजिक-राजनीतिक संगठन, मिसल सतलुज के यूथ विंग ने 7 दिसंबर को हुए पंजाब पीसीएस प्रीलिम्स एग्जाम में पंजाबी और पंजाब से जुड़े कंटेंट/सवाल कम करने का मुद्दा उठाया है।

संगठन ने चंडीगढ़ प्रेस क्लब में प्रेस वार्ता करके पंजाब पब्लिक सर्विस कमीशन के चेयरमैन से मीटिंग की मांग की है। मिसल सतलुज के यूथ लीडर, यादविंदर सिंह यादू ने भी इस मुद्दे पर 10 दिसंबर को पटियाला में पीपीएससी चेयरमैन को एक मेमोरेंडम दिया। उन्होंने कहा, 'पीपीएससी ने विज्ञापन संख्या 20251 के माध्यम से भर्ती प्रक्रिया शुरू की और 7 दिसंबर, 2025 को परीक्षा आयोजित की। प्रीलिम्स एग्जाम में जानबूझकर पंजाबी को कम किया गया है, जो पंजाब के ग्रामीण छात्रों के साथ बेइन्साफी है। उन्होंने बताया कि इस बार CSAT एग्जाम में पंजाबी के सिर्फ 8 सवाल थे, जो पहले कम से कम 15-20 या 23 होते थे।

उन्होंने कहा कि CSAT एग्जाम में पंजाबी कम करके मैथ पर फोकस किया गया है, जिससे गांव के छात्रों और जिनकी मैथ पर अच्छी पकड़ नहीं है, उन्हें नुकसान हो रहा है। जनरल स्टडीज के पेपर में, पंजाब पर आधारित सिर्फ 3 सवाल थे। पहले पेपर में पंजाबी इतिहास, भूगोल, अर्थव्यवस्था, सिख गुरुओं और महाराजा रणजीत सिंह को नजरअंदाज किया गया, जिससे पंजाब की अपने ही राज्य के एग्जाम में अहमियत कम हो गई।

## पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** 115वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, चंडीगढ़ अंचल एवं क्षेत्र, द्वारा पौधरोपण अभियान का आयोजन किया गया। यह अभियान एसडी कॉलेज, चंडीगढ़; श्री ई राम टेक्नो स्कूल, न्यू चंडीगढ़ तथा गवर्नमेंट मॉडल स्कूल, सेक्टर 18 में आयोजित किया गया। गवर्नमेंट मॉडल स्कूल, सेक्टर 18 में यह कार्यक्रम रोटरी क्लब के सहयोग से संपन्न हुआ।

इस अवसर पर बैंक के अंचल प्रमुख अरविंद कुमार एवं क्षेत्रीय प्रमुख राम कुमार यादव सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने पौधारोपण में भाग लिया, जिससे बैंक की पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति प्रतिबद्धता को बल मिला।

### राज्यसभा सदस्य राजेंद्र गुप्ता ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से की मुलाकात

## देश की आर्थिक प्रगति व औद्योगिक विकास पर चर्चा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

राज्यसभा सदस्य और ट्राइडेंट ग्रुप के संस्थापक पदम श्री राजेंद्र गुप्ता ने नई दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से शिष्टाचार भेंट की। इस महत्वपूर्ण मुलाकात के दौरान देश की वर्तमान आर्थिक स्थिति, कपड़ा उद्योग (टेक्सटाइल सेक्टर) की चुनौतियों और भविष्य की संभावनाओं सहित विभिन्न नीतिगत विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक के दौरान राजेंद्र गुप्ता ने वित्त मंत्री को देश के औद्योगिक परिदृश्य, विशेष रूप से पंजाब और उत्तरी भारत के व्यापारिक माहौल के बारे में जानकारी दी। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा पिछले कुछ वर्षों में किए गए आर्थिक सुधारों और 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' (व्यापार करने में सुगमता) की दिशा में उठाए गए



कदमों की सराहना की। राजेंद्र गुप्ता ने कहा कि वित्त मंत्री के कुशल नेतृत्व में भारतीय अर्थव्यवस्था वैश्विक चुनौतियों के बावजूद मजबूती से आगे बढ़ रही है। एक अनुभवी उद्योगपति के रूप में, राजेंद्र गुप्ता ने कपड़ा उद्योग को वैश्विक स्तर पर और अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए कुछ महत्वपूर्ण सुझाव भी साझा किए। उन्होंने कच्चे माल की उपलब्धता, निर्यात प्रोत्साहन योजनाओं और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को मिलने वाली वित्तीय सहायता को और सुदृढ़ करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने विश्वास जताया कि सरकार की 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' जैसी पहल देश को विश्व का मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने में मील का पत्थर साबित होंगी।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने राजेंद्र गुप्ता द्वारा दिए गए सुझावों को ध्यानपूर्वक सुना और औद्योगिक विकास की दिशा में उनके प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि सरकार उद्योगों की समस्याओं के समाधान और विकास के अनुकूल नीतियां बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। मुलाकात के दौरान देश के मध्यम वर्ग और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के उपायों पर भी चर्चा हुई।

## देश-विदेश

## डॉलर ने तोड़ी रुपये की कमर, 91 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंचा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**रुपया** मंगलवार को पहली बार डॉलर के मुकाबले 91 रुपए के पार निकल गया है। कारोबार के दौरान रुपए ने डॉलर के मुकाबले 11:45 बजे 91.14 रुपए का ऑल टाइम लो बनाया। इससे पहले मंगलवार को लगातार दूसरे दिन डॉलर के मुकाबले रुपया सबसे निचले स्तर 90.87 पर ओपन हुआ था। पीटीआई के अनुसार, यह आज 9 पैसे कमजोर होकर ओपन हुआ। वहीं कल भी इसमें 25 पैसे की गिरावट आई थी। अमेरिका ट्रेड डील को लेकर अनिश्चितता और लगातार विदेशी फंड की निकासी ने रुपए पर दबाव बना हुआ है। रुपया

**विदेशी फंड्स की निकासी से कमजोरी**

### रुपए में गिरावट से इम्पोर्ट करना महंगा होगा

**रुपए** में गिरावट का मतलब है कि भारत के लिए चीजों का इम्पोर्ट महंगा होना है। इसके अलावा विदेश में घूमना और पढ़ना भी महंगा हो गया है। मान लीजिए कि जब डॉलर के मुकाबले रुपए की वैल्यू 50 थी, तब अमेरिका में भारतीय छात्रों को 50 रुपए में 1 डॉलर मिल जाता था। अब 1 डॉलर के लिए छात्रों को 91 रुपए खर्च करने पड़ेंगे।

2025 में अब तक करीब 6% कमजोर हो चुका है। 1 जनवरी को रुपया डॉलर के मुकाबले 85.72 के स्तर पर था, जो अब 90.87 के लेवल पर पहुंच गया है। (अनंत ज्ञान)

### कोडीन कफ सिरप मामले में दो आरोपियों की याचिका खारिज

**एजेंसी, प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने कोडिन कफ सिरप मामले में दो आरोपियों सिद्धू उर्फ अखिलेश प्रकाश और आकाश मौर्य की रिट याचिकाएं खारिज कर दीं। याचिकाकर्ताओं ने अपने खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को चुनौती देते हुए इस मामले में गिरफ्तारी पर रोक लगाने के अनुरोध के साथ अदालत का रुख किया था। यह आदेश न्यायमूर्ति अजय भनोट और न्यायमूर्ति गरिमा प्रसाद की पीठ ने पारित किया। इन आरोपियों के खिलाफ जौनपुर स्थित कोतवाली पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। (अनंत ज्ञान)

## दिल्ली सिक्योरिटी सिस्टम से लैस होगी, कैपिटल डोम तैयार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

देश की राजधानी दिल्ली चौतरफा सुरक्षा सिस्टम से लैस होने जा रही है। इसे कैपिटल डोम नाम दिया गया है। ऑपरेशन सिंदूर के वक्त पाकिस्तान ने दिल्ली पर मिसाइलें दागी थीं, लेकिन हमारे स्वदेशी एयर डिफेंस सिस्टम ने इसे हवा में ही मार गिराया था।

इसके बाद दिल्ली को अलग से एक 'सुदर्शन चक्र' का सुरक्षा घेरा देने पर मंथन किया गया। फिलहाल यह सिस्टम लगभग तैयार है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन की अगुवाई में जिस डिफेंस सिस्टम को तैयार किया जा रहा है, उसमें दिल्ली के चारों ओर तीन सुरक्षा घेरे होंगे। इन्हें आउटर, मिडिल और इनर रिंग नाम दिया गया है। ये

**3 लेयर शामिल, आउटर रिंग में सिग्नल तो मिडिल में मिसाइलें तैनात होंगी**

दिल्ली की सरकारी इमारतों, हवाई अड्डों जैसे महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों और उनके आसपास तैनात होंगे। आउटर रिंग में सिग्नल सिस्टम तो मिडिल में मिसाइलें तैनात होंगी। ये दुश्मन की हर रेंज की मिसाइलों, ड्रोन्स, लड़ाकू विमानों या लायटरिंग एम्युनिशन को नाकाम कर देगा। कमांड सेंटर में सॉफ्ट किल सिस्टम भी होंगे, जिसमें जैमिंग प्रणाली और लेजर किरणों से हमलावर सिस्टम को निष्फल किया जा सकेगा। पूरा सिस्टम मोबाइल होगा और इसे समय के साथ अपग्रेड किया जा सकेगा। (अनंत ज्ञान)

## मैक्सिको में इमरजेंसी लैंडिंग के दौरान प्लेन क्रैश, 7 की मौत

**एजेंसी, मैक्सिको**

**मैक्सिको** में इमरजेंसी लैंडिंग के दौरान एक प्राइवेट जेट दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई और तीन लापता हैं। हादसे का शिकार हुआ प्राइवेट प्लेन सोमवार को अकापुल्को से तोलुका एयरपोर्ट जा रहा था। इसी दौरान प्लेन में तकनीकी खराबी आ गई और इमरजेंसी लैंडिंग के दौरान सैन मातेओ एटेंको इलाके में एक बिल्डिंग से टकरा गया। विमान ने एक फुटबाल ग्राउंड पर लैंडिंग की कोशिश की, लेकिन पास की एक फैक्टरी की मेटल छत से टकरा गया, जिससे आग लग गई। आग बुझाने के लिए इलाके के करीब 1×0 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। शुरुआती रिपोर्ट्स में इंजन में खराबी होने की बात कही जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि प्लेन में 8 पैसेंजर्स और 2 क्रू मेंबर सवार थे। अब तक 7 लोगों के शव बरामद किए जा चुके हैं। अन्य तीन की तलाश जारी है। मैक्सिको के सिविल प्रोटेक्शन को-ऑर्डिनेटर एड्रियन हर्नांडेज ने दुर्घटना के बारे में जानकारी दी। हादसा मैक्सिको सिटी से लगभग 50 किलोमीटर पश्चिम में स्थित सैन मातेओ एटेंको में हुआ, जो एक इंडस्ट्रियल एरिया है। (अनंत ज्ञान)

## दिल्ली में प्रदूषण पर सख्ती: कल से बिना पीयूसी नहीं मिलेगा पेट्रोल-डीजल, बीएस-6 से नीचे वाहन प्रतिबंधित

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**दिल्ली** में वायु प्रदूषण को लेकर सरकार ने सख्त कदम उठाने का फैसला किया है। 18 दिसंबर से राजधानी में बिना पीयूसी के किसी भी वाहन को पेट्रोल या डीजल नहीं दिया जाएगा। वाहन चालकों के पास पीयूसी बनवाने के लिए केवल आज और कल का दिन शेष है। वीरवार से यह नियम पूरी तरह लागू हो जाएगा। नियमों के उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यदि कोई ट्रक



कंस्ट्रक्शन मटेरियल लाता हुआ पाया गया तो संबंधित वाहन को सीज किया जाएगा और उस पर भारी जुर्माना भी लगाया जाएगा। इसके साथ ही दिल्ली के बाहर से आने वाले बीएस-6 मानक से नीचे के वाहनों पर अगले आदेश तक प्रतिबंध जारी रहेगा।

प्रशासन का कहना है कि इन फैसलों का उद्देश्य राजधानी में प्रदूषण स्तर को नियंत्रित करना है। वाहन चालकों से अपील की गई है कि समय रहते पीयूसी प्रमाणपत्र बनवा लें, ताकि किसी तरह की परेशानी से बचा जा सके। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि किसी भी चुनी हुई सरकार के लिए नौ से 10 महीनों में एक्यूआई कम करना असंभव है। दिल्ली में प्रदूषण को लेकर मैं माफी मांगता हूं। हम आम आदमी पार्टी सरकार से बेहतर काम कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन ने गृहमंत्री अमित शाह से की मुलाकात

**एजेंसी, नई दिल्ली। दरअसल,** भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन ने मंगलवार को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से उनके दिल्ली आवास पर भेंट की। राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में नियुक्त होने पर नितिन गडकरी ने उनका अभिनंदन किया और सफल कार्यकाल के लिए उन्हें शुभकामनाएं दीं। इसका एक वीडियो भी सामने आया, जिसमें नितिन नबीन का नितिन गडकरी अपने घर में गर्मजोशी से स्वागत करते दिखे। इसके बाद बीजेपी के कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन ने गृहमंत्री अमित शाह से उनके घर जाकर मुलाकात की। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात के बाद नितिन नबीन ने एक्स पर लिखा, 'राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष का दायित्व संभालने के उपरांत आज केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री आदरणीय अमित शाह जी से भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। (अनंत ज्ञान)

## सेंसेक्स 534 अंक गिरकर 84,680 पर बंद, निफ्टी भी 167 अंक लुढ़का

**एजेंसी, मुंबई**

**हफ्ते** के दूसरे कारोबारी दिन मंगलवार को सेंसेक्स 534 अंक गिरकर 84,680 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 167 अंक की गिरावट रही, ये 25,860 के स्तर पर आ गया। सेंसेक्स के 30 में से 23 शेयर्स आज गिरकर बंद हुए।

एक्सिस बैंक और जोमैटो में 5% की गिरावट रही। टाइटन और एयरटेल के शेयर करीब 2% चढ़कर बंद हुए। निफ्टी के 50 में से 39 शेयरों में गिरावट रही। एनएसई के



बैंकिंग, रियल्टी, मेटल, ऑटो और फार्मा शेयरों में गिरावट रही। मीडिया और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स के शेयर चढ़कर बंद हुए। एशियाई बाजारों में कोरिया का कोस्पी 2.24% नीचे 3,999 पर और जापान का निक्केई इंडेक्स 1.56% नीचे 49,383 पर बंद हुआ। इधर, हांगकांग का हैंगसेंग इंडेक्स 1.54% नीचे 25,235 पर और चीन का शंघाई कंपोजिट 1.11% नीचे 3,825 पर बंद हुआ। (अनंत ज्ञान)

### मोहाली में कबड्डी खिलाड़ी बलाचौरिया की गोली मारकर हत्या

**एजेंसी, नई दिल्ली।** मोहाली के सोहाना में उस वक्त सनसनी फैल गई जब मशहूर कबड्डी खिलाड़ी कंवर दिग्विजय सिंह उर्फ राणा बलाचौरिया की गोली मारकर हत्या कर दी गई। बताया जा रहा है कि बोलेरो सवार तीन हमलावरों ने पहले खुद को उनका फैन बताया और सेल्फी के लिए बुलाया और फिर करीब से सिर में गोली दाग दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। राणा को गंभीर हालत में फोर्टिस अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि 30 साल के राणा को सोमवार शाम 6:05 बजे अस्पताल लाया गया था, पर तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। राणा बलाचौरिया मूल रूप से हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले के राजपराने से ताल्लुक रखते थे। उनका परिवार कई सालों से पंजाब के नवांशहर जिले के बलाचौर में रह रहा था। (अनंत ज्ञान)

## भारत ने यूएन में पाकिस्तान को लगाई फटकार

### राजदूत बोले- पाक आतंकवाद का सेंटर; इमरान खान को जेल, आसिम मुनीर को खुली छूट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**भारत** ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएन) में पाकिस्तान को कड़ी फटकार लगाई है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के राजदूत हरिश पर्वतनेनी ने मंगलवार को कहा कि पाकिस्तान की अंदरूनी राजनीति में उथल-पुथल चल रही है, उसका सीधा रिश्ता उसके सीमा-पार आतंकवाद से है। राजदूत ने कहा कि पाकिस्तान में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को जेल में डाल दिया गया, उनकी पार्टी पर रोक लगा दी गई और 27वें संशोधन के जरिए सेना ने संविधान को अपने हिसाब से मोड़ दिया।

भारत ने इसे 'संवैधानिक तख्तापलट' बताया। राजदूत ने कहा कि पाकिस्तान जिस तरह लोकतंत्र और कानून के साथ व्यवहार कर रहा है, वह उसकी गंभीर हालत को दिखाता है और उसी सोच के तहत वह लंबे समय से आतंकवाद को भी बढ़ावा देता रहा है। राजदूत ने पाकिस्तान को आतंकवाद का सेंटर बताया। (अनंत ज्ञान)

### इमरान को लेकर यूएन रिपोर्ट का हवाला दिया

यूएनएससी में 'लीडरशिप फॉर पीस' विषय पर हुई डिबेट में राजदूत पर्वतनेनी ने कहा कि इमरान खान अगस्त 2023 से भ्रष्टाचार मामले में जेल में बंद हैं। विरोध प्रदर्शनों से जुड़े मामलों में उन पर आतंकवाद निरोधक कानून के तहत मुकदमे चलाए जा रहे हैं। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र की यातना पर विशेष रिपोर्टर एलिस जिल एडवर्ड्स की उस चिंता का भी जिक्र किया, जिसमें अदियाला जेल में इमरान खान के साथ अमानवीय व्यवहार का आरोप लगाया गया है। भारत ने पाकिस्तान को करारा जवाब देते हुए जम्मू-कश्मीर पर उसके दावों को पूरी तरह खारिज कर दिया। राजदूत हरीश पर्वतनेनी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत के अभिन्न और अविभाज्य हिस्से हैं, थे, हैं और हमेशा रहेंगे। राजदूत ने पाकिस्तान को 'आतंकवाद का सेंटर' करार देते हुए कहा कि वह संयुक्त राष्ट्र जैसे मंच का इस्तेमाल भारत और उसके लोगों को नुकसान पहुंचाने के लिए कर रहा है।



### दावा- ऑस्ट्रेलिया में बॉन्डी बीच का हमलावर पाकिस्तानी नहीं, भारतीय

**एजेंसी, सिडनी**

**ऑस्ट्रेलिया** में 14 दिसंबर को सिडनी के बॉन्डी बीच पर यहूदी लोगों पर हमला करने वाला आतंकी भारतीय था। यह दावा सीएनएन ने अपनी एक रिपोर्ट में किया है। इससे पहले मीडिया रिपोर्ट्स में आतंकी के पाकिस्तानी होने का दावा किया जा रहा था।

सीएनएन के मुताबिक फिलीपींस के अधिकारियों ने यह पुष्टि की है कि आतंकी साजिद अकरम अपने बेटे नवीद के साथ पिछले महीने 1 नवंबर को फिलीपींस गया था। इस दौरान साजिद ने इंडियन, जबकि उसके बेटे ने ऑस्ट्रेलियन पासपोर्ट का इस्तेमाल किया था। वो लोग एक महीने से हमले की तैयारी कर रहे थे। फिलीपींस इमिग्रेशन ब्यूरो की प्रवक्ता डाना सैंडोवाल ने सीएनएन को बताया कि साजिद ऑस्ट्रेलिया का निवासी हैं और भारतीय नागरिक हैं, क्योंकि वो फिलीपींस की यात्रा भारतीय पासपोर्ट पर कर रहा था।

अधिकारियों के मुताबिक दोनों फिलीपींस के दावो शहर गए थे। दावो फिलीपींस के दक्षिण हिस्से में मिंडानाओ द्वीप पर है। मिंडानाओ में फिलीपींस की सबसे बड़ी मुस्लिम आबादी रहती है। यह इस्लामी उग्रवादी और विद्रोही संगठन का गढ़ माना जाता है। (अनंत ज्ञान)

### पाक में बंदूकधारियों ने 18 बस यात्रियों का किया अपहरण

**एजेंसी, कराची।** पाकिस्तान के सिंध प्रांत में अज्ञात बंदूकधारियों ने 18 लोगों का अपहरण कर लिया। ये सभी यात्री एक बस में क्वेटा जा रहे थे। यह घटना सोमवार रात घोटकी इलाके के पास घटी, जब हमलावरों ने सिंध-पंजाब सीमा के करीब हाईवे लिंक रोड पर बस पर गोलियां चलाईं और 18 पुरुष यात्रियों को बंधक बना लिया। बस में यात्रा कर रही एक महिला यात्री ने बताया कि घटनास्थल पर कुल 18 से 20 हमलावर मौजूद थे, सभी हथियारबंद थे और उनके चेहरे ढके हुए थे। महिला यात्री ने बताया कि 25 यात्रियों को बस से उतरने के लिए कहा, लेकिन महिला यात्रियों को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया। (अनंत ज्ञान)

# भारत की नजरें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला जीतने पर

## शुभमन गिल का खराब प्रदर्शन और सूर्यकुमार यादव की खराब फॉर्म बनी चिंता का विषय

**एजेंसी, लखनऊ**

**शुभमन** गिल का खराब प्रदर्शन चर्चा का विषय बना हुआ है, लेकिन साथ ही खराब फॉर्म से जूझे रहे कप्तान सूर्यकुमार यादव भी समीक्षा के दायरे में हैं, क्योंकि भारत बुधवार को यहां चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में सही संतुलन तलाश कर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच मैच की श्रृंखला में विजयी बढ़त बनाने के इरादे से उतरेगा।

तीसरे मैच में सूर्यकुमार के पास वह लय हासिल करने का अच्छा मौका था, जिसने उन्हें दुनिया का शीर्ष बल्लेबाज बनाया था, क्योंकि भारत 118 रन के मामूली लक्ष्य का पीछा किया कर रहा था, लेकिन उन्होंने यह मौका गंवा दिया और सिर्फ 12 रन बनाकर आउट हो गए। एक समय उनका दबदबा स्थापित करने वाले शॉट अनियमित परिणाम दे रहे हैं और धर्मशाला में मैच भी अलग नहीं था क्योंकि वह अपना चिर-परिचित पिक-अप शॉट खेलते हुए आउट हुए जो उनके निरंतर संघर्ष को उजागर करता है। सूर्यकुमार ने हालांकि कहा कि वह खराब फॉर्म से नहीं जूझ रहे। उन्होंने रविवार को धर्मशाला में भारत की जीत के बाद कहा कि मैं नेट में शानदार बल्लेबाजी कर रहा हूं। मैं वह सब कुछ करने की कोशिश कर रहा हूं जो मेरे नियंत्रण में है। जब रन आने होंगे तो वे निश्चित रूप से आएंगे। मैं खराब फॉर्म से नहीं जूझ रहा लेकिन निश्चित तौर पर रन नहीं बना पा रहा।' भारत फिलहाल पांच मैच की श्रृंखला में 2-1 से आगे है। श्रृंखला में अब तक किस्मत बहुत तेजी से बदली है।

पहले मैच में भारत का दबदबा था लेकिन दूसरे मैच में दक्षिण अफ्रीका ने बाजी पूरी तरह से पलट दी। तीसरे मैच में भारत ने फिर एकतरफा जीत दर्ज की और दक्षिण अफ्रीका श्रृंखला को जीवंत रखने के लिए बुधवार को हर हाल में जीत हासिल करने के इरादे से उतरेगा। (अनंत ज्ञान)

### संभावित टीमें

**भारतः** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल, अभिषेक शर्मा, एनटी तिलक वर्मा, शाहबाज अहमद, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, जितेश शर्मा, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, संजू सैमसन, हर्षित राणा, कुलदीप यादव और वाशिंगटन सुंदर।

**दक्षिण अफ्रीकाः** एडेन मारक्रम (कप्तान), क्विंटन डिकॉक, रीजा हेंड्रिक्स, डेवाल्ड ब्रेविस, डेविड मिलर, ट्रिस्टन स्टब्स, डोनोवन फरेरा, मार्को यानसेन, लूथो सिपाम्ला, ओटनील बार्टमैन, एनरिक नोर्किया, लुंगी एनगिडी, कोर्बिन बॉश, केशव महाराज और जॉर्ज लिंडे।

**शाम सात बजे शुरू होगा मैच**

# वेंकटेश अय्यर के अर्धशतक के बावजूद पंजाब से हारा मध्यप्रदेश

**एजेंसी, अम्बी ( पुणे )**

**भारतीय** टीम से बाहर चल रहे हरफनमौला खिलाड़ी वेंकटेश अय्यर ने मध्यप्रदेश के लिए प्रभावशाली अर्धशतक बनाया, लेकिन मंगलवार को यहां सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी सुपर लीग ग्रुप ए मुकाबले में पंजाब को दो विकेट से जीतने से नहीं रोक पाए।

वेंकटेश ने अबुधाबी में आईपीएल की खिलाड़ियों की छोटी नीलामी से कुछ घंटे पहले यह अर्धशतक जड़ा। जल्द ही 31 बरस के होने वाले वेंकटेश ने 43 गेंद में आठ चौकों और दो छक्कों की मदद से 70 रन बनाए, जिससे मध्यप्रदेश ने आठ विकेट पर 225 रन का मजबूत स्कोर बनाया। हालांकि, पंजाब ने युवा हरनूर सिंह की 36 गेंद में 64 रन की पारी की बदौलत 19.1 ओवर में आठ विकेट पर 226 रन बनाकर जीत दर्ज की। वेंकटेश को गेंदबाजी में उनके कप्तान रजत पाटीदार ने केवल एक ओवर दिया जिसमें उन्होंने 12 रन दिए। दोनों टीम ने तीन मैच में एक-एक जीत दर्ज की हैं जिससे ग्रुप ए से फाइनल में जगह बनाने की दौड़ से बाहर हो गईं। अबुधाबी में आईपीएल नीलामी से कुछ घंटे पहले आए वेंकटेश ने अर्धशतक जड़कर मध्यप्रदेश को बड़े स्कोर तक पहुंचाया, जो सलामी बल्लेबाज हर्ष गवली (07), हरप्रीत सिंह (27) और कप्तान पाटीदार (20) के विकेट सस्ते में गंवाने के बाद मुश्किल में था। तीन विकेट 93 रन तक गंवाने के बाद 200 के स्कोर तक पहुंचना मुश्किल लग रहा था, लेकिन वेंकटेश ने मैच का रुख बदल दिया। उन्होंने 17वें ओवर में आउट होने से पहले अनिकेत वर्मा (31) के साथ पांचवें विकेट के लिए 63 रन की साझेदारी की। निचले क्रम के बल्लेबाज मंगेश यादव (12 गेंद पर 28 रन) और त्रिपुरेश सिंह (चार गेंद पर 11 रन) ने स्कोर 200 के पार पहुंचाया। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### पाक के टेस्ट कप्तान मसूद ने सलाहकार बनने की पेशकश ठुकराई

**एजेंसी, कराची।** पाकिस्तान के टेस्ट कप्तान शान मसूद ने पीसीबी के 'अंतरराष्ट्रीय एवं खिलाड़ी मामलों के सलाहकार' का पद लेने के प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया है और कहा है कि देश के लिए खेलते समय वह इसके साथ न्याय नहीं कर पाएंगे। पिछले महीने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने मसूद को इस आश्वासन के साथ पद की पेशकश की थी कि क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद उन्हें निदेशक का स्थायी पद दिया जाएगा। यह पहली बार है जब किसी मौजूदा टेस्ट कप्तान को पीसीबी ने नौकरी की पेशकश की है। विचार यह था कि मसूद अपनी शिक्षा और प्रबंधन पृष्ठभूमि के साथ दोनों जिम्मेदारियों को संभालने के लिए बिल्कुल उपयुक्त हैं। खिलाड़ी के करीबी सूत्र ने कहा कि काफी सोचने के बाद मसूद ने पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी को बता दिया था कि वह एक साथ दोनों जिम्मेदारियों के साथ न्याय नहीं कर पाएंगे। (अनंत ज्ञान)

### भारत ने पहले एससीओ युवा डेल्फिक खेलों के लिए 57 सदस्यीय दल भेजा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय पाइथियन परिषद (आईपीसी) ने मंगलवार को घोषणा की कि 57 सदस्यीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों के पहले युवा डेल्फिक खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करेगा। किर्गिस्तान के बिश्केक में 23 से 28 मार्च तक होने वाला यह आयोजन वैश्विक सांस्कृतिक कूटनीति में एक महत्वपूर्ण बदलाव का प्रतीक है। भारतीय इतिहास में पहली बार कलाकारों की राष्ट्रीय टीम आधुनिक पाइथियन खेलों के बैनर तले किसी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व करेगी। ओलंपिक जैसे प्रमुख खेल आयोजनों की तर्ज पर इस 57 सदस्यीय दल को विशिष्ट श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा करना होगा। यह भागीदारी अंतरराष्ट्रीय पाइथियन परिषद और अंतरराष्ट्रीय डेल्फिक समिति के बीच हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन (एमओयू) का प्रत्यक्ष परिणाम है, जो वैश्विक रचनात्मक अर्थव्यवस्था में सहयोग के एक नए युग का प्रतीक है। (अनंत ज्ञान)

### मुंबा मास्टर्स जीसीएल में जीत के साथ तालिका में शीर्ष पर पहुंचा

**एजेंसी, मुंबई।** आत्मविश्वास से भरे अपग्रेड मुंबा मास्टर्स ने एक और शानदार प्रदर्शन करते हुए सोमवार को यहां फायर्स अमेरिकन गैम्बिट्स को 9-7 से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की और ग्लोबल शतरंज लीग (जीसीएल) की तालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। गंगा ग्रैंडमास्टर्स ने भी काले मोहरों से खेलते हुए एल्पाइन एसजी पाइपर्स को 13-7 से हराकर जीसीएल के तीसरे सत्र में शानदार वापसी करते हुए अपनी पहली जीत दर्ज की। मुंबा मास्टर्स के लिए बार्डिया दानेशवर ने मौजूदा विश्व रैपिड चैंपियन वोलोडर मुर्जिन हराया जबकि बाकी बाजिया बराबरी पर छूटी। एल्पाइन एसजी पाइपर्स और गंगा ग्रैंडमास्टर्स ने पहली जीत की तलाश में मुकाबला शुरू किया। फैबियानो कारुआना और भारत के पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद के बीच 'आइकॉन' मुकाबले में अमेरिका का खिलाड़ी भारी पड़ा जिससे एल्पाइन एसजी पाइपर्स ने 3-0 की बढ़त बना ली। पाइपर्स के ग्रैंडमास्टर अनीश गिरी को विंसेंट कीमर ने कड़े मुकाबले में ड्रॉ पर रोक दिया। (अनंत ज्ञान)

### खूबसूरत टेनिस खिलाड़ी पाउला बडोसा

**स्पेन ।** पाउला बडोसा एक खूबसूरत और प्रसिद्ध महिला टेनिस खिलाड़ी हैं। वह स्पेन से हैं और अपनी खूबसूरती और टेनिस में शानदार प्रदर्शन के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने 2024 सीजन में नौ महिला एकल मैचों में भाग लिया है, जिनमें से दो मैचों में उन्होंने खेल के बीच में ही संन्यास ले लिया।



# अभिज्ञान का अंडर-19 एशिया कप में नाबाद दोहरा शतक

## मलेशिया के खिलाफ 209 रन बनाए, 16 चौके, 9 छक्के शामिल; भारत ने 408 रन बनाए

**एजेंसी, दुबई**

**भारतीय** विकेटकीपर एवं बल्लेबाज अभिज्ञान कुंडू ने मलेशिया के खिलाफ खेले जा रहे अंडर-19 एशिया कप के मुकाबले में नाबाद दोहरा शतक लगाया। भारत और मलेशिया के बीच यह मुकाबला दुबई के द सेवेंस स्टेडियम में खेला जा रहा है।

मलेशिया ने टॉस जीता और पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। भारत के लिए 5वें नंबर पर बैटिंग करने उतरे विकेटकीपर बल्लेबाज अभिज्ञान कुंडू ने तीन विकेट गिरने के बाद वेदांत त्रिवेदी के साथ 209 रन की साझेदारी की। कुंडू ने 125 बॉल पर 209 रन की नाबाद पारी खेली। इसमें 16 चौके और 9 छक्के शामिल रहे।

कुंडू की पारी की मदद से भारतीय अंडर-19 टीम ने 7 विकेट पर 408 रन बनाए। इसके अलावा वेदांत त्रिवेदी ने 106 बॉल पर 90 और वैभव सूर्यवंशी ने 26 बॉल पर 50 रन की पारी खेली। मलेशिया के लिए मुहम्मद अकरम ने 89 रन देकर 5 विकेट लिए।

**यूथ वनडे में नहीं गिना जाएगा रिकॉर्डः** कुंडू के रन और शतक यूथ वनडे मैच के रिकॉर्ड में नहीं जुड़ेंगे। मलेशिया आईसीसी के फुल मेंबर में शामिल नहीं है और इसी वजह से इस मैच को अंडर-19 इंटरनेशनल मैच का दर्जा प्राप्त नहीं है। मलेशिया के खिलाफ ही पाकिस्तान के समीर मिन्हास ने 177 रन बनाए थे। वह रन भी यूथ वनडे के रिकॉर्ड में नहीं गिना जा रहा है। बांग्लादेश के सौम्य सरकार ने भी 2012 एशिया कप में कतर के खिलाफ दोहरा शतक लगाया था। वह रिकॉर्ड भी यूथ वनडे में नहीं गिना जाता।

**भारत ने पहले दोनों मैच जीते :** भारत ने टूर्नामेंट के पहले मैच में यूएई को 234 रन से हराया था। इस मुकाबले में वैभव सूर्यवंशी ने 171 रन की पारी खेली थी। वहीं टीम ने दूसरे मैच में पाकिस्तान को 90 रन से मात दी। (अनंत ज्ञान)





### वैभव सूर्यवंशी ने 26 गेंदों में जड़ा अर्धशतक

**पाकिस्तान** के खिलाफ महज पांच रन बनाकर आउट होने वाले वैभव सूर्यवंशी शानदार वापसी करते हुए मलेशिया के खिलाफ तेज अर्धशतक जड़ते हुए शानदार वापसी की है। दुबई के द सेवेन्स स्टेडियम में एसीसी अंडर-19 एशिया कप में फिर अपनी पावर हिटिंग का जलवा दिखाया। उन्होंने मलेशिया के खिलाफ सिर्फ 26 गेंदों में तीन छक्के और पांच चौके के साथ अपना अर्धशतक पूरा किया। हालांकि अर्धशतक लगाने के बाद अगली ही गेंद पर बड़ा शॉट खेलने के प्रयास में वह कैच आउट हो गए।

# बीडब्ल्यूएफ विश्व टूअर फाइनल्स में सात्विक-चिराग की होगी कड़ी परीक्षा

**एजेंसी, हांगझोउ**

**सात्विकसाईराज** रंकी रेड्डी और चिराग शेट्टी को बुधवार से यहां शुरू होने वाले सत्रांत बीडब्ल्यूएफ विश्व टूअर फाइनल्स में कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा, क्योंकि भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी को उस ग्रुप में जगह मिली है, जिसे 'ग्रुप ऑफ डेथ' (सबसे मुश्किल ग्रुप) माना जा रहा है। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में हर वर्ग में आठ शीर्ष खिलाड़ी या जोड़ियां शामिल होती हैं जिनका चयन विश्व टूर कैलेंडर में प्रदर्शन के आधार पर किया जाता है।

दुनिया की पूर्व नंबर एक और अब तीसरे नंबर की सात्विक और चिराग की जोड़ी इस एलीट प्रतियोगिता में एकमात्र भारतीय प्रतिनिधि हैं। एशियाई खेलों के चैंपियन सात्विक और चिराग को ग्रुप बी में कड़ी चुनौती का सामना करना होगा क्योंकि इस ग्रुप में कई ओलंपिक पदक विजेता शामिल हैं। भारतीय जोड़ी अपने अभियान की शुरुआत चीन के लियांग वेई केंग और वांग चांग के खिलाफ करेगी जो पेरिस ओलंपिक के रजत पदक विजेता हैं। इसके बाद उनकी भिड़ंत इंडोनेशिया के फजर अल्फियान और मुहम्मद शोहिबुल फिक्री से होगी। शुक्रवार को अपने आखिरी ग्रुप मैच में भारतीय जोड़ी अपनी चिर प्रतिद्वंद्वी आरोन चिया और सोह वूई यिक की मलेशियाई जोड़ी से भिड़ेगी जो पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता हैं। चिया और यिक को यहां दूसरी वरीयता मिली है। आमने-सामने के रिकॉर्ड की बात करें तो सात्विक और चिराग ने दुनिया की सातवें नंबर की चीन की जोड़ी के खिलाफ तीन मैच जीते हैं जबकि सात मैच में उन्हें हार का सामना करना पड़ा है। सितंबर में हांगकांग ओपन फाइनल में भी सात्विक और चिराग को लियांग और वांग के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। भारतीय जोड़ी ने हालांकि चीन मास्टर्स में पिछले मुकाबले में इस जोड़ी के खिलाफ जीत दर्ज की थी। सात्विक और चिराग को दुनिया की 11वें नंबर की इंडोनेशियाई जोड़ी के खिलाफ अपनी एकमात्र भिड़ंत में ऑस्ट्रेलियाई ओपन क्वार्टर फाइनल में हार का सामना करना पड़ा था जबकि आरोन और सोह के खिलाफ भारतीय जोड़ी को अपने करियर में अधिकांश समय परेशानी का सामना करना पड़ा है। (अनंत ज्ञान )

# एरिना सबालेंका फिर डब्ल्यूटीए की साल की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बनीं

**एजेंसी, न्यूयॉर्क**

**एरिना** सबालेंका ने लगातार दूसरी बार डब्ल्यूटीए की साल की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीता। उन्हें अमेरिकी ओपन जीतने, दो अन्य ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने और सत्र का अंत नंबर एक खिलाड़ी के रूप में करने के लिए मीडिया पैनल से लगभग 80 प्रतिशत वोट मिले। सबालेंका पिछले 25 वर्षों में सेरेना विलियम्स और इगा स्वियातेक के साथ लगातार दो बार यह सम्मान जीतने वाली खिलाड़ी बन गई हैं। बेलारूस की 27 साल की सबालेंका 2025 में महिला टेनिस में मैच जीतने (63 जीत, 12 हार), खिताब जीने (चार) और फाइनल में पहुंचने (नौ) में सबसे आगे रहीं।



उन्होंने एक करोड़ 50 लाख डॉलर की इनामी राशि जीतकर टूर रिकॉर्ड बनाया। वह पूरे साल नंबर एक खिलाड़ी रहीं। सबालेंका जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में मेडिसन कीज से और जून में फ्रेंच ओपन के फाइनल में कोको गॉफ से हार गईं थी। वह जुलाई में विंबलडन के सेमीफाइनल में पहुंचीं और फिर सितंबर में अमेरिकी ओपन के फाइनल में अमांडा अनिसिमोवा को हराकर अपने करियर की चौथी ग्रैंड स्लैम एकल ट्रॉफी जीती। अमेरिका की 24 साल की अनिसिमोवा को विंबलडन और अमेरिकी ओपन के फाइनल में पहुंचने के लिए सबसे अधिक सुधार करने वाली खिलाड़ी चुना गया। वह तीन और टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचीं जिसमें दोहा और बीजिंग में डब्ल्यूटीए 1000 खिताब जीतना भी शामिल है। अनिसिमोवा ने 2024 का अंत रैंकिंग में 36वें स्थान पर किया था लेकिन 2025 के आखिर में नंबर चार पर पहुंच गईं। सोमवार को अन्य पुरस्कार पाने वाले खिलाड़ियों में विकी म्बोको को साल की सर्वश्रेष्ठ नई खिलाड़ी, बेलिंडा बेनसिक को वापसी करने वाली सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी और कैटरीना सिनियाकोवा तथा टेलर टाउनसेंड को साल की सर्वश्रेष्ठ युगल टीम चुना गया।

## एडिलेड में खेले जाने वाले तीसरे टेस्ट मैच के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम घोषित

# उस्मान ख्वाजा बाहर, कमिंस की वापसी

**एजेंसी, सिडनी**

एडिलेड में खेले जाने वाले तीसरे टेस्ट मैच के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम का ऐलान कर दिया गया है। टीम से सीनियर बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा को बाहर रखा गया है, जबकि टेस्ट कप्तान पैट कमिंस ने लंबी चोट के बाद वापसी की है। चयनकर्ताओं ने जेक वेदराल्ड और ट्रेविस हेड की आक्रामक ओपनिंग जोड़ी पर भरोसा बनाए रखा है। ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे टेस्ट से पहले प्लेइंग कॉम्बिनेशन में दो बदलाव किए हैं। कप्तान पैट कमिंस ने पर्थ टेस्ट में डेब्यू करने वाले ब्रेंडन डॉगेट की जगह ली है। वहीं, गाबा टेस्ट की दूसरी पारी में पांच विकेट लेने वाले माइकल नेसर को बाहर कर अनुभवी ऑफ स्पिनर नाथन लायन को टीम में शामिल किया गया है।

**वेदराल्ड-हेड की ओपनिंग जोड़ी बरकरार**



### कमिंस बोले- ख्वाजा के लिए दरवाजे बंद नहीं

**कप्तान** पैट कमिंस ने ख्वाजा को लेकर कहा, 'हेड का ओपनिंग करना हमारे लिए गेम-चेंजर रहा है। वेदराल्ड के साथ उनकी जोड़ी ने रन गति बनाए रखी और मध्यक्रम के लिए मजबूत आधार दिया।' ख्वाजा एडिलेड टेस्ट के दौरान 39 वर्ष के हो जाएंगे। 2023 एशेज के बाद 45 पारियों में उन्होंने एक शतक लगाया है और उनका औसत 31.84 रहा है। उनके भविष्य को लेकर उठ रहे सवालों पर कमिंस ने कहा कि जरूरत पड़ने पर उनके लिए टीम में वापसी का विकल्प खुला हुआ है।

### फिट होने के बावजूद ख्वाजा को मौका नहीं



**उस्मान** ख्वाजा पर्थ टेस्ट के दौरान पीठ में खिंचाव (बैक स्पैज्म) की समस्या से जूझ रहे थे, जिसके कारण वह दोनों पारियों में ओपनिंग नहीं कर सके थे। इसके चलते वह ब्रिस्बेन में खेले गए दूसरे टेस्ट में भी टीम का हिस्सा नहीं थे। हालांकि, इस सप्ताह ख्वाजा ने खुद को पूरी तरह फिट बताते हुए टीम में बने रहने की इच्छा जताई थी। उनके मध्यक्रम में खेलने की संभावना पर भी विचार किया गया, लेकिन चयनकर्ताओं ने जोश इंग्लिस को टीम में बनाए रखने का फैसला किया। वेदराल्ड और हेड की जोड़ी ने पर्थ टेस्ट की दूसरी पारी में 75 रन और गाबा टेस्ट की पहली पारी में 77 रन की साझेदारी कर इंग्लैंड के गेंदबाजों पर दबाव बनाया था। ऑस्ट्रेलिया की टीम में ट्रैविस हेड, जेक वेदराल्ड, मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ, कैमरन ग्रीन, एलेक्स केरी (विकेटकीपर), जोश इंग्लिस, पैट कमिंस (कप्तान), मिचेल स्टार्क, नाथन लायन, स्कॉट बोलैंड को शामिल किया गया है। (अनंत ज्ञान)

### महिला विश्व कप में भारत और न्यूजीलैंड मैच अलग था: मजूमदार

**एजेंसी, मुंबई।** भारत की महिला टीम के मुख्य कोच अमोल मजूमदार ने कहा कि अपने खेलने के दिनों में उन्होंने कभी रातों की नींद नहीं गंवाई, लेकिन न्यूजीलैंड के खिलाफ महिला एकदिवसीय विश्व कप मैच में जीत जरूरी थी, जिससे वह दबाव में थे और मुकाबले से पहले अच्छी तरह नहीं सो पाए। लगातार तीन हार के साथ भारत पर स्वदेश में हो रहे विश्व कप से समय से पहले बाहर होने का खतरा मंडरा रहा था लेकिन टीम ने डकवर्थ-लुईस पद्धति से न्यूजीलैंड को 53 रन से हराकर सेमीफाइनल का उपलब्ध अंतिम स्थान अपने नाम किया। इसके बाद भारतीय टीम ने सेमीफाइनल में सात बार के चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को और फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हराकर अपना पहला विश्व कप जीता।

मजूमदार ने सोमवार को बॉम्बे जिमखाना में एक सम्मान समारोह के दौरान याद करते हुए कहा, 'मुंबई के लिए अपने (प्रथम श्रेणी) पदार्पण से पहले पहले एक भी रात मेरी नींद नहीं उड़ी क्योंकि कडू भाई (भारत के पूर्व खिलाड़ी करसन घावरी) मेरे मैनेजर थे। मुझे पता था कि वह इसका ख्याल रखेंगे।' मजूमदार ने कहा कि सेमीफाइनल में जेमिमा रोड्रिग्स की नाबाद 127 रन की पारी निर्णायक मोड़ रही जिसने भारत को प्रतिष्ठित ट्रॉफी जीतने का आत्मविश्वास दिया।

# ऑस्ट्रेलिया के ग्रीन सबसे महंगे खिलाड़ी, 25 .20 करोड़ में बिके

## प्रशांत वीर और कार्तिक शर्मा सबसे महंगे अनकैप्ड खिलाड़ी, 4.20-14.20 करोड़ में खरीदा



केकेआर
कैमरन ग्रीन
25.20 करोड़



केकेआर
पथिराना
18 करोड़



सीएसके
प्रशांत वीर
14.20 करोड़



सीएसके
कार्तिक शर्मा
14.20 करोड़




**एजेंसी, अबु धाबी**

**ऑस्ट्रेलिया** के ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे विदेशी खिलाड़ी बन गए हैं। मंगलवार को अबु धाबी में चल रहे मिनी ऑक्शन में कोलकाता नाइट राइडर्स ने 25.20 करोड़ रुपए में खरीदा।

ग्रीन ने अपने ही देश के मिचेल स्टार्क का रिकॉर्ड तोड़ा। उन्हें 2024 में केकेआर ने ही 24.75 करोड़ रुपए में खरीदा था। ऋषभ पंत (27 करोड़) इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी हैं। 20 साल के प्रशांत वीर और 19 साल के कार्तिक शर्मा एक समान 14.20-14.20 करोड़ में बिके हैं। दोनों को सीएसके ने 30 लाख रुपए की बेस प्राइस से 47 गुना ज्यादा कीमत देकर खरीदा। प्रशांत उत्तर प्रदेश के हैं, जबकि कार्तिक राजस्थान के हैं। इनके अलावा, जम्मू एंड कश्मीर के आकिब नबी डार को 8.40 करोड़ रुपए में में दिल्ली कैपिटल्स ने खरीदा। तेज गेंदबाजों के सेट में कोलकाता ने श्रीलंकाई तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना (18 करोड़) को अपने साथ जोड़ा न्यूजीलैंड के जैकब डफी को आरसीबी और एनरिक नॉर्त्या को एलएसजी ने 2-2 करोड़ में खरीदा।

स्पिनर्स रवि बिश्नोई को आरआर ने 7.20 करोड़ में खरीदा। वेंकटेश अय्यर को आरसीबी ने महज 7 करोड़ रुपए में खरीद लिया। उन्हें 2024 के मेगा ऑक्शन में केकेआर ने 23.75 करोड़ में खरीदा था। (अनंत ज्ञान)

### रिटेन प्लेयर

**एमएस** धोनी (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), ऋतुराज गायकवाड (कप्तान), डेवाल्ड ब्रेविस, आयुष म्हात्रे, उर्विल पटेल (विकेटकीपर), अंशुल कम्बोज, जैमी ओवरटन, रामकृष्ण घोष, शिवम दुबे, खलील अहमद, नूर अहमद, मुकेश चौधरी, नाथन एलिस, श्रेयस गोपाल, गुरजपनीत सिंह।

### आईपीएल 26 मार्च से 31 मई के बीच होगा

**एजेंसी, मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग का अगला सत्र 26 मार्च से 31 मई की विंडो (टूर्नामेंट के लिए निर्धारित समय) के बीच होगा, लेकिन यह देखना होगा है कि क्या रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) अपने घरेलू मैदान बेंगलुरु में टूर्नामेंट के पहले मैच की मेजबानी कर पाएगा या नहीं। नियमों के अनुसार एम चिन्नास्वामी स्टेडियम को टूर्नामेंट के पहले मैच की मेजबानी का मौका मिलना चाहिए क्योंकि घरेलू टीम आरसीबी ने आईपीएल 2025 का खिताब जीता था। हालांकि इस आयोजन स्थल को कर्नाटक राज्य सरकार ने शर्तिया स्वीकृति दी है लेकिन इस साल जून में आरसीबी की जीत के जश्न के दौरान भगदड़ में 11 प्रशंसकों की मौत के बाद इसे जरूरी सुरक्षा मानकों को भी पूरा करना होगा। आईपीएल 2026 के लिए छोटी नीलामी आज अबुधाबी में होगी जिसमें तीन बार की चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम सबसे अधिक धनराशि के साथ उतरेगी। (अनंत ज्ञान)

# एक इकाई के रूप में खेलकर विश्व कप जीत सकता भारत: फिलिप्स

**एजेंसी, चेन्नई**

**विश्व** कप विजेता दिग्गज हॉकी खिलाड़ी विक्टर फिलिप्स को यकीन है कि जोश बनाए रखकर और व्यक्तिगत खेल की बजाय एक ईकाई के रूप में खेलने पर मौजूदा भारतीय हॉकी टीम विश्व कप खिताब का 50 साल का इंतजार खत्म कर सकती है । आठ बार की ओलंपिक चैंपियन भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने एकमात्र विश्व कप 1975 में कुआलालम्पुर में जीता है।

अजितपाल सिंह की कप्तानी वाली उस भारतीय टीम के अहम सदस्य रहे राइट विंगर फिलिप्स को आज भी याद है कि कैसे हर खिलाड़ी सिर्फ जीत का जुनून लेकर खेला था। अपनी रफ्तार और ड्रिबलिंग से विरोधी डिफेंस के लिए आतंक का पर्याय रहे 75 वर्ष के फिलिप्स ने भाषा को दिए इंटरव्यू में कहा कि 1975 की टीम अलग ही थी, जिसमे अजितपाल सिंह कप्तान थे। सोलह खिलाड़ियों में हिंदू, सिख, मुस्लिम , ईसाई सभी थे और एकजुट होकर एक परिवार की तरह देश के लिए एक इकाई के रूप में खेले। एक ही लक्ष्य था कि देश के लिए खिताब जीतना है। उन्होंने कहा कि गुरचरण सिंह बोधी उस टीम के कोच थे और बलबीर सिंह सीनियर जैसे तीन बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता टीम मैनेजर थे। उनके पदचिन्हों पर चलकर ही हम उस मुकाम तक पहुंचे थे। अर्जेंटीना से एक गोल से हारने के बावजूद जोश में कोई कमी नहीं आई और हम फाइनल जीतकर ही माने। भारत ने फाइनल में पाकिस्तान को 2-1 से हराया था, जिसमें सुरजीत सिंह रंधावा और अशोक कुमार ने गोल दागे थे। फाइनल के बारे में उन्होंने कहा, 'हमे जीत से कम पर संतोष नहीं था। मैदान के बाहर भले ही पाकिस्तानी खिलाड़ियों से दोस्ती रही, लेकिन मैदान पर हम उन्हें छोड़ते नहीं थे।' म्युनिख ओलंपिक 1972 के कांस्य पदक विजेता फिलिप्स ने कहा ,' उस समय पूरा देश हमारे लिये प्रार्थना कर रहा था और हम देशवासियों के लिए जीतना चाहते थे। (अनंत ज्ञान)